सूर्योदय : 6:45
सूर्यास्त : 5:14
अधिकतम तापमान : 22.0
न्यूनतम : 10.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-194 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 23 दिसम्बर 2023
09 जमादिउल उस्सानी, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



## न्यूज डायरी

### सीएम योगी आज बरेली में

**बरेली।** मुरादाबाद में शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसान सम्मेलन को संबोधित करेंगे। लखनऊ से मुरादाबाद जाने के दौरान बरेली एयरपोर्ट पर चेंजओवर करेंगे। मुख्यमंत्री करीब दस मिनट तक एयरपोर्ट पर मौजूद रहने के बाद मुरादाबाद सम्मेलन स्थल के लिए रवाना होंगे। शासन से जारी कार्यक्रम के अनुसार शनिवार सुबह 11.30 बजे मुख्यमंत्री लखनऊ अमौसी एयरपोर्ट से बरेली के लिए राजकीय हेलीकॉप्टर से रवाना होंगे। दोपहर 12 बजे बरेली एयरपोर्ट पहुंचेंगे।

### निर्देश पर लगी रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को निचली अदालत के आदेश पर रोक लगा दी। निचली अदालत ने संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले में एक आरोपी को पुलिस द्वारा एफआईआर की कॉपी उपलब्ध कराने का आदेश दिया था। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने निचली अदालत के 21 दिसंबर के आदेश को चुनौती देने वाली पुलिस की याचिका पर आरोपी नीलम देवी को नोटिस जारी किया, जिसमें जांच एजेंसी को कानून के अनुसार आरोपी के वकील को एफआईआर की एक कॉपी सौंपने का निर्देश दिया गया था।

### हिजाब से बैन हटेगा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने शुक्रवार को हिजाब पहनने पर लगे प्रतिबंध को वापस लेने की घोषणा की। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा कि राज्य में हिजाब पर कोई प्रभावी प्रतिबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि इस पर लगे प्रतिबंध जल्द ही वापल ले लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि महिला अपनी इच्छानुसार कुछ भी पहन सकती है। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा कि हिजाब पर अब कोई प्रतिबंध नहीं है। मुस्लिम महिलाएं हिजाब पहन सकती हैं और कहीं भी जा सकती हैं। सीएम ने कहा, मैंने प्रतिबंध वाले आदेश वापस लेने का निर्देश दिया है। आप क्या पहनते हैं और क्या खाते हैं यह आपकी पसंद है। मैं आपको क्यों रोकूं।

### संजय को राहत नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को शराब नीति मामले में आप नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह को जमानत देने से इनकार कर दिया, यह कहते हुए कि उनके खिलाफ मामला वास्तविक है और प्रस्तुत सबूत कथित मनी लॉन्ड्रिंग में उनकी संलिप्तता दिखाते हैं। प्रस्तुत सामग्री से पता चलता है कि संजय सिंह कथित मनी लॉन्ड्रिंग के माध्यम से उत्पन्न प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अपराध की आय से जुड़ी प्रक्रिया या गतिविधियों में शामिल थे। इस बीच, संजय सिंह के वकीलों ने अदालत से कहा कि उनके खिलाफ मामला राजनीति से प्रेरित है और उनके खिलाफ पैसे का कोई मामला नहीं है।

# पुनिया ने लौटाया पद्मश्री

## पीएम मोदी को पहलवान बजरंग पुनिया ने लिखी थी चिट्ठी

- बजरंग पुनिया ने फुटपाथ पर रखा अपना पद्मश्री
- घर लेकर नहीं जाऊंगा पद्मश्री



**नई दिल्ली।** शुक्रवार को पहलवान बजरंग पुनिया ने पद्मश्री वापस लौटाने की घोषणा के बाद उसे दिल्ली के कर्तव्य पथ के पास फुटपाथ पर रख दिया।

बजरंग ने कहा कि वह उसे वापस घर लेकर नहीं जाएंगे। बता दें कि बजरंग पुनिया ने बृजभूषण सिंह के करीबी के संजय सिंह के कुश्ती संघ अध्यक्ष बनने पर अपना पद्मश्री लौटाने को कहा था।

बजरंग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखकर कहा कि मैं अपना पद्मश्री पुरस्कार प्रधानमंत्री को लौटा रहा हूं। उन्होंने लिखा कि समझ नहीं आ रहा था कि कहां जाएं, क्या करें और कैसे जीएं। इतना मान-सम्मान दिया सरकार ने, लोगों ने। क्या इसी सम्मान के बोझ तले दबकर घुटता रहूं। इससे पहले गुरुवार को कुश्ती संघ के अध्यक्ष के चुनाव के बाद पहलवान साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास ले लिया। साक्षी के संन्यास के एलान के बाद अब बजरंग ने अपना पद्मश्री वापस लौटाने का फैसला किया है। खास बात है कि बजरंग पुनिया और साक्षी मलिक बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर पहलवानों के विरोध प्रदर्शन का हिस्सा थे।

### बेटियों व बहनों को नहीं दिला सका न्याय

बजरंग पुनिया ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जैसा कि मैंने पहले कहा है कि हम अपनी बेटियों और बहनों के लिए लड़ रहे थे। मैं उन्हें न्याय नहीं दिला सका। इसके कारण, मुझे लगता है कि मैं इस सम्मान के लायक नहीं हूं। मैं यहां अपना पुरस्कार लौटाने आया था, हालांकि, मैं नहीं प्रधानमंत्री के साथ नहीं मिल सका, क्योंकि मेरे पास अपॉइंटमेंट नहीं था। पीएम का कार्यक्रम व्यस्त है। इसलिए मैं अपना पुरस्कार पीएम को लिखे पत्र पर रख रहा हूं। मैं यह पदक अपने घर नहीं ले जाऊंगा।

# अयोध्या एयरपोर्ट पर उतरा पहला एयरक्राफ्ट



- श्रीराम इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन से पहले ट्रायल रन
- 30 दिसम्बर को पीएम करेंगे उद्घाटन

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्री राम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की उद्घाटन समारोह की तैयारी ज़ारी है। इस एयरपोर्ट का उद्घाटन 30 दिसंबर को प्रधान मंत्री करने वाले है। उद्घाटन होने से पहले शुक्रवार को फ्लाइट का ट्रायल रन सफलता के साथ पूरा किया गया है। एयरपोर्ट के लोकार्पण से पहले सफलता के साथ ट्रायल रन पूरा हो गया है। जानकारी के मुताबिक अयोध्या के डीएम का कहना है कि शुक्रवार 22 दिसंबर को ,320 का ट्रायल रन सफलता के साथ हुआ है। रनवे पर एयरक्राफ्ट की लैंडिंग सफलता के साथ करवाई गई है। इस दौरान व्यवस्थाओं की जांच के लिए लैंडिंग करवाई गई है। बता दें कि 30 दिसंबर को होने वाले उद्घाटन समारोह की तैयारी को देखते हुए ये ट्रायल रन बेहद इंपोर्टेंट था। इस ट्रायल रन के बाद जानकारी आई कि एयरपोर्ट पूरी तरह से सुरक्षित है। पूरे एयरपोर्ट पर सुरक्षा मानकों का पालन किया गया है। दिल्ली, अहमदाबाद के लिए फ्लाइट की बुकिंग की शुरुआत भी हो गई है। फ्लाइट सेवा की शुरुआत जल्दी ही होगी। बता दें कि अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले इस एयरपोर्ट का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। गौरतलब है कि अयोध्या से दिल्ली और अहमदाबाद के लिए फ्लाइट की शुरुआत सबसे पहले इंडिगो एयरलाइन की ओर से शुरू की जाएगी।

# विष्णु देव मंत्रिमंडल में नौ मंत्रियों ने ली शपथ



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंत्रिमंडल का गठन हो गया है। शुक्रवार को राज्य के नौ नए मंत्रियों ने शपथ ली। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ कैबिनेट में मुख्यमंत्री और दो उप मुख्यमंत्रियों समेत कुल 12 मंत्री हो गए। विधानसभा सदस्यों की कुल संख्या (90) के 15 फीसदी (13) विधायक ही मंत्री बन सकते हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री साय के मंत्रिमंडल में अभी भी एक मंत्री के लिए जगह है। नए मंत्रियों में 69 साल के दयालदास बघेल सबसे उम्रदराज मंत्री हैं। वहीं, बृजमोहन अग्रवाल सबसे अमीर मंत्री हैं। अग्रवाल के पास कुल 17.49 करोड़ रुपये की संपत्ति है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 10वीं पास है। साय के अलावा राम विचार नेताम भी 10वीं पास हैं। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा समेत पांच मंत्री परास्नातक हैं। वहीं, उप मुख्यमंत्री अरुण साव अकेले मंत्री हैं जिनके पास पेशेवर स्नातक की डिग्री है। साव ने 1995 में बिलासपुर विश्वविद्यालय से एलएलबी की है।

# खतरें में है लोकतंत्र: राहुल

## सांसदों के निलंबन के विरोध में 'इंडिया' का राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन

- ये मोहब्बत और नफरत के बीच की लड़ाई: राहुल
- देश में भयंकर बेरोजगारी है
- साढ़े सात घंटे युवा सिर्फ सेलफोन पर बिजी रहता है



**नई दिल्ली।** विपक्षी सांसदों को निलंबित करने के मामले में विपक्ष अब सड़क पर उतर प्रदर्शन करने के लिए उतर रहे हैं। गुरुवार को जहां विपक्षी सांसदों ने संसद से विजय चौक तक मार्च निकाला तो वहीं आज इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। यहां मंच पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, एनसीपी नेता शरद पवार, लेफ्ट नेता सीताराम येचुरी, आरजेडी सांसद मनोज झा, कांग्रेस नेता राहुल गांधी केसी वेणुगोपाल, अधीर रंजन, डी राजा (सीपीआई), त्रिची शिवा (डीएमके), रणदीप सुरजेवाला, प्रमोद तिवारी, जॉन ब्रिटास, संजीव अरोड़ा, सुशील रिंकू (आप) नजर आ रहे हैं। राहुल गांधी ने इस दौरान संबोधित करते हुए कहा, देश में भयंकर बेरोजगारी है और युवा आज रोजगार नहीं पा सकता है. मैंने किसी से कहा कि एक काम करो, एक छोटा सा सर्वे करो, किसी भी शहर में चले जाओ और पता करो कि हिंदुस्तान के जो युवा हैं वो मोबाइल पर दिन में कितना घंटा बिताते हैं। ये भी छोटे शहर में पता कराया, मैं हैरान रह गया कि साढ़े सात घंटे युवा एक दिन में फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर, मेल पर यानि सेलफोन पर रहता है। यानि मोदी सरकार में हिंदुस्तान का युवा साढ़े सात घंटे फोन पर रहता है, क्योंकि मोदी जी ने उसे रोजगार नहीं दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सदन में सांसदों के निष्कासन पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जिन्होंने मुंह नहीं खोला है, उन्हें भी सस्पेंड कर दिया है। मोदी जी को इतना घमंड आ गया है कि चुनाव से पहले ही कह रहे हैं कि 400 सीटें जीतेंगे। वे यह दावा किस बात पर कर रहे हैं। कर्नाटक, हिमाचल और तेलंगाना में गली-गली घूमे और हारकर आ रहे हैं।

### नोएडा और गाजियाबाद में कोरोना की दस्तक

**नोएडा।** देश भर में कोरोना वायरस संक्रमण को लेकर दहशत फिर से फैलने लगी है। बीते पांच सप्ताह से देश भर में कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या में इजाफा देखने को मिल रहा है। आंकड़ों के मुताबिक जिनोम सिक्वेंसिंग के लिए आए मरीजों के सैंपल में नया वेरिएंट देखने को मिल रहा है। कोरोना वायरस का नया वेरिएंट सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के कई देशों में देखने को मिल रहा है। वर्तमान में दुनिया के 40 से अधिक देशों में कोरोना वायरस संक्रमण पैर पसार चुका है। भारत में भी कई राज्यों में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ने लगे है। इसी बीच उत्तर प्रदेश में भी कोरोना संक्रमित व्यक्ति की पुष्टि हुई है। राज्य में नोएडा का एक व्यक्ति कोरोना संक्रमित मिला है। गौतमबुद्ध नगर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील शर्मा ने बताया कि संक्रमित पाया गया मरीज 54 वर्षीय पुरुष है। बता दें कि कई महीनों के बाद गौतमबुद्ध निगर जिला में कोरोना वायरस संक्रमण से पीड़ित व्यक्ति की पुष्टि हुई है।

# सीएम योगी से मिले राजभर

## राजभर जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने पर चर्चा

- सैफई की बंजारा जाति की समस्या के बारे में बताया



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने शुक्रवार को उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। इस दौरान भर, राजभर जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने पर चर्चा हुई। साथ ही, उन्होंने इटावा के सैफई तहसील के गांव रणवीर नगर में बंजारा जाति के 2500 लोगों की समस्याओं के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

पार्टी के मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता अरुण राजभर के मुताबिक सुभासपा प्रमुख ने मुख्यमंत्री को बताया कि भर, राजभर जाति को अनुसूचित जाति में शामिल करने के लिए 17 जिलों का सर्वे कराया गया था, जिसकी रिपोर्ट सरकार के पास है। इसे जल्द केंद्र सरकार को सौंपा जाना है। लोकसभा चुनाव से पहले भर/राजभर जाति को अनुसूचित जाति में शामिल करने की संभावना है। भर, राजभर जाति यूपी में पिछड़ा व विमुक्त जाति में तथा महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जनजाति में सूचीबद्ध है। विमुक्त जाति की क्रम संख्या 1 से 19 में से क्रम संख्या 17 पर अंकित भर जाति को छोड़कर सभी जातियों को या तो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति में सूचीबद्ध किए जाने के लिए अष्टम विधानसभा की याचिका समिति द्वारा सिफारिश की गयी है। वहीं, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के हालिया आदेश में भर/राजभर जाति को अनुसूचित जनजाति में सूचीबद्ध किए जाने के लिए दो माह के अंदर प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजे जाने का दोबारा आदेश दिया गया है। अरुण राजभर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिस दिशा में कार्य कर रहे हैं, वह सुभासपा के विचारों और सिद्धांतों को आगे बढ़ाने वाली है।

### पूर्व मंत्री को तीन साल की सजा

**प्रयागराज।** आय से अधिक संपत्ति मामले में पूर्व मंत्री राकेशधर त्रिपाठी को तीन साल के कारावास और 10 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है। यह फैसला इलाहाबाद जिला न्यायालय की एमपी-एमएलए कोर्ट ने सुनाया। विशेष अदालत ने 108 पन्नों में पूर्व मंत्री के खिलाफ फैसला दिया। भाजपा और बसपा सरकार में मंत्री रहे राकेश धर त्रिपाठी के खिलाफ इलाहाबाद जिला न्यायालय की एमपी एमएलए की विशेष अदालत में विचाराधीन आय से अधिक संपत्ति के मामले में शुक्रवार को फैसला सुनाया गया।

18 जून 2013 को सतर्कता अधिष्ठान प्रयागराज परिक्षेत्र के निरीक्षक राम सुभग राम ने उनके खिलाफ मुट्ठीगंज थाने में आय से अधिक संपत्ति मामले में मुकदमा पंजीकृत कराया था। आरोप लगाया गया था कि बसपा सरकार में मंत्री रहते अकूत संपत्ति अर्जित की थी।

# 30 दिसंबर को पीएम दिखाएंगे छह वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी

- अयोध्या और दरभंगा से नई दिल्ली तक वंदे भारत एक्सप्रेस चलने की है उम्मीद

रेल यात्रियों को तोहफा



**नई दिल्ली।** अयोध्या से दिल्ली तक की वंदे भारत पूरी तरह कन्फर्म है। क्योंकि 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के पहले इस ट्रेन के संचालन से लोगों को आने-जाने में बड़ी सुविधा हो जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 दिसंबर को छह वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखा सकते हैं। इनमें अयोध्या और दरभंगा से नई दिल्ली तक वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई जाने की उम्मीद हैं। ये दोनों ही लखनऊ होकर चलेंगी। सूत्रों ने बताया कि इन दो रूटों के अलावा अमृतसर-दिल्ली, वैष्णो देवी-दिल्ली, कोयंबटूर-बेंगलुरु और जालना-मुंबई वंदे भारत को भी हरी झंडी दिखाए जाने की योजना है। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल से जुड़े सूत्रों ने बताया कि अयोध्या और दरभंगा से दिल्ली तक की वंदे भारत एक्सप्रेस का शेड्यूल अगले एक दो दिन में आ सकता है। इसकी तैयारियां जोरों पर है। गौरतलब है कि अयोध्या से दिल्ली तक की वंदे भारत पूरी तरह कन्फर्म है। क्योंकि 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के पहले इस ट्रेन के संचालन से लोगों को आने-जाने में बड़ी सुविधा हो जाएगी। गौरतलब है कि देश में पहली वंदे भारत ट्रेन नई दिल्ली से वाराणसी के बीच चलाई गई थी और अब तक 35 ऐसी ट्रेनें शुरू की जा चुकी हैं। प्रधानमंत्री ने हाल ही में वाराणसी-नई दिल्ली रूट पर दूसरी वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई थी।

# शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल को मिला तीसरा ईडी का समन

- तीन को पूछताछ के लिए बुलाया
- अक्तूबर में भेजा था पहला समन



केजरीवाल ने कहा कि उन्हें किस हैसियत से बुलाया जा रहा है। उन्होंने इसके बारे में भी अनभिज्ञता जताई। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि मुझे गवाह, संदिग्ध, दिल्ली के सीएम या आम आदमी पार्टी के संयोजक के रूप में बुलाया जा रहा है। अरविंद केजरीवाल को ईडी ने अक्तूबर में भी इस मामले में समन जारी करके दो नवंबर को तलब किया था, लेकिन वह उस दौरान भी ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए थे। तब उन्होंने विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनाव के प्रचार में व्यस्त होने का हवाला देते हुए ईडी के समक्ष पेश होने का समय मांगा था, वहीं दो नवंबर को उनके वकीलों ने ईडी के समन को गैर कानूनी करार दे दिया था।

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक बार फिर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने समन भेजा है। ईडी द्वारा शुक्रवार को भेजे गए समन में केजरीवाल को तीन जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया है। वहीं दूसरी तरफ केजरीवाल 10 दिन विपश्यना के लिए पंजाब चले गए हैं।

बता दें कि इससे पहले ईडी ने शराब घोटाले में पूछताछ के लिए बीते सोमवार को उन्हें समन जारी करके गुरुवार को बुलाया था। इस पर केजरीवाल ने अपने वकीलों द्वारा कहा गया कि यह सिर्फ 2024 में लोकसभा चुनाव के अंतिम महीनों में सनसनीखेज खबरें बनाने के लिए है। समन के समय पर सवाल उठाते हुए केजरीवाल ने कहा कि आपके समन का समय मेरी सोच को और मजबूत करता है कि मुझे भेजे जा रहे समन किसी उद्देश्य या तर्कसंगत मानदंड पर आधारित नहीं हैं बल्कि पूरी तरह से प्रचार के साथ-साथ देश में बहुप्रतीक्षित लोकसभा चुनाव के अंतिम कुछ महीनों में सनसनीखेज खबरें बनाने के लिए हैं।

## कोरोना — सरकार ने जारी की नई गाइडलाइन

# खांसी, बुखार और श्वांस रोगियों को करानी होगी कोविड जांच

- भीड़ वाले स्थानों पर जाएं तो लगाएं मास्क
- निजी अस्पतालों को भी करना होगा पालन



**लखनऊ।** कोविड के नए वैरिएंट जेएन-1 को लेकर शुक्रवार को शासन ने सभी सरकारी, निजी अस्पतालों के साथ ही सीएमओ को नई गाइडलाइन जारी कर दी। इसके तहत इंफ्लुएंजा जैसे लक्षणों, खांसी, बुखार व श्वांस संबंधी बीमारियों की शिकायत लेकर आने वाले मरीजों की कोविड जांच कराई जाएगी। पॉजिटिव पाए जाने पर जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए नमूना केजीएमयू भेजा जाएगा। नई गाइडलाइन के तहत खांसी, जुकाम, बुखार व श्वांस संबंधी रोगियों पर विशेष तौर पर नजर रखी जाएगी। इन मरीजों की जब तक कोविड रिपोर्ट नहीं आती है तब तक आइसोलेशन में रखकर इलाज किया जाएगा। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि चिकित्सालयों में भर्ती होने वाले इंफ्लुएंजा लाइक इलनेस (आईएलआई) यानी इंफ्लुएंजा जैसे लक्षणों वाले मरीजों और सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी इंफेक्शन (एसएआई) यानी गंभीर किस्म के श्वसन तंत्र के संक्रमण के मामलों में अनिवार्य रूप से आरटीपीसीआर जांच कराई जाएगी। क्रिसमस व नए वर्ष की पूर्व संध्या पर होटल, रेस्त्रां व मॉल में लोगों की भीड़ जुटेगी। इससे संक्रमण के प्रसार की आशंका है। इसको देखते हुए कोविड प्रोटोकॉल का पालन कराया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों ने लोगों से भीड़ वाले स्थानों पर जाने से बचने की अपील की है। मास्क लगाने पर जोर दिया है, ताकि कोविड के प्रसार को रोका जा सके। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों का कहना है निजी अस्पतालों को भी कोविड की नई गाइडलाइन का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

### मोहन सरकार लेगी अपना पहला कर्ज

**इंदौर।** मध्य प्रदेश की नवनियुक्त मोहन सरकार को प्रदेश की कमान संभालते ही भारी वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। इससे निपटने के लिए सूबे की मोहन सरकार अपना पहला कर्ज लेने जा रही है। सरकार 2000 करोड़ रुपये का कर्ज लेगी। 27 दिसंबर को सरकार के खाते में यह राशि आएगी। यह कर्ज सरकार ने 16 साल के लिए लिया है। जिसे वर्ष 2039 तक चुकाना होगा। वित्त विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी की है। सरकार आरबीआई के ई कुबेर सिस्टम के जरिए यह कर्ज लेगी। बता दें, सरकार का गठन हुए अभी सिर्फ 10 दिन ही हुए हैं। इतने कम अंतराल में ही सरकार को अपना पहला कर्ज लेना पड़ गया है। इधर वित्तीय बजट खत्म होने में अभी तीन महीने शेष हैं। पहले अनुमान लगाया जा रहा था कि सरकार पहले विधानसभा सत्र में अनुपूरक बजट ला सकती है, लेकिन सरकार ने ऐसा नहीं किया।

# ओवरलोडिंग रोकने में नाकाम साबित होता दिखाई दे रहा है प्रशासन

*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी-खीरी।** तहसील क्षेत्र में सड़कों पर गन्ना से भरे ओवरलोड ट्रैक्टर- ट्राला व ट्रक सड़क पर यमदूत बनकर दौड़ रहे हैं वही पुलिस प्रशासन व मिल प्रशासन लापरवाह बना हुआ है। उनके सामने ऐसे हादसों में जाने वाली जाने कोई मायने नही रखती। ओवरलोडिंग रोकने में प्रशासन नाकाम साबित होता दिखाई दे रहा है। यहां प्रतिदिन ट्रक व ट्रैक्टर-ट्राले में ओवरलोड गन्ना भरकर ढोया जा रहा है, जो सड़क पर आम जनमानस के लिए खतरा बना हुआ है। खास बात यह कि ज्यादातर ट्रैक्टर- ट्राले बिना परमिट के चले रहे हैं। वहीं पुलिस और परिवहन विभाग का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। स्थानिय पुलिस मूकदर्शक बनी बैठी रहती है जिससे कभी बड़ा हादसा हो सकता हैं। यह नजारा आप खुद ही देख सकते है। इस समय गन्ना पेराई सत्र चल रहा है। माफिया अपना गन्ना ट्रकों व ट्रैक्टर-ट्रालों से चीनी मिलों को ले जा रहे हैं।



वहीं किराये पर चलने वाले ट्रैक्टर-ट्राले में भी ओवरलोड गन्ना भरा जा रहा है। इन वाहनों के चालक ज्यादा मुनाफा के चलते ट्रॉला में ओवरलोड गन्ना भरवाते हैं। जब ओवरलोड ट्रक व ट्रैक्टर-ट्रॉले सड़क पर चलते हैं, तो राहगीरों की सांसें अटक जाती हैं। क्षमता से ज्यादा गन्ना भरा होने के कारण ट्रैक्टर आगे से उठ-उठ कर चलते हैं। वही ओवरलोड ट्रक भी असंतुलित होकर बेधड़क चलते है। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता हैं। वैसे तो सेन्टर से गन्ना ट्रकों के जरिए मिलों तक पहुंचाया जाता है, लेकिन चीनी मिलों और परिवहन विभाग की मिलीभगत से ट्रॉलों में गन्ना ढोया जा रहा है। ट्रक में 110 कुंतल गन्ना ले जा सकता है, जबकि ट्रॉले में दो सौ से लेकर तीन सौ कुंतल तक गन्ना ढोकर चीनी मिलों में जा रहा है। चीनी मिल मालिक अपने कागजों में ट्रक से लोडिंग दर्शाते है, लेकिन हकीकत यह है गन्ना ट्रॉलों से ढोया जा रहा है। दूसरी तरफ लंबे समय से सड़कों पर दौड़ रहे कई वाहनो, कृषि और व्यावसायिक ट्रैक्टर-ट्रॉली में रिफ्लेक्टर नहीं लगे हैं। ट्रॉलियों में बैक लाइट न होने से रात में पीछे चलने वाले लोगों के साथ हादसे की संभावना रहती है। जबकि अब सीजन में इनकी संख्या बढ़ेगी। रात में ऐसे वाहनों से अधिक दिक्कत होती है। साथ ही सरिए से भरी ट्रॉलियों पर भी यातायात पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। जिससे इन वाहन चालकों के हौसले दिन प्रतिदिन बुलंद होते जा रहे हैं।

## 2150 ग्राम गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना गोला पुलिस द्वारा इमरान उर्फ नेता पुत्र लतीफ नि0 ग्राम चौरठिया थाना गोला खीरी को कुल 2150 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार शुदा अभियुक्त के विरूद्ध थाना गोला पर मु0अ0सं0 759/2023 धारा 8/20 [illegible] पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त का चालान न्यायालय किया गया।

## सिलेंडर फटने से घर में लगी आग

**लखीमपुर खीरी।** खाना बनाने के दौरान सिलेंडर फटने से घर में लगी आग, घर सहित रखा सामान जलकर हुआ राख सिंगाही थाना क्षेत्र के सिंगहा कलां गांव का मामला।

## आजीवन कारावास की सुनाई सजा

**लखीमपुर खीरी।** विशेष सत्र न्यायाधीश ने 2018 में सदर कोतवाली की एक घटना में पति नंद कुमार उर्फ बबलू को अपनी पत्नी की हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

## जिला जज व डीएम-एसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, कारागार की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के लिए शुक्रवार को जिला जज लक्ष्मीकांत शुक्ला व डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एएसपी नेपाल सिंह ने संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। इस दौरान अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दीपेन्द्र कुमार सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रमोद सिंह यादव मौजूद रहे।जिला जज, डीएम-एएसपी ने पुरुष एवं महिला बंदी ग्रह में जाकर बंदियों का हालचाल जाना एवं खाने-पीने के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही जेल प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कारागार में साफ-सफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। निर्देश दिए कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफ-सफाई बनाए रखी जाए। जिला जज ने बंदियों से पूछा कि कोई ऐसा



तो नहीं है जिसकी लंबे समय से पेशी ना रही हो रही हो। इस पर बंदियों ने उत्तर दिया कि सभी की पेशी हो रही है।इस दौरान ज़िला जज ने जेल बैरक, पाकशाला, अस्पताल, आदि का निरीक्षण किया। पुरुष बंदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निस्तारण के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान चिकित्साधिकारी डॉ शिवपूजन व डॉ दीपांकर ने कारागार चिकित्सालय में भर्ती सभी 14 मरीजो के बारे में विस्तृत जानकारी दी।निरीक्षण के दौरान कारागार अधीक्षक पीडी सलोनिया, जेलर हरिवंश कुमार पांडेय, जेलर अजय कुमार सिंह, डिप्टी जेलर सुनील कुमार, चिकित्सक डॉ. दीपांकर रावत, डॉ शिवपूजन मौजूद रहे।

## डीएम ने किया ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण



**लखीमपुर खीरी।** जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं वीवीपैट से संबंधित वेयर हाउसों का त्रैमासिक निरीक्षण सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के सामने वेयरहाउस को खुलवाकर किया।इस अवसर पर डिप्टी डीईओ/एडीएम संजय कुमार सिंह, बंदोबस्त अधिकारी (चकबंदी) ओपी अंजोर एवं चकबंदी अधिकारी (अंतिम अभिलेख प्रथम) संजय अवस्थी, एडीईओ तौसीफ अहमद और राजनीतिक दलों से जिला उपाध्यक्ष, भाजपा अनिल यादव, जिला मंत्री-कांग्रेस पार्टी राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, बसपा से उमाशंकर गौतम, सपा से त्रिभुवन सिंह व जिला उपाध्यक्ष अपना दल अभिषेक कश्यप उपस्थित रहे।

## आदर्श मूकबधिर विद्यालय के बच्चों ने रैली निकाल मतदाता बनने का दिया संदेश



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** दिव्यांग मतदाताओं में जागरूकता लाने के लिए जिला प्रशासन की अगुवाई में शुक्रवार को आदर्श मूकबधिर विद्यालय के बच्चों ने जागरूकता रैली निकाली। कलेक्ट्रेट परिसर से दिव्यांग मतदाता रैली निकलकर शहर के मुख्य चौक-चौराहों का भ्रमण कर दिव्यांगों को मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया। शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, डिप्टी डीईओ/एडीएम संजय कुमार सिंह ने जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर से दिव्यांग मतदाता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रैली को संबोधित करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि दिव्यांगों की चुनाव प्रक्रिया में पूरे सम्मान के साथ भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग नित नए कदम उठा रहा है। दिव्यांगजन चुनावी लोकतंत्र के आधार और अहम कड़ी हैं। यह भी अवगत कराया गया कि वे मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य चेक कर ले ताकि निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने में कोई असुविधा न हो।उन्होंने कहा कि मतदाता सूची निर्वाचन की आत्मा है। यदि मतदाता सूची स्वच्छ एवं पारदर्शी है तो निर्वाचन में कोई कठिनाई नहीं आएगी। वर्तमान में मतदाता सूची को पुनरीक्षित करने के लिए मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम का चल रहा है। इस मौके पर डिप्टी डीईओ/एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि दिव्यांग जनों की चुनाव प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग कटिबद्ध है।

# थारु जनजाति क्षेत्र को मूलभूत सुविधाओं से संतृप्त करने पर मंथन, डीएम ने ली अफसरों की बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** थारू जनजाति बाहुल्य क्षेत्र की समस्यों के समाधान एवं मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। बैठक का संचालन एकीकृत जनजाति विकास परियोजना के परियोजना अधिकारी यूके सिंह ने किया।बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अफसरो से थारु जनजाति क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए आवश्यकता और पूर्ति के लिए उनकी रणनीति जानी। कहा कि बरसों-बरस से अपने अधिकारों से वंचित थारू जनजाति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार ने न केवल कई ठोस कदम उठाये बल्कि पूरी प्रतिबद्धता से उनके जीवन स्तर को ऊपर उठने के लिए काम कर रही है। थारु क्षेत्र में रोजगार के हस्तशिल्प को बढ़ावा दिया जाने के उद्देश्य से थारू हस्तशिल्प उत्पाद को ओडीओपी उत्पाद के तौर पर पहचान दी गई। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बैठक में उठाए गए विभिन्न बिंदु सरकार की कल्याणकारी प्राथमिकताओं वाली योजनाओ से संबंधित है।

इसके लिए सभी सम्बन्धित विभाग जनपद स्तर पर तत्काल समस्यों का समाधान करें तथा तत्काल शासन स्तर को संदर्भित होने वाले समस्यों के लिए उनके समक्ष आलेख प्रस्तुत किये जायें, जिससे थारू जनजाति क्षेत्र का उनयन्न विकास हो सके। इस सम्बन्ध में परियोजना अधिकारी यूके सिंह, निर्देशित किया कि समस्त विभाग से समन्वय स्थापित करते हुये कृत कार्यवाही से अगामी समीक्षा के लिए अवगत कराया जायें।बैठक में मुख्य रूप से थारू जनजाति क्षेत्र में चिकित्सा व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा आकस्मिक सेवा के लिए एम्बुलेंस, क्षेत्र में महाविद्यालय के लिए भूमि का चिन्हाकन तथा वन क्षेत्र के सम्पर्क मार्ग एवं थारू जनजाति क्षेत्र को पूर्ण रूप से कनेक्टीविटी से अच्छादित किये जाने तथा वृद्धापेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांग पेशन, वनाधिकार दावा तथा ग्राम सूरमा सम्पर्क मार्ग एवं पशुचिकित्सालय सूड़ा तथा बरबटा और परसिया में चिकित्सकों एवं कार्मिकों के आवास उपलब्ध कराए जाने के संबंध में विस्तृत विचार विमर्श हुआ।बैठक में सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह, डीएसडब्लूओ सुधांशु शेखर, ईई पीडब्लूडी, ईई विद्युत, महाप्रबन्धक दूरसंचार, डीपीओ, जिला दिव्यागंजन सशस्कतीकरण अधिकारी, बीडीओ पलिया, डीडी दुधवा के साथ ही थारू जनकल्याण संस्थाध्यक्ष छैल बिहारी राना, जिपं सदस्य श्रीमती लीला देवी, तथा थारू जनजाति क्षेत्र के ग्राम प्रधान रामनरेश राना, रामसहाय राना, रामकुमार राना, भूतपूर्व ब्लाक प्रमुख अरूणशिखा, शेरसिंह राना, बिजय बहादुर, जय प्रकाश, सुनील कुमार, भजोराम राना, ज्योतीराना उपस्थित रहे।

## अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस बल के साथ संघन चेकिंग

**रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु 21 दिसम्बर को अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर,क्षेत्राधिकारी डलमऊ, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर तथा पुलिस बल के साथ शहर के सुपर मार्केट, घण्टाघर चौराहा, कैपरगंज, सर्राफा मार्केट सहित प्रमुख स्थानों पर भ्रमणशील रहकर आमजनमानस से संवाद स्थापित करते हुये पैदल गश्त/संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग गयी ।

इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारियों द्वारा पुलिस टीम के साथ जनपद के वॉर्डर/राजमार्गों/प्रमुख चौराहों/ तिराहों/ कस्बों/सर्राफा मार्केट/ बाजार/ मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों व अन्य स्थानों पर भ्रमणशील रहकर पैदल गश्त की जा रही है, बैरियर/पिकेट लगाकर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की संघन चेकिंग की जा रही है।

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ 5 अभियुक्त गिरफ्तार

**रायबरेली।** अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत 22 दिसम्बर थाना सरेनी पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-406/2023 धारा-379,411 भादवि व मु0अ0सं0-407/2023 धारा 379/411 भा0द0वि से संबंधित/वांछित अभियुक्तगण 1-राहुल पुत्र सोहनलाल रैदास निवासी ग्राम सागरखेड़ा थाना सरेनी 2. अशोक उर्फ लाला उर्फ सचिन पुत्र बाबूलाल रैदास निवासी ग्रान लखनगांव थाना सरेनी रायबरेली 3.अरुण कुमार पुत्र सुरेश कुमार रैदास निवासी ग्राम पसनखेड़ा थाना सरेनी रायबरेली 4. साहिल उर्फ शैलेन्द्र पुत्र राजेन्द्र प्रसाद रैदास निवासी ग्राम बहादुर पुर थाना सरेनी रायबरेली 5.रामसजीवन उर्फ राज पुत्र सुखराम निवासी ग्राम चमरौली मजरे रालपुर थाना सरेनी रायबरेली को 2 अदद चोरी की मोटरसाइकिल सं0 [illegible]6032 व [illegible]2795 तथा 01 अदद देशी तमंचा व जिंदा कारतूस 315 बोर (अभियुक्त राहुल के कब्जे से) व 1 अदद देशी तमंचा व जिंदा कारतूस 12 बोर( अभियुक्त . अशोक उर्फ लाला उर्फ सचिन के कब्जे से) के साथ थाना क्षेत्र के ग्राम गंगा दुबे का पुरवा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त राहुल के विरुद्ध मु0अ0सं0-408/2023 धारा- 3/25 शस्त्र अधि0 व अभियुक्त अशोक उर्फ लाला उर्फ सचिन के विरुद्ध मु0अ0सं0-409/2023 धारा 3/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत किया गया तथा विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है ।

## साहब ऐसे बनती है डलमऊ क्षेत्र की सड़कें

**डलमऊ, रायबरेली।** प्रदेश भर में सड़कों को गढ्ढामुक्त करने का आदेश डलमऊ तहसील क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के लिए शायद नही भेजा गया है, मुराईबाग सलोन मुख्यमार्ग के गढ्ढे शायद इसकी कहानी बता रहे हैं। तहसील क्षेत्र के मुराईबाग कस्बे से निकलकर सलोन जैसी बड़ी व्यवसायिक तहसील को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग अब भी गढ्ढामुक्त नही हो पाया है। मुराईबाग कस्बे से शुरू हुई मरम्मत कंधरपुर पहुचते ही बन्द हो गयी। स्थानीय लोगों में इस बात से। आक्रोश व्याप्त है। तहसील क्षेत्र निवासी अनिल कुमार, लकी, शैलेन्द्र पाल, मनोज आदि ने बताया कि मुराईबाग से पड़रिया तिराहा आने जाने में बीच मे कई जगह बड़े गढ्ढे हो जाते हैं, जिनमे आएदिन दुर्घटना का शिकार होकर लोग चोटिल हो रहे हैं मगर जिम्मेदार सिर्फ खानापूर्ति करके इतिश्री कर लेती हैं। बीते दिनों मुराईबाग से शुरू हुआ मरम्मत कार्य महज कंधरपुर में आकर बन्द हो गया, डलमऊ तहसील जाने के लिए दो दर्जन से अधिक गांवों व दर्जनों कस्बों से होकर गुजरने वाले मुख्य मार्ग की यह स्थिति चिंताजनक है। लोगों ने सड़क मरम्मत कार्य को कंधरपुर से आगे कराने की मांग की है।

## अवैध चरस बेचने वाले पिता समेत दो पुत्र गिरफ्तार

**सहारनपुर।** दूसरे राज्यों से सस्ते दामों में चरस खरीद कर बेचने वाले पिता समेत दो पुत्रों को थाना नकुड़ पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से 425 ग्राम नाजायज चरस तथा 01 टाटा मैजिक बरामद हुयी है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा के निर्देश पर अवैध शराब व नशीले पदार्थो की तस्करी व खरीद फरोख्त की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रभारी निरीक्षक नकुड़ के नेतृत्व मे थाना नकुड़ पुलिस टीम ने आज गश्त व चैकिंग के दौरान तीन अभियुक्तों बानू पुत्र नियामत, इंतजार पुत्र बानू व अहसान पुत्र बानू निवासीगण मौहल्ला नई बस्ती कस्बा अम्बेहटापीर थाना नकुड को मय 425 ग्राम नाजायज चरस के गंगोह तिराहा कस्बा अम्बेहटापीर से गिरफ्तार किया व एक टाटा मैजिक एमवी एक्ट मे सीज किया। अभियुक्त बानू थाना नकुड से पहले भी जेल जा चुका है। अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पूछताछ में बानू पिता पुत्र इंतजार व अहसान ने बताया कि चह अपनी पिकअप को किराये पर चलाने व पशु ढोने का काम करते हैं। हम तीनो नशा करने के आदि है। हम तीनो दूसरे राज्यो से सस्ते दामो मे चरस खरीद कर लाते हैं और चरस बेचकर अपने नशे की जरूरतो को पूरा करते हैं और धन कमाते हैं। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह, उपनिरीक्षक नरेन्द्र सिंह भडाना, हैड कांस्टेबल मतीन अहमद, प्रदीप मावी, कांस्टेबल आकाश कुमार व राहुल कुमार शामिल रहे।

# महामाया स्टेडियम का होगा कायाकल्पः खिलाड़ियो की सुविधा हेतु स्पोर्टस सामग्री क्रय करने व स्टेडियम के जीर्णोद्धार के लिए मिली स्वीकृति

*अवधनामा संवाददाता*

**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। समिति की वार्षिक आय/व्यय तथा वर्तमान में उपलब्ध धनराशि का विवरण निर्णय में पाया गया कि वर्तमान माह तक समिति के खाते में धनराशि उपलब्ध है तथा व्यय धनराशि शून्य है। उपक्रीड़ाधिकारी एवं समिति के सचिव/कोषाध्यक्ष द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि शासनादेश संख्या-1187/बयालिस-2020-38/एस0 पी0/30/84 टी0सी0 दिनांक 27.07.2020 द्वारा जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति नियमावली 2020 की अनुसूची-ख में ''पे एण्ड प्ले तथा कम एण्ड प्ले'' के क्रियान्वयन के अन्तर्गत मानक के अनुसार प्रत्येक तरणताल व जिम संचालन का वार्षिक रजिस्ट्रेशन रू0 15,000/- एक मुस्त समिति के खाते में जमा कराये जाने हेतु। स्टेडियम में आने वाले वरिष्ठ व्यक्तियों से रू0 30,000/- लाईफटाइम मेमबरशिप व 60 वर्ष से ऊपर व्यक्तियों हेतु 25,000/- एकमुस्त समिति के खाते में जमा कराये जाने हेतु। खिलाड़ियों से वर्ष में रू0 100/-प्रति रजिस्ट्रेशन शुल्क 385 रसीद के माध्यम से तथा इसके अतिरिक्त वर्ष में रू0 100/-समिति के खाते में जमा कराये जाने हेतु। खेल मैदान के आरक्षण में रू0 1000/-प्रत्येक आरक्षण पर समिति में जमा हेतु। बैडमिण्टन हॉल में प्रतिव्यक्ति शौकिया खिलाड़ियों से रू0 1000/- अंशदान के रूप में वार्षिक एक मुस्त समिति के खाते में जमा कराये जाने हेतु जमा कराये जाने से सम्बन्धित कार्यवाही हेतु उपक्रीड़ाधिकारी एवं समिति के सचिव/कोषाध्यक्ष को अनुमति प्रदान की गयी। नगर निगम एवं गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से स्टेडियम में स्टेडियम के अन्दर व बाहर की ओर सौन्दर्यीकरण का कार्य व दीवारों/ होर्डिग्स बोर्ड पर खेल से सम्बन्धित पेन्टिंग/स्लोगन आदि का कार्य। सुलभ शौचालय बालक/बालिका तथा दिव्यांगजन हेतु। स्टेडियम के मुख्य द्वारा से खेल मैदान गेट तक सी0सी0रोड व रैम्प तथा पथ प्रकाश हेतु लाईट निर्णय-उपक्रीड़ाधिकारी एवं समिति के सचिव/कोषाध्यक्ष द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि स्टेडियम में अन्दर व बाहर की ओर सौन्दर्यीकरण का कार्य व दीवारों/ होर्डिग्स बोर्ड पर खेल से सम्बन्धित पेन्टिंग/स्लोगन आदि का कार्य।, सुलभ शौचालय बालक/बालिका तथा दिव्यांगजन हेतु। स्टेडियम के मुख्य द्वारा से खेल मैदान गेट तक सी0सी0रोड का निमार्ण एवं दिवयांगजन खिलाड़ियों को रैम्प का निर्माण तथ पथ प्रकाश हेतु लाईट की व्यवस्था कराये जाने हेतु नगर आयुक्त, नगर निगम गाजियाबाद से कराये जाने हेतु अनुरोध पत्र भेजा जाये इस हेतु सम्बन्धित कार्यवाही हेतु उपक्रीड़ाधिकारी एवं समिति के सचिव/कोषाध्यक्ष को अनुमति प्रदान की गयी। खिलाड़ियों के हित को दृष्टिगत रखते हुए स्टेडियम में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु समिति के माध्यम से निम्न खेल सामग्री क्रय किये जाने पर विचार डबल बैट्री का इन्र्वटर क्रय 01 सैट, सौफा सैट मय टेबिल 01 सैट निर्णय -उपक्रीड़ाधिकारी एवं समिति के सचिव/कोषाध्यक्ष द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि जनपद के खिलाड़ियों के हित को दृष्टिगत रखते हुए स्टेडियम में कार्यालय हेतु समिति के माध्यम से 1-डबल बैट्री का इन्र्वटर क्रय 01 सैट 2-सौफा सैट मय टेबिल 01 सैट खेल हित में क्रय किये जाने हेतु अनुरोध किया, जिसके क्रम में समिति के अध्यक्ष जिलाधिकारी द्वारा उपरोक्त समस्त खेल सामग्री को नियमानुसार जैम पोर्टल के माध्यम से क्रय किये जाने हेतु समिति के उपस्थित सदस्यों के अनुमोदन पर स्वीकृति प्रदान की गयी।

## युवक की उसके सौतेले भाई ने अपने दोस्त के साथ मिलकर की हत्या, एक आरोपी गिरफ्तार मुख्य आरोपी फरार

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** गोला क्षेत्र के भुड़वारा निवासी एक युवक की उसके सौतेले भाई ने अपने दोस्त के साथ मिलकर हत्या कर दी और शव दुधवा के जंगल में फेंक दिया। पुलिस ने शव बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि मुख्य आरोपी अभी फरार है गोला के महमदपुर गांव निवासी उमा देवी पत्नी सत्यराम ने 18 दिसंबर को पुलिस को तहरीर देकर अपने 25 वर्षीय भाई मान सिंह के अपहरण की बात कही थी। आरोप मोहल्ला ढाकिन निवासी मानसिंह के सौतेले भाई शिवा और उसके दोस्त अनिकेत पर लगाया था। बताया था कि आठ दिसंबर को फोन करके मानसिंह को सूड़ा बुलाया गया और फिर अपहरण कर लिया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू की थी। इसी बीच 19 दिसंबर को पुलिस के हत्थे चढ़े अनिकेत को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने मानसिंह के सौतेले भाई शिवा के साथ मिलकर हत्या करने की बात कबूल की इसके बाद पुलिस ने हत्या की धारा बढ़ाते हुए अनिकेत की निशानदेही पर उसी दिन जंगल से मान सिंह का शव बरामद किया आरोपी अनिकेत का चालान किया मुख्य आरोपी शिवा पुलिस की गिरफ्त से बाहर है हत्या 8-9 दिसंबर के बीच की गई। पुलिस को 18 दिसंबर को तहरीर मिली थी। जिसपर मुकदमा दर्ज किया गया था।जमीन के लालच में हुई मान सिंह की हत्या मृतक की बहन उमा देवी ने बताया कि उसके पिता प्रेमचंद्र की पहली पत्नी उसकी मां की मौत होने के बाद पिता ने दूसरी शादी कर ली थी। पहली मां से तीन बहन और एक भाई मान सिंह था, जबकि दूसरी पत्नी से एक बहन और एक सौतेला भाई शिवा था मान सिंह पहले पिता के साथ गोला के भड़वारा में नाना-नानी के साथ रहता था नाना-नानी की मौत के बाद पिता ने मकान बेच लिया नानी ने मौत से पहले चार बीघा जमीन मान सिंह के नाम की थी इस जमीन को लेकर सौतेले भाई से उसका विवाद हुआ जिसके बाद सौतेले भाई शिवा ने अपने दोस्त के साथ उसकी हत्या कर दी और शव जला दिया।

## 250 ग्राम चरस समेत एक नशा तस्कर दबोचा

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने 01 शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 250 ग्राम नाजायज चरस बरामद की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में नशा तस्करी पर रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कुतुबशेर पुलिस ने आज मुखबिर की सूचना पर अवैध नशे के कारोबार में लिप्त 01 अभियुक्त वसीम पुत्र कमरूद्दीन निवासी खमरू वाला चौक रांगडो का पुल थाना कुतुबशेर को खमरू वाले चौक के पास से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के कब्जे से 250 ग्राम नाजायज चरस बरामद हुई। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना कुतुबशेर पर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। अभियुक्त के खिलाफ थाने पर एनडीपीएस एक्ट व आर्म्स एक्ट के मुकदमें भी दर्ज है।

## राज्यमंत्री राजस्व विभाग ने तहसील सदर का किया निरीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** राज्यमंत्री राजस्व विभाग उत्तर प्रदेश शासन अनूप प्रधान द्वारा तहसील सदर का निरीक्षण किया गया। उन्होने आरके कार्यालय में हो रही कम्प्यूटर फीडिंग को देखा तथा डाटा फीडिंग के साथ ही ऑफलाइन सूची से मिलान किया।

राज्यमंत्री राजस्व विभाग ने तहसील में कम्बल वितरण, पट्टे आवंटन के पटल सहायकों से जानकारी लेते हुए संतुष्टि प्रकट की। उन्होने तहसील के सभी पटलों, भूअभिलेखागार, ई-कम्प्यूटर कक्ष, संग्रह अनुभाग, रिकार्ड रूम, संबंधित पत्रावलियों की जानकारी लेते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण तथा रख-रखाव के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होने रामपुर मनिहारान में निर्माणाधीन तहसील के भवन का स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी ली। तहसील परिसर में आवासीय भवनों का निर्माण पीडब्ल्यूडी तथा अनावासीय भवनों का निर्माण सीएनडीएस द्वारा किया जा रहा है। कार्यदायी संस्था सीएनडीएस द्वारा किये जा रहे कार्यो पर नाराजगी व्यक्त की।

उन्होने गुणवत्तापूर्ण ढंग से यथाशीघ्र कार्य को पूर्ण करने सख्त निर्देश दिए। उन्होने कार्य की प्रगति से सप्ताहवार जिलाधिकारी को अवगत कराने के निर्देश दिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही होने पर कार्यदायी संस्था के विरूद्ध कार्यवाही करने की चेतावनी दी।

## भूमाफियाओं पर कड़ी कार्यवाही करते हुए बेदखली कराएं सुनिश्चित

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** राज्यमंत्री राजस्व विभाग उत्तर प्रदेश शासन अनूप प्रधान ने निर्देश दिए कि राजस्व संबंधी सभी वादों का निस्तारण गुण-दोष के आधार पर समयबद्धता के साथ किया जाए। इस संबंध में उन्होने वादों की पत्रावलियों को देखा। उन्होने धारा 24 के अन्तर्गत 03-05 वर्ष तक लम्बित 13 वादों को यथाशीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए।

अनूप प्रधान आज यहां कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में राजस्व विभाग व चकबन्दी विभाग के कार्यक्रमों की समीक्षा की कर रहे थे। बैठक में धारा-24, 34, 38, 67, 80, 116 एवं राजस्व संहिता 2006 की अद्यतन स्थिति, ई-डिस्ट्रिक्ट के अन्तर्गत प्राप्त आवेदनों के निस्तारण, राजस्व वसूली की समीक्षा, आईजीआरएस, राजस्व वादों में पंजीकृत निस्तारित एवं 03-05 वर्ष के लंबित वादों के निस्तारण के संबंध में समीक्षा की गयी। 05



वर्ष से अधिक लम्बित वाद न पाए जाने पर उन्होने जनपद के अधिकारियों की सराहना की। धारा 34 जोकि नामान्तरण कार्यो से संबंधित है, 05 वर्ष से अधिक लम्बित 02 वादों को यथाशीघ्र निस्तारित करने के लिए कहा। उन्होने कहा कि दिन-प्रतिदिन की तिथि लगाकर इन वादों को दिसम्बर माह के अंत तक निस्तारित करना सुनिश्चित करें। अनूप प्रधान ने धारा 67 के तहत सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे पर कार्यवाही करने और लगाए गये जुर्माने की वसूली को यथाशीघ्र वसूलने के निर्देश दिए। इसके तहत उन्होने कहा कि यह सरकार की प्राथमिकता का कार्य है, कोई भी भू-माफिया सरकारी भूमि पर कब्जा न कर पाए इसका विशेष ध्यान रखते हुए यथाशीघ्र बेदखली की कार्यवाही की जाए। उन्होने बडे भूक्षेत्र वाली भूमि को चिन्हित करते हुए प्राथमिकता से कब्जामुक्त कराने के निर्देश दिए। धारा 67 में कम कार्य पाए जाने पर प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि उच्च न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों पर शासन की ओर से अपना पक्ष मजबूती के साथ प्रस्तुत करें। धारा 80 के अन्तर्गत समीक्षा करते हुए संतोष व्यक्त किया तथा कहा कि औद्योगिक एवं विकास कार्यों के लिए पत्रावलियों को शीघ्र निस्तारित किया जाए।

# संयुक्त विपक्षी मोर्चा ने विरोध प्रदर्शन किया

अवधनामा संवाददाता

**कानपुर।** संयुक्त विपक्षी मोर्चा के तत्वाधान में इण्डिया गठबन्धन के आवाहन पर विगत दिनों विपक्षी सांसदों के निलम्बन के खिलाफ मोदी सरकार की घेराबन्दी करते हुये इण्डिया गठबन्धन में शामिल कांग्रेस, सपा, रालोद,आप पार्टी, सी.पी.एम सी.पी.आई. एम.एल. (माले), राजद, एन.सी.पी., सहित सभी राजनैतिक दलों का धरना तानाशाह मोदी सरकार द्वारा जिस प्रकार विपक्षी 14 सांसदों को निलम्बन किया गया है जो साबित करता है कि कांग्रेस मुक्त कहने वाली भाजपा सरकार आज देश को विपक्ष मुक्त बनाना चाहती है। जिसको देश की जनता कभी बर्दास्त नहीं करेगी। इसलिए इण्डिया गठबन्धन के आकसनक आवाहन पर पूरे देश में विरोध प्रदर्शन का कार्यक्रम की एक कड़ी थी। अल्प समय रहते कानपुर में विशाल धरना प्रदर्शन का सफल आयोजन हुआ। जिसमें सभी राजनैतिक दलों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। मौजूद नेताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कहा कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का मिमिकी प्रकरण इसलिए भाजपा उठा रही है जिससे कि कोई विपक्ष 146 सांसदो के निलम्बन का प्रकरण न उठा सके और आम जनता तक वह बात न पहुंच सके ! उपराष्ट्रपति महोदय अपने को जाट व किसान बता रहे हैं, तब कहाँ थे जब किसान दिल्ली में एक वर्ष तक अपनी मांगों के लिए बैठा रहा और संबित पात्रा सांसद यह कहते थे कि अब तो पश्चिम में चौधरियों की चौधराहट खत्म हो गयी है।भूधर नारायण मिश्रा पूर्व विधायक कांग्रेस ने कहा कि इण्डिया गठबन्धन ही कानपुर में ही नहीं पूरे देश में भाजपा को हरा सकता है।अध्यक्षता सुरेश गुप्ता संयोजक संयुक्त विपक्षी मोर्चा ने किया तथा संचालन मदन भाटिया आप पार्टी ने किया। धरने में प्रमुख रूप से सर्वश्री आलोक मिश्रा, श्यामदेव सिंह, अतहर नईम, डॉ0 आर.के. गौतम कांग्रेस, बंटी सेंगर, नन्दलाल जायसवाल, जयनारायण गुप्त भारती सपा, मो0 उस्मान रालोद, प्रदीप यादव, रतिराम यादव राजद मुशीर सिददकी, आशा यादव आप पार्टी, उमाकान्त, गोविन्द नारायण, मो. वसी, रिंकी कुमारी सी.पी.एम. नीरज यादव सी.पी.आई., विजय कुमार सी.पी.आई. एम.एल. (माले), बनवारी लाल एन.सी.पी. सहित सैकड़ों नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।



## आपदा प्रबंधक विशेषज्ञ नकुल को धरती संरक्षक सम्मान



**कापसहेड़ा अवधनामा संवाददाता।** ऑरवेल इंग्लिश इंस्टीट्यूट एवम इंटेलेक्चुअल सोसाइटी के प्रवक्ता अनीश तिवारी ने एक अहम जानकारी देते हुए बताया कि 24 दिसंबर को प्रख्यात डिजास्टर मैनेजमेंट एक्सपर्ट नकुल तरुण को डिजास्टर मैनेजमेंट के क्षेत्र में उनके देश विदेश में उल्लेखनीय योगदानों को देखते हुए संस्था द्वारा महान शिक्षाविद् एवम सोसल एक्टिविस्ट राकेश चानना के हाथों धरती संरक्षक सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर श्री नकुल तरुण तथा श्री राकेश चानना का ग्लोबल वार्मिंग एवम डिजास्टर मैनेजमेंट विषय पर छात्रों के बीच संबोधन और प्रश्नोत्तर कार्यक्रम भी होगा। विशेषज्ञों का युवा-छात्रों के साथ इस संवाद को संस्था के यूट्यूब चैनल पर लाइव प्रसारण भी किया जाएगा।

## सदर विधायक ने अन्तेयष्ठी स्थल का किया शिलान्यास



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड लोटन अन्तर्गत ग्राम पंचायत सैनुवा मे काफी दिनों से से माँग के बाद शुक्रवार को सैनुआ गांव के पूरब के तरफ घोघी नदी तट पर अन्तेयष्ठी स्थल का सदर विधायक श्याम धनी राही ने पाँच ईट रखकर भूमि पूजन कर शिलान्यास किये ।शिलान्यास के दौरान विधायक ने कहाँ लोटन क्षेत्र मे चौबन ग्राम पंचायत है। जिसमे लगभग दस गांवो मे अन्तेयष्ठी स्थल बन चुका है। कुछ गांव बचे है जरूरत के हिसाब से धीरे धीरे बन जायेगा। शिलान्यास के दौरान खण्ड विकास अधिकारी राम प्रवेश, प्रधान प्रतिनिधि अशोक चौरसिया, सन्नी सिह, प्रधान संघ अध्यक्ष अरविंद मणि त्रिपाठी, पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष कमलेश चौरसिया, क्षेत्र पंचायत सदस्य मूसे सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी रविन्द्र कुमार जाटव, मनोज कुमार, महेश प्रजापति, प्रदीप मोदनवाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## सुशासन दिवस के रूप में पूर्व पीएम की मनेगी जयंती



**कानपुर अवधनामा संवाददाता।** भारत रत्न देश के पूर्व प्रधानमंत्री भाजपा के वरिष्ठ नेता पं अटल बिहारी बाजपेई की 25 दिसम्बर को जयंती पर भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी 17 जिलों के 20788 बूथों पर पार्टी अटल जी के चित्र पर पुष्पर्चन कर सुशासन दिवस के रूप में मनाएगी। यह निर्णय शुक्रवार को क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल की अध्यक्षता में क्षेत्रीय कार्यालय में पदाधिकारियों की बैठक में लिया गया। बैठक में प्रकाश पाल ने कहा की 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस व 26 दिसम्बर को गुरु गोविंद सिंह जी के पुत्रों बाबा जोरावर सिंह बाबा फतेह सिंह की स्मृति में पार्टी सभी जिलों में वीर बालक दिवस के रूप में मनाएगी। जिसमे संगोष्ठी व डॉक्युमेंट्री फिल्म का आयोजन सभी जिलों में आयोजित किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से अनिता गुप्ता, पूनम द्विवेदी, पवन प्रताप सिंह, सुनील तिवारी, अनूप अवस्थी, जय प्रकाश कुशवाहा, अनिल दीक्षित, पुष्पा तिवारी, अनूप तिवारी, संदीप ठाकुर, विकास दुबे, अलोक शुक्ला, पवन पाण्डेय साहित क्षेत्रीय मॉनिटरिंग टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

## नियमो का पालन न करने वाले 217 वाहनो का चालान



**कानपुर अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में द्वितीय सडक सुरक्षा पखवाडा के तहत शुक्रवार को कानपुर नगर के प्रमुख बौराहों पर एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम राजेश राजपूत एवं श्रीमती कहकशा खातून एआरटीओ प्रवर्तन द्वितीय, दिनेश कुमार निगम यात्रीकर अधिकारी एवं पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं के कारण व उपाय के बारे में बताया गया। इस दौरान जन समुदायको जागरुक किया गया एवं जो लोग सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन कर रहे थे, उनको फूल माल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जो लोग सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी कर रहे थे जैसे दोपहिया वाहन में बालक आगे और पीछे बैठी सवारी वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल, गलत दिशा में वाहन का संचार, चौपहिया वाहन चालक सीटबेल्ट का प्रयोग नहीं कर रहे थे तो उनके विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 217 वाहनों का चालान किया गया।

## सपाइयों ने दिया धरना

**कानपुर अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेशानुसार समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर इंडिया गठबंधन विपक्ष के 142 सांसदों का अलोकतांत्रिक तरीके से निलंबन किए जाने के विरोध में गांधी प्रतिमा स्थल फूल बाग में शांतिपूर्वक धरना देकर लोकतंत्र एवं संविधान बचाना तथा भाजपा सरकार को हटाने के लिए मांग करती है देश में जिस तरह से विपक्ष के सांसदों के साथ अलोकतांत्रिक व्यवहार किया गया है उसे लगता है भाजपा लोकतंत्र को कमजोर करने में लगी हुई है भाजपा खुलेआम संविधान की धज्जियां उड़ाकर डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान कर रही है जिससे जनमानस में इस अलोकतांत्रिक व्यवहार की कटु निंदा करती है समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर बढ़ती महंगाई बेरोजगारी तथा दूसरी जल बढ़ता प्रदूषण तथा हृदय रोग कैंसर बुखार के बढ़ते रोगी अस्पतालों में दवा का अभाव के कारण गरीबों की जेब पर भारी बोझ बढ रहा है लेकिन सरकार जन समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए आलोक तांत्रिक नीतियों का सहारा लेकर सांसदों के साथ जो व्यवहार किया है उसे सपा महानगर भाजपा सरकार को हटाने की मांग करती है धरना व जनसभा को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि भाजपा बहुराष्ट्रीय कंपनियों को बढ़ावा देकर देश के छोटे कारोबार को बर्बाद कर रही है छोटे-छोटे लघुउद्योगी परेशान है।

## कांग्रेसियों ने पैदल मार्च कर डीएम को ज्ञापन सौंपा

**कानपुर।** भाजपा की मोदी सरकार द्वारा लोकतंत्र पर अप्रत्याशित हमले की कुटिल नीति के तहत दोनो सदनो के 146 सांसदो को निलंबित करने के विरोध मे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जिला स्तरीय विरोध प्रदर्शन की श्रंखला के अंतर्गत शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर उत्तर, दक्षिण एवं जिला कांग्रेस कमेटी नगर ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान मे अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी व हरिकिशन भारती के नेतृत्व मे कचहरी स्थित जिलाधिकारी कार्यालय पर विशाल प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन से पूर्व भारी संख्या मे कांग्रेस जन व समर्थक कांग्रेस मुख्यालय तिलक हाल मे एकत्रित होकर जुलूस बनाकर ''लोकतंत्र बचाने निकले हैं , आओ हमारे साथ चलो '', ''संविधान बचाने निकले है,आओ हमारे साथ चलो '' व मोदी तेरी तानाशाही नही चलेगी-नही चलेगी* आदि के जोरदार नारो के साथ बड़े चैराहे मे तैनात भारी पुलिस बल द्वारा रोकने व पुलिस के नोजझोंक के बावजूद कचहरी के मुख्य द्वार को कांग्रेसजनो ने जोश खरोश के साथ पार करते हुये जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर बड़ी गर्मजोशी के साथ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन मे प्रमुख रुप से प्रदेश उपाध्यक्ष/पूर्व विधायक संजीव दरियाबादी , भूधर नारायण मिश्रा व महिला नेत्री करिश्मा ठाकुर, आलोक मिश्रा, पवन गुप्ता, शंकर दत्त मिश्र, दिलीप शुक्ला, सैमुअल सिंह लकी, डा0 आरके जगत, लल्लन अवस्थी, राजेश गौतम, पिंकू दुबे, डा आरए गौतम, कैलाश पाल,मदन गोपाल राखरा, तुफैल अहमद, राजीव द्विवेदी, महेश दीक्षित, श्यामदेव सिंह, नरेश त्रिपाठी, नरेन्द्र चंचल, अतहर नईम, रोशनी चैधरी, दिव्यता बाजपेई, इकबाल अहमद, हाजी मोईनुद्दीन, बाबूराम सोनकर, जियाउर्रहमान अंसारी, राकेश साहू, शाजिद सर, शकील मंसूरी, चन्द्रमणि मिश्र, संतोष गुप्ता, नीरज द्विवेदी, विजय सिंह, सुनील राठौर, रामजी दुबे, रामाश्रय पाल, महेन्द्र भदौरिया, भारत आजाद, चन्द्रशेखर सोनकर, आदि शामिल थे।



## बढ़नी की कुमारी गायत्री का नेशनल चैंपियनशिप प्रतियोगिता में हुआ चयन

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** 67वां स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया अंडर-17 नेशनल चैंपियनशिप 26 से 30 दिसंबर तक चेन्नई के तमिलनाडु में आयोजित होगा। इस प्रतियोगिता में जिले के गांधी आदर्श इंटर कॉलेज बढ़नी की कक्षा नौ की छात्रा कुमारी गायत्री पुत्री संतोष गुप्ता भी प्रतिभाग करेगी। प्रादेशिक वॉलीबॉल टीम में चयन होने पर जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान, कॉलेज के प्रबंधक डॉ. राकेश प्रताप शाह, प्रधानाचार्य विजय वर्मा समेत प्रवीण श्रीवास्तव, गुलाब मौर्या, अनिल यादव, जिला ओलपिंक संघ के जिलाध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव, जिला वॉलीबाल संघ के सचिव मो. इब्राहिम, निज़ाम अहमद, जुग्गीराम राही, सगीर ख़ाकसार, मो. हलीम, कोच रत्नेश सिंह, शंभू नाथ गुप्ता, इशाक सिंह ने बधाई दिया है। बताते चलें कि जनपद निवासी कुमारी अनुष्का, कुमारी गायत्री और आफताब का अंडर-14 उत्तर प्रदेश माध्यमिक विद्यालय के प्रादेशिक टीम में चयन हुआ है। दोनों बालिकाएं गांधी आदर्श इंटर कॉलेज बढ़नी की पूर्व छात्रा रही और वर्तमान में वीर बहादुर सिंह स्पोटर्स कॉलेज गोरखपुर में कक्षा आठ की छात्रा है। जबकि आफताब आलम गांधी आदर्श इंटर कॉलेज बढ़नी में कक्षा सात का छात्र है। सभी चयनित खिलाड़ी 22 से 26 दिसंबर तक ओडिशा में होने वाली अखिल भारतीय वॉलीबाल चैंपियनशिप में भाग लेंगी उनके साथ कोच के रूप में रत्नेश सिंह का भी चयन हुआ है।

## ग्राम पंचायत जमधरा और सेमरहवा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बढ़नी अन्तर्गत ग्राम पंचायत जमधरा और सेमरहवा मे शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन नोडल अधिकारी मुकेश कुमार गालोत की अध्यक्षता में किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा में बाल विकास स्वास्थ्य विभाग,कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्टाल लगाकर सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी गई तथा वहां उपस्थित स्वास्थ्य सम्बंधित जरूरत मंद लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

कार्यक्रम मुख्य अतिथि लोकसभा प्रभारी नर्वदेश्वर मणि ने कहा कि सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार गांव में जा कर विभाग के लोग कर रहे है ताकि पात्र व्यक्तियों तक लाभ पहुंचे इसके लिए हर ग्राम पंचायत में विकसित भारत कार्यक्रम चल रहा है। प्रधान प्रतिनिधि इरशाद अहमद ने कहा की आज हमारे गांव में आप सबकी समस्याओं को सुनने के लिए तथा योजनाओं का लाभ बताने व पहुंचाने के लिए स्वयं अधिकारी आये है। ग्राम पंचायत सचिव अवधेश यादव ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से लोगो को जागरूक किया जा रहा है ताकि कोई पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहे। विशिष्ट अतिथि भाजपा समाजसेवी अनिल अग्रहरि ने कहा कि आपके कमल पर बटन दबाने की देन हैं कि आज पूरा सरकारी योजनाएं आपके घर पहुंचकर योजनाओं से वंचित लोगों को योजनाओं का लाभ देने का काम सरकार द्वारा किया जा रहा है सरकार की किसी भी योजनाओं से ग्रामीण वंचित न रहे चाहे वह वृद्धा पेंशन हो विधवा पेंशन हो या आवास हो या पात्र गृहस्थी के तहद राशन देने की बात हो या उज्जवल गैस सिलेंडर हो किसी न किसी तरह लाभ सरकार किसानों को पहुंचा रही है। नोडल अधिकारी मुकेश कुमार गालोत ने उपस्थित लोगों को विकसित भारत की शपथ भी दिलाया। इस मण्डल महामंत्री राधेश्याम तिवारी, मण्डल संयोजक राजेश सिंह, ए.डी.ओ. पंचायत शकील अहमद, ग्राम प्रधान राजेश कुमार, ग्राम पंचायत सचिव एस पटेल,कृषि विभाग, जगजीवन प्रसाद, रोजगार सेवक पहलाद, प्रधान प्रतिनिधि इरशाद अहमद, ग्राम पंचायत सचिव अवधेश यादव, रोजगार सेवक महेश यादव, लेखपाल पंचम पटेल, स्वास्थ्यकर्मी, आंगनबाड़ी, कोटेदार आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## हुआ चेयरमैन गुलाम रब्बानी का सम्मान

अवधनामा संवाददाता

**कानपुर।** अधिवक्ताओ ने वकालत के 47 वर्ष की पूर्णता के दिन एल्डर कमेटी के चेयरमैन बने गुलाम रब्बानी का किया सम्मान कार्यक्रम में प्रमोद द्विवेदी अध्यक्ष बार एसोसिएशन ने गुलाम रब्बानी को माल्यार्पण करते हुए कहा कि ये सम्मान वास्तव में अधिवक्ता वृत्ति के सम्मान के साथ साथ सभी प्रैक्टिशनर अधिवक्ताओं का सम्मान है। अजीत शुक्ला पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन ने कहा कि रब्बानी साहब कानपुर के प्रख्यात समाजसेवी वरिष्ठ अधिवक्ता रहे स्व सुल्तान नियाजी के जूनियर रहे और उनके पदचिन्हों और सिद्धांतो पर चलते हुए वकालत के उच्च आदर्श स्थापित किए। प्रमुख रूप से पंडित रवीन्द्र शर्मा अध्यक्ष लायर्स एसोसिएशन आदित्य सिंह महामंत्री बार एसोसिएशन भानू प्रताप द्विवेदी अफसर हुसैन शिव पूजन तिवारी अरविन्द दीक्षित सुशील पांडे (एडीजीसी) जफरुल्ला विष्णु पासवान विजय गुप्ता अखिलेश कुमारअज्जू मिश्र शिवम गंगवार इंद्रेश मिश्रा आदि रहे।

## आज मनाया जायेगा किसान सम्मान दिवस

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने बताया कि मा. स्व. चौधरी चरण सिंह (भू.पू.प्रधानमंत्री) के जन्मदिवस दि. 23 दिसम्बर के अवसर पर विगत वर्षो की भांति जनपद स्तर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के परिसर, प्रत्येक विकास खंड मुख्यालय पर किसान सम्मान दिवस मनाया जायेगा, इस अवसर पर किसान मेले के आयोजन में जनपद में सर्वाधिक फसल उत्पादन करने वाले कृषकों को पुरूस्कृत करते हुए मेले में उपस्थित कृषकों को कृषि उत्पादन में स्थाई एवं नियमित वृद्धि, कृषकों के आर्थिक एवं सामाजिक स्तर में उन्नयन तथा शासन द्वारा किसानों के हितार्थ संचालित योजनाओं की जानकारी एवं उसका लाभ, किसानों से सम्बन्धित कृषि, पशुपालन, उद्यान, मत्स्य पालन समाज कल्याण, पचांयतीराज, ग्राम्य विकास, लघु सिंचाई, सहकारिता बैंक, कृषि यंत्र निर्माता, खाद, बीज, कृषि रक्षा रसायन आदि द्वारा स्टॉल लगाकर संचालित योजनाओं की जानकारी का प्रचार-प्रसार करते हुए. योजनाओं के अन्तर्गत दी जाने वाली सुविधाएं किसानों को उपलब्ध करायी जायेगी।

## सपा कांग्रेस संयुक्त रूप से संसद भवन सुरक्षा आदि को लेकर दिया ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

**बलरामपुर।** संसद भवन की सुरक्षा को लेकर विपक्षी सांसदों ने लोकसभा में लगातार लोकतंत्र की रक्षा के लिए सरकार से जवाब मांगते रहे पर सरकार जवाब देने के बजाय इंडिया गठबंधन के सांसदों को ही दोषी बताकर उनका निष्कासन कर तानाशाही का परिचय दिया है सरकार नौजवानों को शिक्षा रोजगार देने के बजाय उनका उत्पीड़न कर रही है संसद की घटना में दोषी करार नौजवान कोई विदेशी नहीं है उनका सरकार के प्रति ये आक्रोश है जो बेरोजगारी के खिलाफ है यह सही है कि घटना में शामिल नौजवानों द्वारा किया गया कृत उचित नहीं और ना ही इसे जायज ठहराया जा सकता है पर देश के नौजवानों की आवाज को जबरिया दबाया नहीं जा सकता सरकार ऐसे गंभीर मुद्दे पर भी जवाब देने से बचना चाहती है और सरकार से जवाब मांग रहे सांसदों को ही संसद से निकाल बाहर का रास्ता दिखा दिया वर्तमान सरकार विपक्ष विहीन सरकार चाहती है सांसदों की सांसदी बहाली संसद भवन की सुरक्षा में चूक पर गृहमंत्री का बयान जैसे मामलों को लेकर कांग्रेस व समाजवादी पार्टी ने राष्ट्रपति को संबोधित एक विज्ञापन जिला अधिकारी बलरामपुर के माध्यम से भेजा उक्त अवसर पर दोनों पार्टियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में सरकार विरोधी नारे लगाते हुए धरना दिया इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष अनुज सिंह और छात्र संघ अध्यक्ष व वरिष्ठ नेता घनश्याम मिश्र पूर्व ब्लाक प्रमुख शिवलाल महासचिव विनय मिश्रा अवधेश पाल सिंह डॉक्टर खलीउल्लाह बृजेश चौहान अख्तर हुसैन खां धर्मेंद्र मिश्रा विशाल कश्यप जिला अध्यक्ष सेवादल रामकुमार गुप्ता दीपक मिश्रा अमेरिका प्रसाद कुरील सुजाउद्दीन खान बलराम कोरी इसी तरह समाजवादी पार्टी से प्रदेश सचिव ओंकारनाथ पटेल जिला अध्यक्ष माणिक लाल कश्यप जिला महासचिव इकबाल अहमद फ्लावर विकास मंत्री सहित बड़ी संख्या में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## अपर प्रमुख सचिव राजस्व ने तहसील मुख्यालय का किया निरीक्षण



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** अपर प्रमुख सचिव राजस्व सुधीर गर्ग ने सहजनवा तहसील मुख्यालय का निरीक्षण किए। और समीक्षा बैठक में एक वर्ष से अधिक लंबित वादो का 31 दिसंबर से 31 जनवरी तक निस्तारण करने का निर्देश दिए। भूमि विवाद का निस्तारण समय से न होने से विवाद अधिक बढ़ रहे और बिचौलिया दोहन कर रहे है। ऐसे मामले का निस्तारण 15 दिन में कराए। खारिज दाखिल जैसे मामले का निस्तारण 35 दिन मे कराया जाये। 15 दिन के अंदर वरासत की प्रक्रिया पूरी कर ली जाये। भूमि संबंधी विवाद के निस्तारण में अगर समझौता नहीं होता है। तो धारा 24 की प्रक्रिया पूरी कर पक्षकारों को नोटिस भेज कर समय से पैमाइस कराकर विवाद को समाप्त कराया जाय। जो भी फरियादी अपनी शिकायत दर्ज कराता है उनकी समस्या की जानकारी लेकर निस्तारण कराने का प्रयास किया जाय। सभी न्यायिक कोर्ट को चलाकर जो वाद पुराने है समाप्त कराया जाये। जिससे फरियादी को बार बार न्यायालय का चक्कर न काटना पड़े। चकबंदी, चकरोट,भूमि संबंधी छोटे मामले का निस्तारण समय से करा दिया जाय। समीक्षा बैठक के दौरान अधिवक्ताओं ने थाना चौराहे के फोरलेन पर बने कट को खुलाने तथा धारा 80 का समय से निस्तारण न होने की शिकायत दर्ज कराया। इसके बाद तहसील के सभी न्यायिक कोर्ट का निरीक्षण किए और लंबित फाइलों की जांच कर निस्तारण कराने का निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी राजस्व पुरुषोत्तमदास गुप्ता, उपजिलाधिकारी कुंवर सचिन सिंह, तहसीलदार राकेश कन्नौजिया, नायब तहसीलदार भान प्रताप सिंह, दुर्गेश चौरसिया सहित अनेक राजस्व कर्मी मौजूद थे।

# मुजफ्फरपुर को हरा पडरौना की टीम फाइनल में

अवधनामा ब्यूरो



> टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पडरौना की टीम, 25 ओवर के मैच में बनाए 181 रन

**कुशीनगर।** पडरौना शहर के यूएनपीजी कॉलेज के खेल मैदान में स्व. कृष्णा साहा व स्व. विमलेश मल्ल की स्मृति में पडरौना क्रिकेट क्लब द्वारा 16वें वर्ष आयोजित क्वालिटी टीवीएस कप क्रिकेट प्रतियोगिता के छठवें दिन शुक्रवार को ग्रुप बी का सेमीफाइनल मैच मेजबान पडरौना और मुजफ्फरपुर के बीच खेला गया। इसमें पडरौना की टीम ने मुजफ्फरपुर को महज 16 रनों से पराजित कर फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। पडरौना की तरफ से तीन विकेट व 43 रनों की पारी खेलने वाले सुजीत को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मोबाइल फोन दिया गया।

पडरौना टीम के कप्तान कृष्णा रावत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरे पडरौना के सलामी बल्लेबाज अमन तिवारी और चंदन गौड़ कुछ खास नहीं कर सके। इसके बाद खेलने आये इंजेश और सुजीत ने पारी को संभाल लिया और टीम को एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। निर्धारित 25 ओवर के खेल में पडरौना की टीम सभी विकेट खोकर 181 रन बना सकी। पडरौना की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए अमन तिवारी ने 19 गेंद में 18 रन, इंजेश ने 40 गेंद में 51 रन, सुजीत ने 40 गेंद में 43 रन, मेहताब ने 25 गेंद में 37 व मल्लू ने 6 गेंद में 10 रन का सर्वाधिक योगदान दिया। वहीं, समस्तीपुर की तरफ से गेंदबाजी सरफराज ने छह, आशीष, रितिक, शमी व रोहित ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुजफ्फरपुर की टीम का पहला व दूसरा विकेट लगातार 32 रन के स्कोर पर गिरा। इसके बाद खेलने आये बल्लेबाज ज्यादा देर तक विकेट पर नहीं सके। बीच के समय में बल्लेबाजी करने उतरे शमी और रितिक ने टीम को मजबूत स्थिति लाकर खड़ा कर दिया। जब इन दोनों का विकेट गिरा तो मुजफ्फरपुर की टीम दबाव में आ गई और 23वें ओवर की गेंदबाजी में मुजफ्फरपुर की टीम 166 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। मुजफ्फरपुर की तरफ से रितिक ने 21 गेंद पर 36 रन, शमी ने 28 गेंद पर 35 रन, गोपाला ने 27 गेंद पर 29 रन व देवांग ने 22 गेंद पर 16 रन का सर्वाधिक योगदान दिया। इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई के अंक को हासिल नहीं कर सका। 16 रनों से मुजफ्फरपुर को पराजित कर मेजबान पडरौना की टीम फाइनल में पहुंच गई। अंपायर सूरज यादव व अंकित मौर्या रहे। स्कोरिंग अभिषेक गैरी ने की। कमेंट्री प्रिंस तिवारी व अरशद राज ने किया। इससे पूर्व मैच का शुभारंभ खड्डा विधायक विवेकानंद पांडेय, सदर विधायक मनीष जायसवाल, रामकोला विधायक विनय प्रकाश गौड़, पूर्व ब्लॉक प्रमुख कसया डॉ. प्रियेश त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख अमरजीत यादव, समाजसेवी सदाशिव मणि त्रिपाठी, प्रत्युष चक्रवर्ती व विक्रम अग्रवाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख मन्नू सिंह चंदेल, सतीश साहा, इंद्रजीत जायसवाल बबलू, ऋषिकेश मिश्र, समशेर मल्ल, पाली चौरसिया, लिंकन सिंह, सज्जाद अली, नीरज सिंह बिट्टू, गुड्डू अंसारी, अजय साहा, विकास जायसवाल, रितेश मल्ल, अभय प्रताप सिंह, आजाद अली, अविनाश श्रीवास्तव, मनीष गुप्ता, विकास वर्मा, अनीष आलम, मुन्ना अली, जितेंद्र साहा, सुरेश रावत, समीर अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# 146 सांसदों को निलम्बित किये जाने के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** उप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में अध्यक्ष निर्मला पासवान एवं महानगर अध्यक्ष आशुतोष तिवारी के संयुक्त नेतृत्व में 146 सांसदों को मोदी सरकार द्वारा निलम्बित किये जाने व सभी सांसदों का पुनः निलम्बन वापस लेने सम्बन्धी महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। इस दौरान नेतागणों ने बिस्मिल पार्क के रास्ते नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे जहाँ जिलाधिकारी गेट के सामने बैठकर धरना प्रदर्शन किया एवं सरकार विरोधी नारे भी लगायें। इस दौरान इंडिया गठबंधन दल के सी.पी.आई., सी.पी.एम.एल. सी.पी.एम के नेता व पदाधिकारी भी धरने का समर्थन करते हुए धरने में शामिल हुए। कार्यक्रम में उप्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव दिलीप कुमार निषाद मुख्य रूप से उपस्थित रहें। जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान ने कहा कि भाजपा सरकार ने लोकतंत्र पर अप्रत्याशित हमला करते हुए दोनों सदनों से 146 सांसदों को निलम्बित करना लोकतांत्रिक सिद्धान्तों की हत्या है। सरकार का यह कदम निन्दनीय है जिसकी जितनी निन्दा की जाये कम है। महानगर अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने कहा कि सरकार पूरी तरह तानाशाह हो चुकी है। आम जन की बात रखने वाले 146 सांसदों को सरकार निलम्बित कर रही है जो अशोभनीय है। लोकतंत्र के लिए यह ठीक नहीं है। कार्यक्रम में सर्वश्री प्रदेश सचिव दिलीप कुमार निषाद, पूर्व महापौर प्रत्याशी नवीन सिन्हा, डा भानु प्रताप सिंह, राकेश यादव, प्रेमलता चतुर्वेदी, देवेन्द्र निषाद धनुष, प्रो रामनरेश चैधरी, अशोक निषाद, प्रभात चतुर्वेदी, अशोक कश्यप, सुशान्त शर्मा, विख्यात भट्ट, नरसिंह नरायण त्रिपाठी, आदिअंश गांधी, रामसमुझ सांवरा, कात्यायनी चन्दा मिश्रा, सतीश चन्द पाण्डेय, सच्चिदानन्द तिवारी, ऋषिचन्द गुप्ता, विजय राव, डा0 आशीष सिंह, गोपाल पाण्डेय, राजीव कुमार पाण्डेय, संतोष, मुन्ना तिवारी, राजेश सहानी, चन्द्रिका, अमीन उर्फ गुड्डू, राकेश सिंह, मनोरमा चैहान, हरिद्वार प्रसाद, रामनयन, अनिरुद्ध यादव, रमाशंकर, नूरेशा खातून, एहेतसामुल, पंकज पासवान, शंकर यादव, राधा गौड़ आदि लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन

**कानपुर।** आर.एस. शिक्षा समिति लाजपत भवन में स्मृति 2023 के आयोजन का शुभारम्भ द्वारा संचालित आरएस पब्लिक स्कूल एवं लिटिल स्टार्स प्री-स्कूल के द्वारा 10 दास महाराज पनकी धाम एवं अरुण पूरी महार के कर कमलों से दीप प्रज्वलित करके हुआ तत्पश्चात भी सरस्वती जी एवं विद्यालय के प्रणेता त्व राधेश्याम मिश्र जी की प्रतिमा तमा माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के संरक्षक कौशल किशोर दीक्षित ने की। विद्यालय के चेयरमैन वीके मिश्र ने सम्मानीय अतिथियों का स्वागत किया।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पासपोर्ट संख्या H0339304 मे मेरे नाम की स्पेलिंग त्रुटिवश MOHAMMAD USAMAH पड़ गई है मेरे नाम की सही स्पेलिंग MOHAMMAD USAMA है। जो मेरे सभी अभिलेखों मे दर्ज है।

**मोहम्मद उसामा**
**मोहम्मद ज़ुबैर निवासी 268/32**
**टिकैत गंज ऐशबाग, लखनऊ**

## सांसद खेल प्रतियोगिता का मण्डलायुक्त ने किया उद्घाटन

# खेलों में शामिल होने से शारीरिक के साथ मानसिक विकास भी होताः गौरव दयाल



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मकबरा स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में लोकसभा क्षेत्र की सांसद खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने किया। स्कूली छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना की मधुर प्रस्तुति की। छात्रों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिताओं में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर व 1500 मीटर दौड़, वॉलीवाल, कबड्डी, रस्साकसी, खो-खो का आयोजन होगा।मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने कहा कि खेलों में शामिल होने से शारीरिक के साथ मानसिक विकास भी होता है। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि विभिन्न खेलों में कई प्रतिभाएं मौजूद है। लगातार प्रतिभाग करने का अवसर मिलने से खिलाड़ियों में निखार आता है। खेलों के विकास के लिए सरकार ने कई योजनाएं प्रदान की है। प्रतियोगिता के प्रथम दिन कबड्डी बालक वर्ग के पांच मैच आयोजित हुए। जिसमें पूरेडलई ने मवई द्वितीय, पूरा प्रथम ने मसौधा, नगर क्षेत्र प्रथम ने रूदौली द्वितीय, दरियाबाद प्रथम ने हैरिंग्टनगंज द्वितीय तथा अमानीगंज प्रथम ने पूरा बाजार द्वितीय को पराजित किया। तथा बालिका वर्ग के 13 मैच खेले गए।

जिसमें पूरा बाजार प्रथम, हैरिंग्टनगंज प्रथम, नगर क्षेत्र प्रथम, मसौधा प्रथम, दरियाबाद, बीकापुर प्रथम, अमानीगंज प्रथम, सोहावल प्रथम, मवई प्रथम, मिल्कीपुर प्रथम, पूरे डलई प्रथम, अमानीगंज द्वितीय विजेता रहा। फाइनल मैच शनिवार को खेला जाएगा। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय गुप्ता, सचिव अनूप दूबे, गिरीश पाण्डेय डिप्पुल, जिला पंचायत संदस्य इन्द्रभान सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह डिम्पल, विशाल सिंह, शैलेन्दर कोरी, जयनारायन सिंह रिंकू, राकेश पाण्डेय राना, मौजूद रहे।

# साड़ी केंद्र से अब तक 35 महिलाओं को मिला लाभ



**अयोध्या।** तुलसी नगर पूरे हुसैन खान अयोध्या में साड़ी केंद्र का उद्घाटन महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया था। साड़ी केंद्र से गरीब एवं निचले तबके की तक 35 महिलाओं को अभी तक साड़ी दिया गया है साड़ी केंद्र प्रभारी श्रीमती रश्मि वर्मा ने बताया कि महामहिम राज्यपाल महोदया के दिशा निर्देशानुसार समाज में निचले तबके की महिलाओं के लिए यह कार्य किया जा रहा है उन्होंने कहा कि हर महिला की इच्छा होती है कि वह अच्छी से अच्छी साड़ी पहने और समारोह में भाग ले । केंद्र की प्रभारी श्रीमती रश्मि द्वारा बताया गया कि साड़ी केन्द्र का ज्यादा प्रचार-प्रसार नहीं होने के कारण अभी ज्यादा लोगों को इसके बारे में पता नहीं है। प्रचार प्रसार का माध्यम मीडिया होता है यदि मीडिया सहयोग करती रहेगी तो दूर दराज के गाँवों से भी महिलाएं इसका लाभ उठा पायेगी। इस अवसर पर राजेश सिंह, कुलदीप कुमार सागर त्रिपाठी पंकज कुमार राहुल तिवारी, प्रमोद सिंह इंजीनियर अरुणेश कुमार, शिवम यादव, अखिलेश श्रीवास्तव हरिकेश सिंह, रंजीत मौर्या, कौशल किशोर सिंह आलोक मिश्रा वीरेन्द्र वर्मा, अनुराग श्रीवास्तव योगेश श्रीवास्तव, व महिलाओं में संयोगिता यादव, विमलेश गुप्ता, गुड़िया श्रीवास्तव, सरोज देवी, अर्चना वर्मा रूचि सिंह आदि मौजूद रही।

# उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति के उपचार में लापरवाही के मामले में डॉक्टर को मिली नोटिस

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्याय मूर्ति नीरज तिवारी की चिकित्सा में लापरवाही के मामले में जिला चिकित्सालय के फिजिशियन डॉक्टर प्रशांत द्विवेदी की मुश्किलें बढ़ सकती है। उनको प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर बृज कुमार की ओर से कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है, साथ ही नोटिस में यह भी कहा गया है कि क्यों ना आपको प्रतिकूल प्रविष्टि दे दी जाए।घटनाक्रम के अनुसार इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति नीरज तिवारी मंगलवार को सर्किट हाउस में ठहरे थे। रात आठ बजे के लगभग उनके सीने में जोर का दर्द होने लगा। इसकी सूचना सीएमओ को दी गई। सीएमओ डा संजय जैन ने तत्काल प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय को एक चिकित्सक सर्किट हाउस भेजने के लिए कहा। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक ने तत्काल जिला चिकित्सालय के फिजिशियन डॉक्टर प्रशांत द्विवेदी को फोन कर सर्किट हाउस पहुंचने व न्यायमूर्ति का उपचार करने के निर्देश दिए। मिली जानकारी के अनुसार डॉक्टर प्रशांत एक घंटे तक सर्किट हाउस नहीं पहुंचे। और जब पहुंचे भी तो बिना किसी उपकरण के सर्किट हाउस पहुंचे। उन्होंने न्यायमूर्ति का उपचार करने से भी इंकार कर दिया। जिससे नाराज होकर न्याय मूर्ति ने उनसे उपचार कराने से मना कर दिया ।इसके बाद सीएमओ ने मेडिकल कॉलेज व श्रीराम चिकित्सालय से चिकित्सकों को बुलाकर उनका उपचार कराया। न्यायमूर्ति के उपचार में लापरवाही करने के मामले में प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक की ओर से डॉक्टर प्रशांत द्विवेदी को कारण बताओ नोटिस दे कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

## 142 सांसदों को निलंबित करने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**अयोध्या।** केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा दोनों सदनों के 142 सांसदों को निलंबित करने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव की अगवाई में प्रदर्शन किया।कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन में एकत्रित होकर सरकार विरोधी नारे लगाते हुए जुलूस की शक्ल में प्रदर्शन हेतु निकले तथा रास्ते में जिला अस्पताल के पास पुलिस प्रशासन ने उन्हें जबरन रोका। इससे पूर्व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा भाजपा सरकार ने लोकतंत्र पर अप्रत्याशित हमले करते हुए दोनों सदनों से 142 सांसदों को निलंबित कर दिया। सरकार का यह कृत्य हमारे लोकतांत्रिक सिद्धांतों की हत्या और हमारी संसद को लोकतंत्र के कब्रिस्तान में बदलने का प्रयास है।केंद्र सरकार बढ़ रहे कर्ज , महंगाई तथा बेरोजगारी पर बात करने से कतराती है। महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहा यह प्रदर्शन सांसदों के निलंबन तथा हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों के निर्मम हनन के लिए सामूहिक तिरस्कार प्रदर्शित करने के लिए किया गया।जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने कहा केंद्र में बैठी सरकार तानाशाह हो गई है और वह अपने विरोध में उठी हर आवाज को दबाना चाहती है। सरकार हमारे देश की लोकतांत्रिक आत्मा को कुचलना का प्रयास कर रही है जिसका कांग्रेस पार्टी हर स्तर पर विरोध करेगी।प्रदर्शन में प्रमुख रूप से रेनू राय, उमेश उपाध्याय, संजय तिवारी , रामेंद्र त्रिपाठी,सबिता यादव, राहुल तिवारी, अशोक कनौजिया, प्रवीण श्रीवास्तव ,मनीष सिंह, चंचल सोनकर, रामसागर रावत, शैलेंद्र रावत, मोहम्मद आरिफ, पंकज सिंह, अशोक राय सुशीला रोहित यादव आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षा की गुणवत्ता मे सुधार लाने के लिए ऑनलाइन पढ़ाई, शामिल छात्र अभिभावक पुरस्कृत

**मसौली बाराबंकी।** राकेट लर्निंग संस्था द्वारा ऐड टेक के माध्यम से बुनियादी शिक्षा अभियान मे शिक्षा की गुणवत्ता मे सुधार लाने के लिए चलाये जा रहे कार्यक्रम की शुरुआत प्राथमिक विद्यालय बड़ागांव द्वितीय से किया गया तथा ऑनलाइन पढ़ाई करने वाले छात्रों एव अभिभावकों को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया।

राकेट लर्निंग के प्रोग्राम मैनेजर पंकज कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत विद्यार्थी खेल-खेल में और मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से ज्ञान लेंगे। रोजाना 20 मिनट की गतिविधियां होंगी। व्हाट्सएप के माध्यम से होम वर्क के रूप में इन गतिविधियों का काम बच्चों को भेजा जाएगा। जिसमें अभिभावक भी हिस्सा लेंगे। बेहतर प्रदर्शन करने वाले अभिभावकों और विद्यार्थियों को हर सप्ताह पुरस्कार भी दिया जाएगा। प्रोग्राम मैनेजर पंकज वर्मा ने बताया कि गणित के अंकों की पहचान कराने के लिए दाल या चावल के दानों से संख्या बनाना और उन्हें गिनने जैसी गतिविधियां शामिल हैं। वहीं स्मॉल एंड बिग की पहचान के लिए छोटे से बड़े गोले में कूदना, जितना नंबर ऑडियो में बोला जाए, उतनी बार ताली बजाना या कूदने जैसी गतिविधियां भी होंगी। हर सप्ताह गतिविधियों से विद्यार्थी जो कुछ सीखेंगे उस पर आधारित प्रश्नोत्तरी भी होगी। गलत उत्तर देने वालों को वीडियो के माध्यम से समझाया जाएगा। पीटीएम गतिविधि करने वाले बच्चे और उनके पैरेंट्स को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद ने प्रशस्ती पत्र देकर प्रोत्साहित किया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाअधियापिका असफी किदवाई, सीमा वर्मा, सुनीता वर्मा, मोहित कुमार सहित आदि अभिभावक मौजूद रहे।

# ब्रह्मचरित्र की बैठक हुई संपन्न, कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मंगलम गेस्ट हाउस में आहूत ब्रह्मचरित्र उत्थान सेवा समिति की बैठक में, कार्यकारिणी का विस्तार हुआ अध्यक्ष पद पर विपिन तिवारी, कोषाध्यक्ष पद पर बलराम पाठक एवं मंत्री पद पर विजय द्विवेदी को सर्वसम्मति से चुना गया इसी के साथ-साथ संरक्षक मंडल पांच सदस्य संरक्षक मंडल भी बनाया गया जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता श्रवण कुमार मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन अध्यक्ष बब्बन चौबे, वरिष्ठ अधिवक्ता विपिन तिवारी वरिष्ठ अधिवक्ता,कंचन दुबे एवं वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्ण कुमार पांडेय को सर्वसम्मति से चुना गया, अधिवक्ता करुणाकर दुबे ने संस्था की नियमावली को पढ़कर सभी के समक्ष प्रस्तुत किया ,कार्यक्रम का संचालन कर रहे अधिवक्ता वीरेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि जो भी पदाधिकारी संगठन के दायित्वों की पूर्ति करें वह पूरे ब्राह्मण समाज ही नहीं वरन् अधिवक्ताओं की आने वाली सभी समस्याओं के प्रति गंभीरता पूर्वक विचार कर उसकी समस्याओं का



निराकरण करें, ब्राह्मण समाज बिखरा हुआ है इसलिए आवश्यक है कि सभी लोग एकजुट हो अपने ही लोग एक दूसरे को नीचा दिखाने का कार्य करते हैं, जहां भी किसी का उत्पीड़न हो रहा है सब लोग एक झूठ होगा की समस्या का निमंत्रण करें,बार एसोसिएशन महामंत्री विपिन कुमार मिश्रा ने कहा कि अगर हम यह गर्व से कहते हैं कि हम ब्राह्मण हैं तो हमें इस गर्वता के साथ ब्राह्मणों की सहायता करनी होगी, ब्राह्मणों के उत्थान के लिए हम सभी को एकजुट होना होगा,अधिवक्ता सोमनाथ तिवारी ने कहा कि किसी भी संगठन को चलाने के लिए बाई लाज, नियम, का होना आवश्यक है, यह हम सबकी महती जिम्मेदारी है की जो भी नियम बनाए जाएं उसे पर संगठन के सभी सदस्य गंभीरता पूर्वक अपना कार्य करें अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित किए गए विपिन तिवारी ने कहा कि संस्था को चलाने के लिए मुझे जो भी बन पड़ेगा मैं उसके लिए हमेशा तत्पर रहूंगा, आप सभी की उम्मीद पर खडा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा,बार एसोसिएशन अध्यक्ष पारस पांडेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि ब्रह्मचरित्र शब्द अपने आप में एक अनोखी अनुभूति पैदा करता है।

बार एसोसिएशन जनपद अयोध्या से जीते हुए ब्राह्मण प्रत्याशी अध्यक्ष पारस नाथ पांडेय महामंत्री विपिन कुमार मिश्रा ,कार्यकारिणी सदस्य योगेश पांडेय, एवं रणधीर पांडेय, जयप्रकाश शर्मा ,तथा संयुक्त मंत्री द्वितीय रविंद्र पांडेय का सम्मान संगठन द्वारा किया गया

बर काउंसिल सदस्य प्रत्याशी कुलदीप उपाध्याय ने वितरित की डायरियां इस अवसर पर बर काउंसिल सदस्य प्रत्याशी कुलदीप उपाध्याय ने नए वर्ष की डायरियां वितरित कर सभी अधिवक्ताओं का सम्मान किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष संजीव दूबे, वरिष्ठ अधिवक्ता देवकीनंदन त्रिपाठी, क्षितिज मिश्रा,हरिओम दुबे, हरिप्रसाद तिवारी, प्रदीप चौबे, मनीष कुमार पांडेय, शैलेंद्र कुमार त्रिपाठी, राजनाथ शर्मा, कीर्ति प्रकाश मिश्रा, अशोक पांडेय, महर्षि पांडेय, सुनील त्रिपाठी राजेश पांडे प्रभाषणकर पांडे सूर्य प्रकाश पांडेय, अशोक पाठक, अतुल पांडेय, गणेश दत्त पांडेय, मनीष मिश्रा, राम प्रकाश पांडेय सुनील मिश्रा, अजय पांडेय, सहित सैकड़ो की संख्या में अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।

## योगी सरकार ने अयोध्या वासियों को दिलाई बिजली के तारों के मकड़जाल से निजात पूरा हुआ भूमिगत केबिल डालने का काम

**अयोध्या।** राम नगरी के प्राचीन वैभव को दोबारा वापस लाने के लिये योगी सरकार तेजी से काम कर रही है। जन्मभूमि मंदिर का निर्माण तेज गति से चल रहा है। वहीं अयोध्या को संवारने का काम भी पूरी रफ्तार से जारी है। इस क्रम में अयोध्या नगर में बेतरतीब ढंग से फैले बिजली तारों को भूमिगत करने का कार्य पूरा हो चुका है।

अयोध्या क्षेत्र के एसडीओ आरबी वर्मा ने बताया कि एलएनटी के द्वारा अयोध्या में अंडरग्राउंड केबल डालने का कार्य किया जा रहा था, जो लगभग पूरा हो चुका है। लगभग 6 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को कनेक्शन अभी तक दिया गया है। शेष कार्य शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह 240 करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट है। काम जुलाई 2021 में शुरू हुआ था। इस काम को पूरा करने का लक्ष्य इसी माह के अंत तक था। निर्धारित समय में बचाखुचा काम भी पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्य की प्रगति को लेकर हर हफ्ते बुधवार को रिव्यू मीटिंग की जाती है, जिससे कार्य के प्रगति की जानकारी मिल सके।

# पत्नी के अवैध सम्बन्ध, नशे की लत व लाखों के कर्ज ने कराई अजय की हत्या, पत्नी प्रेमी संग गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** स्वाट/सर्विलांस व थाना असन्द्रा की संयुक्त पुलिस टीम ने अजय शुक्ला हत्याकाण्ड का अनावरण कर दिया है। घटना को अंजाम देने वाली पत्नी व उसके प्रेमी गिरफ्तार कर आलाकत्ल बरामद किया गया। हत्या इसलिए की गई क्योंकि मृतक अपनी पत्नी व उसके प्रेमी के अवैध सम्बन्धो में बाधा बन रहा था।

एएसपी ने पत्रकारों को बताया कि सन्तोष कुमारी निवासिनी मल्लूपुर मजरे सूपामऊ ने थाना असन्द्रा पर सूचना दी कि 17 दिसम्बर को उसके पति अजय कुमार घर से निकले जो वापस घर नहीं आये। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली। दो दिन बाद थाना रामसनेहीघाट क्षेत्रान्तर्गत प्रताप पुरवा के पास जंगल में अजय कुमार शुक्ला का शव मिला, जिस पर 5 लोगों के खिलाफ हत्या की नामजद रिपोर्ट लिखी गई। इसके बाद गठित पुलिस टीम ने मृतक की पत्नी सन्तोष कुमारी





व उसके प्रेमी नीरज कुमार विश्वकर्मा निवासी महमूदपुर थाना असन्द्रा को गिरफ्तार किया। इनसे आलाकत्ल भी बरामद हो गया।

पूछताछ व साक्ष्य संकलन से प्रकाश में आया कि अभियुक्त नीरज विश्वकर्मा की देवीगंज चौराहे पर घड़ी/चश्मे की दुकान है जहां पर लगभग 06 वर्ष पूर्व मृतक की पत्नी संतोष कुमारी खरीदारी के लिए आई थी तब से दोनों एक दूसरे के सम्पर्क में आए व फोन के माध्यम से एक-दूसरे से बातचीत करने लगे। अभियुक्त नीरज ने संतोष कुमारी से मिलने व घर आने जाने हेतु मृतक अजय शुक्ला से दोस्ती कर ली। मृतक अजय शुक्ला नशे का आदी था तथा उसपर लगभग 15 लाख रुपये का कर्ज था। वह अपनी जमीन बेचकर प्राप्त किए गए रुपयों को नशे आदि में खर्च कर देता था। अभियुक्त नीरज भी विवाहित है तथा उसके भी बच्चे हैं। अभियुक्त नीरज द्वारा मृतक की आर्थिक व जमीनी विवादों में मदद की जाती थी। अभियुक्त नीरज, मृतक की पत्नी से मिलने के लिए उसके घर आता था तथा उसके घर पर भी रुकता था। अभियुक्त नीरज व संतोष कुमारी के अवैध सम्बन्धों के सम्बन्ध में मृतक अजय शुक्ला व उसके बच्चों को पता चल गया था जिससे आए दिन दोनों में विवाद होता रहता था। मृतक अजय शुक्ला अपनी पत्नी संतोष कुमारी के प्रेम-प्रसंग में बाधा उत्पन्न कर रहा था व अपनी जमीन को बेच रहा था इसलिए मृतक अजय शुक्ला को रास्ते से हटाने के लिए अभियुक्ता द्वारा अपने प्रेमी नीरज विश्वकर्मा के साथ योजना बनाई गई। एक बार योजना सफल न होने पर पुनः पूर्व सुनियोजित योजना के अनुसार 17 दिसम्बर को गड़ा धन खोदने की बात कहकर अभियुक्त नीरज विश्वकर्मा ने फोन से मृतक अजय को देवीगंज चौराहे पर बुलाया एवं मृतक की पत्नी के द्वारा अजय शुक्ला का फोन घर पर ही रखवा लिया गया जिससे उसकी लोकेशन का पता न चल सके।

## एफएसडीए ने चलाया अभियान जांच को भेजे नमूने

**बाराबंकी।** किसमस पर्व के अवसर पर मिलावटी खाद्य पदार्थों (विशेष रूप से बेकरी उत्पादन) के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से सहायक आयुक्त के नेतृत्व में जांच अभियान चलाया गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमल कुमार, अनिल कुमार पाल, डॉ0 राकेश कुमार सिंह, सुश्री कंचनलता तिवारी, ओंकारनाथ यादव, श्रीमती प्रिया त्रिपाठी एवं श्रीमती अन्जू यादव द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही की गयी। फूलचन्द्र के खाद्य विक्रय प्रतिष्ठान स्थित खेवली नवाबगंज खाद्य पदार्थ पाइनएप्पल पेस्टी के तीन नमूनें संग्रहित किया गया। सागर बेकरी के खाद्य विक्रय प्रतिष्ठान स्थित देवा से खाद्य पदार्थ-रस्क मैदा के दो नमूनें, मुन्ना बेकरी के खाद्य विकय प्रतिष्ठान स्थित देवा से खाद्य पदार्थ-कीम खारी के दो नमूनें, बल्लू बेकरी खाद्य विक्रय प्रतिष्ठान स्थित विशुनपुर से खाद्य पदार्थ खारी, मैदा के दो नमूनें संग्रहित किया गया। नमूने को जाँच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेज दिया गया।

# गरीबो के सीधा लाभ पहुंचा रही केन्द्र व प्रदेश की सरकारेंः मोहसिन रजा

*अवधनामा संवाददाता*

**सिरौलीगौसपुर।** प्रदेश के हज कमेटी के चेयरमैन मोहसिन रजा ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अकरम अंसारी व ग्रामीणों के साथ किन्तूर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मोहसिन रजा ने कहा कि हमारी, केन्द्र व प्रदेश की सरकारें गरीबों को सीधा लाभ पंहुचा रही है। केन्द्र सरकार देश की आवाम के विकास में जुटी हुयी है तो वहीं हमारी प्रदेश सरकार पूरे प्रदेश में अमन चैन को स्थापित करने सुरक्षा की गारन्टी की तर्ज पर काम कर रही है।गुन्डे माफिया त्राहि माम कर जेल की सलाखों के पीछे पंहुच गये देश की बहन बेटियां व आम जनमानस अमन चैन महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान राम हमारे आस्था के प्रतीक हैं। आगे कहा कि मोदी की गारंटी के तहत पूरे देश में हर घर नल का पानी, प्रधानमंत्री आवास प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना बृद्धावस्था विधवा दिब्यांग पेंशन आयुष्मान कार्ड रासन कार्ड शिक्षा आंगनबाड़ी स्वास्थ्य तथा 80 करोड लोगों को मुफ्त राशन करोड़ों



की संख्या में इज्जत घर जैसी महत्वपूर्ण योजनायें चला कर सीधे लाभान्वित किया है। कार्यक्रम में अकरम अंसारी, संन्तोष पान्डेय शैलेन्द्र कुमार सिंह आदि ने गांव गरीब कैसे विकास करे पर प्रकाश डाला कृषि विभाग के डाक्टर वीरेंन्द्र यादव ने कृषि विभाग की योजनाओं से, ग्राम सचिव सुरेश चन्द्र यादव ने गांव के विकास से सम्बंधित जानकारी दी सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण अभिषेक कुमार, सहायक विकास अधिकारी आई एस बी विनोद कुमार लेखपाल महेन्द्र जायसवाल, सेवानिवृत्त अध्यापक अफसर अब्बास आदि ने विचार व्यक्त किए। रसूलपुर में खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार, प्रधान प्रतिनिधि रामतेज सोनकर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत किया। राजेश कुमार रावत आदि थे। पीठापुर में ग्राम प्रधान लक्ष्मी सचिव कुलदीप श्रीवास्तव, मनीष शुक्ला वीरेन्द्र तिवारी सतीश वर्मा आदि ने धुसेडिया ग्राम पंचायत में भाजपा नेता उमेश निगम, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनोज कुमार सोनी प्रधान श्रवण कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

## गोरखपुर को हराकर प्रयागराज ने जीत एसपीएल 9 का खिताब

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज (सिसवा बाजार)।** महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के मैदान पर सिसवा प्रीमियर लीग द्वारा



आयोजित सुशीला देवी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के आखिरी दिन शुक्रवार को फाइनल मुकाबला मंदिर बाजार क्रिकेट क्लब गोरखपुर व उत्तम इलेवन क्रिकेट क्लब प्रयागराज के बीच 10-10 ओवरों का खेला गया। जिसमें प्रयागराज की टीम में गोरखपुर को हरा कर 29 रनों से जीत हांसिल कर मुकाबले में लगातार दूसरी बार अपना कब्जा जमाया। मुकाबले में ऑल राउंडर प्रदर्शन के लिए प्रयागराज के खिलाड़ी जैद खान को मैन ऑफ द मैच तथा पूरे प्रतियोगिता में ऑल राउंडर प्रदर्शन करने के लिए मंदिर बाजार गोरखपुर की टीम के खिलाड़ी अशरफ को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। विजेता व उप विजेता टीम को ट्रॉफी व बाइक सहित नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरजेश जायसवाल द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। टॉस जीतकर गोरखपुर की टीम ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी प्रयागराज की टीम के तरफ से जैद खान ने 38, सचिन ने 18, सुनील ने 16, प्रवीण ने 11 व तालीम के 10 रनों की बदौलत निर्धारित 10 ओवरों में 9 विकेट गंवाकर 133 रन बनाया। प्रयागराज के तरफ से अशरफ ने 5, लालू व फारूक ने 2-2 विकेट हांसिल किया। जबाब में बल्लेबाजी करने उतरी गोरखपुर की टीम के तरफ से संगम 26, जग्गन 22, अशरफ ने 17 तथा मोहित के 23 रनों के बदौलत 10 वें ओवर में 6 विकेट गंवाकर केवल 104 रन ही बना सकी। प्रयागराज के तरफ से अंकित कलकी ने 3, जैद खान ने 2 व जीसान ने 1 विकेट लिया। इस तरह प्रयागराज की टीम ने गोरखपुर को हरा कर सिसवा प्रीमियर लीग सीजन 9 प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में लगातार दूसरी बार कब्जा जमाया। मैच में निर्णायक की भूमिका मोहम्मद आमिर व मोनू रावत ने तथा कमेंट्री की भूमिका उमेश जायसवाल व आशीष कुमार ने निभाई। इस अवसर पर पूर्व अध्यापक छेदी प्रसाद, सिविल जज आशीष मणि त्रिपाठी, अनूप जायसवाल, सुनील यादव, सद्दाम खान, महमूद अहमद, शमीम अहमद, सभासद जितेंद्र वर्मा, सत्यम सिंह, आदर्श सिंह नमन, आकाश सिंह, किमन रावत आदि मौजूद रहे।

## हत्या के आशंका को लेकर ग्रामीणों ने किया चक्का जाम

# पुलिस ने किया लाठी चार्ज कर खुलवाया जाम



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** पनियरा थानाक्षेत्र के मुजुरी में शुक्रवार को ग्रामीणों ने एक युवक की मार्ग दुर्घटना में हुई मौत के मामले में उसकी हत्या करने की आशंका को लेकर उसके शव के साथ पनियरा मुजुरी मार्ग को जाम कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जब जाम हटाने का प्रयास किया तो ग्रामीणों ने ईट पत्थर चलाना शुरु कर दिया। स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए पुलिस ने भी लाठी चार्ज चार्ज किया। हालात बेकाबू देख तीन थाने की फोर्स मौके पर पहुंच कर हालत पर काबू पाया और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। मौके पर तहसीलदार देश दीपक पाण्डेय भी पहुंचे। उल्लेखनीय है कि मौलागंज-मुजुरी नहर मार्ग पर बुधवार को बुलेट सवार युवक गुलशन सहानी निवासी बैदा टोला पोखरहवा गंभीर रूप से घायल पाया गया था। जिसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने आनन फानन में इलाज के लिए बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर ले गए जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह घर से बुधवार की रात आठ बजे रामनगर में ब्रहाभोज कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहा था। इसी बीच उक्त नहर मार्ग पर बैदा के पास अज्ञात वाहन की ठोकर से वह घायल हो गया गया था। जिसके शव को लेकर आज परिजनों के साथ ग्रामीणों ने सड़क पर शव को रखकर चक्का जाम कर दिया। वहीं एएसपी ने बताया कि परिवारजन ने दुघर्टना के बाद अज्ञात वाहन से दुघर्टना का मुकदमा दर्ज कराया था पर मृत्यु के बाद वो हत्या कि बात कहते हुए जाम लगाये थे। जाम खत्म करा दिया गया हैं और पोस्टमार्टम के बाद जो स्थिति सामने आयेगी उसके हिसाब से विधिक कार्यवाही की जायेंगी।

# राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनी गणितज्ञ रामानुजन की जयंती





*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** प्राथमिक विद्यालय बड़ागांव द्वितीय में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के तत्वाधान मे देश के गणितज्ञ रामानुजन की जयंती को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने गणित को सरल व रूचि पूर्ण बनाने के लिए प्रत्येक दिवस पांच सवाल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया तथा बच्चो से मन लगाकर पढ़ने की अपील की। विद्यालय की प्रधानाधियापिका असफी किदवाई ने कहा कि श्रीनिवास रामानुज गरीबी तथा अंग्रेजों की बेड़ियों में बंधे होने के बावजूद भी उन्होंने भारत देश का नाम विश्व के पटल पर गौरवशाली इतिहास में दर्ज कराया। उन्हें गणित का जादूगर कहकर भी संबोधित किया जाता है। प्रथम संस्था के अरुण पांडेय एव सुखपाल ने गणित विषय को सरल और रुचि पूर्ण बनाने के लिए सभी विद्यार्थियों को कम से कम पांच सवाल प्रतिदिन हल करने का संकल्प दिलाया।

**146 सांसदों के निलम्बन के विरोध में समाजवादियों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन**

# लोकतंत्र और संविधान दोनों पर मंडरा रहा है खतरा: महेन्द्रनाथ

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** समाजवादी पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को सपा जिलाध्यक्ष एवं सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव के नेतृत्व में संसद से 146 सांसदों के निलम्बन के विरोध में शास्त्री चौक पर विशाल धरना प्रदर्शन किया। धरने के बाद राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा गया।

धरने को सम्बोधित करते हुये सपा विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार विपक्ष को षड़यंत्रपूर्वक संसद से हटा देना चाहती है किन्तु उसका मंसूबा कभी पूरा नहीं होगा। कहा कि डा. राम मनोहर लोहिया ने कहा था कि जब सड़कें सूनी हो जाती है तो संसद आवारा हो जाती है। आज देश एक ऐसे दो राहे पर खड़ा है जब लोकतंत्र और संविधान दोनों पर खतरा मड़रा रहा है। उन्होने देश की जनता का आवाहन किया कि कि केन्द्र सरकार द्वारा किये जा रहे लोकतंत्र की हत्या के विरोध में अपनी आवाज बुलन्द करे। सपा के पूर्व विधायक राजमणि पाण्डेय, विधायक राजेन्द्र चौधरी, अतुल चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा, धीरसेन निषाद, कौशलेन्द्र सिंह 'राजू', चन्द्र प्रकाश चौधरी, मो. स्वालेह, रविन्द्र यादव, जावेद पिण्डारी, राजेन्द्र चौधरी, अरविन्द यादव, आर.डी. गोस्वामी, प्रमोद यादव, गुलाम गौस, इन्द्रावती शुक्ला आदि ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार डर गई है और तानाशाही रवैया अपनाते हुये 146 विपक्षी सांसदों का निलम्बन कर दिया गया। यह भारत के संसदीय इतिहास का सबसे काला अध्याय है। वक्ताओं ने कहा कि देश, उत्तर प्रदेश की जनता सब कुछ देख रही है और आने वाले लोकसभा के चुनाव में भाजपा नेताओं के अहंकार का दमन करेगी। लोकतंत्र में जनता से बड़ा कोई नहीं है। सांसदों का सामूहिक निलम्बन व्यर्थ नहीं जायेगा। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से अनवर जमाल, कक्कू शुक्ल, अरविन्द सोनकर, शिब्लू पाण्डेय, प्रेम यादव फौजी, रिकूं यादव, भोला पाण्डेय, वृजेन्द्र यादव, रजवन्त यादव, रामशव्द यादव, राम सिंह यादव, घनश्याम यादव, प्रदीप यादव, समरेन्द्र विक्रम सिंह, मन्नू सिंह, रामआशीष वर्मा, ओम जी, वैजनाथ शर्मा एडवोकेट, प्रशान्त यादव, उदयराज विश्वकर्मा, रामकेश विश्वकर्मा, अतीबुल्लाह, रन बहादुर यादव, अजय यादव, मुकेश चौधरी, रमेश चौधरी, चन्द्रभूषण यादव के साथ ही सपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कार की चपेट में आने से दो बच्चों की मौत

**इटवा सिद्धार्थनगर।** स्थानीय थाना अन्तर्गत मझौव्वा-शाहपुर मार्ग स्थित बाबागंज चौराहे के पास एक तेज रफ्तार कार ने दो बच्चों को रौंद दिया। जिससे इलाज के लिए अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के मझौव्वा-शाहपुर मार्ग पर बाबागंज चौराहे के पास दो बच्चे रजा पुत्र अब्दुल सलाम 07 वर्ष तथा जैद खान पुत्र जाफर 07 वर्ष घर के सामने सडक की पटरी पर खडे थे। सामने से आ रही तेज रफ्तार कार एमएच 43 एजे 4137 ने दोनों को रौंद दिया। इलाज हेतु परिजन सीएचसी खुनियांव लाए। प्राथमिक उचार के बाद स्थिति गम्भीर देख मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। रास्ते में दोनों बच्चों की मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि इसी थाना क्षेत्र के ग्राम बढ़या निवासी जाफर अपने निर्माणाधीन मकान को देखने बाबागंज चौराह पर आए थे। यहां पर जाफर का सात वर्षीय पुत्र जैद खान तथा इनके भाई अब्दुल सलाम का सात वर्षीय पुत्र रजा सडक की पटरी पर खडे थे।

# डीएम ने किया विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में प्रतिभाग

दानिश मेहदी




**अंबेडकरनगर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा जनपद अंबेडकर नगर के आठ विकास खण्डों के 16 ग्राम पंचायतो जमुनीपुर, कोटवा मोहम्मदपुर (ब्लॉक अकबरपुर), त्रिलोकपुर, लालापुर (ब्लॉक टांडा), लखन पट्टी, महेशपुर मंडप (ब्लाक रामनगर), भगवान पट्टी, बीबीपुर रंदौली (ब्लाक कटेहरी), अशरफपुर भुवा, सलाहुद्दीनपुर (ब्लॉकद्द जलालपुर), खानपुर हुसैनाबाद, नूरपुर कला (ब्लॉक भियांव), नरायनपुर, सेनपुर (ब्लॉक भीटी) में कार्यक्रम आयोजित की गई।

विकासखंड अकबरपुर के ग्राम पंचायत जमुनीपुर में जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में मोबाइल वैन के माध्यम से सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं तथा प्रधानमंत्री का उद्बोधन दिखाया जा रहा है। इसी प्रकार के कार्यक्रम अन्य शेष 15 ग्राम पंचायतो में भी आयोजित किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन 15 नवम्बर 2023 से 26 जनवरी 2024 तक किया जा रहा है। जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य जनपद में संचालित प्रमुख योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों, खास तौर से वंचित व असंतृप्त लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुँचें तथा स्वच्छता सुविधाएं, आवश्यक वित पोषण सेवाएं, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिये आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सुविधायें, स्वच्छ पेयजल, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदि बुनियादी सुविधाओं जैसी प्रमुख योजनाओं का संतृप्तीकरण। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 5 लाभार्थियों को पीएम किसान निधि प्रमाण पत्र, 12 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत एक लाभार्थी को चाबी वितरण तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 02 लाभार्थियों को चाबी वितरित किया गया तथा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। जिलाधिकारी महादेय द्वारा निर्देश दिया गया कि आए हुए वंचित पात्र लाभार्थीयो का तत्काल सूची बनाकर पंजीकरण कराया जाए।

## पूर्व विधायक ने ड्रग वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शुक्रवार को पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने सिद्धार्थनगर जनपद के डुमरियागंज तहसील अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बजरंगी चौक (बेवां) में बन रहे ड्रग वेयर हाउस का निरीक्षण किया। 21 अगस्त 2021 को पूर्व विधायक ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद सिद्धार्थनगर में 9 करोड़ की लागत से बनने वाला पहला सबसे बड़ा जनपदीय ड्रग वेयर हाउस(दवाओं का भण्डारण गृह) का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया था। राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य होने पर जिलाधिकारी व कार्यदायी संस्था के जिम्मेदारों से बात कर कार्य को गुणवत्ता के अनुरूप किए जाने की बात किया। उन्होंने ड्रग वेयर सेंटर के निर्माण में विशेष ध्यान देते हुए सभी मानकों के अनुरूप कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान धर्मराज वर्मा, चन्द्र प्रकाश चौधरी, दरोगा दुबे, संतोष सैनी, अंकित श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहें।

## शिक्षक मोहम्मद जव्वाद हुए सिपुरदे ख़ाक

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** नगपुर ग्राम पंचायत स्थित मुस्तफाबाद निवासी एवं पांच दशक तक मदरसों में शिक्षण कार्य कर चुके वरिष्ठ शिक्षक मोहम्मद जवाद को उनके पैतृक गांव मुस्तफाबाद के बहिश्त-ए-रजा कब्रिस्तान में सिपुर्द -ए-खाक कर दिया गया। परिजनों,सगे संबंधियों की मौजूदगी में बहिश्त-ए-रजा कब्रिस्तान में मौलाना एहतेशाम हैदर के नेतृत्व में नमाज़ -ए-जनाजा अदा की गई।75 वर्षीय मोहम्मद जवाद का गुरुवार को इलाज के लिए लखनऊ ले जाते समय रास्ते में निधन हो गया था। उनके इकलौते पुत्र मौलाना रेहान अब्बास ने बताया कि मुस्तफाबाद स्थिति आवास पर मौलाना मेहंदी हसन,मौलाना रईस हैदर, मौलाना क़रार हुसैन, मौलाना जैगम अब्बास,मास्टर मजाहिर हुसैन, सहित तमाम लोगों ने परिजनों को सांत्वना दी। उनके भाई मौलाना शफीक हुसैन सहित कई लोग मौजूद रहे। उनके शिष्य मास्टर मजाहिर हुसैन ने कहा कि उनके सुपुर्द-ए-खाक होने के साथ ही शिक्षा जगत के एक अध्याय का अंत हो गया।

# सरकार की योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य

अवधनामा संवाददाता



**आलापुर (अंबेडकरनगर)।** सरकार द्वारा संचालित जन हितकारी योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। उक्त बातें ग्राम पंचायत सहाबुद्दीनपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के मुख्य अतिथि भाजपा नेता पूर्व जिला उपध्यक्ष दिनेश पांडेय ने कही।

मालूम हो सरकार द्वारा संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा का भव्य आयोजन ग्राम प्रधान श्रीमती लाली देवी की अध्यक्षता एवं रजनीश तिवारी, सहायक अध्यापक संजय कुमार के संचालन में सम्पन्न हुई जिसमें मुख्य रूप से खण्ड विकास अधिकारी जहांगीरगंज अनिल कुमार कुशवाहा मौजूद रहे। इस मौके पर कृषि विभाग से मनोज कुमार सिंह, अरूण कुमार गुप्ता, समाज कल्याण विभाग से सहायक विकास अधिकारी चंद्रभूषण राव, सिंचाई विभाग से अवर अभियंता लघु सिंचाई एसएफ अशरफ, उद्योग सेवा एवं व्यवसाय विभाग से पीडी राय, सहायक विकास अधिकारी पंचायत योगेन्द्रनाथ सिंह, ग्राम पंचायत सचिव अनूप कुमार मिश्र, कोटेदार सुनील कुमार कन्नौजिया, आशा बहन, एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री आदि मौजूद रहे। ग्राम पंचायत में भव्य आयोजन के लिए मुख्य अतिथि एवं खण्ड विकास अधिकारी ने रजनीश तिवारी एवं प्रधान प्रतिनिधि टिंकू उर्फ अश्वनी तिवारी की सराहना करते हुए कहा कि बेहतर तरीके से कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आप लोग बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम में शामिल विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत में योजनाओं का लाभ उठा रहे ग्रामीणों को पीएम किसान सम्मान निधि, आवास, शौचालय, पेंशन योजना आदि उपभोक्ताओं को प्रमाण पत्र मुख्य अतिथि एवं खण्ड विकास अधिकारी द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्य अतिथि एवं खण्ड विकास अधिकारी द्वारा किया गया तत्पश्चात विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।

## शिक्षक अनिश्चितकालीन धरने पर

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल के नेतृत्व में शुक्रवार को संघ पदाधिकारियों,



शिक्षकों ने शासन द्वारा स्वीकृत पदों के आधार पर रिक्त पदों पर पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण किये जाने की मांग को लेकर बीएसए कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरु कर दिया। संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने कहा कि जब तक मांगे पूरी नहीं हो जाती धरना जारी रहेगा। संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने बताया कि जनपद में प्राथमिक विद्यालय प्रधानाध्यापक के स्वीकृत पद 1854 है और कार्यरत प्रधानाध्यापक 968 है। सृजन के आधार पर रिक्तियां 886 हैं। पूर्व माध्यमिक विद्यालय में सहायक अध्यापकों के स्वीकृत पद 2499, कार्यरत सहायक अध्यापक जूनियर हाई स्कूल 1577 है, इसमें कुल रिक्तियां 922 है। जबकि 1808 पद पदोन्नति के लिये रिक्त हैं इसके सापेक्ष मात्र 400 पदों पर पदोन्नति की कार्यवाही किये जाने से शिक्षकों में रोष है। रिक्त पदों पर पदोन्नति पूरी करने में हीला हवाली की जा रही है। कार्यवाहक अध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र, संघ के जिला मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश के अधिकांश जनपदों में स्वीकृत एवं रिक्त पदों के सापेक्ष पदोन्नति सूची अपलोड किया गया है किन्तु बस्ती जनपद में शासनादेश के बावजूद यह प्रक्रिया जान बूझकर बाधित की जा रही है। शिक्षक इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। शिक्षकों के अधिकारों के लिये निर्णायक संघर्ष किया जायेगा।

## सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अपना घर वृद्धाश्रम का किया निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय कुमार मलिक के निर्देश पर अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर ब्रिजेश कुमार- द्वितीय ने शुक्रवार को जिले में संचालित अपना घर वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वृद्धाश्रम के उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया, वृद्धाश्रम में तैनात समस्त कर्मचारीगण उपस्थित मिले। वृद्धाश्रम में 54 पुरूष व 56 महिला कुल 110 संवासी वृद्ध निवास कर रहे है। वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों से वार्ता की जिससे प्रतीत हुआ कि वृद्धाश्रम में खान-पान इत्यादि सुविधाएं समय से दी जा रही है। दैनिक जीवनोपयोगी वस्त्र एवं बिस्तर की व्यवस्था सही पायी गयी। पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वृद्धाश्रम के कार्यालय, चिकित्सा कक्ष, सीसीटीवी कैमरे एवं किचन का अवलोकन किया। वृद्धाश्रम में आने वाले वृद्धजनों को आवश्यकतानुसार विधिक सहायता उपलब्ध कराये जाने हेतु एवं ठंड से बचाव हेतु आवश्यक उपाय करने हेतु सिद्धार्थ कुमार, मैनेजर वृद्धाश्रम को निर्देशित किया।

## चुनाव में निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए भृगुनारायण मिश्रा



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सिविल बार एसोसिएशन बांसी का वार्षिक चुनाव बृहस्पतिवार को संपन्न हुआ। चुनाव में भृगुनारायण मिश्रा निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। बृहस्पतिवार की सुबह 10 बजे सिविल बार एसोसिएशन बांसी सिद्धार्थनगर के हॉल में चुनाव अधिकारी रमेशचंद्र उपाध्याय, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव व रंग नाथ पांडेय की देखरेख में चुनाव के लिए मतदान संपन्न हुआ।अध्यक्ष पद पर निर्विरोध भृगुनारायण मिश्र, महामंत्री उमेश चंद्र त्रिपाठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद बिनोद कुमार सिंह,कोषाध्यक्ष अनिल कुमार त्रिपाठी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार श्रीवास्तव, संयुक्त मंत्री नितेंद्र उपाध्याय व कार्यकारिणी सदस्य के रुप मे भूषण पान्डेय, बालकेश्वर नाथ,राजेंद्र राय, संध्या श्रीवास्तव चुनी गयी।

## चोरी का अभियुक्त चढ़ा थाना बांसी पुलिस के हत्थे

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं



अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी बांसी के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक बांसी के नेतृत्व में थाना बांसी पुलिस द्वारा शुक्रवार को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा मुअसं- 366/2023 धारा 457,380,411 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त दुलारे उर्फ अजमत अली पुत्र अली दराज निवासी गढ़ीया पैगम्बरपुर थाना हजरतपुर जनपद बदायूं को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के पास से चोरी की 2 अदद पायल सफेद धातु व एक अदद मंगलसूत्र पीली धातु की बरामदगी करते हुये आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया। अभियुक्त का अपराधिक इतिहास रहा है। विभिन्न जनपदों के अंतर्गत थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उनि0 राजनाथ सिंह, उनि0 बलरामधर दूबे थाना, हेका0 रामाज्ञा पासवान व हेका0 रमेश चौहान थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर शामिल रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में योजनाओ की दी जानकारी

अवधनामा संवाददाता




**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन क्षेत के ग्राम पंचायत भगता व सैनुआ मे शुक्रवार को ग्राम प्रधान की अध्यक्षता मे विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम हुआ। स्कूली बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक श्याम धनी रही ने कहा पिछली सरकारों मे कोई अधिकारी आप के दरवाजे पर नही आते थे योजनाओं से लोग वंचित रहते थे आज की सरकार में महिलाओ के लिए फ्री गैस सिलेंडर, शौचालय, खाने के लिए राशन, गरीब परिवारों को रहने के लिए पक्का मकान, बिमार परिवार के लिए आयुष्मान कार्ड देकर 5 लाख तक की निःशुल्क दवा देने का कार्य किया जा रहा है बेटियों के शादी के लिए 51 हजार रुपए। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अच्छा कार्य किया जा रहा है। प्रदेश मे महिलाएं अपने आप को सुरक्षित महसूस करती है पहले बहन बेटी घर से बाहर निकलने के लिए डरती रहती थी लेकिन आज नीडर होकर घर से निकलती है। कार्यक्रम के नोडल कुलदीप यादव, खण्ड विकास अधिकारी राम प्रवेश, एडीओ कापरेटिव युनूस अंसारी, सचिव प्रियंका गोस्वामी, सचिव रविन्द्र कुमार जाटव, ग्राम प्रधान मीरा देवी, प्रधान प्रतिनिधि कोमल, सैनुआ प्रधान शोभा चौरसिया, प्रधान प्रतिनिधि अशोक चौरसिया, एडीओ पंचायत सदानंद वर्मा, प्रधान संघ अध्यक्ष अरविन्द मणि त्रिपाठी, क्षेत्र पंचायत सदस्य मुसे सिंह, पूर्व अध्यक्ष कमलेश चौरसिया, मनोज कुमार, प्रदीप मोदनवाल, प्रेम चन्द मोदनवाल, अनिल मणि, प्रबंधक ओम प्रकाश मणि त्रिपाठी, मो आरीफ, चुन्नू, अजय सिंह, डा दीपक जयसवाल, डा जनार्दन मणि, चांद रानी, नीतु, डा प्रियंका त्रिपाठी, राजन मिश्रा, प्रवीन दुबे, शन्नी सिंह, आयुष्मान मित्र रमा सिंह पटेल, अब्दुल, संतोष कुमार गिरि सहित तमाम लोग मौजूद रहें।

## गांव की समस्या, गांव में समाधान




**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** दुबौलिया थाना क्षेत्र के सडवलिया गांव में मनोरमा नदी के किनारे मिश्रौलिया बैरान में राजस्व विभाग द्वारा चिंहित स्थान पर शमशान घाट का निर्माण कार्य ग्राम प्रधान न कराकर जबरन आबादी से सटे ग्रामीणों के स्नान करने वाले घाट पर करा रहे है। जिससे ग्रामीणो में रोष व्याप्त है। जब कि एसडीएम हरैया ने मौके पर जांच कर चिंहित स्थान मिश्रौलिया बैरान में ही निर्माण कार्य कराने का निर्देश दिए थे। इसके बाद भी ग्राम प्रधान अपने आदत से बाज न आकर गांव से सटे स्नान करने वाले घाट पर ही बनवा रहे है। सडवलिया गांव के ग्रामीण राम शंकर पांडेय, गुलाब चंद्र चौथरी, आशाराम, स्वामीनाथ पांडेय, राजेंद्र, दीनानाथ शर्मा, यादराम शर्मा सहित तमाम ग्रामीणो ने बताया कि ग्राम प्रधान जबरन शमशान घाट का निर्माण गांव से सटे स्नान करने वाले घाट पर करा रहे है। जिसकी शिकायत मंडलायुक्त, जिलाधिकारी व एसडीएम हरैया को लिखित प्रार्थना पत्र के माध्यम से किया गय है। लोगों ने बताया कि मेरे गांव के ग्राम प्रधान आवादी से सटे दो मंदिरो के बीच ग्रामीणों के स्नान करने वाले घाट पर जबरन शमशान घाट का निर्माण कार्य फिर शुरू कर दिए है। जब कि तीन माह पूर्व ग्राम प्रधान शवदाह घर का निर्माण कार्य करा रहे थे। ग्रामीणों के विरोध पर 30 जुलाई को एसडीएम हरैया मौके पर पहुंच कर तत्काल कार्य बंद करा दिए थे और ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर आबादी से 500 मीटर दूर मिश्रौलिया बैरन में निर्माण करने के निर्देश दिए थे। जहां ग्राम प्रधान ने नींव स्तर तक शमशान घाट का निर्माण कार्य भी कराया है।

## अजय गौतम का निधन

**अम्बेडकरनगर।** जिले के रामनगर विकासखंड में कार्यरत ग्राम विकास अधिकारी अजय गौतम के आकस्मिक निधन से ब्लाक कर्मचारियों एवं प्रधान संघ के सदस्यों में शोक की लहर दौड़ गई। बता दें कि शुक्रवार को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 233 पर बसखारी थाना क्षेत्र के चौधरी मैरिज हाल के निकट हार्ट अटैक से ग्राम पंचायत अधिकारी अजय गौतम का आकस्मिक निधन हो गया।निधन की खबर मिलते ही ब्लॉक प्रमुख विकास यादव खंड विकास अधिकारी हौसला प्रसाद एडीओ पंचायत बृजेश वर्मा ग्राम विकास अधिकारी विनोद गुप्ता मंशाराम चौरसिया, घनश्याम चौधरी ग्राम पंचायत अधिकारी शरदचंद्र, गिरीश चौधरी, प्रदीप गुप्ता, मनोज यादव, विकास यादव, कुलदीप त्रिपाठी, प्रवेश कुमार, अशोक राजभर, आनोद कुमार के अलावा वरिष्ठ लेखाकार जितेंद्र पांडेय वरिष्ठ आपरेटर सुनील कुमार, पवन शर्मा, लालेंद्र यादव तथा प्रधान संघ मंडल अध्यक्ष घनश्याम यादव विधानसभा अध्यक्ष राजबहादुर यादव ब्लॉक अध्यक्ष मनीष यादव पूर्व अध्यक्ष सुनील यादव प्रधान संघ के लालबिंद गोस्वामी समेत कई अन्य कर्मियों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दुख जताया है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** डुमरियागंज ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम बयारा में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा आम आदमी के सपनों को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प और गारंटी है। यह सुनिश्चित करके लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है कि सभी लाभ नागरिकों तक पहुंचें और समग्र, समावेशी हों। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए गरीबों, महिलाओं, किसानों और समाज के वंचित वर्गों का सशक्तिकरण आवश्यक है। उन्होंने मोदी योगी सरकार के लोक कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा कर बताया कि मोदी योगी सरकार के द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं की संतृप्तीकरण व सेवाओं के विस्तार में जागरूकता बढ़ाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इससे योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जा सके। इसके लिए सभी अधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नगर पंचायत अध्यक्ष बढ़नीचाफा धर्मराज वर्मा ने सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर, आयुष्मान कार्ड, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम किसान सम्मान निधि, समाज कल्याण विभाग से संबंधित पेंशन योजनायें, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना स्टाल, समेत स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं का स्टाल भी लगाया गया, इस दौरान स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों ने अपना स्वास्थ्य परिक्षण कराया।

# दुनिया के साथ आख़ेरत का भी रखें खास ख्याल: मौलाना महफूज़ हुज्जत





अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** क्षेत्र के हल्लौर स्थित जामा मस्जिद में जुमा का खुतबा देते हुए इमाम जुमा व जमात हल्लौर मौलाना महफूज़ हुज्जत ने कहा कि सोंचिये क्या हम उस दुनिया के लिए तैयार है? वैसे भी मोमिन को अपने दुनियावी मुआमलात में ऐसा होना चाहिए की जैसे वो हर वक्त मौत के लिए तैयार है। फिर ऐसे सख्त दौर में तो कम से कम खुद के दुनियावी मुआमलात को दुरुस्त कर लें जबकि मौत हर तरफ सर पे दिखाई दे रही है।

यह दुनिया की मुहब्बत में गुनाहों को अंजाम देना, नमाज़ और दुआ से दूर रहना, एक दूसरे की ख़ुशी तरक़्क़ी को बर्दाश्त न करपाना, दौलत शोहरत के लिए किसी का भी दिल दुखाना वगैरह। सब यही रह जायगा इसलिए जितना मुमकिन हो अपने गुनाहों के लिए तौबा करें, किसी का दिल दुखाया हो तो माफी मांग लें और माफ़ कर भी दें। नमाज़ों में सबके लिए दुआ करें। हर रोज़ ज़ियारत ऐ आशूरा पढ़ें। सदक़ा निकालें और ज़हूर ऐ इमाम की दुआ करें। मुख्तसर यह कि अपने जिस्म और रूह दोनों का ख्याल रखें। दुनिया में रहे तो सेहत मंद रहे और खुदा न करे चल बसे तो अफ़सोस न हो की काश दुनिया में रहते अक्ल आ गयी होती। यक़ीन रखिये अगर हम एहतियात कर रहे हैं, हमारा किरदार दुरुस्त और हाथ अल्लाह की बारगाह में दुआओं के लिए बलन्द है तो कोई फ़िक्र की बात नहीं, खुश रहे। एक अच्छा मुस्लमान वो है जिसकी दुनिया भी बेहतर हो और आख़िरत भी बेहतर हो।

अंत में मौलाना ने दुआ कराई। इस दौरान मौलाना अली अब्बास ज़ैनबी, ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर, मुनिस हैदर, वजीहुल हसन, ताज़ीम, तशबीब हसन, अली ताहिर, कसीम रिज़वी, अलमदार हुसैन, काज़िम रज़ा, रिज़वान अली, इरफान अली, वज़ीर हसन, कैफ़ी रिज़वी, नौशाद अहमद, फहीम हैदर, शबीह अहमद, मो0 मेंहदी, काज़िम मेंहदी, मुन्नू, खुर्शीद, जमाल, जलाल, कायम रज़ा, शब्लू, इंतेज़ार, शानू, मोहम्मद हैदर, जानशीन, गुलाम, राशिद रिज़वी, मंज़र, बबलू, गुड्डू, नायाब सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## राज समय के कानून बदले

अग्रंजो ने भारत के लिये जो कानून बनाये थे वो अपने फायदे के लिये बनाये थे। अपनी सहूलियत के लिये बनाये थे। उनका मकसद था उनका राज भारत में हमेशा कायम रहे। दिखाने के लिये कुछ कानून भारतीय मानस को अपने पक्ष में करने के लिये बनाये थे। मोदी सरकार ने उन कानूनों की समीक्षा करके जो एक कमेटी द्वारा की गई है, उसी के आधार पर भारत के अनुकूल उसकी संस्कृति के अनुरूप कुछ शोधन किये है कुछ निरस्त भी किये है। लोकसभा ने इसे पास कर दिया है अब राज्यसभा में पेश होगा।

आइपीसी 1960, सीआरपीसी 1898, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता विधेयक 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक और भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023 लाया गया है। सीआरपीसी से पहले 484 धारायें थी अब इसमें धारायें बढ़ाकर 531 कर दी गई है। 177 धाराओं में बदलाव किया गया है नौ धारायें जोड़ी गई है। नई उपधारायें 39 जोड़ी गई है। साथ ही 44 नये प्रावधान जोड़े गये है। 511 धारायें वर्तमान आईपीसी में है अब घटा कर 356 कर दी गई है। 175 धाराओं में बदलाव किया गया है। 22 धारायें खत्म की गई है और 8 नई धारायें जोड़ा गयी है। अपराधिक कानूनों से सम्बन्धित विधेयक देश में पुलिस राज से आजाद करायेगा जिसे अगरेंजो ने जनता को दबाने डराने के लिये बनाया था। नये विधेयक से गुलामी की निशानियां मिट जायेगी भारतीय परम्परा स्थापित होगी। गृहमंत्री की सोच बिल्कुल सही है। तीनो अपराधिक कानूनों को जो गुलामी की प्रतीक थी उनसे मुक्त कराया गया है।

राज के जमाने में बनाये गये तीनो अपराधिक कानून बदल दिया गये है। राजद्रोह खत्म कर दिया गया है। अंग्रेजो के समय में देश के पक्ष में कुछ बोलिये या करिये तो उस पर राजद्रोह का अपराध मढ़ कर जेल, कुर्की, कालापानी, फांसी आदि की सज़ा दी जाती थी जो अंग्रेजो के अत्याचार के गवाह है। अब नाबलिग से रेप और माब लिन्चिंग के लिये फांसी की सजा है। किसी भी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई जा सकती है। यहां जीरो एफआईआर होगा। जांच के किस्म की सूचना पुलिस अधिकारी द्वारा 90 दिन में दिया जाना अनिवार्य है। यौन हिंसा की शिकार महिला का बयान महिला न्यायिक मजिस्टेऊट ही दर्ज करेगी। पिड़ित महिला का बयान उसके आवास पर महिला पुलिस अधिकारी के सामने दर्ज होगा। इस समय महिला के घर पर उसके परिवार के लोग मौजूद रह सकते है। 7 साल या उससे ज्यादा सजा पाने वाले सभी अपरधियों में फारेन्सिक जांच अनिवार्य है। गैग रेप के लिए 20 साल की सजा या उम्र कैद है। माबलिन्चिंग के लिए फांसी की सजा का प्रावधान है। धोखा देकर या पहचान छुपा कर सम्बन्ध बनाना अपराध माना जायेगा। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टालरेन्स नीति की तहत ऐसे प्रावधान बनाये गये है कि कोई आतंकवादी बच नहीं पायेगा। शिकायत पर तीन दिन के अन्दर प्राथमिकी दर्ज करनी होगी और 14 दिन के अन्दर प्रारम्भिक जांच पूरी करनी होगी। जांच रिपोर्ट 24 घंटे के अन्दर मजिस्टेऊट को देनी होगी अरोपपत्र दाखिल करने में 180 दिनों से ज्यादा का देरी नही की जा सकेगी। न्यायधीश 45 दिनों से अधिक समय तक लम्बित नही रख सकते। जहां सजा सात साल से अधिक है वहां एफएसएल टीम का दौरा अनिवार्य है बरी के लिये याचिका दायर करने के लिये सात दिन मिलेगा अधिकतम 120 दिन के अन्दर सुनवाई होगी। और राजस्तर पर डायेक्टर आफ प्रासीक्यूशन नियुक्त होगे जो न्याय प्रणाली को बेहतर बनाये। देश के झन्डे कि सुरक्षा सम्पत्ति को नुकसान पहचाने वाले या अवमानना करने वाले के लिये भी सज़ा का प्रावधान है। नये कानून को पीड़ित केन्द्रित बनाने की जवाब देही पुलिस पर है।

राजद्रोह की जगह अब देश द्रोह होगा। इसके तहत सशस्त्र विरोध, बम धमाका पर कार्यवाई होगी। देश द्रोही के लिये जेल, सुनिश्चित है। हत्या की धारा 302 अब 101 हो गई है। विदेश भाग जाने पर मुकदमें वर्षो लटके नहीं रहेगे। नये कानून के अनुसार ट्रायल के समय मुकदमें उपस्थित रहना अनिवार्य नही है उनकी गैरमौजूगी में भी ट्रायल चलता रहेगा। नये संशोधन से मानव सुरक्षा और देश सुरक्षा और देश सुरक्षा को प्राथमिकता दी गयी है। आतंकवाद की व्यवस्था किसी कानून में नहीं थी। मोदी सरकार ने नये संशोधन द्वारा इसकी व्यवस्था कराई है। पहले की सरकारों में इच्छा शक्ति का अभाव था। जो जैसा चल रहा था, चलने दिया जा रहा था। जनता, न्यायलय, पुलिस सभी से परेशान थे। पहुंच वाले, माफिया दादा लोग बहुत हद तक अपना उल्लू सीधा करने जायजाद हड़पने और डराने धमकाने में लगे थे। अपहारण उनके लिये सबसे सुरक्षित धन्धा था। अब सभी की व्याख्या हुई है, सभी के लिये सज़ा मुकर्रर हुई है। अब पशु क्रुरता कानून में संशोधन की चर्चा शुरू हो रही है।

नये संशोधन से यह धरणा समाप्त होगी  
कुछ भी बदला नहीं फ्लाने सब जैसा का तैसा है।  
क्या न्यायालय क्या सचिवालय सबका यही रवैया है।  
बाप भला न भईया। सबसे बड़ा रूपैया है।।

## उपभोक्ता का अधिकार सर्वोपरि

**सुरेश सिंह बैस**

हमारे देश में में 24 दिसम्बर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है । सन् 1986 में इसी दिन उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम विधेयक पारित हुआ था। इसके बाद इस अधिनियम में 1991 तथा 1993 में संशोधन किये गए। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम को अधिकाधिक कार्यरत और प्रयोजनपूर्ण बनाने के लिए दिसम्बर 2002 में एक व्यापक संशोधन लाया गया और 15 मार्च 2003 से लागू किया गया। परिणामस्वरूप उपभोक्ता संरक्षण नियम, 1987 में भी संशोधन किया गया और 5 मार्च 2004 को अधिसूचित किया गया था। भारत सरकार ने 24 दिसम्बर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस घोषित किया है, क्योंकि राष्ट्रपति ने उसी दिन ऐतिहासिक उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अधिनियम को स्वीकारा था। इसके अतिरिक्त 15 मार्च को प्रत्येक वर्ष विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के रूप में मनाया जाता हैं। यह दिन भारतीय ग्राहक आन्दोलन के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा गया है। भारत में यह दिवस पहली बार वर्ष 2000 में आज ग्राहक जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावट, अधिक दाम, ग्यारन्टी के बाद सर्विस नहीं देना, हर जगह ठगी, कम नाप-तौल इत्यादि संकटों से घिरा है। ग्राहक संरक्षण के लिए विभिन्न कानून बने हैं, इसके फलस्वरूप ग्राहक आज सरकार पर निर्भर हो गया है। जो लोग गैरकानूनी काम करते हैं, जैसे- जमाखोरी, कालाबाजारी करने वाले, मिलावटखोर इत्यादि को राजनैतिक संरक्षण प्राप्त होता है। ग्राहक चूंकि संगठित नहीं हैं इसलिए हर जगह ठगा जाता है। ग्राहक आन्दोलन की शुरूआत यहीं से होती है। ग्राहक को जागना होगा व स्वयं का संरक्षण करना होगा। उपभोक्ता आन्दोलन का प्रारंभ अमेरिका में रल्प नाडेर द्वारा किया गया था। नाडेर के आन्दोलन के फलस्वरूप 15 मार्च 1962 को अमेरिकी कांग्रेस में तत्कालीन राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी द्वारा उपभोक्ता संरक्षण पर पेश विधेयक को अनुमोदित किया था। अमेरिकी कांग्रेस में पारित विधेयक में चार विशेष प्रावधान थे।

1.उपभोक्ता सुरक्षा के अधिकार। 2. उपभोक्ता को सूचना प्राप्त करने का अधिकार। 3. उपभोक्ता को चुनाव करने का अधिकार। 4. उपभोक्ता को सुनवाई का अधिकार ।

अमेरिकी कांग्रेस ने इन अधिकारों को व्यापकता प्रदान करने के लिए चार और अधिकार बाद में जोड़ दिए।

1. उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार। 2.क्षति प्राप्त करने का अधिकार। 3.स्वच्छ वातावरण का अधिकार। 4. मूलभूत आवश्यकताएं जैसे भोजन, वस्त्र और आवास का अधिकार।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

उपराष्ट्रपति देश का दूसरा सर्वोच्च संवैधानिक पद है। जगदीप धनखड़ निर्वाचित होकर पदासीन हुए हैं। कल्याण बनर्जी कुछ भी सफाई दें, लेकिन राज्यसभा के सभापति के प्रति उनका आक्रोश, उनकी खीझ और नफ्रत ही अभिव्यक्त हुई हैं। संसद परिसर में यह व्यवहार अक्षम्य है। संभव है कि राज्यसभा के निलंबित सांसद, सभापति के फैसले से, असहमत और असंतुष्ट हों! ज्यादातर सांसद लोकसभा से निलंबित किए गए हैं। हमने ऐसी कार्रवाई का विश्लेषण किया था और इन्हें 'कठोरतम कर्रवाई' करार दिया था। ऐसी कार्रवाई की जाएंगी, तो संसद विपक्ष-मुक्त होने लगेगी।

# संविधान के अपमान की पराकाष्ठा

बीते दिनों संसद परिसर में उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की नकल करके तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने पूरे देश को शर्मसार करने का काम किया। सांसद के आचरण से दुनियाभर में यह संदेश गया कि हमारे मन में संविधान और संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्तियों के लिए कितना सम्मान है। उपराष्ट्रपति के सार्वजनिक अपमान पर देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को कहना पड़ा कि यह 'अशोभनीय आचरण' है। राष्ट्रपति व्यथित हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी पीड़ा साझा की कि वह 20 साल से ऐसा ही अपमानजनक



डॉ. ओपी त्रिपाठी

व्यवहार झेल रहे हैं। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला उपराष्ट्रपति से मुलाकात करने गए और सांसदों के आपत्तिजनक व्यवहार पर गहरी चिंता जताई। उपराष्ट्रपति के अपमान पर देश भर से क्या प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं, वे सुर्खियां बनी हैं। भारत की 'संवैधानिक त्रिमूर्ति' को संसद परिसर में ही क्षोभ जताना पड़ा है। यह लोकतंत्र और संविधान का भी अपमान है। संसद परिसर किसी विदूशक, कॉमेडियन, जोकर या नकलची का मंच नहीं है। असल में उपराष्ट्रपति का जिस तरह तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने उपहास किया, वो सिर्फ एक व्यक्ति या पद नहीं बल्कि भारतीय संविधान के अपमान की पराकाष्ठा है। इस अमर्यादित व्यवहार से पूरी संसद की गरिमा भंग हुई है। बेशक संसद के दोनों सदनों से 143 विपक्षी सांसदों को निलंबित किया गया है। सांसद संसद के प्रवेश-द्वार पर बैठे हैं। वे संसद भवन से विजय चौक या राष्ट्रपति भवन तक मार्च निकाल सकते थे अथवा जंतर-मंतर पर मॉक संसद का आयोजन कर अपना विरोध जता सकते थे, लेकिन तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने उपराष्ट्रपति धनखड़ के हाव-भाव और भंगिमाओं की नकल कर उनका मजाक उड़ाया। क्या सांसद के नाते यही संस्कार और आचार-संहिता सीखी है उन्होंने? कल्याण भी विदूशक या जोकर नहीं हैं, जो नकल करने की कला पर निलंबित सांसदों को हंसा रहे थे। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी उस 'मिमिक्री' का वीडियो बना रहे थे। क्या उन्हें 'संवैधानिक चेहरे' की खिल्ली उड़ाने में सुख मिलता है?

यह देश का भी अपमान है। राहुल गांधी भी उपराष्ट्रपति के अपमान में शामिल दिखे। चूंकि मोदी सरकार अडाणी समूह, बेरोजगारी, महंगाई सरीखे महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर सरोकार नहीं जता रही है, तो इसके मायने ये नहीं हो सकते कि राज्यसभा के सभापति को सरेआम बेइज्जत करें। आखिर इस मजाक और अपमान के तर्क क्या हैं?

कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल जिस तरह से कल्याण बनर्जी का साथ दे रहे हैं, इससे इनकी विकृत मानसिकता का पता चलता है। ये लोग कह रहे हैं कि सदन के बाहर मिमिक्री की गई तो सदन का अपमान कैसे हुआ? आप सोचिए जिन नेताओं का आचरण सदन के बाहर ऐसा है तो वह अंदर कैसा होता होगा। विपक्ष के नेताओं को



इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि इससे देश की वैश्विक छवि पर असर पड़ता है, लेकिन यह दुर्भाग्य है कि विपक्षी नेता राष्ट्र की गरिमा और छवि को छलनी का काम कर रहे हैं। असल में संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों का अपमान करके विपक्षी गठबंधन अपने हार की हताशा को दिखा रहे हैं। वह किसी व्यक्ति या दल का नहीं बल्कि देश का अपमान कर रहे हैं।

उपराष्ट्रपति देश का दूसरा सर्वोच्च संवैधानिक पद है। जगदीप धनखड़ निर्वाचित होकर पदासीन हुए हैं। कल्याण बनर्जी कुछ भी सफाई दें, लेकिन राज्यसभा के सभापति के प्रति उनका आक्रोश, उनकी खीझ और नफ्रत ही अभिव्यक्त हुई हैं। संसद परिसर में यह व्यवहार अक्षम्य है। संभव है कि राज्यसभा के निलंबित सांसद, सभापति के फैसले से, असहमत और असंतुष्ट हों! ज्यादातर सांसद लोकसभा से निलंबित किए गए हैं। हमने ऐसी कार्रवाई का विश्लेषण किया था और इन्हें 'कठोरतम कर्रवाई' करार दिया था। ऐसी कार्रवाई की जाएंगी, तो संसद विपक्ष-मुक्त होने लगेगी। यह भी संवैधानिक स्थिति नहीं है, लेकिन इन पीठासीन अध्यक्षों के फैसलों के बदले में संवैधानिक चेहरों का अपमान भी बिल्कुल अस्वीकार्य है। विपक्ष ये आरोप लगाता है कि सदन से निलंबन और ऐसे ही अन्य कड़े कदम सभापति द्वारा उसी के सांसदों के विरुद्ध उठाए जाते हैं जबकि सत्ता पक्ष के आपत्तिजनक व्यवहार को नजरंदाज किया जाता है। इस बारे में रोचक बात ये है कि प्रत्येक सत्र के पहले अध्यक्ष सभी दलों की बैठक बुलाकर सदन को ठीक से चलाने हेतु सहयोग मांगते हैं किंतु अपवादस्वरूप कुछ अवसरों को छोड़कर एक भी दिन ऐसा नहीं जाता जब शोर-शराबा न होता हो। इससे ज्यादा विडंबना क्या होगी कि राष्ट्रपति के अभिभाषण तक पर विपक्ष सदन में अनुपस्थित हो जाए। सांसदों के इसी गैर जिम्मेदाराना आचरण के कारण आम जनता के मन में संसद के प्रति सम्मान लगातार घटता जा रहा है। ये कहने में कुछ भी गलत नहीं है कि बीते अनेक वर्षों से संसद के दोनों सदनों में सिवाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भो लंबा भाषण सुनने नहीं मिला। राज्यसभा में तो विपक्ष के एक से एक कद्दावर सदस्य हैं किंतु उनकी प्रतिभा हंगामे में दबकर रह जाती है।

ताजा प्रकरण में राजनीति भी हो रही है। सत्ता पक्ष के समर्थकों का तर्क है कि विपक्ष को ये हजम ही नहीं हो रहा कि एक गरीब परिवार में जन्मा व्यक्ति देश का प्रधानमंत्री कैसे बन सकता है, एक आदिवासी बेटी देश की राष्ट्रपति कैसे बन सकती है और एक जाट किसान देश का उप-राष्ट्रपति कैसे बन सकता है? पहले सनातन का अपमान कर हिंदुओं से नफ्रत, ओबीसी से नफ्रत, अब किसानों से नफ्रत, जाट समुदाय से नफ्रत आखिर इंडिया गठबंधन और कितने निचले स्तर पर गिरेगा? वहीं विपक्ष के समर्थकों का तर्क है कि सरकार तानाशाही रवैया अपनाये हुए है। वो जरूरी मुद्दों पर विमर्श से बचना चाह रही है। संसद की सुरक्षा में सेंध प्रकरण में विपक्ष प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के बयान की मांग कर रहा था। इसके बाद ही सांसदों का निलंबन हुआ। कुल मिलाकर इस मामले में राजनीति अपने चरम पर है। भारतीय संसद का इतिहास खंगाला जाए तो इस घटना से पूर्व ऐसा सार्वजनिक अपमान संसद परिसर में पहले कभी किया गया हो! बहरहाल अब इस अपमान की सार्वजनिक प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं। इस मुद्दे पर दोनों ओर से राजनीति भी हो रही है। जाट समाज की खाप के प्रधान जगदीप सेहरावत ने कहा है कि यह उपराष्ट्रपति ही नहीं, देश के किसानों का भी अपमान है। खाप ने माफी मांगने का आग्रह किया है। अन्यथा किसान और जाट मिलकर तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। विपक्ष इस मुद्दे पर अपनी गलती स्वीकार करने की बजाय नकल उतारने वाले सांसद का बचाव करता दिखाई दे रहा है। ऐसे में विपक्ष की मंशा को आसानी से समझा जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट के वकील विनीत जिंदल ने विवादास्पद सांसदों के खिलाफ लोकसभा और राज्यसभा की आचार समितियों में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कल्याण, राहुल और अन्य सांसदों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। यह संसद में जातीयता का मुद्दा नहीं है, लेकिन उपराष्ट्रपति के पद और सदन के संरक्षक की गरिमा को कैसे गिराया जा सकता है?

# कोरोना ने फिर दी दस्तक

एनसीआर में गाजियाबाद को अतिसंवेदनशील मानते हुए स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना के नए वैरिएंट जेएन-1 के बचाव को लेकर 18 बिंदुओं को लेकर दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। गाजियाबाद के शास्त्रीनगर इलाके में एक मरीज में कोरोना की पुष्टि हुई है. तकरीबन 8 महीने बाद कोरोना का मामला सामने आने के बाद हड़कंप मच गया है। सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों की ओपीडी में शरीरिक दूरी बनाने के साथ ही मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया गया है, लेकिन इन आदेश और निर्देशों का कहीं भी असर दिखाई नहीं दे रहा है। कोरोना के नए वेरिएंट को देखते हुए चंडीगढ़ प्रशासन ने लिया बड़ा फैसला लिया है।

देश में एक बार फिर कोरोना ने दस्तक दे दी है। चीन, मलेशिया, सिंगापुर व इंडोनेशिया आदि देशों में कोरोना के नये वायरस का संक्रमण पाया गया था। लेकिन अब जब इस वायरस ने देश में पांव पसारने शुरू कर दिये हैं तो देशवासियों का चिंतित होना स्वाभाविक है। यह दुखद संयोग ही है कि एक बार फिर केरल में नये कोरोना वायरस जेएन.1 के सौ से अधिक मामले प्रकाश में आए हैं। कुछ मौतों की भी बात कही जा रही है। वहीं केरल सरकार का कहना है कि वहां चिकित्सा तंत्र सक्रिय व जवाबदेह है और सावधानी से जांच-पड़ताल में संक्रमण के मामले उजागर हुए हैं। एक जीनोम सीक्वेंसिंग से नये वायरस की पहचान



रोहित माहेश्वरी

हो सकी है। निस्संदेह, ऐसी सक्रियता व सजगता देश के हर राज्य में जरूरी है। विशेषज्ञों का कहना है कि एनजे.1. नाम के इस बदले स्वरूप की गंभीरता का आकलन किया जा रहा है। कोरोना के नए वेरिएंट मिलने पर सरकार सतर्क दिख रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों ने केरल में मिले इस नए बदले हुए स्वरूप वाले वायरस को लेकर बीते रविवार को एक बैठक की।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, ओमिक्रॉन की मौजूदगी भी कभी डेल्टा जैसी खतरनाक नहीं रही। शुरुआती दौर में यही माना जाता है कि उसके बदले हुए वैरिएंट भी उतने खतरनाक नहीं होंगे। लेकिन इसके लिए बेहद जरूरी है कि जिनोम सीक्वेंसिंग के साथ-साथ मरीज के संपर्क में आए लोगों की हालत पर नजर रखी जाए। वह कहते हैं कि अगर मरीज के संपर्क में आए लोगों को अस्पतालों में दाखिल करने की जरूरत नहीं पड़ रही है। कोई कैजुअल्टी नहीं हो रही है। या फिर तीन से चार दिन के भीतर सामान्य जुकाम बुखार जैसे लक्षणों के बाद संपर्क में आए व्यक्ति की हालत ठीक हो रही है तो न डरने की बात है और ना ही गंभीरता का मामला है। फिलहाल एनजे.1. में इस तरीके की कोई गंभीरता नजर नहीं आ रही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार कोरोना संक्रमण से ग्रस्त व्यक्तियों में बीमारी लक्षण दो महीने तक रहते हैं, लेकिन मौतों की संख्या कम है। हालांकि, राहत की बात है कि कोविड की गंभीरता हल्की है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना वायरस के 'जेएन.1' वेरिएंट के तेजी से बढ़ते मामलों के बीच इसे 'वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' करार दिया है। डब्ल्यूएचओ ने साथ ही कहा कि इससे वैश्विक जनस्वास्थ्य के लिए ज्यादा खतरा नहीं है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, यह अब 'ग्लोबल इनिशिएटिव ऑन शेयरिंग ऑल इन्फ्लुएंजा डेटा'से जुड़े बीए.2.86 वंशानुक्रम से संबंधित है। हालांकि, हाल के सप्ताहों में कई देशों में जेएन.1 के मामले सामने आते रहे हैं और वैश्विक स्तर पर इसका प्रसार तेजी से बढ़ा है। एनसीआर में गाजियाबाद को अतिसंवेदनशील मानते हुए स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना के नए वैरिएंट जेएन-1 के बचाव को लेकर 18 बिंदुओं को लेकर दिशा निर्देश जारी कर दिए



हैं। गाजियाबाद के शास्त्रीनगर इलाके में एक मरीज में कोरोना की पुष्टि हुई है. तकरीबन 8 महीने बाद कोरोना का मामला सामने आने के बाद हड़कंप मच गया है। सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों की ओपीडी में शरीरिक दूरी बनाने के साथ ही मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया गया है, लेकिन इन आदेश और निर्देशों का कहीं भी असर दिखाई नहीं दे रहा है। कोरोना के नए वेरिएंट को देखते हुए चंडीगढ़ प्रशासन ने लिया बड़ा फैसला लिया है। प्रशासन ने चंडीगढ़ में एक बार फिर से मास्क लगाने हिदायत दे दी है। प्रशासन ने लोगों को भीड़भाड़ वाले इलाके में मास्क पहनने की सलाह दी है। सीथ ही भीड़ भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचने की हिदायत भी दी है। वहीं अस्पताल जाने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को मास्क पहनना जरूरी कर दिया है। कोविड के नए वेरिएंट मिलने पर कर्नाटक सरकार ने लोगों को बाहर जाने पर मास्क लगाने की सलाह दी है। दिशानिर्देशों के अनुसार 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी बुजुर्गों, अन्य बीमारियों जैसे किडनी, हृदय, लीवर की बीमारियों से पीड़ित लोगों, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं को बाहर जाने पर अनिवार्य रूप से फेस मास्क पहनने की सलाह दी गई है। इसके साथ ही बंद, कम हवादार स्थानों और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर जाने से सख्ती से बचने की सलाह दी गई है। दरअसल, पिछली कोरोना लहर में देश व विदेश में जहां संक्रमण की जांच में सतर्कता व तेजी बरती गई, वहां कोरोना के ज्यादा मामले प्रकाश में आए। जाहिर बात है जहां जांच के प्रति गंभीरता नहीं होती, वहां कोरोना संक्रमण के मामले भी कम दर्ज होते हैं। लेकिन एक हकीकत है कि कोरोना के विषाणु को सदा के लिए समाप्त नहीं किया जा सकता। उर्वरा परिस्थितियों में वह अपना रूप बदलकर सामने आ जाता है। ऐसे में यदि हम साफ-सफाई के साथ सावधानी से कोविड प्रोटोकॉल का पालन करेंगे तो संक्रमण से सुरक्षित रह सकेंगे। विडंबना यह है कि लोगों ने मान लिया कि कोरोना वायरस सदा-सदा के लिये देश से चला गया। उसके बाद तमाम लापरवाही हम बरतने लगे हैं। दरअसल, 2019 में जब कोरोना वायरस पहली-पहली बार फैला था तो यही सर्दियों का मौसम था। आमतौर पर लोग वैसे भी इस मौसम परिवर्तन के दौरान सर्दी-जुकाम से पीड़ित होते हैं। लेकिन यदि हम खानपान से लेकर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखते हैं तो अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा सकते हैं। जो हमें वायरस से मुकाबले की ताकत देगी। बहरहाल, हमें यहां ध्यान रखना चाहिए कि दो बड़ी कोरोना लहरों के दौरान देश ने बड़ी कीमत चुकाई। बड़ी संख्या में लोगों ने अपनों को खोया। लॉकडाउन के कारण रोजगार ठप हुए और लाखों लोगों को अपने रोजगार से हाथ धोना पड़ा। विश्वास है कि हमें उस दुरूस्वप्न को दोबारा नहीं देखना पड़ेगा। अच्छी बात है कि नये संक्रमण की दस्तक के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सक्रियता दिखायी है।

केंद्र ने राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को परामर्श जारी करके कोविड प्रोटोकॉल को गंभीरता से लेते हुए जरूरी कदम उठाने को कहा है। विडंबना है कि कई राज्यों में ऑक्सीजन प्लांट्स देखरेख के अभाव में ठप पड़े देखे गये। विडंबना है कि हमारे तंत्र की लापरवाही के चलते आग लगने पर कुंआ खोदने की आदत अभी तक गई नहीं है। बहरहाल, स्वास्थ्य विशेषज्ञ इस वायरस की घातकता को लेकर निश्चिंत हैं कि यह ज्यादा हानिकारक नहीं है, लेकिन इसके बावजूद सतर्क व सावधान रहने की तो जरूरत है ही। वहीं दूसरी ओर देश की बड़ी आबादी को टीकाकरण के चलते सुरक्षा कवच मिला हुआ है। अब देखना यह है कि यह टीकाकरण नये वायरस के मामले में कितना कारगर होता है। यह भी कि क्या अभी तक टीकाकरण से मिली इम्युनिटी बरकरार है। बहरहाल, हमारी स्वास्थ्य सेवाओं के नियामकों को अतीत में हुए नुकसान से सबक लेते हुए आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है। आम लोगों को ज्यादा भीड़-भाड़ वाले इलाकों से परहेज करने तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है।

# देश के 14वें, दलित राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द

पांच वर्षो का कार्यकाल पूरा करने वाले देश के राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द की उपयोगिता, देश और समाज में आज भी कम नहीं हुयी है। वर्तमान में देश के पूर्व राष्ट्रपतियों में कोविन्द जी की लोकप्रियता सर्वाधिक है। पांच भाइयों में सबसे छोटे राम नाथ कोविन्द को परिवार लल्ला कह कर पुकारता था। माता-पिता के निधन के बाद, भाभी विद्यावती ने उनको पाला, जिन्हें वह माँ की भांति सम्मान देते थे। राष्ट्रपति कोविन्द जब बच्चा थे, उनके पिता मैकूलाल उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले के अपने गांव परौख में परचून की दुकान चलाते थे। उनके पिता लोगों को आयुर्वेदिक दवाएं भी दिया करते थे। रामनाथ कोविन्द स्कूल से लौटने के पष्चात्, पिता की दुकान में बैठते थे। उन दिनों कोविन्द जी के परिवार के पास खेती के लिये जमीन नहीं थी। राष्ट्रपति के भाई प्यारे लाल आज भी



मुहम्मद क़मर ख़ाँ

परचून की दुकान चला रहे हैं। कोविन्द जी जब बड़े हुये तो यू0पी0एस0सी0 की सिविल सेवा की नौकरी ठुकराकर, दिल्ली हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट में वकील बन गये। कोविन्द जी की प्रारम्भिक शिक्षा, संदेलपुर प्रखण्ड के विद्यालय में हुयी थी। तत्पष्चात् उन्होनें डी0ए0वी0 कालेज से बी0काम एवं डी0ए0वी0 कालेज लॉ से एल0एल0बी0 किया। उन्होनें दिल्ली में यू0पी0एस0सी0 की सिविल परीक्षा की तैयारी की और तीसरे प्रयास में यह परीक्षा निकाल ली। उनका चयन सम्बद्ध सेवाओं (एलाइड सर्विसेज) के लिये हुआ था। किन्तु उन्होनें यह नौकरी ठुकरा दी तथा 1977 से 1993 तक सोलह वर्ष तक दिल्ली हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस की। सन् 1978 में सर्वोच्च न्यायालय में एडवोकेट आन रिकार्ड बने। सन् 1977 से 1979 तक दिल्ली हाईकोर्ट में केन्द्र सरकार के वकील एवं सन् 1980 से 1993 तक सुप्रीम कोर्ट में केन्द्र सरकार के स्थायी काउन्सलर रहे। अग्रेत्तर केन्द्र सरकार के कानून मन्त्रालय स्तर पर, ''एक देश एक चुनाव'' प्रणाली के क्रियान्वयन हेतु, उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया गया। जिसकी अध्यक्षता, पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द कर रहे हैं।



अपने राजनीतिक करियर के दौरान राम नाथ कोविन्द ने पहली बार वर्ष 1990 में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर घाटमपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था। चुनाव प्रचार हेतु बड़ी गाड़ी की व्यवस्था नहीं कर पाने के कारण, कोविन्द जी ने अपनी स्कूटर से ही, गांव गांव जाकर प्रचार किया परन्तु वह चुनाव हार गये। अप्रैल 1994 में वह पहली बार उत्तर प्रदेश से राज्य सभा सदस्य बने। इसके पश्चात् वह दो बार (बारह वर्षो तक) राज्य सभा के सदस्य रहे। वर्ष 1994 में राज्य सभा का सदस्य रहते हुये, भी वह कानपुर के कल्याणपुर में लगभग एक दशक तक किराये के मकान में रहे। पूर्व राष्ट्रपति 'कोरी' समाज से आते हैं। मगर दलितों व कोरी समाज में कोविन्द जी प्रभावी नहीं रहे। राष्ट्रपति पद पर अपना कार्यकाल समाप्त होने के पष्चात् भी कोविन्द जी ने स्वयं को सदैव लहर में बनाये रखा। वर्तमान में पूर्व राष्ट्रपति को डेढ़ लाख रू0 मासिक पेन्शन, आठ कमरों का एक बंगला, जीवन भर मुफ्त इलाज इत्यादि सुविधाएं सरकारी स्तर पर दी जा रही है। जब कि उन्होनें अपना घर एक डाक्टर दाम्पत्ति के हांथ बेच दिया। कोविन्द जी की व्यत्किगत ख्याति का यह हाल है कि वर्तमान में उनके निवास जाकर, सरकारी/व्यक्तिगत कर्टसी विज़िट करने वालों में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश वाई0वी0 चन्द्रचूर्ण, प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी, आर0एस0एस0 प्रमुख मोहन भागवत,गृहमन्त्री अमित शाह, प्रधान मन्त्री के प्रिन्सपल सेक्रेटरी जैसे, वी0आई0पी0 कोविन्द जी के निवास पर विजिट कर चुके हैं। पूर्व राष्ट्रपति द्वारा लगभग पूरे भारत का भ्रमण किया गया है। देश के पूर्व राष्ट्रपति की सर्वाधिक लोकप्रियता को दृष्टिगत रखते हुये, ऐसा प्रतीत होता है जैसे उनके पास कोई जादू की छड़ी जरूर है।

अपने राजनीतिक कैरियर में कोविन्द जी ने पहला चुनाव घाटमपुर से लड़ा परन्तु वहाँ कोरियों की संख्या चालीस हजार होते हुये भी वह चुनाव हार गये। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी ने सन् 2014 में बतौर सांसद, चुनाव लड़ने के लिये उनको टिकट नहीं दिया। कोविन्द जी मूलतः कानपुर देहात से आते हैं। उ0प्र0 के भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री कल्याण सिंह से उनके अच्छे रिष्ते थे। उ0प्र0 के भोगनीपुर विधान सभा क्षेत्र से भी कोन्दि जी ने चुनाव लड़ा परन्तु वहाँ भी वह विजयी न हो सके। उनका असली करिष्मा तो 2015 के पष्चात् शुरू हुआ जिसके बाद वह राज्यपाल बिहार तदोपरान्त देश के राष्ट्रपति बने। उल्लेखनीय है कि 8 अगस्त 2015 से 25 जुलाई 2017 तक वह बिहार के राज्यपाल थे और इसके बाद वह देश के राष्ट्रपति बने। परन्तु राष्ट्रपति पद का कार्य-काल समाप्त होने के पष्चात् भी उनकी उपयोगिता में पर्याप्त वृद्धि अनुभव की जा रही है।

## सांसद की मिमिक्री!

**के. विक्रम राव**

तृणमूल कांग्रेस के 66-वर्षीय नेता कल्याण बनर्जी विगत पंद्रह वर्षों से लोकसभा सदस्य हैं। मगर इतनी चर्चा में कभी नहीं आए जितनी परसों (18 दिसंबर 2023) संसद के बरामदे पर उनकी जोकरी से। मसखरेपन से। उन्होंने 72-वर्षीय उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री की। नकल उतार कर। बरामदे में जमा निष्कासित सांसदों की वाहवाही भी खूब लूटी। मनोरंजन किया सो अलग। राहुल गांधी अपने मोबाइल से पूरी फिल्म उतार रहे थे। इस घटना का पहला परिणाम यह हुआ कि उनका नाम उनकी पार्टी नेता ममता बनर्जी ने प्रतिनिधिमंडल की सूची से काट दिया। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिली थीं। कल्याण बनर्जी के बिना। ममता बनर्जी ने कहा भी कि राहुल गांधी की फिल्म उतराने से ही सारी बात फैली। कल्याण बनर्जी यूं पेशे से वकील हैं। हाई कोर्ट जाते हैं। वे वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को काली नागिन कह चुके हैं। बोले उनके काटने से लोग मर रहे हैं। कल्याण बनर्जी राम और सीता पर भी राय व्यक्त कर चुके हैं। अपने सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा था सीता ने भगवान राम से कहा कि यह सौभाग्य था कि उन्हें रावण द्वारा त्याग दिया गया। अगर मुझे आपके अनुयायियों द्वारा अपहरण कर लिया गया होता, जो अपने माथे पर भगवा लपेटते हैं और जय श्री राम के नारे लगाते हैं, तो मेरी हालत हाथरस पीड़िता की तरह होती। हाथरस में 20 सितंबर 2020 में एक 19-वर्षीय दलित युवती के साथ सामूहिक बलात्कार हुआ था। मगर न्यायालय से सभी छूट गए थे। केवल एक को हत्या का दोषी पाया गया था। कल्याण बनर्जी ने एक बार कोलकाता में आरबीआई क्षेत्रीय मुख्यालय के सामने विरोध सभा के दौरान प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को चूहा कह डाला था। कल्याण ने कहा था मोदी के समर्थक उन्हें शेर कहते हैं। लेकिन मैं कहता हूं कि वह समय दूर नहीं है जब मोदी को गुजरात में अपने घर लौटना होगा। पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता दिलीप घोष से कल्याण बनर्जी की तकरार चलती रहती है। एक बार कल्याण बोले हम दिलीप घोष से नहीं डरते। वह भाजपा नेताओं को बताएं कि हम चूड़ियां पहनकर घर पर नहीं बैठे हैं, हम मजबूत हैं और हम मैदान में मिलेंगे। यदि आप शारीरिक रूप से लड़ना चाहते हैं, तो हम पीछे नहीं हटेंगे। आप जो गंदी राजनीति कर रहे हैं, हम उसका उचित जवाब देंगे। मैं दिलीप घोष को चुप करा दूंगा और मैं देखना चाहता हूं कि वह कितने बहादुर हैं।

# पुलिस महानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर द्वारा देवरिया पुलिस का किया वार्षिक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** पुलिस महानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर जे0 रविन्दर गौड द्वारा वार्षिक निरीक्षण के क्रम में पुलिस लाइन्स जनपद देवरिया में शुक्रवार पुलिस परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात प्रशासनिक भवन, क्वाटर गार्ड, परिवहन शाखा, डॉयल 112 कार्यालय, भोजनालय, बैरक आदि का निरीक्षण किया गया।

थाना लार का वार्षिक निरीक्षण किया गया, जहां पर पुलिस महानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर द्वारा सशस्त्र गार्द की सलामी लेते हुए कार्यालय, बैरक, थानाध्यक्ष कक्ष, भोजनालय, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कार्यालय एवं थाना परिसर का निरीक्षण किया गया तथा प्रभारी निरीक्षक लार को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मालखाने का निरीक्षण करते हुए माल मुकदमाती का निस्तारण कराये जाने एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों, शस्त्रों की साफ सफाई का निरीक्षण कर संबन्धित को उनके रख रखाव आदि के संबन्ध में उचित दिशा निर्देश दिये गये।

पुलिस महानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर द्वारा थाना लार पर ग्राम प्रहरियों के साथ गोष्ठी कर उनके कर्तव्यों के प्रति बोध कराते हुए बताया गया कि गॉव में कोई भी घटना घटित होने पर सर्वप्रथम आप को ही सूचना मिलती है, इसलिए आप पुलिस विभाग का एक अहम अंग है, इसके अतिरिक्त आप लोगों द्वारा अपने क्षेत्रों में गोपनीय रूप से सूचनाओं का संकलन कर अपने संबन्धित बीपीओ तथा उच्चाधिकरियों को भी अवगत करा सकते हैं एवं अपराध नियंत्रण में आप लोगों की विशेष भूमिका है। पुलिस महानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर द्वारा थाने पर उपस्थित समस्त उप निरीक्षकगण, मुख्य आरक्षी, पुरूष/महिला बीपीओ के साथ गोष्ठी करते हुए बीपीओ को अपने क्षेत्र में जाकर जन चौपाल लगाने तथा लोगों की समस्याओं को सुनते हुए उनका निस्तारण कराये जाने के संबन्ध में बताया गया, महिला बीपीओ को अपने अपने क्षेत्र में जाकर महिलाओं के साथ चौपाल लगाते हुए उनके साथ एक मैत्रिक व्यवहार बनाये जाने तथा सूचनाओं का संकलन किये जाने व मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलम्बन के संबन्ध में जागरूक किये जाने के संबन्ध में उचित दिशा निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त समस्त बीपीओ से उनके क्षेत्रान्तर्गत हिस्ट्रीशीटरों के निगरानी के संबन्ध में पूछ-तॉछ किया गया।

# कुष्ठ एवं टीबी रोगियों के बीच कंबल और अन्य सामग्री वितरित



अवधनामा ब्यूरो

■ सीएमओ ने रोगियों का किया उत्साहवर्धन, बीमारी के प्रति किया सचेत

**कुशीनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फाजिलनगर पर शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश पटारिया ने कुष्ठ और टीबी रोगियों के बीच कंबल और अन्य सामग्री वितरित किया। साथ ही दोनों प्रकार के रोगियों को सलाह दी कि वह लोग अपने रोग के प्रति सचेत रहें। समय समय पर जांच कराकर उपचार लेते रहें। टीबी रोगी नियमित दवा और पौष्टिक आहार लेते रहें। सीएमओ ने कुष्ठ और टीबी रोगियों को कंबल, टोपी, फल और मिष्ठान दिया साथ ही कुष्ठ रोगियों को एमसीआर चप्पल वितरित किया। वहीं पर कुष्ठ तथा टीबी रोग के लक्षण, जांच और उपचार के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने टीबी रोगियों से कहा कि वह पौष्टिक आहार तथा नियमित दवा लेते रहे। चिकित्सक की सलाह लिए बिना अपने मन से दवा बंद न करें। टीबी और कुष्ठ के लक्षण दिखे तो जांच जरूर कराएं। कुष्ठ और टीबी रोगियों के बीच की गई सामग्री को कुष्ठ विभाग के एनएमएस रमेश प्रसाद त्रिपाठी ने उपलब्ध कराई थी। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि कुष्ठ एक संक्रामक रोग है जो कि माइकोबैक्टेरियम लेप्री नामक जीवाणु से फैलता है। अगर समय पर कुष्ठ रोग का पता चल जाए तो व्यक्ति दीर्घकालीन दिव्यांगता से बच सकता है। कुष्ठ संक्रमित मरीज द्वारा यह रोग फैलता है और का इलाज सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क किया जाता है।

### डीएम ने की डीसीसी एवं डीएलआरसी की त्रैमासिक बैठक

# ऋण जमानुपात कम पाए जाने पर जताई नाराजगी, दिए दिशा-निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की सितम्बर-2023 की त्रैमासिक बैठक विकास भवन के गाँधी सभागार में आयोजित की गयी। इस बैठक में जनपद का ऋण जमानुपात बढ़ाने एवं शासकीय योजनाओं की प्रगति की बैंकवार समीक्षा की गयी। सितम्बर-2023 तिमाही में जनपद का ऋण जमानुपात रेसियों 38.31 प्रतिशत था। जो कि भारतीय रिजर्व बैंक की लीड बैंक योजनान्तर्गत लक्ष्य 40 प्रतिशत से काफी कम है जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की एवं 60 प्रतिशत ऋण जमानुपात के लक्ष्य के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। जनपद के लगभग सभी प्रमुख बैंकों का ऋण जमानुपात के विवरण में बताया गया कि सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया 21.12 प्रतिशत, पंजाब नेशनल बैंक 25.04 प्रतिशत, इण्डियन बैंक 27.22 प्रतिशत, बैंक ऑफ इण्डिया 30.86 प्रतिशत, भारतीय स्टेट बैंक 34.56 प्रतिशत, बड़ौदा यू.पी. बैंक 35.59 प्रतिशत, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया 31.40 प्रतिशत, केनरा बैंक 38.76 प्रतिशत ऋण जमानुपात है। इस सम्बन्ध में अध्यक्ष जिलाधिकारी द्वारा सभी बैंकों को मानिटेबल ऐक्शन प्लान के अनुसार ऋण जमानुपात के त्रैमासिक लक्ष्यों को प्राप्त कर मार्च 2024 तक ऋण जमानुपात रेसियो के 40 प्रतिशत के लक्ष्य को प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। कृषि, उद्योगो एवं अन्य प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों में ऋण को बढ़ावा देकर जनपद के ऋण जमानुपात रेसियो को 40 प्रतिशत का लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश जारी किया गया है। बैठक में सभी शासकीय योजनाओं स्वयं सहायता समूहों, किसान क्रेडिट कार्ड, व्यवसाय ऋणों एवं पीएम स्वनिधि हेतु जिन बैंकों में ऋण पत्रावलियों काफी दिनों से स्वीकृत एवं वितरण के लिए लम्बित है उन बैंकों के शाखा प्रबन्धक एवं जिला समन्वयक के विरूद्ध जिलाधिकारी ने उनके राज्य नियंत्रक कार्यालय को पत्र भेजने हेतु निर्देशित किया। वार्षिक ऋण योजना में सितम्बर 2023 त्रैमास की उपलब्धि 50.02 प्रतिशत रही, परन्तु सबसे बड़े क्षेत्र कृषि की उपलब्धि मात्र 18.96 प्रतिशत रहीं जो कि काफी असंतोषजनक है। जिस पर अध्यक्ष जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की एवं सभी बैंकों को कृषि विभाग, मस्त्य विभाग, पशुपालन विभाग से समन्वय स्थापित कर कृषि क्षेत्र में तय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रतिमाह एक मेगा ऋण शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया।

# नगर भ्रमण, फुलवारी प्रसंग सुन भाव विभोर हुए भक्त

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** जंगल भ्रमण के दौरान जनकपुर में आयोजित धनुष यज्ञ में शामिल होने के लिए गुरु विश्वामित्र के साथ जब प्रभु श्रीराम व भ्राता लक्ष्मण जनकपुरी पहुंचे तो उनकी मनोहारी छवि देख सभी आश्चर्यचकित रह गए। विश्वनाथ मन्दिर के 32वें स्थापना दिवस के मौके पर श्रीरामलीला पार्क सेक्टर-ए सीतापुर रोड योजना कालोनी में चल रहे मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम कथा के पांचवें दिन शुक्रवार को कथा व्यास आचार्य गोविंद मिश्रा ने नगर भ्रमण, फुलवारी प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि जिस समय प्रभु श्रीराम पुष्प लेने के लिये पुष्प वाटिका में पहुंचे उसी समय माता सुनैना की आज्ञा पाकर मैया सीता भी गौरी का पूजन करने के लिये वहां पधारी। गौरी का पूजन करके मैया सीता श्रीराम को ही अपने पति के रूप में प्राप्त करने की इच्छा मां से प्रकट करती हैं। फुलवारी की कथा प्रेम और संस्कृति की कथा है। संकट के समय प्रभु श्रीराम के स्मरण मात्र से मनुष्य के सारे संकट पलक झपकते दूर हो जाते है। नगर भ्रमण का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने कहा कि भगवान राम और लक्ष्मण परब्रह्म है यह सोचकर सखियों ने राम और लक्ष्मण के ऊपर पुष्पवर्षा कर आदर पूर्वक परस्पर एक-दूसरे से उनकी चर्चा भी की। फिर भी भगवान राम ने छतों पर खड़े होकर निहार रही मिथिला की नारियों की ओर नहीं देखा। यदि आज के युवा श्रीराम कथा के इस प्रसंग से अपने जीवन में भी चरित्रवान बनने का संकल्प लेते तो हमारे देश में बेटियों पर हो रहे अत्याचार, दुष्कर्म जैसी घटनाओं पर नियंत्रण लग जाता।

# भगवान श्रीराम सनातन संस्कृति के आधार और युवाओं के है प्रेरणास्रोतः मनीष जायसवाल

### माता सातों बहिनियाँ मंदिर समिति के तत्वावधान में आयोजित रामलीला मंचन

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** माता सातों बहिनियाँ मंदिर समिति के तत्वावधान मे पडरौना नगर के मोदनसेन नगर वार्ड आयोजित अयोध्या रामलीला मंचन का उद्घाटन नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल बुलबुल ने फीता काटकर किया। श्री लक्ष्मी नारायण रामलीला मण्डल द्वारा मंचन से पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का श्रीगणेश किया।

उन्होंने कहा कि कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम भारतीय सनातन संस्कृति के आधार और युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि कलाकारों द्वारा मंचन के माध्यम से प्रस्तुति कर भगवान श्रीराम के जीवन को जन जन तक आसानी से पहुंचाया जाना भी भगवान के प्रति सच्ची भक्ति का एक मार्ग है। भगवान श्रीराम हम सभी के कण कण में बसते हैं साथ ही उन्होंने आगामी 22 जनवरी को श्री अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर के उद्घटान पर सभी को अपने अपने घरों पर दीप जलाते हुए उत्सव को भव्य रूप से मनाने का आह्वान भी किया। अध्यक्ष प्रतिनिधि ने कलाकारों से परिचय प्राप्त करने के उपरांत अंग वस्त्र भेटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंदिर समिति के कृष्णा पटेल, सभासद सौरभ सिंह, अशोक गोंड, कन्हैया गोंड, राकेश चौधरी, मनीष पाठक, राजन रावत, पुनीत गुप्ता, मुरारी चौहान पवन जायसवाल अनुप गौड़ राजेश जायसवाल संतोष सिंह मंथन सिंह भगत यादव के अलावा सैंकड़ों की संख्या में श्रोतागण व भक्तजन उपस्थित रहे।

# भोर भई तोरी राह ताकत...

अवधनामा संवाददाता



■ सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल लखनऊ का 8वां स्थापना दिवस मना

**लखनऊ।** 8वां स्थापना दिवस समारोह 'सतत विकास लक्ष्य - हमारी पृथ्वी, हमारी धरोहर' विषय पर केंद्रित सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल, लखनऊ में आयोजित हुआ। इस अवसर के विशिष्ट मुख्य अतिथि श्री विनीत पंछी, एक प्रसिद्ध वक्ता (प्रौद्योगिकी, मनोरंजन, डिज़ाइन), संचार सलाहकार और फिल्म निर्माता थे। इस कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन के सदस्य, गणमान्य व्यक्ति और अभिभावक उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद प्रार्थना नृत्य - शिवोहम, पूर्णता के साथ एकता पर जोर दिया गया। विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती पूनम कोचिट्टी ने औपचारिक रूप से सम्मानित अतिथियों का स्वागत किया और विद्यालय, छात्रों तथा कर्मचारियों की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि विनीत पंछी ने जोखिम लेने वाले और दूसरों की भलाई में योगदान देने वाले नायकों के महत्व को बताते हुए छात्रों को अपने रोल मॉडल के रूप में विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने समीचीन प्रभाव डालने के लिए निडरता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला और पूरी प्रक्रिया के दौरान सच्चे बने रहने के महत्व पर जोर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहक भारतीय शास्त्रीय प्रस्तुति, भोर भई तोरी राह ताकत का प्रदर्शन किया गया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आईटी प्रदर्शन, जयपुरियन टेक्नोफाइल्स में सूचना प्रौद्योगिकी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, संवर्धित वास्तविकता, गेमिफिकेशन, रोबोटिक्स और कोडिंग में छात्रों की परियोजनाओं पर प्रकाश डाला गया। 100 से अधिक उत्साही गायकों की विशेषता वाले एक आकर्षक संगीत प्रदर्शन, हाई होप्स ने नृत्य और रचनात्मक अभिव्यक्ति के सहज मिश्रण से दर्शकों का मन मोह लिया। नाटक, कुपित याज्ञ सैनी ने एक शक्तिशाली संदेश दिया,जो कि महिलाओं को खुद को मुखर करने और जो न्यायसंगत है उसका समर्थन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## गणित के क्षेत्र में श्री रामानुजन का योगदान अविस्मरणीय

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भारत में ऐसे कई महान गणितज्ञ हुए जिन्होंने न केवल भारतीय गणित के स्वरूप को बदलने में अनमोल योगदान दिया बल्कि विश्वभर में अत्यधिक लोकप्रियता भी हासिल की। उक्त बातें रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज तेतरी बाजार में श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राम केवल शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि ब्रह्मगुप्त, आर्यभट्ट तथा श्रीनिवास रामानुजन जैसे विश्व विख्यात गणितज्ञों को कौन नहीं जानता, जिन्होंने भारत में गणित के विभिन्न सूत्रों, प्रमेयों और सिद्धांतों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 22 दिसम्बर को राष्ट्रीय गणित दिवस महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को सम्मान देने के उद्देश्य से उनकी स्मृति में उनके जन्म दिवस पर मनाया जाता है। श्री रामानुजन गणितीय विश्लेषण, अनंत श्रृंखला, संख्या सिद्धांत तथा निरंतर भिन्न अंशों के लिए आश्चर्य जनक योगदान दिया और उनके समीकरण व सूत्र भी पेश किए। वे ऐसे विश्वविख्यात गणितज्ञ थे जो विभिन्न क्षेत्रों और विषय गणित की शाखाओं में अविस्मरणीय योगदान दिया और जिनके प्रयासों तथा योगदान ने गणित को एक नया अर्थ दिया। उनके द्वारा की गई खोज रामानुजन थीटा तथा रामानुजन प्राइम ने इस विषय पर आगे के शोध और विकास के लिए दुनिया भर के शोधकर्ताओं को प्रेरित किया। विद्यालय के भैया श्लोक चन्द्र शुक्ल व उप प्रधानाचार्य श्री निमिष शुक्ल ने भी श्रीनिवास रामानुजन के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी असाधारण प्रतिभा ने पिछली सदी के दूसरे दशक में गणित की दुनिया को एक नया आयाम दिया। उक्त अवसर पर भैया बहनों समेत समस्त आचार्य बंधुओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## 800 बच्चों ने छात्र श्रृंखला बनाई

**कानपुर।** 21 दिसंबर से 28 दिसंबर तक पूरी दुनिया में गुरुगोबिंद सिंह के चार साहिबजादों बाबा अजीत सिंह बाबा जुझार सिंह बाबा जोरावार सिंह बाबा फ़तेह सिंह के बलिदान को याद करके मनाया जाता है गुरुज़िन्दर सिँह ने बताया कि आज गुरुनानक इंटर कालेज लाटूश रोड के 800 छात्राओं ने छात्र श्रृंखला बना के साहबजादो को नमन किया। गुरुज़िन्दर सिँह व प्रधानाचार्या के नेरतत्त्व में छात्रों ने हाथों में तख्तीयां जिसमे साडा मान साडा अभिमान चार साहिबजादे लिखा था ले कर सभी को साहबजादो की शहादत से अवगत कराया। गुरुज़िन्दर सिंह ने बताया कि गुरुगोबिंद सिंह ने देश व कौम तथा मानवता कि रक्षा हेतु अपना सरबन्स दान कर दिया।

# राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत संवेदीकरण हुई कार्यशाला

अवधनामा संवाददाता

**कानपुर।** पूरे देश को वर्ष 2025 तक टीबी (क्षय) मुक्त करने की दिशा में सरकार की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत शुक्रवार को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएम), कानपुर और हार्टकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एचबीटीयू) में स्वास्थ्य विभाग ने टीबी पर एक संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया। इसका आयोजन जिलाधिकारी विशाख जी के निर्देशन व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आलोक रंजन के नेतृत्व में किया गया। एचबीटीयू के सहयोग से वहां उपस्थित कुल 10 क्षयरोगियों को जिला क्षयरोग अधिकारी द्वारा पोषण पोटली भी वितरित की गयी। इस दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी(डीटीओ) डॉ आरपी मिश्रा , उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश्वर सिंह व जिला कार्यक्रम समन्वयक (डीपीसी) राजीव सक्सेना ने विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को टीबी मुक्त भारत अभियान में सहयोग करने का आग्रह किया। सीएसजेएम के निदेशक डॉ प्रशांत मिश्रा व एचबीटीयू के कुलपति प्रो. शमशेर ने आश्वस्त किया कि वह टीबी के खिलाफ जंग में जनपद प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के साथ हैं। सभी विद्यार्थी समुदाय में लोगों को टीबी रोग के प्रति जागरूक करेंगे। डीटीओ डॉ आरपी मिश्रा ने उपस्थित छात्र-छात्राओं से कहा आप युवा हैं और क्षय रोग उन्मूलन में आप अहम भूमिका निभा सकते हैं। आप लोगों को इस बीमारी के लक्षणों के बारे में बताएं, यदि कोई संभावित मरीज आपके संज्ञान में है अथवा आये तो उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराने के लिए प्रेरित करें। स्वास्थ्य केन्द्रों पर टीबी की जाँच और इलाज उपलब्ध है। डॉट सेंटर्स और डॉट प्रोवाइडर्स के माध्यम से दवा लोगों को घर के पास या घर पर ही उपलब्ध कराई जाती है। इन सभी संदेशों को आप आगे ले जाएँ और अपने शहर कानपुर को क्षय रोग से मुक्ति दिलाने में अहम योगदान दें।÷ उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की ग्लोबल टीबी रिपोर्ट 2023 का हवाला देते हुए कहा कि वर्ष 2022 में टीबी से होने वाली मौतें भी घटी हैं। इस दौरान दुनिया के 27 फीसदी टीबी मरीज भारत में पाए गए हैं। यह आंकड़े बताते हैं कि देश-प्रदेश में टीबी मरीजों को चिन्हित करने का काम तेज हुआ है। उप जिला क्षयरोग अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त भारत बनाने के लिए विशेष अभियान चलाये जा रहे हैं। टीबी यानि क्षय रोग जिसका मतलब होता है शरीर का क्षय होना । टीबी माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस बैक्टीरिया के कारण होता है । यह संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने से निकलने वाले ड्रापलेट्स से सांस के जरिये फैलता है।

## किसान दिवस पर आज होंगे विविध कार्यक्रम

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** पूर्व प्रधान मंत्री स्व चौधरी चरण सिंह का जन्म दिवस 23 दिसम्बर को किसान दिवस के रूप में मनाया जायेगा।किसान दिवस पर प्रगतिशील किसानों के सम्मान के साथ मिनेट्स कार्यशाला और रबी उत्पादकता गोष्ठी भी आयोजित की जाएगी। सभी कार्यक्रम जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज में रखे गए हैं। उप कृषि निदेशक डॉ लाल बहादुर यादव ने बताया कि रबी 2022 और खरीफ-2023 में संसूचित फसलों का उत्कृष्ट उत्पादन करने वाले किसानों को सम्मानित किया जाएगा। किसान दिवस के सफल आयोजन के लिए मुख्य विकास अधिकारी की ओर से सभी विभागों को दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। वहीं साधना फाउंडेशन की ओर से नगर में कृषक गोष्ठी और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। फाउंडेशन की सचिव साधना त्रिपाठी ने बताया की किसान दिवस पर उन्नति कृषि के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान निभाने वाले किसान सम्मानित किए जायेंगे।

## ईवीएम वीवीपैट वेयरहाउस का डीएम ने किया निरीक्षण

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने शुक्रवार को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया। उन्होंने गोदामों में रखी बीयू सीयू तथा वीवीपैट के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरा को भी देखा तथा गोदाम में लगी सिक्योरिटी को 24 घंटे तैनात रहने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गैर चुनाव अवधि के दौरान वेयरहाउस में ईवीएम एवं वीवीपैट के सुरक्षित भंडारण एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण के निर्देश दिए गए थे। जिसके क्रम में आज वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस में साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता राजनैतिक दलों के पदाधिकारी व निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

## पुलिस ने किया चोरी का खुलासा

**मुंशीगंज अवधनामा संवाददाता।** अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को उपनिरीक्षक सर्वेश कुमार सिंह थाना मुंशीगंज मय हमराह को चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि श्रीपुर गांव से चोरी हुआ इंजन कुछ लोग डारीडीहा जाने वाले रास्ते में छिपा कर रखे थे जो आटो पर लादकर कहीं ले जा रहे है उक्त सूचना पर कार्यवाही करते हुये कनकसिंहपुर जंगल से चौबेपुर रोड पर डारीडीहा की तरफ से आ रहे आटो संख्या यूपी 36 टी 1349 को रोककर चालक से पूछताछ की गयी। पूछताछ में आटो चालक ने अपना नाम रमेश गुप्ता उर्फ राजू पुत्र राम नरेश निवासी ग्राम श्रीपुर मजरे सोराव थाना मुंशीगंज व साथ में बैठे दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम संजय कुमार पुत्र सीताराम कोरी बताया। आटो पर लदे हुए इंजन के संबंध में पूछताछ करने पर दोनों व्यक्तियों ने बताया कि यह इंजन चोरी का है जिसे बुधवार की रात्रि को हम दोनों लोगों ने श्रीपुर जलामा गांव से चोरी से खोलकर इसी जंगल में छुपा दिया था

# सीडीओ ने भूमि संरक्षण अधिकारी देवरिया द्वारा कराये जा रहे कार्यों का किया औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने भूमि संरक्षण अधिकारी देवरिया द्वारा कराये जा रहे कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भूमि संरक्षण अधिकारी संतोष कुमार मौर्य को निर्देशित किया कि चलायी जा रही समस्त योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये जिससे कि कृषक इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठा सके, साथ ही यह भी निर्देश दिया कि कराये जा रहे कार्यों का प्रभावी अनुश्रवण समय-समय पर होता रहे साथ ही योजना के प्रगति की जानकारी समय-समय पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें

इस दौरान भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा बताया गया कि डब्लू0डी0सी0-पी0एम0के0एस0वाई0-2.0 योजना में कुल 05 माइक्रोवाटरशेड में 57 राजस्व ग्राम एवं 49 ग्राम पंचायतों का कुल 4700 हेक्टेयर क्षेत्रफल चयनित है, जिसका प्रति हेक्टेयर 22000/- प्रस्तावित है। इस योजना के अन्तर्गत माइक्रोवाटरशेड के ग्राम कौला मुण्डेरा का निरीक्षण किया, जिसमें कुल 04 ड्रॉप स्पिलवे बना पाया गया जिसका अनुमानित लागत 16.12 लाख है, मौक पर पेंटिंग का कार्य कराया जा रहा था। कार्य प्रथम दृष्टया उपयोगी पाया गया, साथ ही ग्रामवासियों द्वारा भी बताया गया कि गाँव की उपरी उपयोगी और उपजाऊ मिट्टी बह जाया करती थी जो अब रुकगी और कटान कम होगा। मुख्य विकास अधिकारी ने भूमि संरक्षण अधिकारी को निर्देशित किया कि संरचना की गुणवत्ता बनाये रखने हेतु साईड में मिट्टी का भराव कराया जाय और जो मिट्टी संरचना के इधर-उधर बिखरी हुई है उसको साईड में संरक्षित किया जाये। मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम सिरवनिया में माइक्रोवाटरशेड का निरीक्षण किया, जिसमें कुल 03 अवरोध बांध बना पाया गया, जिसका अनुमानित लागत 3.72 लाख है। कार्य प्रथम दृष्टया उपयोगी पाया गया, यह कार्य बंजर भूमि पर कराया गया है। मौके पर देखने से यह प्रतीत होता है कि पानी का ठहराव होगा जिससे कि भूमि की उर्वरा शक्ति में वृद्धि की संभावना है साथ ही भूगर्भ जल में वृद्धि होगी। उन्होंने भूमि संरक्षण अधिकारी को निर्देशित किया कि अवरोध बाँध के लोवर साईड में वानस्पतिक आच्छादन अवश्य कराया जाये जिससे कि संरचना का स्थायित्व बना रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम / परियोजना सवरेजीमनी (केसरपुर) का औचक निरीक्षण किया। भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के घटक खेत तालाब योजना में कुल 09 तालाबों के लक्ष्य के सापेक्ष 4.725 लाख का वित्तीय लक्ष्य निर्धारित है। लाभार्थी कृषक सुरेश शर्मा पुत्र राजा, खसरा संख्या 05 में तालाब का निर्माण कराया गया है।

# डीएम ने विभिन्न क्षेत्रों में गरीब असहाय लोगों को कम्बल किया वितरण

अवधनामा संवाददाता



**कानपुर।** जिलाधिकारी विशाख द्वारा देर रात शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गरीब असहाय जरूरतमंद लोगो को कंबल विरतण किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा पड़ रही अत्यधिकारी ठंड के दृष्टिगत ठंड के प्रकोप से बचाव के लिए शहर के विभिन्न क्षेत्र- श्याम नगर पुल के नीचे,नौबस्ता चौराहा, संजय वन किदवई नगर,किदवई नगर साइड नंबर वन, किदवई नगर मार्बल मार्केट आदि क्षेत्रों में असहाय गरीब लोगो को कम्बल वितरण करते हुए। उन्हें पास के रैन बसेरो में भेजा गया। निरीक्षण के दौरान नगर निगम द्वारा चिन्हित शहर केअलाव के स्थानों का निरीक्षण जिलाधिकारी द्वारा किया गया । निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जी0एन0, अपर जिलाधिकारी (नगर) राजेश कुमार, तहसीलदार सदर रितेश कुमार सिंह,सिविल डिफेंस चीफ वार्डेन रोहित मल्होत्रा समेत अन्य सिविल डिफेन्स के वार्डेन उपस्थित रहे।

## डंपरों की आमने-सामने की जोरदार भिंड़त

**कानपुर अवधनामा संवाददाता।** कोहरा धीरे-धीरे अपना असर दिखा रहा है और रोड पर चलने वालों वाहनों के लिए अब यह घातक होता जायेगा। थाना बिधनू क्षेत्रान्तर्गत शुक्रवार की सुबह एक मार्ग दुघर्टना में दो डंफर की आमने-सामने की हुई जोरदार टक्कर में डंफर चालक बुरी तरह घायल हो गया, जिसे काफी मशक्कत के बाद डंफर से निकाला जा सका, जिसके बाद उसे सीएचसी पहुंचा गया, जहां से उसे हैलट रिफर कर दिया गया, वहीं क्लीनर का प्राथमिक उपचार यिका गया। जानकारी के अनुसार थाना बिधनू क्षेत्र के कठारा गांव निवासी रमेश सैनी का पुत्र डफंर चालक है। रमेश ने बताया कि षुक्रवार को वह अपने साथी तरगांव निवासी रामचंद्र के साथ डंफर लेकर हमीरपुर की ओर से कानपुर की ओर जा रहा था। बताया कि जैसे वह जहागीराबा बाद स्थित पावर हांउस के पास पहुंचे वहां सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार डंफर से उसकी आमने-सामने की जोरदार भिडंत हो गयी, जिसमें चालक व क्लीनर दोनो ही घायल हो गये।

## पर्यावरण अभियान चला

**कानपुर।** भारतीय सेना की 137 सी ई टी एफ टी ए बटालियन 39 गोरखा राइफल गंगा टास्क फोर्स ने बिनगांव सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, कानपुर नगर मे पौधारोपण करके चलाया पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री प्रभात सिंह प्लांट इंचार्ज बिनगांव एवं प्लांट के कर्मचारी उपस्थित रहे। गंगा टास्क फोर्स के कमान अधिकारी कर्नल अरविंद प्रसाद एस और कानपुर स्थित कंपनी कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल अनूप कुमार ओझा के दिशा निर्देश पर विगत 5 सालों से गंगा स्वच्छता अभियान,पौधा रोपण, घाटों की गश्त, जागरूकता अभियान निरंतर कर रही है।

# सेंटमेरी में क्रिसमस उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

वहाज अली निहाल



**इटावा।** प्रभु यीशु ने दुनियां को प्रेम, शान्ति एवं दया का सन्देश दिया है, हमें उनके जीवन दर्शन से प्रेरणा लेनी चाहिए। हम भी उनके बताए आदर्शों पर चलें तो लोग हमारा भी अनुसरण करेंगे।

यह उद्गार व्यक्त करते हुए सेंटमेरी इन्टर कालेज में आयोजित क्रिसमस उत्सव समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे सम्मानीय थॉमस पडियाथ ऑक्सिलियरी बिशप इटावा राजस्थान रीजन ने सभी को क्रिसमस पर्व और नव वर्ष की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि प्रभु यीशु ने सभी से दया, ममता और प्रेम करने का सन्देश दिया है, और सभी धर्मों से भी हमें यही सीख मिलती है, हमें सभी का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेंटमेरी कालेज के शिक्षकों के समर्पण, छात्रों के कमिटमेंट और अभिभावकों के सहयोग व समर्थन से मरियन हमेशा से ही एक्सीलेंट रहे हैं। उन्होंने सेंटमेरी के बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की भूरि भूरि प्रशंसा की। क्रिसमस समारोह की शुरूआत प्राइमरी के बच्चों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना नृत्य से हुई। कालेज की वाइस कैप्टेन अनवी वाजपेई ने वेलकम स्पीच दी, तत्पश्चात बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य नाटिका ने प्रभु यीशु के जन्म पर आधारित कहानी का सजीव चित्रण किया। केजी 2 बी के छात्र शिखर चौधरी की स्पीच ने सभी का मनमोह लिया। आकर्षक वेश भूषा में सजे केजी के लिटिल सैंटा ने जिंगम वेल जिंगम वेल जिंगम आल द वेल पर एक्शन से भरपूर ग्रुप डांस को सभी ने खूब सराहा। छात्र प्रशांत द्वारा की गई स्टैंडअप कॉमेडी ने सबको खूब हसाया। इसी बीच सजे धजे छोटे बड़े सैंटा की धमाकेदार इंट्री के साथ सैंटा क्लॉज ने हाथ हिलाकर मंच पर आकर सभी का अभिवादन करते हुए समूह नृत्य प्रस्तुत कर सभी को क्रिसमस की बधाई दी। सैंटा क्लॉज ने लकी विनर बच्चों को क्रिसमस गिफ्ट दिए। इसी क्रम में चुने गए भाग्यशाली शिक्षकों और अन्य स्कूली कर्मचारियों को भी सैंटा ने पुरस्कार दिए। सेंटमेरी के सीनियर बच्चों द्वारा प्रस्तुत प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन झूमो नाचो खुशी से आज यीशु पैदा हुआ है पर आधारित नाटिका के सजीव चित्रण ने सभी की वाहवाही बटोरी। सीनियर बच्चों के धमाकेदार ग्रुप डांस पर सभी थिरक उठे। सेंटमेरी के प्रांगण में लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी का मुख्य अतिथि ने निरीक्षण किया और और बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल्स की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने क्रिसमस ट्री व स्टार प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि थॉमस पडियाथ को प्रिंसिपल फादर जोबी जोसेफ, मैनेजर फादर बिंसन, वाइस प्रिंसिपल फादर बिबिन, सिस्टर जोशमिन व हेड मिस्ट्रेस सिस्टर नवीना ने प्रतीक चिन्ह व बुके देकर सम्मानित किया। सेंटमेरी के प्रिंसिपल फादर जोबी जोसेफ ने सभी को मेहनत, लगन के साथ अपना काम करने व प्रेम और भाईचारे के साथ मिलकर रहने का सन्देश देते हुए क्रिसमस पर्व और नव वर्ष की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। क्रिसमस समारोह की खूबसूरत एंकरिंग सौहार्द, स्तुति और तपस्या ने की। अन्त में जूनियर हाउस कैप्टन अहाना राज अवस्थी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। सभी कक्षाओं में बच्ची को चाकलेट वितरित की गई। सेंटमेरी परिवार के सराहनीय योगदान से क्रिसमस का पावन पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

# मथुरा में टू व्हीलर टैक्सी का किया विस्तार

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** श्रद्धालुओं को टू व्हीलर टैक्सी की प्रथम सेवा देने वाले दीक्षित गाड़ी वाले ने आज उमा मोटर्स के निर्देशक पवन चतुर्वेदी व ब्रिज हीरो के निर्देशक विजय चतुर्वेदी के सराहनीय सहयोग अपनी सेवा का विस्तार करते हुए ब्रज हीरो मथुरा से पांच गाड़ी हीरो डेस्टिनी स्कूटी अपनी में शामिल की जिससे मथुरा में आने वाले श्रद्धालुओं को टू व्हीलर टैक्सी का लाभ मिले और कम समय में ज्यादा से ज्यादा मंदिर के दर्शन कर सकें। टू व्हीलर टैक्सी का शुभारंभ दीक्षित गाड़ी वाले के द्वारा में नवंबर मन में प्रथम बार किया गया है अब इसका विस्तार करते हुए निदेशक नरेंद्र दीक्षित ने बताया हमारे द्वारा प्रयास करने के बाद टू व्हीलर टैक्सी का शुभारंभ किया गया है टैक्सी का विस्तार करते हुए का आज नई पांच गाड़ी शामिल की गई है जिससे आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं को इसका अधिक से अधिक लाभ मिल सके ! बृज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने कहा मथुरा में अचानक कोरोना काल के बाद श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ जाने से हर जगह जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है लगातार प्रयास करने के बाद परिवहन विभाग मथुरा के सहयोग से टू व्हीलर टैक्सी का शुभारंभ किया गया है और लगातार इसका विस्तार समय-समय पर किया जाएगा जिससे मथुराा में आने वाले श्रद्धालुओं को कम समय में पूरे बृज के दर्शन करवाए जा सके । टू व्हीलर टैक्सी बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज के सामने दीक्षित टावर से मिलेगी ! इस अवसर पर मुन्नीलाल दीक्षित, रिंकी दीक्षित, पार्थ चतुर्वेदी, शिवम दीक्षित, कुशाग दीक्षित, निवेशका दीक्षित, आदि उपस्थित रहे।

## आसमान में छाई रही बदली, ठंड का असर बढ़ा

**बांदा।** दिसंबर माह के दूसरे पखवारे में ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। शाम होते ही लोग ठिठुर रहे हैं। शुक्रवार की भोर से ही आसमान पर बदली छाई होने के कारण पूरा दिन धूप नहीं निकली। इसकी वजह से ठंड का असर बढ़ गया। पिछले चौबीस घंटों में ठंड की चपेट में आने पर छह लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। दिसंबर माह में बढ़ी ठंड ने लोगों को बीमार बनाना शुरू कर दिया है। ठंड की चपेट में आने से राजकुमार (7) पन्नाह मरका, पूनम (23) कांशीराम कालोनी, मंजू (16) चटचटगन देहात कोतवाली, रंजीत (65) मवई, भानू देवी (60) कटरा, अनिल (30) शांति नगर को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया, वहां उनका उपचार किया जा रहा है। शुक्रवार को भोर से ही आसमान में बदली छाई रही। ठंडी हवाओं के झोंके भी चलते रहे। ऐसे में मौसम का मिजाज पूरी तरह से ठंड हो गया। शाम होते ही लोगों को ठंड का एहसास हुआ। ऐसे में लोगों ने खुद को गर्म कपड़ों से ढक लिया। चिकित्सकों का कहना है कि दिसंबर माह के दूसरे पखवारे में बढ़ रही ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े जरूर पहनें।

# इटावा नुमाइश में अखिल भारतीय मुशायर आज

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी पंडाल में अखिल भारतीय मुशायरे का शानदार आयोजन आज 23 दिसम्बर दिन शनिवार को रात्रि 7 बजे से किया जाएगा।

अखिल भारतीय मुशायरे के संयोजक एवं सदस्य प्रदर्शनी समिति सईद नक़वी व सह संयोजक प्रधानाचार्य इस्लामियां कालेज गुफरान अहमद की देखरेख में मुशायरा कमेटी की बैठक इस्लामिया इंटर कालेज में हुई, बैठक में संयोजक ने बताया कि मुशायरे की तैयारियां पूर्ण हो गई है। मुशायरे का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अवनीश राय शमा रोशन करके करेंगे। अखिल भारतीय मुशायरे में मंजर भोपाली, ताहिर फ़राज़, जौहर कानपुरी, मासूम गाजियाबादी, अल्तमश अब्बास, विजय तिवारी, जीरो बान्दवी, मुनव्वर जाफ़री पपलू, नायाब बलयाबी, असद नसीराबादी, शायरा शबीना अदीब, मुमताज़ नसीम, अना देहलवी अपनी शायरी के जलवे दिखाएंगी। बैठक में स्वागत कमेटी में सदस्य दानिश मिर्जा, इफ्तिखार मिर्जा, तनवीर अंसारी, रौनक इटावी, आरिफ सिद्दीकी नूर, डा.शमसुद्दीन शम्स, नदीम एड., शावेज़ नक़वी, राहत हुसैन रिज़्वी, वैभव यादव ने भाग लिया। संयोजक एवं सदस्य प्रदर्शनी समिति सईद नक़वी व सह संयोजक प्रधानाचार्य इस्लामियां कालेज गुफरान अहमद ने जनता से मुशायरे में शिरकत कर कामयाब बनाने की अपील की है।

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर: सुशीला हॉस्पिटल में 75 मरीज ने कराया पंजीकरण

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** सुशीला हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर रेलवे स्टेशन रोड पर शुक्रवार को एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन डॉ. डीके सिंह की पूज्य माताजी स्वर्गीय श्रीमती सुशीला देवी की आठवीं पुण्यतिथि के अवसर पर किया गया। शिविर का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के आई एम ए अध्यक्ष डॉ.एम एम पालीवाल तथा आई एम ए इटावा के अध्यक्ष डॉक्टर एस सी गुप्ता ने किया। डॉक्टर ममता सिंह तथा डॉक्टर डीके सिंह ने आई एम ए के प्रदेश अध्यक्ष तथा आई एम ए इटावा के जिला अध्यक्ष डॉक्टर एस सी गुप्ता को बुके देकर उनका स्वागत व सम्मान किया। डॉ.ममता सिंह ने बताया कि इस चिकित्सा शिविर में विभिन्न रोगों से पीड़ित महिलाओं का निश्शुल्क परामर्श जांच तथा निश्शुल्क औषधि का वितरण किया गया। इस निश्शुल्क चिकित्सा से में करीब 75 मरीज ने अपना पंजीकरण कराया है। आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डॉ एम एम पालीवाल ने कहा कि सभी आईएमए के सदस्य इस तरह के निश्शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन समय-समय पर करते रहेद्य जिससे की प्रदेश की जनता लाभान्वित हो सके।

# धान ट्रक में लोड कर बेचने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** थाना जमुनापार पुलिस द्वारा राया मण्डी से 370 बोरी धान ट्रक में लोड कर अन्य जगह बेचने वाला शातिर अपराधी किया गिरफ्तार, कब्जे से एक केन्ट्रा ट्रक, 2.50 लाख रू0 नगदी, 100 बोरी धान व एक अवैध तमंचा .315 बोर मय 02 अदद जिन्दा कारतूस .315 बरामद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार जनपद मे वांछित अभियुक्तगण के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व अपर पुलिस अधीक्षक अपराध के दिशा निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना जमुनापार के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 सत्यवीर सिंह थाना जमुनापार मय टीम द्वारा मुखविर की सूचना पर 22 दिसंबर को थाना हाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 420/2023 धारा 420/467/468/471/406/41 1/120बी भादवि थाना जमुनापार मथुरा से सम्बन्धित अभियुक्त सोनू उर्फ रणजीत पुत्र दिगम्बर उम्र करीब 36 वर्ष मू0 नि0 पचावरी थाना सादाबाद हाथरस हाल नि0-बैकुण्ठ धाम सोख रोड थाना हाइवे मथुरा को एक केन्ट्रा ट्रक में 100 बोरी धान, 2,50,000/- रूपये व दो फर्जी नम्बर प्लेट व एक अवैध तमंचा .315 बोर मय दो जिन्दा कारतूस .315 बोर के साथ वल्देव - लक्ष्मी नगर रोड पर पशु पैठ के पास खाली पडी पेट्रोल पम्प थाना जमुनापार से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर जेल भेजा गया ।

पुलिस के अनुसार घटना का संक्षिप्त विवरण मुकदमा वादी द्वारा थाना हाजा पर श्री बंशी बाबा ट्रान्सपोर्ट एण्ड कमीशन एजेन्ट गोकुल बैराज मथुरा से क्क81श्वज्ञ5556 31 अक्टूबर को राया मण्डी से धान लोड करके जातिन राइस मिल घरोडा (पानीपत) के लिए रवाना होने किन्तु 02 नवंबर तक घरोडा मिल तक नही पंहुचने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 420/23 धारा 420/406 पंजीकृत कराया था।

# बाबा जयगुरुदेव वार्षिक भंडारा सत्संग मेला संपन्न

अवधनामा संवाददाता

- शाकाहार अपनाने और नशा मुक्त रहने का संदेश दिया

**मथुरा।** पांच दिवसीय वार्षिक भण्डारा सत्संग मेला में बाबा जयगुरुदेव महाराज के उत्तराधिकारी श्रद्धेय पंकज ने अपने सम्बोधन में लोगों से शाकाहार-अपनाने और उसका प्रचार करने की अपील करते हुये कहा कि जब इन्सानों के खून में जानवरों का खून मिल जायेगा तो नई-नई बीमारियाँ फैलेंगी। उनका इलाज नहीं हो पाता है। अस्पतालों में जगह नहीं है। हमारे गुरु महाराज ने कहा था कि शाकाहार, अपनाने और नशामुक्त रहने का प्रचार निरन्तर करते रहना है। इसी से देश दुनियाँ में परिवर्तन होगा। क्योंकि परिवर्तन लोगों के विचार बदलने से होता है। विचार तब बदलेंगे जब मानव का खान-पान शुद्ध और सात्विक होगा। आज चारों तरफ जो रगड़े-झगड़े हैं ये नियम कानून बनाने से समाप्त होने वाले नहीं हैं। ये शाकाहार अपनाने व भाईचारा से खत्म हो जायंगे। सभी लोग अपने-अपने क्षेत्रों में शाकाहार-सदाचार, मद्यनिषेध, धर्म प्रचार कर देश और समाज में अमन और शांति लाने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि मानव तन जैसा वेशकीमती कोई शरीर नहीं है। इसी से प्रभु को प्राप्त किया जाता है। जैसे-जैसे समय बदलता रहता है। उसी तरह से नियम कायदे बदलते रहते हैं। सतयुग में मनुष्य की उम्र एक लाख वर्ष और शरीर में दस हजार हाथियों का बल होता था। लेकिन कलयुग में आयु सौ वर्ष हो गई और बल क्षीड़ हो गया। अब पहले की युगों की साधना से जीव कल्याण नहीं होगा। कलयुग में कबीर, नानक, रैदास, गोस्वामी, दादू, दरिया, जगजीवन, भीखा, मीरा आदि महात्माओं ने सुरत-शब्द योग की साधना करके उस प्रभु को पाया। इस मलीन युग में महात्माओं ने प्रभु प्राप्ति के तीन साधन सुमिरन, ध्यान, भजन बताया है। बाबा जयगुरुदेव महाराज ने करोड़ों लोगों को साधना में लगाया। पंकज महाराज ने सत्संग में लोगों को सुरत-शब्द का भेद यानि नामदान दिया। जयगुरुदेव नाम अनामी महाप्रभु का है। इस नाम में इतनी शक्ति है कि यदि दुनिया के सारे लोग इस नाम का जाप करेंगे तो सभी भवपार उतर जायेंगे। जयगुरुदेव आश्रम, मथुरा में 24 से 26 मार्च 2024 तक होली का कार्यक्रम में सपरिवार भाग लेने की अपील किया। जयगुरुदेव नामयोग साधना मन्दिर में 21 व 22 की मध्य रात्रि में पूज्य पंकज ने पूजन कर बरकत का प्रसाद तैयार किया। उनके पूजन के बाद श्रद्धालु कतारबद्ध होकर दादा गुरु के मन्दिर में पूजन कर दया, दुआ, की याचना कर रहे हैं। लोग अपनी बुराईयों को चढ़ाकर मनोकामना की पूर्ति की याचना किया। मेला परिसर में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ होने के कारण लोग सेक्टरों में सत्संग सुन रहे थे। मन्दिर की सजावट से आकृष्ट होकर लोग वीडियो बना रहे थे।

# इटावा के टेलेंट का महोत्सव मंच पर दिखा धमाल

- कॉमेडी के साथ लोक नृत्य और मिमिक्री की रही धूम

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** इटावा टैलेंट शो कार्यक्रम के ज़रिये महोत्सव पंडाल में जिले की प्रतिभाओं का प्रदर्शन सभी को रोमांचित कर गया। देर रात तक चलें आयोजन में 108 से अधिक प्रस्तुतियों से महोत्सव मंच भी सराबोर नजर आया। महोत्सव पंडाल में देर शाम आयोजित टेलेंट शो कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव एवं एडीआईओएस डॉ.मुकेश यादव ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। गीत, संगीत के साथ नृत्य, गायन, ग्रुप डांस, कव्वाली, स्केटिंग डांस, रेम्प सिंगिंग, कैसियो प्ले, बांसुरी वादन, तबला वादन के साथ ही विभिन्न भारतीय लोक नृत्य की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहीं। नन्हे मुन्ने बच्चों की विविध प्रस्तुतियों ने भी लोगों को रोमांचित कर दिया। तीन वर्ष से लेकर 45 वर्ष तक के लोगों की प्रस्तुति को मंच पर खूब सराहा गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.कुश चतुर्वेदी ने किया। वही कार्यक्रम संयोजक डॉ.नमिता तिवारी व संजीव अग्रवाल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर निर्णायक की भूमिका नीतू भदौरिया, अरविंद सोनी व रविंद्र चौहान ने निभाई। कार्यक्रम के परिणाम 3 जनवरी को घोषित किया जाएंगे। कार्यक्रम में स्कूलों के प्रधानाचार्य डॉ कैलाश यादव, धर्मेंद्र शर्मा, उमेश यादव, सर्वेश चौहान, डायरेक्टर नारायन ग्रुप ऑफ साइंस एंड आर्ट्स श्वेता तिवारी, पूनम शर्मा, सीमा सिंह, नीतू मिश्रा, सुशीला राजावत, चित्रा परिहार, अनामिका वर्मा, फरमान, अदनान, संदीप, शालिनी दुबे, अंजू वर्मा, प्राची सक्सेना, दीप्ति भदौरिया आदि का योगदान रहा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों में शिशिर तिवारी, अनिल राजपूत, बृजेश राजपूत, कुलदीप गुप्ता आदि का माला पहनाकर व शॉल उड़ाकर सम्मान किया गया।

## बी एस ए कॉलेज का स्थापना दिवस और दीक्षांत समारोह संपन्न

**मथुरा।** बी एस ए कॉलेज का 68वां स्थापना दिवस व दीक्षांत समारोह हर्ष वह उल्लास के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यलय के अवकाश प्राप्त शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया साथ ही एक दीक्षांत समारोह भी आयोजित किया गया जिसमें अकादमिक व खेल में प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहे कुल 28 छात्रों को मेडल व प्रमाण पत्र दिए गए।

# ढाबा कर्मचारी की मौत के मामले में पांच नामजदों पर मुकदमा

अवधनामा संवाददाता

**चौमुहां (मथुरा)।** थाना जैंत क्षेत्र अंतर्गत ढाबा पर संदिग्ध परिस्थिति में हुई कर्मचारी की मौत को लेकर मृतक के भाई ने पांच नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस फिलहाल आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। पोस्टमॉर्टम के बाद देर शाम मृतक का गमगीन माहौल में दाह संस्कार कर दिया गया।

थाना जैंत क्षेत्र अंतर्गत हाईवे स्थित राधारानी फेमिली ढाबा पर संदिग्ध परिस्थिति में ढाबा कर्मचारी हरिओम (19 वर्षीय) पुत्र मूलचंद निवासी आझई खुर्द थाना जैंत की गोली लगने से मौत हो गई थी। हत्यारोपी मृतक को दो गाड़ियां ले जाकर उसके गांव के बाहर बने मैदान में डाल आए थे। परिजनों ने ढाबा संचालक जैंत निवासी राम व श्याम पर हत्या करने का आरोप लगाया। घटना की जानकारी मिलते ही एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय, एसपी सिटी डॉ. अरविंद कुमार, सीओ सदर प्रवीण कुमार मलिक भी घटनास्थल पर पहुंच गए थे। हंगामा कर रहे ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया गया। शुक्रवार सुबह मृतक का पोस्टमार्टम हुआ। देर शाम गमगीन माहौल में उसका दाह संस्कार कर दिया गया। आरोप यह भी है कि पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने हेतु महिलाओं को थाने में बिठा लिया। थाना प्रभारी जैंत अजय वर्मा ने बताया मामले में पांच नामजद के खिलाफ मृतक के भाई ने मुकदमा दर्ज कराया है। पोस्टमॉर्टम करा दिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। थाना जैंत क्षेत्र अंतर्गत हाईवे स्थित श्री राधा रानी फेमिली ढाबा पर होटल संचालक ने वैटर की गोली मारकर हत्या कर दी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच करने में जुटी हुई है।

# जी.एस. इंटरनेशनल स्कूल जचौन्दा ने जीता कबड्डी का फाइनल

अवधनामा संवाददाता

- रालोद नेता कुंवर नरेंद्र सिंह और क्षेत्राधिकारी गोवर्धन रहे मुख्य अतिथि
- कबड्डी में राधारमण इंटर कॉलेज भगौसा रही उपविजेता

**गोवर्धन (मथुरा)।** युवा प्रतिभा महोत्सव सिद्दी विनायक महाविद्यालय में कबड्डी फाइनल मैच का शुभारंभ करते हुये मुख्य अतिथि रालोद के प्रदेश उपाध्यक्ष कुंवर नरेंद्र सिंह ने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया है कि वे खेल को अपने जीवन का अंग बनाएं, क्योंकि खेलों से न सिर्फ शारीरिक और मानसिक विकास होता है, बल्कि यह खिलाड़ी की आर्थिक तरक्की का भी साधन बन चुका है। वहीं कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि क्षेत्राधिकारी गोवर्धन राम मोहन शर्मा ने कहा कि श्री सिद्धिविनायक महाविद्यालय गुणवत्ता जे साथ उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। विद्यार्थी जीवन का खेल हमें नैतिकता और संयम की महत्वपूर्ण शिक्षा भी प्रदान करता है। जब हम खेल में भाग लेते हैं, तो हमें नियमों और नियमितता का पालन करना पड़ता है। इससे हमारे अनुशासन, संयम और नैतिक मूल्य विकसित होते हैं।

चौकी इंचार्ज अडींग प्रबल प्रताप सिंह ने कहा कि आज के समय में खेल जितना स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, उतना ही खेल का महत्व पढ़ाई में भी है। अक्सर परीक्षाओं में तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में खेल से संबंधित प्रश्न आते है। अतिथियों ने गणेश जी की प्रतिमा की समक्ष दीप जलाकर व माल्यार्पण करके फाइनल मैच का शुभारंभ किया और कबड्डी के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके उनका उत्साहवर्धन किया। युवा प्रतिभा महोत्सव के छटवे दिन कबड्डी की जीती हुई टीमों के सेमीफाइनल और फ़ाइनल मैच कराये गये। फाइनल मैच में जी.एस. इंटरनेशनल स्कूल जचौन्दा ने राधारमण इंटर कॉलेज भगौसा को हराकर विजेता बनी। आगुंतकों का स्वागत शिक्षा निदेशक महेश चंद्र अग्रवाल, प्राचार्य अशोक कुमार शर्मा, सह निदेशक सतीश शर्मा ने गुलदस्ता एवं स्मृति चिन्ह देकर किया।

## सिंधी समाज ने किया अक्षत कलश रथ यात्रा का स्वागत

**मथुरा।** अयोध्या से आए अक्षत कलश की सिंधी समाज ने श्रद्धापूर्वक पूजा अर्चना की और रथ यात्रा का पुष्प वर्षा कर भावपूर्ण स्वागत किया।

श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समिति महानगर मथुरा के सदस्य एवं सिंधी पंचायत के मीडिया प्रभारी किशोर इसरानी ने बताया कि 22 जनवरी को भगवान श्री राम जी को मंदिर के ग्रभ गृह में स्थापित किया जाएगा उसके उपलक्ष्य में सभी नगर वासियों को अक्षत द्वारा निमंत्रण देने को अक्षत कलश रथ यात्रा शुरू की गई है, जिसका मथुरा आगमन पर ब्रजवासियों के साथ सिंधी समाज ने भी भव्य स्वागत किया है।

सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष नारायण दास लखवानी तथा कार्यक्रम संयोजक रामचंद्र खत्री ने बताया कि स्वयं को राष्ट्रीय धारा के साथ जोड़ते हुए सिंधी समाज ने अक्षत कलश की पूजा अर्चना कर श्रीराम के प्रति आस्था व्यक्त की है। सिंधी जनरल पंचायत के उपाध्यक्ष तुलसीदास गंगवानी और मंत्री गुरूमुखदास गंगवानी के नेतृत्व में जवाहर हाट बाजार द्वारा यात्रा शुरू होते ही सर्वप्रथम स्वागत किया गया। तदोपरांत माया रेडीमेड सोनू अग्रवाल और किशोर इसरानी के नेतृत्व में श्री शत्रुघ्न गोपाल मार्केट रंगेश्वर मंदिर पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

# जनसहयोग के बिना अपराध पर नियंत्रण संभव नहीं: एसएसपी

अवधनामा संवाददाता

- गुरूकृपा विलास घटना का खुलासा काबिले तारीफ: शंकर सेठ

**मथुरा।** अपराध एवं कानून व्यवस्था को लेकर जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पाण्डेय ने कहना है कि पुलिस बिना जन सहयोग के अपराध पर लगाम नही लगा सकती, सामाजिक सहयोग के दम पर ही हम अपराध पर काफी हद तक नियत्रंण कर सकते है। जनपद के आम जन और व्यापारी समाज की पूर्ण सुरक्षा के लिए पुलिस बचन बद्ध है। होटल बृजवासी रॉयल में गुरूवार की सांय पुलिस विभाग का गुरु कृपा बिलासपुर समिति द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम 3/4 नवम्बर की रात्रि हाईवे स्थित गुरूकृपा विलास आवासीय कॉलौनी में हुई दुस्साहसिक घटना के खुलासे के परिप्रेक्ष्य में हुआ था। गुरु कृपा विलास समिति के प्रमुख समाजसेवी श्री शंकर लाल अग्रवाल द्वारा एक लाख रू. का नकद इनाम जनपद की पुलिस के मुखिया कप्तान शैलेश पाण्डेय को दिया। इसके अलावा घटना के खुलासे में अहम भूमिका निभाने वाली पुलिस टीम, एसओजी, स्वॉट, सर्विलांस को भी शॉल स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

समाहरोह में एसएसपी शैलेश पाण्डेय ने कहा कि हमारे पास कोई अलाद्दीन का चिराग नही है कि अपराध होते ही हम उसको घिसकर तत्काल खुलासा कर सके या अपराधी पकड़ सकें, इसके लिए आम जनमानस को सजग रहना है। गुरूकृपा विलास और श्रीनाथ अपार्टमेंट में हुई घटनाओं का जनता की सजगता से ही राजफाश हो सका।

उन्होंने कहा कि हमारा पूरा ईमानदारी के साथ प्रयास रहता है कि समाज में पुलिस के प्रति विश्वास कायम रहे, घटना के दौरान जितना कष्ट पीड़ित को होता है उससे कहीं ज्यादा पुलिस को वो दर्द महसूस होता है। आज इस आधुनिक युग में हमको अपने घर -दुकान प्रतिष्ठान की सुरक्षा के लिए उच्च तकनीक के कैमरे लगाने चाहिए। उसकी डीवीआर को सुरक्षित स्थान पर फिट कराकर कम से कम 4-5 दिन की रिकार्डिंग क्लाउड पर करनी चाहिए।

# बाल श्रम में एक विशेष उन्मूलन अभियान चलाया जाए: डीएम



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक कलेक्टर सभागार में आयोजित की गई। उन्होंने जिला बाल संरक्षण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को बाल श्रम में एक विशेष उन्मूलन अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत ऐसे सभी बच्चे जिनके माता या पिता अथवा दोनों की कोविड महामारी के संक्रमण प्रभाव से मृत्यु हो गई है तथा इन बच्चों के कोई करीबी अभिभावक न हो अथवा होने के बाद भी उन्हें कोई अपनाना ना चाहे तो ऐसी स्थिति में उनकी आर्थिक सहायता इस योजना के तहत अवश्य की जाए। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि प्रत्येक विद्यालय में अलग-अलग क्लास के लिए टीचर नामित किया जाए तथा चिल्ड्रन प्रहरी क्लब अवश्य बनाया जाए। उन्होंने कहा कि श्रम विभाग द्वारा बाल श्रम अभियान चला कर बच्चों को सी डब्लू सी या बच्चों के अभिभावक के पास भेजा जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शाम को शहर में विशेष अभियान चलाकर बच्चों को बाल श्रम से रोका जाए। उन्होंने कहा कि सर्वाधिक बच्चे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, ईंट भट्ठों, होटल आदि में बाल श्रम करते पाए जाते है ऐसी जगह पर विशेष अभियान चलाकर बच्चों को बाल श्रम से हटाकर सीडब्ल्यूसी भेजा जाए। उन्होंने कमेटी के सभी सदस्यों को सख्त निर्देश दिए कि सभी विभागों की कमेटी बनाकर अभियान चलाया जाए तथा बाल श्रम पाए जाने पर उनको रोका जाए। उक्त अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, एसपी सिटी कपिल देव सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राजेश कुमार, ए आरटीओ परिवहन बृजेश कुमार, जिला बाल संरक्षण अधिकारी सूरज सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# स्टील के पैन को आसानी से बना सकते हैं नॉन स्टिक, बस फॉलो करें ये सिंपल हैक्स, नहीं चिपकेगा खाना



कुछ घरों में आज भी स्टील के पैन में ही खाना बनाया जाता है। हांलाकि यह थोड़ा मुश्किल काम होता है। लेकिन सब्जी या चीला बनाने के लिए स्टील के पैन का इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में इन तरीकों से स्टील के पैन पर खाना नहीं चिपकेगा।

किचन में खाना बनाने के लिए कई सारे बर्तनों का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन स्टील के पैन में खाना बनाना सबसे झंझट का काम होता है। क्योंकि इसमें खाना चिपकने लगता है। इसलिए अधिकतर लोग खाना बनाने के लिए नॉन स्टिक पैन का इस्तेमाल करते हैं। वहीं कुछ घरों में आज भी स्टील के पैन में ही खाना बनाया जाता है। हांलाकि यह थोड़ा मुश्किल काम होता है। आमतौर पर खाना बनाने के लिए सबसे ज्यादा कुकर का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन सब्जी या चीला बनाने के लिए स्टील के पैन का इस्तेमाल किया जाता है।

ऐसे में स्टील के पैन पर खाना चिपकने से इसका स्वाद और टेक्सचर दोनों ही खराब हो जाते हैं और पैन भी खराब होने लगते हैं। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस समस्या से निपटने के लिए छोटे-छोटे और आसन टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं। ऐसे में इन ट्रिक्स के जरिए आप भी इस समस्या से छुटकारा पा सकते हैं।

### स्टील के पैन को बना लें नॉन स्टिक पैन

हांलाकि यह आपको सुनने में भले ही थोड़ा अजीब लग रहा हो, लेकिन आप स्टील के पैन को नॉन स्किक पैन में बदल सकते हैं। इसके लिए आप स्टील के पैन को तेज आंच पर गर्म कर लें। फिर उसपर पानी की छींटे मारें, ऐसा करने पर पानी की बूंद मोतियों की तरह उछलती दिखेंगी। इसके बाद 2-3 बूंद तेल डालकर एक टिशू पेपर की मदद से इसे पूरे पैन पर फैला लें। इस आसान उपाय से स्टील का पैन नॉन स्टिक पैन में तब्दील हो जाएगा।

### नमक के पानी में उबाल लें सब्जी

पैन में खाना तब चिपकता है, जब यह बिलकुल सूखा होता है। ऐसे में अगर आप ज्यादा तेल का इस्तेमाल करते हैं, तो यह आपकी सेहत के लिए फायदेमंद नहीं होता है। इसलिए सब्जी आदि पैन में न चिपके इसके लिए आप सब्जी को पहले उबाल लें। वहीं गंठल वाली सब्जी को नमक के पानी में उबाल लें। इसके बाद पैन में मसाले डालकर पका लें। फिर जब सब्जी उबल जाए तो इसे पैन में डालकर पका लें। इससे न सिर्फ आपका समय बचेगा बल्कि गैस भी कम खर्च होगी।

### हल्की आंच का इस्तेमाल

पैन में खाना बनाने के दौरान हल्की आंच का इस्तेमाल करना चाहिए। इससे खाना अच्छा बनेगा और पैन में चिपकेगा भी नहीं। वहीं तेज आंच में खाना तो पक जाता है, लेकिन यह अंदर से कच्चा ही रह जाता है। इसलिए हमेशा हल्की आंच पर खाना पकाना चाहिए। वहीं खाना पकाने के दौरान पैन को ऊपर से ढक लें। पैन को ढक देने से भाप बाहर नहीं आती और सब्जी जल्दी पक जाती है।

### ऐसे साफ करें पैन में जला हुआ खाना

पैन जल जाने पर उसके निशानों को हटाने के लिए आप बेकिंग सोडा का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा आप ईंट के टुकड़े से भी पैन को साफ करके देखना चाहिए। इससे भी आपका पैन नए जैसा चमकने लगेगा। लेकिन आइए जानते हैं कि बेकिंग सोडा से आप किस तरह पैन की सफाई कर सकते हैं।

### ऐसे करें साफ

जले हुए बर्तन को साफ करने के लिए आप बेकिंग सोडा का इस्तेमाल कर सकती हैं।

बेकिंग सोडा से साफ करने के लिए सबसे पहले जले हुए बर्तन में पानी भर लें।

फिर उसमें 2 चम्मच बेकिंग सोडा डालकर इसे तेज आंच पर गर्म कर लें।

बेकिंग सोडा वाले इस पानी को 20-30 मिनट तक उबलने दें।

फिर ईंट के टुकड़े की मदद से इसे साफ कर लें और साबुन से पैन की सतह को धो लें।

इस आसान तरीके से पैन साफ हो जाएगा।

# दही का रायता ही नहीं बल्कि कई तरीके से बनाएं चटनी, स्वाद ऐसा कि उंगलियां चाट जाएंगे लोग

आज हम आपको दही की चटनी बनाने की विधि के बारे में बताने जा रहे हैं। आप कई चीजों और कई तरीकों से दही चटनी बना सकते हैं। आप कई तरीके से दही चटनी बनाकर खा सकते हैं। आइए जानते हैं दही चटनी की रेसिपी के बारे में। भारतीय खाने में दही को जरूर शामिल किया जाता है। अक्सर लोग सादा सदी या फिर रायता खाना पसंद करते हैं। बता दें कि पेट के लिए दही काफी फायदेमंद होता है। वहीं इसके सेवन से गट हेल्थ भी बेहतर होती है। भारतीय खाने में चटनी काफी फेमस है। सब्जी और फल से लेकर नारियल तक की चटनी बनाई जाती है। वहीं बोरिंग खाने के स्वाद को चटनी स्वादिष्ट बना देती है। इसलिए अधिकतर घरों में चटनी बनाकर खाई जाती है। लेकिन क्या आपने दही चटनी खाई हैं। अगर आपका जवाब नहीं है, तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दही की चटनी बनाने की विधि के बारे में बताने जा रहे हैं। आप कई चीजों और कई तरीकों से दही चटनी बना सकते हैं। आइए जानते हैं दही की चटनी बनाने की रेसिपी के बारे में...

### राजस्थानी स्टाइल में दही चटनी

पूरे भारत देश में राजस्थानी स्टाइल की चटनी फेमस है। राजस्थान में बनने वाली लहसुन चटनी वाकई स्वाद में बेहद लाजवाब होती है। अगर आपने राजस्थानी दही-लहसुन की चटनी नहीं खाई हैं, तो आप इस रेसिपी को घर पर ट्राई कर सकते हैं।

### ऐसे बनाकर करें तैयार



राजस्थानी स्टाइल की दही चटनी बनाने के लिए सूखे लाल मिर्च को पानी में भिगो दें।

फिर एक पैन में तेल गर्म करके उसमें लहसुन की कलियों को भूरा होने तक भूनें।

फिर लहसुन में 2 चम्मच धनिया के बीज, 1 चम्मच जीरा, सूखा लाल मिर्च और आधा चम्मच काली मिर्च डालकर धीमी आंच पर पका लें।

कुछ देर में चटनी से खुशबू आने लगेगी, तब गैस को बंद कर लें। वहीं पेस्ट को ठंडा होने के लिए छोड़ दें।

जब पेस्ट ठंडा हो जाए तो इन्हें अच्छे से पीस लें।

अब पीसे गए पेस्ट को तेल में डालकर तब तक पकाए जब तक उसका तेल अलग न हो जाए।

फिर इसमें 1 चम्मच जीरा, चुटकी भर हींग ,करी पत्ता, 1 चम्मच सरसों और फेटा हुआ दही अच्छे से मिक्स कर दें।

करीब 5 मिनट तक चलाने के बाद गैस बंद कर दें।

इस तरह से आपकी दही-लहसुन की राजस्थानी स्टाइल चटनी बनकर तैयार है।

इसे आप सादे चावल से लेकर स्नैक्स तक के साथ खा सकते हैं।

### ऐसे बनाएं परफेक्ट चटनी

चटनी को घर टेस्टी बनाने के लिए ताजे लहसुन का इस्तेमाल करें।

क्योंकि लहसुन के खराब होने पर चटनी का स्वाद बिगड़ जाएगा। इस चटनी के लिए अंकुरित लहसुन का इस्तेमाल न करें।

वहीं ताजे दही का इस्तेमाल करें, क्योंकि अगर दही खट्टा होगा तो चटनी उतनी स्वादिष्ट नहीं होगी।

अधिक मात्रा में इसमें तेल का उपयोग न करें।

वही चटनी बनने के बाद इसको सही से स्टोर करें। जिससे कि यह 2-3 दिन चल जाए।

आप कांच के जार में चटनी को स्टोर करके रख सकती हैं।

चटनी अधिक पतली नहीं होनी चाहिए। क्योंकि चटनी गाढ़ी अच्छी लगती है।

### दही हरी मिर्च चटनी की रेसिपी

हरा मिर्च भी खाने के स्वाद को दोगुना करता है। हरी मिर्च का इस्तेमाल खाने को चटपटा करने के लिए किया जाता है। आप चाहें तो हरी मिर्च की चटनी भी बना सकती हैं। आज हम आपको दही और हरी मिर्च की चटनी की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं। आप भी इसे घर पर बनाकर खा सकते हैं।

हरी मिर्च की चटनी बनाने के लिए हरी मिर्च को अच्छे से धो लें।

फिर इन्हें छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें।

अगर आप स्वादिष्ट चटनी बनाना चाहते हैं, तो मिर्च को मिक्सी की जगह सिलबट्टे पर पीसें।

इससे चटनी का स्वाद दोगुना हो जाएगा।

हरी मिर्च को बारीक पीसने के बाद इसमें दही मिक्स कर लें।

फिर इसमें हींग, जीरा पाउडर और स्वादानुसार नमक मिला लें।

इस तरह से आपकी दही-हरी मिर्च की चटनी बनकर तैयार हो जाएगी। आप इस चटनी को समोस और दाल-चावल के साथ भी खा सकती हैं।

# वजन कम करने में बेहद कारगर है किचन में रखी ये एक चीज, जानिए कैसे करें इस्तेमाल

शहद को आयुर्वेद में गुणों से भरपूर माना जाता है। बता दें कि शहद वेट लॉस करने में काफी मददगार होता है। हांलाकि वेट लॉस के लिए शहद का सही तरीके से सेवन किया जाना बेहद जरूरी होता है।

हर भारतीय किचन में कुछ ऐसे हर्ब्स और मसाले पाए जाते हैं, जो हमारी सेहत के लिए लाभकारी होते हैं। साथ ही यह हर्ब्स वेट लॉस करने में भी हमारी मदद करते हैं। इनमें हल्दी, इलायची और दालचीनी समेत कई ऐसी चीजें होती हैं, जो न सिर्फ खाने का स्वाद बढ़ाते हैं, बल्कि वजन कम करने के अलावा सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। इन्हीं में से एक चीज शहद है। शहद को आयुर्वेद में गुणों से भरपूर माना जाता है। बता दें कि शहद वेट लॉस करने में काफी मददगार होता है। हांलाकि वेट लॉस के लिए शहद का सही तरीके से सेवन किया जाना बेहद जरूरी होता है।

आयुर्वेद में शहद को बेस्ट फैट बर्नर माना जाता है। लेकिन वजन घटाने के लिए शहद का कैसे सेवन करना चाहिए और शहद का सेवन करने के दौरान किन-किन गलतियों को करने से बचना चाहिए। इसके बारे में भी जानना बेहद जरूरी है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस प्रकार शहद का सेवन करना चाहिए।



### शहद के फायदे

आयुर्वेद में शहद को मधु भी कहा जाता है।

शहद को आंखों के लिए अच्छा माना जाता है।

साथ ही यह कफ को भी दूर करने में सहायक होता है।

कोल्ड की समस्या में भी यह फायदेमंद होता है।

अस्थमा, कफ और यूरिनरी ट्रैक्ट डिसऑर्डर को दूर करने में शहद मददगार है।

शहद में ऐफ्रडिजीऐक गुण भी पाया जाता है, जो न सिर्फ हमारे दिल की सेहत बल्कि त्वचा के लिए भी अच्छा माना जाता है।

### शहद खाने का तरीका

आयुर्वेद के मुताबिक नया शहद वेट बढ़ाने का काम करता है और कब्ज की समस्या को दूर करता है।

वहीं स्टोर किया गया शहद फैट के मेटाबॉलिज्म को सुधारने में मदद करता है और कफ की समस्या को भी कम करता है।

शहद के साथी यदि आप कोई दवा ले रहे हैं। तो बता दें कि शहद की मदद से दवा हमारी सेल्स तक पहुंचती है।

वहीं वजन कम करने के लिए 1 चम्मच शहद को रूम टेम्परेचर पर रखें। फिर पानी में मिलाकर खाली पेट सेवन करने से वजन कम होता है।

### ऐसे न करें शहद का सेवन

आयुर्वेद के अनुसार शहद का गलत तरीके से सेवन करने से यह टॉक्सिक हो सकता है। साथ ही इससे कई बीमारियां भी हो सकती हैं।

बता दें कि शहद को गर्म करने से इसमें मौजूद एंजाइम्स खत्म हो जाते हैं। जिससे शरीर में टॉक्सिन्स पैदा होते हैं।

इसके साथ ही शहद को कभी गर्म खाने या फिर पानी के साथ मिलाकर नहीं खाना चाहिए।

गर्म वातावरण में काम करने के दौरान शहद का सेवन नहीं करना चाहिए।

इसके अलावा गर्म, मसालेदार या फिर घी व सरसों के साथ शहद का सेवन नहीं करना चाहिए।

# सर्दियों में वूलेन कपड़ों की शॉपिंग के लिए बेस्ट हैं दिल्ली के ये मार्केट, एक बार जरूर करें एक्सप्लोर

नवंबर-दिसंबर के महीने से अच्छी खासी ठंड शुरू हो जाती है। ऐसे में ठंड से बचने के लिए वूलेन कपड़ों की जरूरत होती है। ऐसे में अगर आप भी कम दामों में ढेर सारी शॉपिंग करना चाहती हैं, तो आपको दिल्ली की इन मार्केट्स में जरूर आना चाहिए।

नवंबर-दिसंबर के महीने से अच्छी खासी ठंड शुरू हो जाती है। ऐसे में ठंड से बचने के लिए वूलेन कपड़ों की जरूरत होती है। सर्दियों में जैकेट, स्वेटर, शॉल, कैप आदि की जरूरत होती है। ऐसे में अगर आप भी वूलेन कपड़े खरीदने की सोच रही हैं, तो इसके लिए दिल्ली की मार्केट से अच्छी और कौन सी जगह हो सकती है।

दिल्ली की कुछ फेमस मार्केट में आपको वूलेन कपड़े खरीदने के लिए ज्यादा खर्च भी नहीं करना पड़ेगा। बल्कि आप इन मार्केट्स से बेहद किफायती दाम में अच्छे और लेटेस्ट कलेक्शन के वूलेन कपड़ों की शॉपिंग कर सकती हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दिल्ली की कुछ बेस्ट मार्केट के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां से आप बेहद कम दाम में वूलेन कपड़े खरीद सकती हैं।

### तिलक नगर मार्केट

वूलेन कपड़ों की खरीरदारी के लिए आप तिलकनगर मार्केट भी जा सकती हैं। यहां पर आपको ऊनी कपड़ों का काफी अच्छा कलेक्शन मिल जाएगा। आपको इस मार्केट में बेहद कम दाम यानी कि सिर्फ 100 रुपए में सर्दियों के लिए स्वेटर और जैकेट आदि मिल जाएंगी। इसके अलावा तिलक नगर मार्केट से आप वुलेन पैंट, स्वेटर, जैकेट आदि भी बेहद कम दाम में खरीद सकती हैं। मात्र 300 से 500 रुपए में वूलेन कोट मिल जाएगा। तिलक नगर मार्केट पहुंचने के लिए ब्लू लाइन वाली मैट्रो से जाना होगा। मैट्रो से उतरते ही आपको पूरा बाजार दिख जाएगा।

### कमला नगर मार्केट



जाहिर है कि सर्दियों में ठंडी हवाओं से बचने के लिए वूलेन कपड़ों की जरूरत होती है। वहीं ऊनी कपड़े लेने के लिए दिल्ली की मार्केट से अच्छा ऑप्शन भला और क्या हो सकता है। अगर आप भी वूलेन कपड़ों का लेटेस्ट कलेक्शन देखना व लेना चाहती हैं, तो कमला नगर मार्केट आपको निराश नहीं करेगी। यहां पर आपको कम दामों में बेहद अच्छे और स्टाइलिश वूलेन कपड़े मिल जाएंगे। आप इस मार्केट में सिर्फ 1000 रुपए में 4 स्वेटर खरीद सकती हैं। यहां पहुंचने के लिए आपको यूनिवर्सिटी पर एग्जिट लेना होगा। फिर आगे ऑटो के जरिए आप कमला नगर मार्केट पहुंच सकती हैं। हांलाकि यह मार्केट सोमवार को बंद रहती है।

### लक्ष्मी नगर मार्केट

लक्ष्मी नगर मार्केट का नाम तो आप सभी ने सुना होगा। क्योंकि यह दिल्ली की सबसे फेमस मार्केट में से एक है। इस मार्केट में आपको हर तरीके का सामना मिल जाएगा। वहीं कपड़ों की खरीददारी के लिए इस मार्केट को काफी अच्छा माना जाता है। यहां पर आप शॉल से लेकर जुराब तक खरीद सकती हैं। यहां पहुंचने के लिए आपको ब्लू लाइन से ट्रैवल करना होगा। फिर मैट्रो से उतरते ही कुछ दूरी पर यह मार्केट लगती है।

### मजनू का टीला

आपको बता दें कि दिल्लीवासियों के बीच मजनू का टीला जगह काफी ज्यादा फेमस है। इस स्थान पर एक से बढ़कर एक कई कैफे हैं। जहां पर खाने के लिए बेहद टेस्टी फूड मिलता है। इसके अलावा यह जगह शॉपिंग के लिए भी काफी फेमस है। यहां पर आपको कपड़ों का लेटेस्ट कलेक्शन एकदम किफायती दामों में मिल जाएगा। ऐसे में आप यहां से दिल खोलकर शॉपिंग कर सकती हैं। मजनू का टीला जाने के लिए आपको विधानसभा मेट्रो पर एग्जिट लेना होगा। फिर आगे जाने के लिए आपको मजनू का टीला तक के लिए रिक्शा करना होगा।

# सूखे नींबू को फेंकने की जगह ऐसे करें रियूज

अगर आपके फ्रिज में रखे नींबू सूख चुके हैं तो ऐसे में आप उसकी मदद से एक होममेड क्लीनर भी बना सकते हैं। इसके लिए आप सिरे में सूखे हुए नींबू व उसके छिलके को मिलाएं। इससे ना केवल क्लीनिंग बेहतर होती है, बल्कि एक खुशबू भी आती है।

नींबू का इस्तेमाल हम सभी अपनी कई डिशेज में करते हैं। लेकिन अक्सर ऐसा होता है कि अगर ढेर सारे नींबू एक साथ ले आएं तो इससे वे सूखने लगते हैं। इन सूखे हुए नींबू को डिश में इस्तेमाल करने का मन नहीं होता है, इसलिए हम बिना सोचे-समझे इन्हें बाहर कर देते हैं। जबकि वास्तव में ये सूखे हुए नींबू भी कई तरह से इस्तेमाल किए जा सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आप सूखे हुए नींबू को किस तरह से रियूज कर सकते हैं।

### बनाएं इंफ्यूज्ड वाटर



अगर आपको प्लेन पानी पीना अच्छा नहीं लगता है तो आप सूखे हुए नींबू की मदद से इंफ्यूज्ड वाटर तैयार करें। इसके लिए आप पानी के जार में सूखे नींबू के टुकड़े डालें। साथ ही साथ, आप इसमें अपनी पसंद से कुछ हर्ब्स भी मिलाएं। यह पानी आपकी बॉडी को डिटॉक्स करने में भी मदद करेगा।

### बनाएं साइट्रस ऑयल

साइट्रस ऑयल बनाने के लिए सूखे हुए नींबू या फिर उसके सूखे छिलके को जैतून के तेल के साथ मिलाएं। आप इसे सलाद के लिए ड्रेसिंग या फिर मीट और सब्जियों के लिए मैरिनेड के रूप में उपयोग करें।

### बनाएं होममेड क्लीनर

अगर आपके फ्रिज में रखे नींबू सूख चुके हैं तो ऐसे में आप उसकी मदद से एक होममेड क्लीनर भी बना सकते हैं। इसके लिए आप सिरे में सूखे हुए नींबू व उसके छिलके को मिलाएं। इससे ना केवल क्लीनिंग बेहतर होती है, बल्कि एक खुशबू भी आती है।

### करें कॉकटेल गार्निश

अपने कॉकटेल को गार्निश करने के लिए आप सूखे नींबू की स्लाइस का इस्तेमाल कर सकते है। वे आपकी ड्रिंक को ना केवल देखने में अट्रैक्टिव लगती है, साथ ही साथ इससे उनका टेस्ट भी काफी अच्छा हो जाता है।

### करें चॉपिंग बोर्ड की क्लीनिंग

चॉपिंग बोर्ड का इस्तेमाल यूं तो हम सभी हर दिन करते हैं, लेकिन अक्सर उसकी क्लीनिंग पर बहुत अधिक ध्यान नहीं देते हैं। जिसके कारण चॉपिंग बोर्ड जल्द की गंदा नजर आता है। ऐसे में उसे दोबारा अच्छी तरह क्लीन करने के लिए सूखे हुए नींबू का इस्तेमाल करें। आपको बस इतना करना है कि आप सूखे हुए नींबू को बीच में से काट लें। फिर उसे चॉपिंग बोर्ड पर रब करते हुए क्लीन करें।

# चश्मे के कवर को इन तरीकों से भी किया जा सकता है इस्तेमाल

अक्सर हम सभी के घर में कई फोन होते हैं और उनकी अलग-अलग चार्जर लीड होती हैं। अमूमन हम उन्हें ऐसे ही इधर-उधर रख देते हैं। हालांकि, अगर आप चाहें तो चश्मे के कवर की मदद से चार्जर लीड को आसानी से आर्गेनाइज करके रख सकती हैं।

आज के समय में हर कोई चश्मे का इस्तेमाल जरूर करता है। जहां कुछ लोग नजर कमजोर होने के कारण चश्मे का इस्तेमाल करते हैं तो कुछ लोगों के लिए यह एक फैशन स्टेटमेंट है। इसलिए, वे सनग्लासेस को अपने लुक का हिस्सा बनाते हैं। आमतौर पर, ये चश्मे किसी बॉक्स में आते हैं। एक समय के बाद जब चश्मा टूट जाता है या फिर खराब व पुराना हो जाता है तो हम उसे बाहर कर देते हैं, लेकिन उसका बॉक्स ऐसे ही रह जाता है। हालांकि, अगर आप चाहें तो इस खराब समझे जाने वाले बॉक्स को भी कई तरीकों से इस्तेमाल कर सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको इस बारे में बता रहे हैं-



### चार्जर लीड को करें आर्गेनाइज

अक्सर हम सभी के घर में कई फोन होते हैं और उनकी अलग-अलग चार्जर लीड होती हैं। अमूमन हम उन्हें ऐसे ही इधर-उधर रख देते हैं। हालांकि, अगर आप चाहें तो चश्मे के कवर की मदद से चार्जर लीड को आसानी से आर्गेनाइज करके रख सकती हैं।

### रखें इयररिंग्स

आप अपनी छोटी-छोटी एक्सेसरीज जैसे इयररिंग्स या रिंग्स आदि को भी इसमें आसानी से रख सकती हैं। इस तरह आपकी एक्सेसरीज ना तो खोएगी और ना ही खराब होगी। इतना ही नहीं, अगर आप इन्हें इस छोटे बॉक्स में रखती हैं तो इससे आपके लिए इसे कहीं पर भी ले जाना काफी आसान हो जाएगा।

स्टेशनरी आइटम्स

वर्क डेस्क पर हमें कई तरह की स्टेशनरी आइटम्स की जरूरत पड़ती है। अमूमन हम इन्हें डेस्क पर ही रखते हैं, लेकिन अगर आपकी डेस्क छोटी है तो ऐसे में आप उस स्टेशनरी आइटम्स को चश्मे के कवर बॉक्स में रख सकते हैं। यह स्टेशनरी आइटम्स रखने का एक स्पेस सेविंग तरीका है।

### इमरजेंसी सिलाई किट

आप चश्मे के कवर बॉक्स को एक मिनी इमरजेंसी सिलाई किट में बदलें। आप इसमें धागे से लेकर सुइयों, सेफ्टी पिन और कुछ बटनों को रखना चाहिए। इस तरह आप जरूरत पड़ने पर बिना किसी परेशानी के सिचुएशन को हैंडल कर पाएंगे।

# सर्दियों में सिर में खुजली होने के साथ झड़ रहे बाल, अपनाएं ये घरेलू उपाय, बालों में आएगी नई जान

सर्दी के मौसम में ड्राई स्कैल्प होने की वजह से खुजली होने के साथ बाल रूखे और बेजान हो जाते हैं। वहीं बाल भी झड़ने लगते हैं। ऐसे में आप इन घरेलू उपायो को अपनाकर बालों की समस्या को दूर कर सकते हैं।

सर्दियों में हमारे शरीर को अधिक पोषण की जरूरत होती है। क्योंकि इस मौसम में नमी के चलते बालों और त्वचा संबंधी समस्याएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में अगर आप समय रहते इन समस्याओं पर गौर करते हैं, तो यह समस्या अधिक गंभीर नहीं होंगी। सर्दी के मौसम में ड्राई स्कैल्प होने की वजह से खुजली होने के साथ बाल रूखे और बेजान हो जाते हैं।

साथ ही बालों का झड़ना भी शुरू हो जाता है। ऐसे में अगर आप भी इस समस्या से जूझ रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे घरेलू उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको आजमाने से आप ड्राई स्कैल्प की समस्या को ठीक कर सकते हैं।

### टी ट्री ऑयल

टी ट्री ऑयल एंटी-फंगल गुणों से भरपूर होता है। ऐसे में इसका इस्तेमाल करने से न सिर्फ खुजली दूर होगी। बल्कि स्कैल्प को भी पर्याप्त पोषण मिलेगा। वहीं ड्राई स्कैल्प को पर्याप्त पोषण देने के लिए आप टी ट्री ऑयल में 1 चम्मच एलोवेरा जेल मिला लें। फिर इससे स्कैल्प की मसाज करें। वहीं 2 घंटे बीतने के बाद माइल्ड शैंपू से बालों को धो डालें।

### जोजोबा ऑयल

बता दें कि यह ऑयल बालों की जड़ों को अच्छे से मॉइस्चराइज करता है। जिससे ड्राई स्कैल्प और खुजली की समस्या कम होती है। इसके लिए आप जोजोबा ऑयल से हल्के हाथों से अपनी स्कैल्प पर मसाज करें। फिर इसे 2 घंटा या फिर रातभर के लिए लगा रहन दें।



अगली सुबह माइल्ड शैंपू से बालों को धो डालें।

### कोकोनट ऑयल

बालों के लिए नारियल का तेल काफी फायदेमंद माना जाता है। इस तेल से स्कैल्प की ड्राइनेस और डैंड्रफ की समस्या दूर हो सकती है। इसके लिए आप नारियल तेल को हल्का गुनगुना कर स्कैल्प पर अप्लाई कर मसाज करें।

अरंडी का तेल

स्कैल्प की ड्राईनेस कम करने में अरंडी का तेल यानी कैस्टर ऑयल भी आपकी मदद कर सकता है। इस तेल को एलोवेरा जेल के साथ मिलाकर स्कैल्प पर लगाएं। अगर आर बेहतर रिजल्ट चाहते हैं, तो सप्ताह में करीब 2 बार इसका इस्तेमाल जरूर करें।

### जैतून का तेल

यह तेल आपके ड्राई स्कैल्प को हील करने में सहायक होता है। इससे न सिर्फ स्कैल्प मॉइस्चराइज होता है, बल्कि खुजली की समस्या भी दूर होती है। इसलिए ऑलिव ऑयल को हल्का गुनगुना कर स्कैल्प पर हल्के हाथों से मसाज करें। फिर करीब 2 घंटे बाद किसी माइल्ड शैंपू से बालों को धो लें।

# वायुसेना अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाना जारी रखेगी, एयर चीफ मार्शल चौधरी बोले

**नई दिल्ली।** एयर चीफ मार्शल चौधरी ने कहा कि ग्लोबल साउथ के देशों के साथ हमारी वायु शक्ति के जुड़ने की हर तरफ चर्चा है। ग्लोबल साउथ से जुड़कर हमने एक दूसरे को सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान करने, पारस्परिकता में सुधार करने और विश्वास बनाने की अनुमति दी है।

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया एक निर्णायक मोड़ पर है और बदलाव की हवा भारत के पक्ष में मजबूती से बह रही है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्लोबल साउथ से भारत का जुड़ना अंतरराष्ट्रीय मामलों में एक महत्वपूर्ण बिंदु है।

**चौधरी भारत और ग्लोबल साउथ** चुनौतियां और अवसर विषय पर एक संगोष्ठी को संबोधित

**प्रगति**

**एयर चीफ मार्शल चौधरी ने कहा कि भारतीय वायुसेना आसानी से प्रगति के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य कर सकती है।**

कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि एक समृद्ध ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में निहित, औपनिवेशिक छाया से एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी के रूप में देश का उदय असंख्य चुनौतियों और अवसरों को सामने लाता है। 20वें सुब्रतो मुखर्जी संगोष्ठी का आयोजन सेंटर फॉर एयर पावर स्टडीज द्वारा किया गया था।

उन्होंने कहा, जब हम इन अनछुए आसमानों को पार कर रहे हैं, तो वायु सेना देश की शक्ति का



एक प्रमुख घटक है और यह निसंदेह एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसके अलावा यह राष्ट्रीय शक्ति के प्रतीक, शांति और सहयोग के रूप में भी काम करेगी।

एयर चीफ मार्शल चौधरी ने कहा कि भारतीय वायुसेना आसानी से प्रगति के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य कर सकती है, रणनीतिक साझेदारी को बढ़ावा दे सकती है और ग्लोबल साउथ की सामूहिक उन्नति में योगदान दे सकती है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ के देशों के साथ हमारी वायु शक्ति के जुड़ने की हर तरफ चर्चा है। ग्लोबल साउथ से जुड़कर हमने एक दूसरे को सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान करने, पारस्परिकता में सुधार करने और विश्वास बनाने की अनुमति दी है।

वायुसेना प्रमुख ने कहा कि सुरक्षा चुनौतियों से निपटने और क्षेत्रीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए वार्ताएं महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा, हमने अन्य देशों के साथ प्रशिक्षण और सहयोग बढ़ाया है।

वैश्विक भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर वायुसेना प्रमुख ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों का परिदृश्य लगातार बदल रहा है और पारंपरिक शक्ति संरचनाओं को नए खिलाड़ियों द्वारा तेजी से चुनौती दी जा रही है। उन्होंने कहा, वैचारिक विभाजन, संसाधनों की कमी और जलवायु परिवर्तन के कारण वैश्विक संघर्ष का खतरा मंडरा रहा है। इसने आर्थिक असमानता और संसाधनों के दोहन जैसी परस्पर चुनौतियां पैदा की हैं।

वायुसेना प्रमुख ने कहा कि कोविड-19 जैसी घटनाओं और दुनिया भर में देखे जा रहे संघर्षों ने स्थिति को और खराब कर दिया है।

## आप हमें जितना कुचलेंगे, हम उतना ही ऊपर बढ़ेंगे, जंतर-मंतर पर धरने के बीच खरगे की केंद्र को चेतावनी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर मंतर पर विपक्षी पार्टियों का विरोध प्रदर्शन जारी है। कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रदर्शन के बीच मीडिया से बातचीत करते हुए सांसदों के निलंबन पर केंद्र सरकार को निशाने पर लिया और गुरुवार को जम्मू कश्मीर के इलाके में सेना के वाहनों पर हुए आतंकी हमलों की कड़ी निंदा भी की है।

जंतर मंतर पर प्रदर्शन के बीच खरगे ने केंद्र सरकार को चेतावनी देते कहा, जितना आप हमें कुचलना चाहेंगे, हम उतना ऊपर बढ़ेंगे। हम देश को बचाने के लिए एकजुट होकर लड़ेंगे। उन्होंने आगे कहा, संविधान के उच्च पद पर बैठने वाले लोग कहते हैं कि मेरी जाति के कारण मेरा अपमान किया जा रहा है। अगर आपकी हालत यही है तो मेरे जैसे दलित की हालत क्या होगी?

कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आगे कहा, हमारे संविधान के तहत सभी को बोलने का अधिकार है। जब हम सांसद में नोटिस देते हैं तब हमें नोटिस पढ़ने का भी मौका नहीं दिया जाता है। तब मैंने बोला कि भाजपा एक दलित नेता को बोलने नहीं देती है? आप हमसे हमारे बोलने के अधिकार को छीन नहीं सकते। यह



आजादी हमें जवाहर लाल नेहरू और महात्मा गांधी से मिली है। आप विपक्षी सांसदों को निलंबित कर देते हैं और निर्विरोध कानून पारित करते हैं। हमें मिलकर लड़ना होगा।

मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को जम्मू कश्मीर के पीर पंजाल इलाके में हुए आतंकी हमले पर शोक जताते हुए कहा कि भारत आतंकबाद के संकट के खिलाफ एकजुट है। इस हादसे पर कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, हम राजौरी और पीर पंजाल में हो रहे जघन्य हमलों की कड़ी निंदा करते हैं। सेना के जवानों ने सर्वोच्च बलिदान दिया है। इस दुख के मौके पर हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं जवानों के परिजनों के साथ है। हम घायल हुए जवानों के जल्द से जल्द ठीक होने की कामना करते हैं।

बता दें कि गुरुवार को हथियारों से लैस आतंकवादियों ने सेना के दो वाहनों पर लगातार हमले किए, जिसमें पांच जवानों की जान चली गई। वहीं इस हादसे में दो अन्य घायल भी हुए। आतंकियों ने ग्रेनेड दागे, फिर अंधाधुंध गोलियां बरसाईं। दो जवानों के शव क्षत-विक्षत भी कर दिए गए। कुछ जवानों के हथियार भी ले भागने की आशंका है। पाकिस्तान समर्थित पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट (पीएएफएफ) ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

## राम मंदिर निर्माण के लिए चंदा मांगने के नाम पर हो रहा फर्जीवाड़ा, विहिप ने लोगों को चेताया




**नई दिल्ली।** अयोध्या में बन रहे भगवान राम के मंदिर का उद्घाटन 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों होना है। इसे लेकर हर तरह से प्रचार-प्रसार भी हो रहा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का प्रयास है कि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को शामिल कर इसे एक बड़ा कार्यक्रम बनाया जाए। लेकिन इसी के साथ राम मंदिर के नाम पर एक बड़ा फ्रॉड भी सामने आ गया है। कुछ लोग राम मंदिर निर्माण के नाम पर पर्चा छापकर लोगों से चंदा वसूल रहे हैं।

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने कहा है कि राम मंदिर निर्माण के नाम पर कोई चंदा नहीं लिया जा रहा है। यह पूरी तरह फ्रॉड है और लोग इससे सावधान रहें। यदि कोई व्यक्ति राम मंदिर निर्माण के नाम पर चंदा ले रहा है, तो इसकी सूचना पुलिस को दें। बजरंग दल के पदाधिकारियों ने विहिप के नेताओं के संज्ञान में यह विषय लाया जिसके बाद संगठन को इस पर प्रतिक्रिया देनी पड़ी है।

विश्व हिंदू परिषद के शीर्ष पदाधिकारी मिलिंद परांडे ने शुक्रवार को एक प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा कि अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए किसी अलग समिति का गठन नहीं किया गया है। किसी समिति को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए धन एकत्र की जिम्मेदारी भी नहीं दी गई है। उन्होंने कहा है कि समाज को ऐसे किसी भी फ्रॉड के प्रति सचेत रहना चाहिए और ऐसे किसी व्यक्ति को आर्थिक योगदान नहीं देना चाहिए।

# संसद की बहस में जाति को बीच में लाना निराशाजनक धनखड़ के अपमान के मामले पर चिदंबरम

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री चिदंबरम ने शुक्रवार को कहा कि यह बेहद निराशाजनक है कि संसद में गंभीर बहस के दौरान जाति का उल्लेख किया जा रहा है। इसके अलावा उन्होंने लोगों से 21वीं सदी में छोटी सोच से आगे बढ़ने का आग्रह किया।

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद द्वारा राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की नकल किए जाने के मामले में सियासत गरमा गई है। सभापति के अपमान के विरोध में भाजपा लगातार विपक्षियों पर निशाना साध रही है। हालांकि, इस बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने इस बात पर अफसोस जताया कि संसद में महत्वपूर्ण विषय पर हो रही बहस में जाति को बीच में लाया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री चिदंबरम ने शुक्रवार को कहा कि यह बेहद निराशाजनक है कि संसद में गंभीर बहस के दौरान जाति का उल्लेख किया जा रहा है। इसके

**अपमान**

**सभापति के अपमान के विरोध में भाजपा लगातार विपक्षियों पर निशाना साध रही है।**

अलावा उन्होंने लोगों से 21वीं सदी में छोटी सोच से आगे बढ़ने का आग्रह किया। गौरतलब है, 19 दिसंबर को विपक्षी दलों के विरोध प्रदर्शन के दौरान तृणमूल कांग्रेस के निलंबित सांसद कल्याण बनर्जी उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल करते दिखे थे। वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस नेता राहुल गांधी बनर्जी का वीडियो बनाते दिखाई दिए थे। इस पर राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने तृणमूल सांसद की आलोचना की थी। नाराज धनखड़ ने कहा था कि यह



शर्मनाक, हास्यास्पद, अस्वीकार्य है कि एक सांसद मजाक उड़ा रहा है और दूसरा सांसद उस घटना की वीडियोग्राफी कर रहा है। उन्होंने सदन में मौजूद पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम से कहा था कि आप कल्पना कीजिए कि मेरे मन में क्या चल रहा होगा यह देखकर कि जब सभापति का मजाक उड़ाया जा रहा था तो आपके नेता इसका वीडियो बना रहे थे। धनखड़ ने कहा था, मुझे परवाह नहीं है कि आप जगदीप धनखड़ का कितना अपमान करते हैं। पर मैं भारत के उपराष्ट्रपति, किसानों और अपने समुदाय का अपमान बर्दाश्त नहीं कर सकता।

इस बयान पर चिदंबरम ने कहा कि यह निराशाजनक है कि एक महत्वपूर्ण विषय पर हो रही बहस में जाति को बीच में लाया जाता है। यह भी निराशाजनक है कि किसी व्यक्ति के जन्म स्थान का इस्तेमाल व्यक्ति की आलोचना करने के लिए एक तर्क के रूप में किया जाता है।

चिदंबरम ने कहा, मुझे याद नहीं कि किसी ने महात्मा गांधी या सरदार वल्लभभाई पटेल की जाति या सीएफ एंड्रयूज या एनी बेसेंट के जन्म स्थान के बारे में पूछा हो। क्या हम इन छोटी बातों से आगे बढ़ सकते हैं और 21वीं सदी में मानवता के मानदंडों और मूल्यों को अपना सकते हैं।

## भारी बारिश से 31 की मौत, केंद्र ने राज्य को आर्थिक मदद भी मुहैया कराई, स्टालिन को सीतारमण का जवाब



**चेन्नई।** सीतारमण ने शुक्रवार को बताया कि केंद्र तमिलनाडु के लोगों की लगातार मदद कर रहा है। इस वित्तीय वर्ष में केंद्र ने राज्य को दो किस्तों में 900 करोड़ रुपये जारी किए हैं। तमिलनाडु में भारी बारिश ने भयंकर तबाही मचाई है, कई जिलों में तो बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। इस महीने की शुरुआत में आए चक्रवाती तूफान मिचोंग की वजह से तमिलनाडु के तटीय इलाकों में भारी नुकसान हुआ था। अभी इस कष्ट से लोग बाहर भी निकल नहीं पाए हैं कि इसी बीच भारी बारिश ने सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। वहीं, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि भारी बारिश के कारण तमिलनाडु के चार जिलों में 31 लोगों की मौत हो गई है।

उन्होंने शुक्रवार को बताया कि केंद्र तमिलनाडु के लोगों की लगातार मदद कर रहा है। इस वित्तीय वर्ष में केंद्र ने राज्य को दो किस्तों में 900 करोड़ रुपये जारी किए हैं।

सीतारमण ने कहा कि चेन्नई के क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के पास तीन डॉप्लर सहित अत्याधुनिक उपकरण हैं। उसने 12 दिसंबर को ही पूर्वानुमान जताया था कि 17 दिसंबर को चार जिलों तेनकाशी, कन्याकुमारी, तिरुनेलवेली और तूतीकोरिन में भारी बारिश होगी।

उन्होंने कहा कि जब तमिलनाडु में इतनी बड़ी आपदा आ रही थी तब मुख्यमंत्री एमके स्टालिन इंडिया गठबंधन के साथ दिल्ली में मौजूद थे।

मालूम हो कि एक तरफ जहां दक्षिण के मौसम का ये हाल है, वहीं दूसरी ओर पहाड़ों पर जमकर बरसात हो रही है, जिसकी वजह से उत्तर भारत में ठंड बढ़ गई है और कोहरे का असर दिख रहा है।

## ड्रैगन से रिश्ते सुधारने में जुटा अमेरिका, पर शक बरकरार! पेंटागन को चीनी पोर्ट के इस्तेमाल से रोका

**वॉशिंगटन।** अमेरिका, चीन से अपने रिश्ते सुधारने की कवायद में जुटा है। इसके लिए बीते दिनों चीन



के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अमेरिका का दौरा किया था और वहां अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से भी मुलाकात की थी। अब खबर आई है कि अमेरिका के जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल सीक्यू ब्राउन जूनियर और उनके चीनी सहयोगी जनरल लिउ झेनिल गुरुवार को एक बैठक करेंगे। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए होगी।

अमेरिकी सेना के प्रवक्ता कैप्टन जेरियल डोर्सी ने बताया कि यह बैठक दोनों देशों के बीच विश्वास बढ़ाने, जिम्मेदाराना प्रतिस्पर्धा करने और दोनों देशों के बीच बातचीत की लाइनें खुली रखने को लेकर बात होगी। बता दें कि दोनों देशों के रिश्तों में तनाव है और साल 2022 में जब अमेरिका की तत्कालीन स्पीकर नैंसी पेलोसी ने ताइवान का दौरा किया था तो उसके बाद दोनों देशों के रिश्तों में कड़वाहट आ गई थी। अब उस कड़वाहट को कम करने की कोशिश की जा रही है और उसी के तहत लगातार शीर्ष स्तर पर बैठकें की जा रही हैं। हालांकि दोनों देशों के रिश्तों में अभी भी विश्वास की कमी साफ झलकती है।

बता दें कि अमेरिकी कांग्रेस ने हाल ही में एक ऐसा प्रस्ताव पास किया है, जिसमें अमेरिका के रक्षा मंत्रालय पेंटागन को दुनिया में कहीं भी चीन के लॉजिस्टिक प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करने पर रोक लगा दी गई है। अमेरिकी सांसदों का मानना है कि चीन अपने लॉजिस्टिक प्लेटफॉर्म की मदद से अमेरिका की सेना की सप्लाई चेन पर नजर रखता है और साथ ही अमेरिकी जहाजों की मूवमेंट की भी निगरानी करता है।

अमेरिका ने इस प्रतिबंध के लिए अपने कानून नेशनल डिफेंस ऑथराइजेशन एक्ट में संशोधन किया है। हालांकि राष्ट्रपति के हस्ताक्षर होने के बाद भी इसे लागू होने में अभी छह महीने का वक्त लग सकता है। बता दें की चीन ने 60 देशों में 100 से ज्यादा बंदरगाहों में निवेश किया हुआ है, जहां चीन के लॉजिस्टिक प्लेटफॉर्म हैं।

## गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले में इमरान खान को राहत

### सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत



**इस्लामाबाद।** गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले में पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व पीएम इमरान खान को बड़ी राहत दी है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने इमरान खान और पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को जमानत दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने 10-10 लाख रुपये के मुचलके पर दोनों नेताओं को जमानत दी है। जस्टिस सरदार तारिक मसूद की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह आदेश दिया।

साल 2022 में इमरान खान के नेतृत्व वाली पीटीआई सरकार अविश्वास मत में असफल रहने के बाद गिर गई थी। पीटीआई ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने सेना के साथ मिलकर साजिश के तहत उन्हें सत्ता से बाहर किया है। सरकार गिरने के बाद इमरान खान ने एक रैली में एक पत्र दिखाकर दावा किया था कि उनके पास इस बात का सबूत है कि अमेरिका ने सेना के साथ साजिश कर उनकी सरकार गिराई है। हालांकि पाकिस्तानी सेना और अमेरिकी सरकार ने इन आरोपों को खारिज कर दिया। आरोप है कि जिस चिट्ठी को इमरान खान ने रैली में दिखाया, वह गोपनीय राजनयिक पत्र था। इसके बाद इमरान खान के खिलाफ आधिकारिक गोपनीय दस्तावेज को उजागर करने के आरोप में 23 अक्तूबर 2023 को मुकदमे की सुनवाई शुरू हुई थी।

## तमिलनाडु में भारी बारिश, 696 गर्भवती महिलाओं का रेस्क्यू, ठाणे में पत्नी-बच्चों की हत्या कर शख्स फरार

**नई दिल्ली।** दक्षिणी तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिले में भारी बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। मौजूदा हालात को देखते हुए जिला प्रशासन ने अबतक 696 गर्भवती महिलाओं को सुरक्षि स्थानों में स्थानांतरित किया है। जिला कलेक्टर के अनुसार, ज्यादा से ज्यादा 142 गर्भवती महिलाओं को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया और पिछले दो दिनों में उनमें से कुछ ने बच्चों को भी जन्म दिया है। हालांकि, दक्षिणी जिले में बाढ़ के कारण हुए नुकसान का आकलन करने के लिए केंद्र से टीम तिरुनेलवेली पहुंची है।

लगातार बारिश के कारण भारतीय नैसेना ने बचाव अभियान चलाया। बाढ़ प्रभावित इलाकों में भारतीय नौसेना के सात हेलिकॉप्टर उड़ाए गए, जिसके जरिए 3.2 टन राहत सामग्री लोगों तक पहुंचाया गया। इससे पहले राज्य के सीएम एमके स्टालिन ने कहा कि बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अबतक 12,653 लोगों को 14 राहत शिविरों में स्थानांतरित किया गया है।



पिछले कुछ दिनों में थूथुकुडी, तिरुनेलवेली, तेनकासी और कन्याकुमारी में भारी बारिश ने कहर बरपाया है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार संयुक्त रूप से प्रभावित लोगों को बचाने के लिए बड़े पैमाने पर राहत और बचाव कार्य चला रहे हैं।

आंध्र प्रदेश के पश्चिमी गोदावरी जिले के नल्लाजर्ला मंडल में गैस सिलेंडर विस्फोट से आग लग गई, जिसमें 15 झोपड़ियां जलकर नष्ट हो गईं। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

महाराष्ट्र के ठाणे जिले के शेंडोबा चौक गांव में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और दो बच्चों की हत्या कर फरार हो गया। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल इस मामले की जांच जारी है। आरोपी शराब का आदी था और अक्सर नशे में अपनी पत्नी को पिटता था। तेलंगाना के हैदराबाद के पंजागुट्टा पुलिस स्टेशन क्षेत्र के एक अपार्टमेंट में आग लगने के बाद पुलिस ने पांच लोगों को बचाया। पुलिस के अनुसार, फिलहाल इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

# जंग के दौरान गाजा में 40 वर्षों की सबसे बड़ी जनहानि, 20 हजार की जान गई, 1200 इस्राइलियों की भी मौत

**यरुशलम।** हमास और इस्राइल के बीच दो माह से अधिक समय से जंग जारी है। युद्ध में अब तक दोनों पक्षों के हजारों लोगों की मौत हो गई है। जहां इस्राइल ने हमास को पूरी तरह खत्म करने का संकल्प लिया है। फिलहाल न तो जंग की रफ्तार कम हो रही है और न ही लोगों की जान की परवाह की जा रही है। इस बीच एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 10 हफ्ते से जारी इस्राइल हमास युद्ध के दौरान मारे गए गाजा के निवासियों की संख्या ने 40 साल से अधिक वर्षों का रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया है। यह संख्या 1948 में इस्राइल की स्थापना के बाद से लेकर अबतक इस देश से भिड़ने वाले किसी भी अरब संघर्ष में मारे जाने वालों की संख्या पार कर गई है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि मरने वालों की संख्या 20 हजार के करीब हो गई है। यह संख्या 1982 में इस्राइल के हमले में लेबनान में मारे गए लोगों से काफी अधिक है। हालांकि, गाजा के अधिकारियों का मानना है कि मरने वालों की गिनती करना चुनौतीपूर्ण है।



कुछ सैन्य विशेषज्ञों का कहना है कि अफगानिस्तान या इराक में अमेरिका के नेतृत्व में होने वाले युद्धों की तुलना में इस जंग में सबसे तेजी से लोग मारे गए।

गाजा के अनुसार, मारे गए 19,667 लोगों में से लगभग 70 प्रतिशत महिलाएं और बच्चे हैं। गाजा के अधिकारियों ने कभी भी यह नहीं बताया कि मारे गए लोगों में से कितने लड़ाके हैं।

इंटरनेशनल क्राइसिस ग्रुप थिंक टैंक के लिए गाजा विश्लेषक आजमी केशवी ने कहा कि यह युद्ध पहले के किसी भी तुलना में अधिक डरावना था। उन्होंने कहा कि जंग की शुरुआत होते ही वह और उनका परिवार उत्तरी गाजा में अपने घर से भाग गया था और अब तक छह बार वापस जा चुका है। हालांकि, अभी वे दक्षिणी शहर रफा में संयुक्त राष्ट्र के आश्रय के पास एक शिविर में रह रहे हैं।

इस्राइली सेना गाजा पर शासन करने वाले सशस्त्र फलस्तीनी समूह हमास को खत्म करने के लिए एक गहन हवाई और जमीनी अभियान में लगी हुई है। गौरतलब है, सात अक्तूबर को हमास ने इस्राइल पर हमला कर दिया था, जिसमें 250 से अधिक लोगों को आतंकी समूह ने बंधक बना लिया था। वहीं, 1200 से अधिक लोगों की जान गई थी। इसके जवाब में इस्राइल ने हमास को खत्म करने के लिए हवाई और जमीनी अभियान चलाए। फिलहाल यह युद्ध थमता नहीं दिखाई दे रहा है।

गाजा में मरने वालों की संख्या साफ दर्शाती है कि इस्राइल ने हजारों हवाई हमलों, भारी बमों और तोपखाने का इस्तेमाल करने का विकल्प चुना है। यह छोटा से क्षेत्र है, जो आम नागरिकों से भरा हुआ है और उनके पास भागने का भी रास्ता नहीं है। हालांकि, इस्राइली सेना का भी लगातार कहना है कि आम नागरिकों की आड़ में हमास के आतंकी छिप रहे हैं।

## यूनिवर्सिटी में गोलीबारी करने वाला छात्र था पढ़ाई में तेज, पिता की हत्या के बाद किया नरसंहार

**प्राग।** चेक गणराज्य की राजधानी प्राग की यूनिवर्सिटी में हुई गोलीबारी में मरने वालों का आंकड़ा 15 हो गया है। इस हमले में 20 लोग घायल भी हुए हैं। हमलावर भी मारा गया है। हमलावर के शव पर गहरे घाव हैं हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि हमलावर ने खुद को गोली मारी या फिर वह पुलिस के साथ हुई फायरिंग में ढेर हुआ। स्थानीय मीडिया के अनुसार, पुलिस ने बताया है कि आरोपी हमलावर की पहचान 24 साल के यूनिवर्सिटी के छात्र डेविड कोजाक के रूप में हुई है। शुरुआती जांच में पता चला है कि डेविड कोजाक प्राग की चार्ल्स यूनिवर्सिटी में पोलिश इतिहास की पढ़ाई कर रहा था। प्राग पुलिस के चीफ मार्टिन वोंदरासेक ने बताया कि हमलावर छात्र पढ़ाई में काफी तेज था और उसका कोई आपराधिक रिकॉर्ड भी नहीं था। पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास कई आधुनिक हथियारों के लाइसेंस थे और जब वह यूनिवर्सिटी में हमला करने पहुंचा था तो उसके पास बड़े पैमाने पर हथियार और गोलियां थी। इससे साफ है कि वह पूरी योजना बनाकर नरसंहार के इरादे से ही यूनिवर्सिटी पहुंचा था।

आरोपी हमलावर प्राग से कुछ दूरी पर स्थित होसटोन इलाके का निवासी था। प्राग पुलिस ने बताया कि जब वह आरोपी के घर पहुंचे तो वहां आरोपी के पिता का शव बरामद हुआ



स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से बताया जा रहा है कि आरोपी विदेश में हुई ऐसी ही एक घटना से प्रेरित था। पुलिस का दावा है कि रूस के स्कूल में हुई मास शूटिंग के हमले से आरोपी प्रेरित था। जिसमें 14 साल के रूसी हमलावर ने अपने सहपाठी की हत्या कर दी थी और पांच अन्य को घायल कर दिया था।

है। माना जा रहा है कि हमलावर ने यूनिवर्सिटी में मास शूटिंग से पहले घर में अपने पिता की हत्या कर दी थी। पुलिस का कहना है कि हमलावर ने पिता की हत्या के बाद ही खुद की जान लेने की कोशिश की थी। हालांकि बाद में उसने यूनिवर्सिटी पहुंचकर वीभत्स घटना को अंजाम दिया।

## इस्लामाबाद समेत पाकिस्तान के कई इलाकों में भूकंप

**इस्लामाबाद।** भूकंप के कारण इस्लामाबाद या रावलपिंडी में किसी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं दी गई है। पिछले महने गिलगिट में 3.3 की तीव्रता से भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।

पाकिस्तान के इस्लामाबाद, रावलपिंडी और आसपास के इलाकों में शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े पांच बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल में भूकंप की तीव्रता 4.4 मापी गई है। भूकंप के डर से लोग कलमा-ए- तैयबा पढ़ते हुए अपने घरों से निकले।

भूकंप के कारण इस्लामाबाद या रावलपिंडी में किसी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं दी गई है। पिछले महने गिलगिट में 3.3 की तीव्रता से भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। अक्तूबर में 3.1 की तीव्रता से करांची के विभिन्न इलाकों में भूकंप आया था।

# रस्साकशी प्रतियोगिता बालकों में ब्लू व बालिकाओं में येलो हाउस अव्वल

- दो दिवसीय वार्षिक बालक क्रीडा प्रतियोगिता का समापन
- विजेता टीम को प्रबंधक ने प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर किया सम्मानित



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** सिटी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को दो दिवसीय वार्षिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन विजेता खिलाड़ियों को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर किया गया। कक्षा 1 से लेकर तीन तक के बच्चों ने विभिन्न खेलों में कबड्डी, खो खो, रस्साकसी व दौड़ हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के अन्तिम दिन ब्लू व येलो हाउस का दबदबा रहा। खेल प्रतियोगिता के अन्तिम दिन हुए दौड़ में रुद्रांश, आरिफ, अंजलि, तृषा, अतर, साहिल, अन्याय, काव्य व विवेक अव्वल रहे। कबड्डी प्रतियोगिता बालकों में रेड व ग्रीन हाउस तथा बालिकाओं में येलो व ब्लू हाउस में जमकर मुकाबला हुआ जिसमें बालकों में ग्रीन व बालिकाओं में ब्लू हाउस अव्वल रही। खो खो प्रतियोगिता बालक येलो व बालिकाओं में रेड हाउस अव्वल रहे। खेल प्रतियोगिता बच्चों में आकृति, आदित्य, शिवांगी, हुसैन, आयुषी, अर्पित, सौम्या, रुद्रांश, शिवांश, सानवी व शिवांगी आदि बेहतर प्रदर्शन करने वालों को विद्यालय प्रबंधक आलोक गुप्ता ने प्रशस्ति पत्र व शील्ड, मेडल देकर सम्मानित किया। रेफरी की भूमिका नीरज मिश्रा, सुमन पांडे व कोच रंजीत गुप्ता ने निभाई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रमेश चंद्र मिश्रा, नेहा त्रिपाठी,प्रीति जायसवाल, सपना त्रिपाठी, हिना खान, रोशनी तिवारी, विकास, शिव,म सरीबा व सुभाष आदि लोगों ने खेल को संपन्न करने में सहयोग किया।

# श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन बम विस्फोट कांड के दो आतंकी दोषी करार



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिले के सिंगरामऊ के हरपालगंज रेलवे स्टेशन के पास श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन में 28 जुलाई 2005 को हुए बम विस्फोट के मामले में कोर्ट ने दो आरोपियों को दोषी पाया है, इस मामले में दो जनवरी को फैसला सुनाया जायेगा। डीजीसी फौजदारी सतीश कुमार पांडेय ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों की बहस काफी समय पूर्व समाप्त हो चुकी है। अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम की अदालत ने ट्रेन में बम रखने का आरोपित बांग्लादेश निवासी हिलाल उर्फ हिलालुद्दीन व विस्फोट में सहयोग का आरोपित नफीकुल विश्वास को दोषी पाया है, सज़ा दो जनवरी को सुनाई जाएगी। दोनों आरोपियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दोपहर बाद कोर्ट में पेश किया गया। फैसले के लिए तारीख तय होने के बाद दोनों को वापस जेल भेज दिया गया। इस बम विस्फोट में 14 लोगों की मौत हो गई थी और 62 यात्री घायल हो गए थे। इस मामले में ट्रेन में बम रखने वाले बांग्लादेशी आतंकी रोनी उर्फ आलमगीर को 30 जुलाई 2016 को तथा षड्यंत्र करने वाले आतंकी ओबैदुर्रहमान को 31 अगस्त 2016 को अपर सत्र न्यायाधीश बुद्धिराम यादव ने मृत्युदंड की सजा सुनाया था। दोनों ने हाईकोर्ट में अपील की है, जो लंबित है।

## तीन दिवसीय श्री बाबा बरखंडी महादेव का प्राचीन मेला कल से

**प्रयागराज।** श्री बाबा बरखंडी महादेव जी की प्राचीन मेले के संदर्भ में मेला अध्यक्ष पप्पू केसरवानी के नेतृत्व में सैदपुर करेहदा में मेला समिति की बैठक हुई। इस अवसर पर मेल अध्यक्ष पप्पू केसरवानी ने बताया कि सैदपुर करेहदा का श्री बाबा बरखंडी महादेव जी का प्राचीन मेला 24 दिसंबर से प्रारंभ किया जाएगा जो 26 दिसंबर तक चलेगा। उन्होंने कहा कि इस मेले का आयोजन महाभारत काल से होता चला आ रहा है। जहां पर श्रद्धालु दूर-दूर से यमुना किनारे स्थित भगवान शिव जी का प्राचीन मंदिर में आकर उनका दर्शन करते हैं। उन्होंने कहा कि मेले का शुभारंभ प्रयागराज के महापौर उमेश चंद्र गणेश के केसरवानी द्वारा किया जाएगा। इस संदर्भ में ग्राम प्रधान नीता पाल ने नगर निगम प्रयागराज से मेले की साफ सफाई पानी की व्यवस्था एवं स्वचालित मोबाइल टॉयलेट वैन की व्यवस्था करने की मांग की। बैठक में ग्राम प्रधान नीता पाल, मेला समिति के समिति उपाध्यक्ष श्याम पाल, एवं समिति के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कोहरा और बादल से ठिठुरन में बढ़ोत्तरी

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** लगातार गिरता हुआ पारा लोगों को कांपने के लिए विवश कर रहा है। षुक्रवार को सवेरे कोहरा तो दिनभर बादलों की लुकाछिपी जारी रही है। इससे धूप नहीं निकली। बादलों के साथ-साथ सर्द हवाओं से ठिठुरन बरकरार रही। दिन में अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ठंड व कोहरे के कारण बाजारों में ग्राहकों का टोटा देखा गया। बाजारों में दुकानदारों के झुरमुट जगह-जगह अलाव जलाकर तापते हुए ग्राहकों का इंतजार करते नजर आए। धुंध के कारण दृश्यता कम रहने से वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगा रहा। एहतियात बरतते हुए वाहन चालकों को हेडलाइट सहित आगे पीछे की सभी लाइटें जलाकर धीमी गति में सफर तय करना पड़ा। ठंड में घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। मौसम में नमी होने के कारण गलन बढ़ती जा रही है। इसकी वजह से जनजीवन ठहर सा गया है। इंसान ही नहीं पशु-पक्षी भी ठंड की मार से बेहाल हैं। गर्म चाय भी इन दिनों अच्छी लग रही है। गलन से बुजुर्गों व बच्चों को ज्यादा समस्या हो रही है। लोग पूरे दिन अलाव अंगीठी के सहारे अपने आप को ठंड से राहत देते नजर आए। ठंड से बचने के लिए लोग घरों में दुबके रहना पसंद कर रहे हैं। शाम होते ही बाजार में सन्नाटा पसर गया। ठंड के कारण अधिकांश दुकानें भी जल्द बंद हो जा रही हैं। ठंड से सबसे ज्यादा परेशानी जरूरतमंदों को हो रही है। ठंड से बचने के लिए शाम होते ही लोग अलावा की व्यवस्था में जुट जाते हैं। इसके अलावा बस स्टैंड रेलवे स्टेशन के पास भी लोगों के लिए अलाव की व्यवस्था की गई है।

# चेकिंग अभियान में 204 वाहनों का चालान किया

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान ÷द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अन्तर्गत शहर के प्रमुख चैराहों पर यातायात अपराधों के विरूद्ध विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों के पालन के लिये जागरुक किया गया व प्रवर्तन की कार्यवाही में 204 वाहनों का चालान भी किया गया। रिजवी लर्न्स एकेडमी, सदर में जागरुकता कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध व यातायात नियमों के पालन नही करनें पर, सड़क सुरक्षा, बिना हेल्मेट व सिटबेल्ट के वाहन चलाने पर होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में जागरूक करते हुए उनको अपने पास-पढ़ोस के लोगों को भी जागरुक करने की शपथ दिलायी गयी। तथा जनपद के प्रमुख चैराहों तिराहों व सार्वजनिक मार्गो, पर लगातार भ्रमणशील रहकर यातायात पुलिस द्वारा आमजन व वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए यातायात नियमों के पालन करने हेतु जैसे- नशे की हालत में वाहन न चलाने, निर्धारित मानक से अधिक सवारी न बैठाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, अवयस्क को वाहन न चलाने देने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने, दो पहिया वाहनो पर हेलमेट का प्रयोग करने, वाहनों को ओवर लोड न चलाने आदि के संबन्ध में जागरूक किया गया। तथा टैक्टर 05 ट्रालीयों पर रिफ्लेक्टर टेप भी लगाया गया व 03 चार पहिया वाहनो का काली फिल्म भी हटाया गया।

# भाजपा सरकार लोकतंत्र को खत्म कर देना चाहती हैंः सपा

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव निर्देश पर सपा के निवर्तमान जिलाअध्यक्ष डा0 अवधनाथ पाल के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन के साथियों के साथ 142 सांसदों के अलोकतांत्रिक निलम्बन के विरोध में कलेक्ट्रेट परिसर में विशाल धरना दिया।धरना का नेतृत्व कर रहें डा0 अवधनाथ पाल ने कहा है कि भाजपा सरकार लोकतंत्र संविधान को खत्म कर देना चाहती हैं सरकार के खिलाफ जो भी बोलेगा उसे प्रताड़ित और जेलों में भेजने का काम करती हैं विपक्ष के सांसदों का जिस तरह निलंबन हुआ उससे अब यही महसूस हो रहा है भाजपा सरकार लोकतंत्र प्रक्रिया को पूर्ण रूप से खत्म कर देना चाहती है सरकार के गलत नीतियों से देश की जनता, किसान और नौजवान सभी लोग दुःखी है। केन्द्र की सरकार उद्योगपतियों की सरकार है। यह गरीब और किसान की सरकार नहीं है। केन्द्र की भाजपा सरकार ने उद्योगपतियों का कर्ज माफ कर दिया लेकिन किसानों का कर्ज माफ नहीं किया। जनता भाजपा से नाराज है और वह परिवर्तन चाहती है। 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा को सत्ता से हटा देगी।

पूर्व मंत्री शैलेन्द्र यादव ललई ने कहा कि भाजपा सरकार, सरकारी एजेंसियों का गलत इस्तेमाल कर रही है। जनता सब देख रही है। जो भी एजेंसियों का गलत इस्तेमाल करेगा। जनता उसे हरा देगी। जनता भाजपा को सत्ता के दुरूपयोग की सजा देगी। कहा कि समाजवादी पार्टी की रणनीति इंडिया गठबंधन को मजबूत करने की है। इंडिया गठबंधन पीडीए के रास्ते पर चलकर मजबूत होगा। इंडिया गठबंधन भाजपा को हराएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा हटेगी तो संविधान और लोकतंत्र बचेगा। कहा कि समाजवादियों की लड़ाई पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यकों को संवैधानिक अधिकार दिलाने के लिए हैं। जातीय जनगणना की मांग कर रहे हैं। जातीय जनगणना से ही सामाजिक न्याय मिलेगा। सामाजिक न्याय का रास्ता जातीय जनगणना से निकलता है, जातीय जनगणना हर हालत में होनी चाहिए। धरनें मे मुख्य रूप से विधायक पंकज पटेल, पूर्व विधायक लालबहादुर यादव, राजबहादुर यादव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष फैसल हसन तबरेज, ऊदल यादव, श्रवण जायसवाल राहुल त्रिपाठी इरशाद मंसूरी हीरालाल विश्वकर्मा राजेंद्र टाइगर, राजेश यादव विवेक रंजन राजन यादव, शुशील चन्द्र, मेवा लाल गौतम संजय सरोज अनील दूबे,भानु मौर्या गुड्डू सोनकर शिवजीत दिलीप प्रजापति आशुतोष मौर्या रामू मौर्या, रुक्सार अहमद, मनोज मौर्या, राकेश अहिर,राजकुमार बिन्द, दीपचंद राम,विरेन्द्र यादव, सालिकराम पटेल, सुभाष पटेल,पंकज मिश्रा, राममूर्ति सरोज राहुल यादव, संजीव साहू, सहित काफी संख्या में गंठबंधन के लोग मौजूद रहे संचालन निवर्तमान महासचिव अखण्ड प्रताप यादव ने किया।



# पूर्व मंत्री राकेशधर त्रिपाठी को तीन साल की सजा, 10 लाख का जुर्माना भी

## आय से अधिक संपत्ति मामले में एमपी एमएलए कोर्ट ने सुनाई सजा, जुर्माना न जमा करने पर 6 माह मां की अतिरिक्त सजा

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** आय से अधिक संपत्ति मामले में पूर्व मंत्री राकेशधर त्रिपाठी को तीन साल के कारावास और 10 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनवाई गई है। यह फैसला इलाहाबाद जिला न्यायालय की एमपी-एमएलए कोर्ट ने सुनाया। विशेष अदालत ने 108 पन्नों में पूर्व मंत्री के खिलाफ फैसला दिया। भाजपा और बसपा सरकार में मंत्री रहे राकेश धर त्रिपाठी के खिलाफ इलाहाबाद जिला न्यायालय की एमपी एमएलए की विशेष अदालत में विचाराधीन आय से अधिक संपत्ति के मामले में शुक्रवार को फैसला सुनाया गया। 18 जून 2013 को सतर्कता अधिष्ठान प्रयागराज परिक्षेत्र के निरीक्षक राम सुभग राम ने उनके खिलाफ मुट्ठीगंज थाने में आय से अधिक संपत्ति मामले में मुकदमा पंजीकृत कराया था। आरोप लगाया गया था कि बसपा सरकार में मंत्री रहते पूर्व मंत्री ने अकूत संपत्ति अर्जित की थी।

मामले की सुनवाई कर रहे विशेष न्यायाधीश डॉ. दिनेश चंद्र शुक्ल की अदालत ने पूर्व मंत्री के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के अंतर्गत आरोप तय किया था। मामले की सुनवाई के बाद 31 जनवरी 2023 को ही फैसला सुनाया जाना था। लेकिन फैसला सुनाए जाने से पहले ही पत्रवाली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर पूर्व मंत्री की पत्नी प्रमिला त्रिपाठी और बेटी पल्लवी त्रिपाठी की आय को भी शामिल करते हुए, मां बेटी को गवाही के लिए तलब किया था। इसके कारण फैसला टल गया था। इसके बाद शुक्रवार को फैसला सुनाया गया।

कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर अर्थ दंड की राशि नही जमा की गई तो छह माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी। पिछले कई माह से प्रतिदिन विचाराधीन मुकदमे की सुनवाई हो रही थी।

राम सुभग राम ने राकेश धर के विरुद्ध थाना मुट्ठीगंज में 23 नवंबर 2012 को मुकदमा पंजीकृत कराया था जिसमे विवेचना प्रारंभ की गई फिर विवेचना सतर्कता विभाग को सौंप दी गई सतर्कता विभाग ने विवेचना के पश्चात आरोप पत्र प्रस्तुत वाराणसी सत्र न्यायालय में सत्र न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत कर दिया था, मामले में अग्रिम विवेचना भी की गई जिसमें अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी।

सत्र न्यायालय वाराणसी ने संज्ञान लेकर मामले में कार्यवाही प्रारंभ की थी प्रदेश में माननीय की विशेष न्यायालय गठित होने पर यह मामला अंतरित होकर इस विशेष न्यायालय को प्राप्त हो गया।

आरोप है कि एक मई 2007 से 31 दिसंबर 2011 के बीच उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री के रूप में लोकसेवक रहे ,पद पर रहते हुए इस अवधि के दौरान आय के समस्त स्त्रोतों एवं वैध स्त्रोतों से 49,49,928, रुपए अर्जित किया तथा इस अवधि में संपत्ति अर्जन एवं भरण पोषण पर 2,67,08,605 रुपए खर्च किया जोकि आय के सापेक्ष 2,17,58,677 रुपए अधिक है जिसका संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दिया जो कि भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धारा 13 (2) के अधीन अंतर्गत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है।

# सांसदों के निलंबन के खिलाफ़ कांग्रेस का प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** शहर तथा जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने केंद्र की तानाशाह मोदी सरकार द्वारा विपक्ष के 146 सांसदो के निलंबन के खिलाफ़ इंडिया गठबंधन के राष्ट्रव्यापी विरोध के आवाहन् पर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा अंशुमन के नेतृत्व में अपराह्न 12 बजे कांग्रेसजनों ने एडीएम सिटी कार्यालय का घेराव कर मोदी सरकार विरोधी नारे लगाये। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सांसदो का निलंबन संसद और लोकतंत्र पर सीधा हमला है। विपक्षी सांसदों को निलंबित कर सरकार जम्हूरियत खत्म कर देना चाहती है ताकि दमनकारी विधेयकों को बिना चर्चा के पारित करा सके। सरकार की मंशा है कि लोकतंत्र को नष्ट करने के लिए निलंबित करो, बाहर निकालो और रौंद दो की रणनीति अपनाओ जो देश की एकता के लिए घातक है। बाद में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एडीएम सिटी को सौंपा। जिसमें सभी निलंबित सांसदो को बहाल की मांग के साथ सुरक्षा में चूक के मामले पर प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को विस्तृत चर्चा पर जवाब देना चाहिए। इस दौरान जमुनापार अध्यक्ष अरुण तिवारी, यूपी कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय, रघुनाथ द्विवेदी, राजेश राकेश, बजिंद्रं मिश्रा, लल्लन पटेल, डा. सत्या पांडेय, परवेज़ सिद्दीकी, आर के गौतम, विनय पांडेय, भोले सिंह, राकेश श्रीवास्तव, डा.अशोक सिंह, प्रदीप द्विवेदी, पूनम यादव, आलोक पांडेय, संजय सिंह, इरशाद उल्ला, मानस शुक्ला, दिवाकर भारतीय, डा. दिनेश सोनी, राम मनोरथ सरोज, दत्तात्रेय त्रिपाठी, नफ़ीस कुरैशी , नागेंद्र मिश्रा, गीता भारतीय, अरविंद पांडेय, मकसूद रिजवी , विवेक पांडेय , चंद्रविशाल, कमलेश शुक्ला, सौरभ चौधरी, रमेश यादव, गुलशन , अमित चौधरी, अहमद उल्ला, सत्येंद्र सिंह, रामलखन यादव आदि थे।

# विपक्षी सांसदों के निलंबन के विरोध में सपा के धरना-प्रदर्शन

- उठी निलंबन रद्द करने की मांग
- जिला कचहरी में धरने में कांग्रेस, सीपीआईएम सहित घटक दल के लोग भी शामिल



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** विपक्षी दलों के 142 सांसदों केनिलंबित कर दिए जाने के विरोध में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज जिला कचहरी प्रांगण मे समाजवादी पार्टी ने धरना, प्रदर्शन कर सांसदों का निलंबन रद्द कर उन्हें बहाल करने की जोरदार मांग उठाई। सुबह 11बजे से शुरू धरना प्रदर्शन दोपहर एक बजे तक चला। धरना समाप्ति के बाद महामहिम राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित ज्ञापन भी जिलाधिकारी को सौंपा गया।

जिला कचहरी प्रांगण में सुबह 11बजे से ही सपा नेताओं का जमावड़ा शुरू हो गया। कुछ देर में ही भारी संख्या में इण्डिया गठबंधन के घटक दलों के नेता भी अपनी अपनी पार्टी के झंडा, बैनर के साथ धरने में शामिल हो गए। वक्ताओं ने केंद्र सरकार पर तानाशाही कर एवं लोकतंत्र को खत्म करने की साजिश का आरोप लगाया।

धरने में प्रमुख रूप से सपा जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, यमुनापार पप्पू लाल निषाद, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, एम एल सी डॉ मान सिंह यादव, विधायक गण श्रीमती विजमा यादव, संदीप पटेल, श्रीमती गीता शास्त्री, हाकिम लाल बिन्द, पूर्व सांसद धर्म राज पटेल, पूर्व विधायक गण अंसार अहमद, मुजतबा सिद्दीकी, बासुदेव यादव, सत्य वीर मुन्ना, प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम लाल पाल, मिठाई लाल भारती, पूर्व मंत्री लल्लन राय, आर. एन. यादव, कामरेड हरिश्चन्द्र द्विवेदी, शिव शंकर वर्मा, अमर नाथ सिंह मौर्य, कमला यादव, संजीव यादव, रमाकांत पटेल, पंधारी यादव, कृष्ण मूर्ति यादव, योगेश यादव, दान बहादुर मधुर, वजीर खां, असगर अली अंसारी, राम मिलन, धनी लाल यादव, महबूब उस्मानी, तारिक सईद अज्जू आदि मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा की बैठक सम्पन्न

**आजमगढ़।** अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा तथा विश्वकर्मा ब्रिगेड आजमगढ़ के जिला कमेटी की बैठक विश्वकर्मा भवन नरौली आजमगढ़ में सम्पन्न। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पूर्व चेयरमैन बीरेंद्र विश्वकर्मा तथा संचालन नगर अध्यक्ष पूर्व सभासद दिनेश विश्वकर्मा ने किया। मुख्य अतिथि अभाविशिम के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्वमन्त्री राम आसरे विश्वकर्मा ने जिलाध्यक्ष संगठन की समीक्षा बैठक की। विश्वकर्मा ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष पूर्वप्रधान हरिकेश विश्वकर्मा ने विश्वकर्मा ब्रिगेड के संगठन की रिपोर्ट प्रस्तुत किया।विश्वकर्मा समाज के जन जन से जोड़ने हेतु गांव स्तर पर अभियान चलाने का निर्णय लिया।

## व्यापारी महोत्सव सीजन-2 का आगाज आज

- माइंड रीडर सुहानी शाह होंगी आकर्षण का केन्द

**प्रयागराज।** सिविल लांइस के एंग्लो बंगाली इंटर कालेज के मैदान में शनिवार को व्यापारिक महोत्सव सीजन 2 का आगाज होगा। जिसमें माइंड रीडर सुहानी शाह आकर्षण का केन्द्र होंगी। वहीं स्थानीय एक दर्जन कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी हिमांशु निक्की गुप्ता ने बताया कि व्यापारिक महोत्सव सीजन 2 की मुख्य अतिथि मुख्य आयकर आयुक्त डा. शिखा दरबारी व विशिष्ट अतिथि मंडल रेल प्रबंधक हिमांशु बडोनी होंगे। मीडिया प्रभारी ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उददेश्य व्यापारियों के परिवार को एक साथ लाना और अधिकारियों के साथ ही हर वर्ग के लोगों का सम्मान करना है। बताया कि कार्यक्रम शाम पांच बजे से शुरू होकर रात 10 बजे तक चलेगा। जिसके आकर्षण के केन्द्र में माइंड रीडर सुहानी शाह होंगी जो शहरियों के मन को पढ़ने का काम करेंगी। इसके साथ ही यहां कई संस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। आयोजक आदिल वसी ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से कार्यक्रम में प्रवेश केवल पास के माध्यम से होगा जो शहरियों को फ्री में जारी किया गया है। व्यापारी नेता कादिर भाई ने सभी से कार्यक्रम को सफल बनाने को कहा है।

## लालता प्रसाद मिश्र क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**प्रयागराज।** सातवीं लालता प्रसाद मिश्र अंडर-16/19 क्रिकेट प्रतियोगिता शनिवार से ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज मैदान पर शुरू होगी। प्रतियोगिता में छह टीमें भाग लेंगी। उद्घाटन मुकाबला रामबाबू पाल क्लब और भवम स्पोर्ट्स क्लब के बीच सुबह नौ बजे से खेला जायेगा। आयोजन सचिव विवेक सिंह के अनुसार उद्घाटन समारोह में पार्षद मुकुंद तिवारी मुख्य अतिथि एवं अधिवक्ता देवेश शुक्ल विशिष्ट अतिथि होंगे। प्रतियोगिता में एंग्लो बंगाली इंटर कॉलेज, भानु प्रताप क्लब, चौधरी नौनिहाल क्लब और ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज की टीम भी भाग लेगी।

# 01 जनवरी से नहीं वितरण करेंगे राशन



अवधनामा संवाददाता

**मार्टिनगंज,आजमगढ़।** मार्टिनगंज तहसील क्षेत्र के विकासखंड मार्टिनगंज के सभी कोटेदारों ने आज मार्टिनगंज बाजार में एक बैठक करके सर्वसम्मत से उप जिलाधिकारी मार्टिनगंज को ज्ञापन सौंप करके कहा कि उत्तर प्रदेश के कोटेदार शासन के मनसा अनुसार राशन वितरण करते हैं साथ ही कोरोना काल में भी उत्तर प्रदेश के कोटेदार प्रधानमंत्री अन्नयोजना व राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत निशुल्क वितरण किया गया कोटेदार अपने व अपने परिवार के जीवन की परवाह न करते हुए सरकार की दिशा निर्देश में ई-पास मशीन से ईमानदारी के साथ वितरण किया जिसकी पूरे भारत में उत्तर प्रदेश सरकार को भारत सरकार को प्रशस्ति पत्र दिया गया उत्तर प्रदेश के कोटेदारों सरकार के निर्देशानुसार वितरण करते हैं लेकिन उत्तर प्रदेश के कोटेदारों को लाभांश?90 प्रति कुंतल ही मिलता है जबकि अन्य प्रदेशों में जैसे हरियाणा में 250 रुपए प्रति कुंतल गोवा में 200 केरल में 200 लेकिन हमें नहीं दिया जाता अगर हमारे मांगे पूरी नहीं हुई तो इस स्थिति में हम लोग 1 जनवरी 2024 से राशन वितरण का कार्य बंद कर देंगे जिसका सारा उत्तरदायित्व शासन व प्रशासन का होगा इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विजय राज आशीष राय जिला मंत्री रामबचन यादव ब्लॉक अध्यक्ष कोटेदार संघ के रामाश्रय तिवारी गोपाल गुप्ता जरगाम अहमद महाबल यादव महेंद्र यादव सत्येंद्र सिंह प्रेमचंद गजराज यादव बृजेश कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में कोटेदार उपस्थित थे।

# सुगन्ध सिंह बने युवा मोर्चा पूर्वांचल के प्रदेश प्रमुख महासचिव

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जनपद के बेलनाडीह स्थित एक मैरेज हाल में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की पूर्वांचल प्रदेश स्तरीय युवा मोर्चा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि पहुंचे सुभासपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव पूर्व राज्यमंत्री अरविंद राजभर का कार्यकर्ताओ ने फूलमलाओ से लादकर जोरदार स्वागत किया है। इस दौरान युवा मोर्चा कार्यकर्ता बैठक में काफी संख्या में पूर्वांचल से आए कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने पार्टी की सदस्यता ली। तो वही सुगन्ध सिंह की अध्यक्षता में दर्जनों समर्थको के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिसमें सुगन सिंह को प्रदेश प्रमुख महासचिव युवा मोर्चा पूर्वांचल बनाया गया। मुख्य अतिथि द्वारा इन सभी को अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। मुख्य अतिथि ने पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी का कार्यकर्ता वह पदाधिकारी मानव शरीर के रीड के समान होते हैं इसलिए हम पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के सम्मान को सर्वोपरि रखते हैं ताकि कार्यकर्ता समाज में जाए गर्व के साथ कह सके कि हम सुभासपा के सिपाही हैं इसलिए आगामी चुनाव को देखते हुए अभी से पार्टी के कार्यकर्ता बूथस्थर ब्लॉक स्तर जाकर पार्टी की विचारधाराओं से अवगत कराए।

# मुबारकपुर के प्रमुख समाजसेवी की ह्रदय गति रुकने ने से मौत शोक

अवधनामा संवाददाता



**मुबारकपुर आजमगढ़।** प्रमुख समाजसेवी हाजी अब्दुल मुक्तदिर अंसारी पल्लू की ह्रदय गति रुकने ने से मौत ,पूरे क्षेत्र में शोक की लहर एक झलक देखने के लिए लोगों की उमड़ी भीड़ बतादें की हाजी अब्दुल मुक्तदिर अंसारी मोहल्ला रसूलपुर मुबारकपुर निवासी थे वह छः भाइयों में वो चौथे नंबर पर थे इनकी पत्नी समेत चार पुत्रियां एवं तीन पुत्र हैं जिसमें एक बेटा और एक बेटी की शादी जल्द हुई है। प्रमुख समाजसेवी एवं राजनीत से जुड़े जिम्मेदार समाजसेवी कार्यकर्ता रहने के साथ ही 2023 में हुए निकाय चुनाव में मुबारकपुर नगरपालिका परिषद अध्यक्ष पद का चुनाव भाजपा के सिंबल पर लड़ चुके हाजी अब्दुल मुक्तदिर अंसारी उर्फहाजी पल्लू का 52 वर्ष की आयु में का शुक्रवार को करीब 2:00 बजे ह्रदय गति रुकने से अचानक निधन हो गया, उनके निधन की सूचना मिलते ही मुबारकपुर व आसपास क्षेत्रों में गम की लहर दौड़ गई, और उनके आवास पर उनका अंतिम दर्शन करने के लिए राजनीतिक दल समेत लोगों का तांता लग गया है, बता दें कि हाजी अब्दुल मुक्तादिर अंसारी मुबारकपुर ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक जिम्मेदार शख्सियत मानी जाती थी, वह गरीबों, मजबूरन, बेसहारों के लिए मसीहा थे। उनके निधन पर सर्व धर्म समाज के लोग शोक में डूब गए। और उनके आवास पर सांतवना देने वालों की भीड़ लग गयी उनकी दिवंगत नेता की नमाज जनाजा शुक्रवार को रात 9:00 बजे मोहल्ला रसूलपुर में अदा कर पास के कब्रिस्तान में नम आँखों से सुपुर्दे खाक किया गया।

इस मौके पर पूर्व विधायक रामदर्शन यादव,पूर्व ब्लॉक प्रमुख गुड्डू यादव, अब्दुल्लाह अलाउद्दीन, पप्पू मलिक, हाजी आदिल, डॉ.जावेद कमर, हाजी शमशाद, डॉ अलीम अंसारी, हाजी सफीउज्जमा, हाफिज नफीस आदि लोग रहे।

# विदेशी मुद्रा भंडार 9.112 अरब डॉलर बढ़कर 615.971 अरब डॉलर हुआ, आरबीआई ने जारी किए आंकड़े



**नई दिल्ली।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 9.112 अरब डॉलर बढ़कर 615.971 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने इससे जुड़े आंकड़े जारी किए हैं। इससे पिछले सप्ताह में देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 2.816 अरब डॉलर बढ़कर 606.859 अरब डॉलर हो गया था।

अक्टूबर 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। केंद्रीय बैंक की ओर से पिछले साल से वैश्विक घटनाक्रमों के कारण उपजे दबाव के बीच रुपये को बचाने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार का इस्तेमाल किए जाने के बाद इसमें कमी आई ।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 15 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 8.349 अरब डॉलर बढ़कर 545.048 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर में अभिव्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे यूरो, पौंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में वृद्धि या कमी का प्रभाव भी शामिल होता है।

रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार गोल्ड रिजर्व 44.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 47.577 अरब डॉलर हो गया। केंद्रीय बैंक के अनुसार इस दौरान विशेष आहरण अधिकार एसडीआर 13.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.323 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार समीक्षाधीन सप्ताह में आईएमएफ अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में भारत का मुद्रा भंडार 18.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 5.023 अरब डॉलर हो गया।

## सोना 300 रुपये चढ़ा, चांदी 400 रुपये उछली

**नई दिल्ली।** दिल्ली सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने के भाव 300 रुपये की तेजी के साथ 63,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गए। इस दौरान चांदी भी 400 रुपये उछलकर 79,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना और चांदी तेजी के साथ क्रमशः 2,050 डॉलर प्रति औंस और 24.45 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करते दिखे।

विदेशी बाजारों में तेजी के रुख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने के भाव 300 रुपये की तेजी के साथ 63,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गए। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस दौरान चांदी भी 400 रुपये उछलकर 79,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 79,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना और चांदी तेजी के साथ क्रमशः 2,050 डॉलर प्रति औंस और 24.45 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करते दिखे। इस दौरान कॉमेक्स पर सोने का हाजिर भाव 13 डॉलर की तेजी के साथ 2,050 डॉलर प्रति औंस हो गया।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में जिंसों के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, अमेरिकी वृद्धि दर के तीसरी तिमाही में निचले स्तर पर आने के बाद डॉलर सूचकांक अगस्त की शुरुआत के बाद से सबसे निचले स्तर पर आ गया इससे सोने और चांदी की कीमतों में इजाफा दिखा।

# अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल में हुआ यूपी का पहला प्राइमरी इम्यूनोडेफिशिएंसी बोन मैरो ट्रांसप्लांट

**लखनऊ।** अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल ने एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल करते हुए हेमेटोलॉजिस्ट और बोन मैरो ट्रांसप्लांट एक्सपर्ट डॉ. प्रियंका चौहान के नेतृत्व में एक्टिवेटेड पीआई3के डेल्टा सिंड्रोम (एपीडीएस) के लिए सफलतापूर्वक पहला एलोजेनिक स्टेम सेल ट्रांसप्लांट किया है। इस दुर्लभ प्राइमरी इम्यूनोडेफिशिएंसी रोग से पीड़ित 14 वर्षीय लड़का है, जिसमें सात साल की उम्र में इस बीमारी को डायग्नोस किया गया था। इलाज के लिए उसके शरीर में एंटीबॉडीज पूरी करने के लिए हर महीने इम्युनोग्लोबिन इंजेक्शन दिया जा रहा था। यह इलाज न केवल महंगा है, बल्कि रोगी की साधारण पारिवारिक स्थिति के चलते इलाज की उपलब्धता भी चुनौती बन चुकी थी।

पिछले वर्ष, मरीज और उसके परिवार ने लखनऊ के अपोलोमेडिक्स अस्पताल में इलाज के लिए संपर्क किया। राहत वाली बात यह रही कि मरीज का भाई बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए पूर्ण एचएलए मैच डोनर पाया गया।




अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल, लखनऊ में हेमोटोलॉजी और ऑन्कोलॉजी की कंसल्टेंट डॉ. प्रियंका चौहान ने बताया, ÷प्राइमरी इम्युनोडेफिशिएंसी रोग दुर्लभ आनुवंशिक स्थिति है, जो बार-बार होने वाले या गंभीर संक्रमण, ऑटोइम्यून विकारों और कैंसर के प्रति बढ़ती संवेदनशीलता के कारण रोगियों और चिकित्सा पेशेवरों के लिए महत्वपूर्ण चुनौतियां पैदा करती हैं। इस रोग के दुनिया भर में केवल 200 मामले सामने आए हैं, लेकिन साइंटिफिक जर्नल्स के अनुसार आज तक केवल 10-11 मामलों में ही बोन मैरो ट्रांसप्लांट में सीमित सफलता देखी गई है। उत्तर प्रदेश में इस मर्ज से पीड़ित रोगियों के लिए एक आशा की किरण तब जगी, जब 14 वर्षीय लड़के का लखनऊ के अपोलो मेडिक्स अस्पताल में सफल बोन मैरो ट्रांसप्लांट किया गया। उपचार के विकल्पों में चल रहे अनुसंधान और प्रगति के साथ, इस दुर्लभ प्राइमरी इम्यूनोडेफिशिएंसी रोग से प्रभावित लोगों के लिए बेहतर परिणाम और जीवन की गुणवत्ता में सुधार की उम्मीद बढ़ी है।

# नई दिल्ली में लॉन्च हुए जीवन समाप्त हुए वाहनों के लिए ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म DigiELV और ऑटोमोटिव सर्कुलरिटी ऑर्केस्ट्रेटर

**नई दिल्ली।** नेशनल-मेटा मैटेरियल्ससर्कुलर मार्केट्स ने द थिएटर, आईएचसी, नई दिल्ली में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम मनाया। इस अवसर पर, माननीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिनगडकरी की गरिमामयी उपस्थिति में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) द्वारा अधिकृत DigiELV, एंड ऑफ लाइफव्हीकल सर्टिफिकेट ऑफ डिपॉजिट (सीडी) ट्रेडिंगप्लेटफॉर्म और ऑटोमोटिव सर्कुलरिटी ऑर्केस्ट्रेटर का आधिकारिक लॉन्च हुआ। । परिवहन क्षेत्र के महत्वपूर्ण पर्यावरणीय प्रभाव को संबोधित करते हुए, MMCM के सीईओ श्री नितिन चितकारा ने टिप्पणी की हमारे इन समाधानों यानी DigiELV और ऑटोमोटिव सर्कुलरिटी ऑर्केस्ट्रा का उद्देश्य, स्थिरता को बढ़ावा देकर और ऑटोमोटिव प्रदूषण के गंभीर मुद्दे को संबोधित करके ऑटोमोटिव उद्योग में क्रांति लाना है। उन्होंने संबोधित किया



कि उपभोक्ताओं को इस सुविधा से एक प्रमाण पत्र प्राप्त होने से लाभ होगा। यह सरकार द्वारा भी मान्यता प्राप्त है। इसके अलावा जब भी उपभोक्ता नई गाड़ी खरीदेगा, उसे वह प्रमाण पत्र का उपयोग कर, नई गाड़ी के सड़क-कर तथा पंजीकरण शुल्क पर छूट मिलेगी। मंत्री नितिनगडकरी ने इस तरह की पर्यावरणीय पहल के लाभों पर जोर देते हुए कहा, DigiELV और ऑटोमोटिव सर्कुलरिटी ऑर्केस्ट्रेटर जैसे प्लेटफार्मों का लॉन्च प्रदूषण को कम करने और टिकाऊ गतिशीलता की ओर बढ़ने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है उन्होंने 3E संकल्पना (इकोलॉजी, एन्वायरमेंट और इकोनॉमिक्स) के साथ आगे बढ़ने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि स्क्रैपिंग नीति का बड़े पैमाने पर उपयोग, अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा वरदान तो होगा ही, लेकिन पर्यावरण प्रदूषण को लगभग 20-25% कम कर देगा।

परिवहन क्षेत्र की तरफ से, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने की भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता यह लॉन्चइवेंट था। श्रीयुत चितकारा जी ने कहा भारत के कुल जीएचजी उत्सर्जन का लगभग 8% परिवहन क्षेत्र से आता है, और दिल्ली में तो यह 30% से अधिक है। 2021 वाहन स्क्रैपेज नीति, प्रदूषण को कम करने के लिए, अनफिट कारों को व्यवस्थित रूप से हटाने और तकनीकी रूप से उन्नत वाहनों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# वाराणसी में गेस्ट हाउस के उद्घाटन में शामिल हुए सिक्किम के मुख्यमंत्री तामांग

**लखनऊ।** सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तामांग ने हाल ही में उद्घाटन किए गए काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर का दौरा किया, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का प्रमाण है। इसके बाद उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर में पवित्र रुद्राभिषेक में हिस्सा लिया, भगवान विश्वनाथ और भगवान काल भैरव से सिक्किम एवं राष्ट्र के सभी नागरिकों के अच्छे स्वास्थ्य, समृद्धि और समग्र कल्याण का आशीर्वाद मांगा। इस दौरान मुख्यमंत्री तामांग वाराणसी में दत्तात्रय मठ के तत्वावधान में एक अतिथि गृह, इंद्रकिल भवन (सिक्किम) के उद्घाटन में सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य के साथ मौजूद रहे।

राज्यपाल ने इस परियोजना में मुख्यमंत्री के व्यक्तिगत हस्तक्षेप की सराहना की, जो अपने लोगों और काशी की पवित्र भूमि पर आने वाले पूरे देश के प्रति उनकी भक्ति को



उजागर करता है।

मुख्यमंत्री तामांग ने काशी पहुंचने पर सिक्किम के प्रतीक इंद्रकिल नाम के महत्व और राज्य और देश के लोगों की सेवा के प्रति इसके समर्पण को साझा किया। उन्होंने विशेष रूप से तीर्थ यात्राओं के दौरान समानता पर जोर देते हुए वीआईपी कमरे की प्रथा को खत्म करने की भी घोषणा की। भवन को एक संपत्ति के रूप में संरक्षित करने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने सामूहिक तौर पर जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया और इसके रखरखाव के लिए न्यूनतम योगदान को प्रोत्साहित किया।

# इलाज को आसान बनाना हमारा उद्देश्यः विद्यासागर गुप्ता

**लखनऊ।** आज जब बीमारी ने हर किसी को किसी न किसी रूप में जकड़ रखा है आदमी इलाज के लिए भटकता रहता है निजी चिकित्सालय में इलाज इतना महंगा है कि हर किसी के बस में नहीं की खर्चा उठा सके वही सरकारी अस्पतालों में लंबी लाइनें और इलाज मिलने का इंतजार रोगी की पीड़ा को और बढ़ा देता है .श्री हर भज राम कृपा देवी ट्रस्ट चिकित्सालय पिछले 62 वर्षों से रोगी की बीमारी के इलाज को सरल बनाने में निरंतर प्रयासरत है और हमारा उद्देश्य है कि बीमार व्यक्ति को सस्ता व सरल इलाज उपलब्ध कराया जा सके। उक्त उद्गार श्री हरभजराम कृपा देवी धर्मार्थ चिकित्सालय, चारबाग के अध्यक्ष पूर्व विधायक विद्यासागर गुप्ता ने आज एक प्रेस वार्ता में व्यक्त किये .श्री गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में यहां एलोपैथी, होम्योपैथी व आयुर्वेद विभागों के अलावा स्त्री रोग विभाग, नेत्र रोग विभाग , दांत चिकित्सा



आदि विभागों में कुशल चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जा रहा है। साथ ही अल्ट्रासाउंड व पैथोलॉजी भी संचालित हो रही है .हर वर्ष 100 मोतियाबिंद के मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन होता है तथा दवा ,चश्मा भी बांटा जाता है. विद्यासागर गुप्ता ने बताया कि पिछले 62 वर्षों में हमारे अस्पताल ने 6200 से ज्यादा मरीजों की आंखों को रोशनी प्रदान की है .प्रेस वार्ता में ट्रस्ट के सचिव अमित गुप्ता व वाइस चेयरमैन रमेश अग्रवाल ने बताया कि कल 23 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीयअटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस को समर्पित निशुल्क चिकित्सा व चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय राय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

## पोगो पेश करते हैं 'आग और पानी की टक्कर'

**लखनऊ।** भारत के स्वदेशी किड्स एंटरटेनमेन्ट चैनल, पोगो दो आइकोनिक कैरेक्टर्स लिटल सिंघम और छोटा भीम को एक्सक्लुज़िव फिल्म -आग और पानी की टक्कर' में एक साथ ला रहे हैं। फिल्म का प्रीमियर रविवार 31 दिसम्बर को दोपहर 1 बजे हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड, मलयालम और मराठी में किया जाएगा। यह ब्लॉकबस्टर आयोजन दर्शकों को एडवेंचर का रोमांचक अनुभव प्रदान करेगा। हैड ऑफ किड्स क्लस्टर- साउथ एशिया, वार्नर ब्रदर्स, डिस्कवरी, उत्तम पाल सिंह ने कहा, ''स्टोरीटैलर्स के रूप में, हमें दर्शकों के दो पसंदीदा कैरेक्टर्स लिटल सिंघम और छोटा भीम को एक साथ लाते हुए बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। जो साल की शानदार फिल्म 'आग और पानी की टक्कर' में एक साथ नज़र आएंगे। यह फिल्म एनिमेशन की दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कलाकारों- रिलायन्स एनिमेशन्स, रोहित शेट्टी और ग्रीन गोल्ड एनिमेशन की अनूठी पहल है, जो टूनवर्ल्ड के टाइटन्स के साथ पोगो के प्रशंसकों को अभूतपूर्व अनुभव प्रदान करेगी।''

# चिन्टेल्स ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने बर्लिंगटन इंग्लिश के साथ किया एकेडेमिक कोलैबोरेशन

## छात्रों को विश्व स्तरीय वैश्विक भाषा सीखने से होगा लाभ

**कानपुर।** शिक्षा जगत में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, अंग्रेजी भाषा और शिक्षण में 40+ वर्षों की



उत्कृष्टता की विरासत के साथ बर्लिंगटन इंग्लिश ने द चिन्टेल्स ग्रुप ऑफ स्कूल्स, कानपुर के साथ अपने कक्षाओं में इंग्लिश सिखाने के लिए साझेदारी की है। शिक्षा के इन दो दिग्गजों के बीच यह महत्वपूर्ण सहयोग शैक्षणिक उत्कृष्टता और बेहतर अंग्रेजी की ओर एक रोमांचक यात्रा की शुरुआत है।

एमओयू हस्ताक्षर में बर्लिंगटन इंग्लिश के प्रबंध निदेशक श्री अमित बवेजा और चिन्टेल्स ग्रुप की निदेशक डॉ. कविशा खुराना विज ने हिस्सा लिया। इस साझेदारी के साथ, चिन्टेल्स स्कूल बर्लिंगटन इंग्लिश की प्रसिद्ध 21वीं सदी की अंग्रेजी टेक्स्टबुक सीरीज़ को अपनाया है, जिसे छात्रों में भाषा विकास, कौशल और 21वीं सदी की दक्षताओं को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। स्कूली छात्रों के लिए बेहतरीन अंग्रेजी संसाधन तैयार करने के लिए बर्लिंगटन की यह प्रतिबद्धता डॉ. कविशा खुराना विज के चिन्टेल्स में शैक्षणिक उत्कृष्टता के दृष्टिकोण के साथ पूरी तरह से मेल खाती है।

बर्लिंगटन इंग्लिश के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री अमित बवेजा ने साझेदारी के बारे में अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, ÷यह सहयोग वैश्विक स्तर पर उच्च गुणवत्ता वाले अंग्रेजी भाषा लर्निंगसॉलूशन्स देने के हमारे समर्पण का प्रमाण है। हम छात्रों को सफलता के लिए जरुरी लैंग्वेज लर्निंग प्रदान करने के लिए चिन्टेल्स स्कूल के साथ जुड़कर रोमांचित हैं। यह साझेदारी भाषा के प्रति हमारे समर्पण और पूरी शिक्षा प्रणाली के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

डॉ. कविशा खुराना विज ने सहयोग के लिए अपने दृष्टिकोण को साझा करते हुए कहा, अंग्रेजी दक्षतामें सफलता के लिए जरुरी है, और हम बर्लिंगटन इंग्लिश के साथ साझेदारी करने और उनके अंग्रेजी पाठ्यक्रम को हमारे शैक्षणिक इकोसिस्टम में लाने के लिए उत्साहित हैं। हम चाहते हैं कि हमारे छात्र अंग्रेजी भाषा की क्षमताओं में दक्षता हासिल करें और मेरा दृढ़ विश्वास है कि बर्लिंगटन इंग्लिश के साथ यह साझेदारी उस दिशा में सही कदम है।

जैसा कि बर्लिंगटन इंग्लिश और चिन्टेल्स स्कूल ने इस वेंचर की शुरुआत की है, छात्र एक बेहतरीन अनुभव की आशा कर सकते हैं। इन दोनों की विशेषज्ञता अंग्रेजी भाषा शिक्षा के लिए एक गतिशील और अभिनव दृष्टिकोण सुनिश्चित करती है, जो छात्रों को वैश्विक मंच पर सफलता के लिए तैयार करती है।

# केंद्र ने खाद्य तेलों पर घटी हुई आयात शुल्क व्यवस्था मार्च 2025 तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने खाद्य तेलों- रिफाइंड सोयाबीन तेल और रिफाइंड सूरजमुखी तेल पर घटी हुई आयात शुल्क व्यवस्था को मार्च 2025 तक बढ़ा दिया है। खाद्य तेलों के साथ ही मसूर दाल पर आयात शुल्क छूट भी 31 मार्च 2025 तक बढ़ा दिया गया है। सरकार के इस कदम का उद्देश्य खाद्य मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाना है। वित्त मंत्रालय की एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है कि घटी हुई ड्यूटी मार्च 2024 में समाप्त होने वाली थी, लेकिन अब मार्च 2025 तक जारी रहेगी।

रिफाइंड सोयाबीन तेल और रिफाइंड सूरजमुखी तेल पर मूल आयात शुल्क 17.5% से घटाकर 12.5% कर दिया गया था। शुल्क में इस कटौती से इन तेलों की देश में आने की लागत कम हो जाएगी, जिससे घरेलू कीमतें कम होंगी और लोगों को राहत मिलेगी।

बता दें कि नवंबर में खाद्य मुद्रास्फीति बढ़कर 8.70 प्रतिशत हो गई, जो इससे पिछले महीने 6.61 प्रतिशत थी। कुल उपभोक्ता मूल्य बास्केट में खाद्य मुद्रास्फीति की हिस्सेदारी लगभग आधी है, जो कई परिवारों पर बोझ डाल रही है और 2024 में आम चुनावों को देखते हुए सरकार की चिंता का कारण है।

भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता और नंबर एक वनस्पति तेल आयातक है। यह देश आयात के माध्यम से अपनी जरूरतों का 60% पूरा करता है।

इसका एक बड़ा हिस्सा पाम ऑयल और इससे जुड़े उत्पादों का है, जो इंडोनेशिया और मलेशिया से आयात किए जाते हैं। भारत में मुख्य रूप से सरसों, पाम, सोयाबीन और सूरजमुखी से बनी खाद्य तेलों की खपत होती है।

खाद्य तेलों के साथ ही मसूर दाल पर आयात शुल्क छूट जो वर्तमान में 31 मार्च 2024 तक वैध है उसे भी 31 मार्च 2025 तक बढ़ा दिया गया है।

## मीशो पर मेट्रो शहरों के अलावा भी 14 करोड़ ग्राहकों ने शॉपिंग की 80% ऑर्डर टियर 2+ बाजारों से मिले

**बेंगलुरु।** 2023 की ओर बढ़ते हुए भारत का एकमात्र ट्रू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस, मीशो ज़बरदस्त वृद्धि और महत्वपूर्ण उपलब्धियों वाले साल का समापन कर रहा है। मीशो पर कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक पूरे देश में अमरावती, औरंगाबाद, देहरादून, नेल्लोर, सोलापुर और वारंगल जैसे शहरों के ग्राहकों ने जमकर ख़रीददारी की। बाजार में मीशो की मज़बूत पहुँच के साथ कंपनी ने 14 करोड़ ग्राहकों के लेनदेन दर्ज किए, जिनमें से लगभग 80% ऑर्डर टियर 2+ बाजारों से आए।

data.ai के अनुसार, मीशो भारत में नंबर 1 शॉपिंग ऐप था, जिसके 2023 में 14.5 करोड़ ऐप डाउनलोड दर्ज हुए। हर उपयोगकर्ता ने मीशो ऐप पर विस्तृत संग्रह से अपना पसंदीदा समान ख़रीदते हुए ऐप पर 449 मिनट बिताए।

टियर 2+ बाज़ारों में ई-कॉमर्स द्वारा लगातार तेज़ी पकड़ने के साथ मीशो ने भारत में शॉपिंग करने के तरीके का विश्लेषण पेश किया है-

**असली बाजीगर** सूरत, गुजरात में एक ग्राहक को आभूषणों केस इतना शौक था कि उसने इस प्लेटफार्म पर सबसे ज़्यादा ऑर्डर देने का रिकॉर्ड बना लिया, वो 20,000 ऑर्डर दे चुका है, जो अभी भी बढ़ रहे हैं।

**घर में रहना अच्छा** होम इम्प्रूवमेंट की इच्छा से ग्राहकों ने अपने घरों को सजाने के लिए फर्नीचर, फिक्स्चर और घर की सजावट में निवेश किया। होम डेकोर की श्रेणी में साल-दर-साल 60% की वृद्धि दर्ज हुई है। भागलपुर, डिंडीगुल, जोरहाट और शहडोल में ग्राहकों का रुझान तोरण और दीयों से लेकर क्रिसमस एवं अन्य त्योहारों के लिए सजावट पर रहा।

**स्ट्रैप और स्टाइल** ग्राहकों में तेजी से पारंपरिक घड़ियों से स्मार्टवॉच की ओर बदलती रुचि देखी गई, और हर दिन 25,000 से ज़्यादा ग्राहकों ने स्मार्टवॉच ख़रीदी। विशेषतया चित्तूर, दीमापुर, पलवल और सतारा जैसे टियर 2+ शहरों के ग्राहक स्मार्टवॉच ज़्यादा पसंद कर रहे हैं, जिससे वियरेबल टेक्नोलॉजी की ओर बढ़ता रुझान प्रदर्शित होता है।

**फिट इंडिया अभियान** फिटनेस उपकरणों की मांग 55% बढ़ी, और चांदपुर, करवर, पठानकोट एवं रत्नागिरी जैसे शहरों के ग्राहकों ने डम्बल, योगा मैट, एक्सरसाइज रिंग्स, और बॉल्स आदि के ऑर्डर दिए।

**शेल्फ के सामान की मांग** भारत में हर दिन 3 लाख से अधिक कुर्तियां, 39,000 ब्लूटूथ हेडफ़ोन और 21,000 बेडशीट खरीदी गयीं। गुजरात से ब्लूटूथ इयरफ़ोन के ऑर्डर मिले, हिमाचल प्रदेश से मोबाइल केस और कवर, कर्नाटक से वॉलपेपर और उड़ीसा से हेयर आयल के ऑर्डर ज़्यादा मिले।

**मीशो ने सेहत के लिए शॉपिंग बनाई आसान** मीशो पर 67 लाख से ज़्यादा ग्राहकों ने बालों के हेयर फॉल से छुटकारा पाने के उपायों की खरीदारी की। खुद की देखभाल के बारे में जागरूकता बढ़ने के साथ लोगों की आदतें भी बदल रही हैं और ब्यूटी एवं पर्सनल केयर में 40% की वृद्धि दर्ज हो रही है।

**रविवार की हलचल बरकरार** 'परंपरा, प्रतिष्ठा, अनुशासन' की परंपरा को बनाए रखते हुए भारतीय शॉपर्स द्वारा लगातार दो सालों से रविवार को खरीदारी के लिए सबसे अच्छा दिन घोषित किया जा रहा है, और इस दिन वो सुबह 7 बजे से शॉपिंग शुरू करते हैं, जो तड़के 3 बजे तक चलती है।

# मंत्रोच्चारण व शंखनाद के साथ शुरू हुआ विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव



**लखनऊ।** छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने के लिये तीन दिवसीय विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव आज यहां एनआरएलसी ट्रेनिंग संस्थान, सेक्टर-जी, जानकीपुरम के ऑडिटोरियम में मंत्रोच्चारण और शंखनाद के साथ शुरू हो गया। सामाजिक संस्था सोसायटी ऑफ कॅरियर टेक्नोलॉजी (सोक्ट) एवं जन विकास महासभा, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में शुरू हुये उत्सव के उद्घाटन मौके पर मुख्य अतिथि एमएलसी पवन सिंह चौहान ने दीप प्रज्जवलित किया और बच्चों ने सरस्वती वन्दना पर नृत्य एवं वन्देमात्रम का सामूहिक गान भी हुआ। इस मौके पर सोक्ट के अध्यक्ष व कॅरियर काउन्सलर डा. अगम दयाल, जनविकास महासभा के अध्यक्ष व मुख्य आयोजक पंकज तिवारी, परी पुस्तक केन्द्र के अजय यादव, शोभा फाउण्डेशन के प्रदीप जायसवाल व अंकेश चौहान, पूर्व कार्यवाहक महापौर सुरेश अवस्थी, समाजसेवी दिव्या शुक्ला, वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश चन्द्र अवस्थी डॉ अमित सक्सेना रेनू सिंह नसरीन खान पिंकी शुक्ला रामकृष्ण साहू वैभव शुक्ला सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी ने भारत के 17वें और यूपी के पांचवे एक्सक्लूसिव शोरूम का लखनऊ में उद्घाटन किया

**लखनऊ।** हरि कृष्णा ग्रुप को पिछले 31 वर्षों का विश्वस्तरीय ज्वेलरी डिजाइनिंग, मेन्युफैचरिंग एवं बिक्री का अनुभव है जिसकी ब्रांड किसना पिछले 18 वर्षो से भारतीय बाजार में उपलब्ध है, हरि कृष्णा ग्रुप ने लखनऊ शहर में फ्रैंचाइजी स्टोर लॉन्च किया है। इस नये स्टोहर के लॉन्चइ के साथ किसना ने अपनी रिटेल रणनीति की दिशा में प्रगतिशील कदम बढ़ाना जारी रखा है, क्योंॉकि कंपनी डायमण्डै ज्वै लरी को भारत की सारी आधुनिक महिलाओं के लिये सुलभ बनाने के अपने वादे और विजन को पूरा करना चाहती है। हरि कृष्णाा ग्रुप के खदानों से लेकर बाजार तक के तंत्र में किसना सभी अवसरों और बजट के लिये लगातार बदलने वाली उपभोक्ता की पसंद के अनुरूप है। लखनऊ में किसना का नया शोरूम हर आयु वर्ग के लिये सबसे बढ़िया और पसंदीदा कलेक्शंरस और डिजाइनों की पेशकश करेगा। कलेक्शहन की डिजाइनों को



स्थासनीय पसंद के आधार पर तैयार किया गया है, जिसके साथ ही यह नए शोरूम उच्ची-गुणवत्ता और चलन वाले डिजाइनों की एक बड़ी श्रृंखला की पेशकश करते है, जोकि रोजाना पहनने और त्यौचहारों के लिये सबसे बढ़िया है।

शोरूम के भव्यच शुभारंभ में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री माननीय श्री बृजेश पाठक एवं हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थाकपक एवं प्रबंध निदेशक श्री घनश्याबम ढोलकिया मौजूद थे।

2005 में स्था पित किसना ने वितरण से चलने वाले मॉडल की पहल की है और आज देश में इसके 3500 से ज्याादा स्टो र्स हैं, जो उसे भारत का सबसे बड़ा वितरित डायमण्डे ज्वै लरी ब्राण्डन बनाते हैं। 2022 में, किसना ने सिलीगुड़ी में अपना पहला शोरूम लॉन्च करके अपना विस्तार शुरू किया, इसके बाद हैदराबाद, हिसार, अयोध्या, बरेली, रायपुर, दिल्ली, मुंबई, जम्मू, बैंगलोर, ग़ाज़ियाबाद, प्रयागराज और देवघर में शोरूम लॉन्च किये।

नये शोरूम के लॉन्च पर अपने विचार रखते हुए, श्री घनश्याडम ढोलकिया ने कहा, हम ऐतिहासिक शहर लखनऊ में किसना का शोरूम स्थापित करने और शहर में अपने नवीनतम डिजाइन पेश करने के लिए उत्साहित हैं. हम डायमंड को देश की सभी महिलाओं के लिये सुलभ बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं और अपनी विस्तांर योजनाओं के साथ हमारा लक्ष्यस देश की हर महिला की डायमंड ज्वैऔलरी को पहनने की आकांक्षा पूरी करना है। नये शोरूम में हम उपभोक्तालओं को हरि कृष्णा ग्रुप की विशेषज्ञता का अनुभव देना चाहते हैं और उन्हेंन डायमण्डम तथा गोल्डभ ज्वैषलरी की एक वैरायटी देना चाहते हैं, जिसे वे किसी भी मौके पर पहन सकें।

किसना डायमंड ज्वैलरी के डायरेक्टर पराग शाह ने कहा, ÷खूबसूरत शहर लखनऊ में अपना स्टोर लॉन्च करना, विकास और विस्तार की दिशा में हमारा अगला कदम है। यह शहर आभूषणों में अपने अनूठे डिजाइनों के लिए जाना जाता है इसलिए हमारा लक्ष्य आभूषणों को क्यूरेट करना है।

# बच्चों से भरी स्कूल बस पलटी, दो लोगों की मौत

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** सिकरीगंज के पास शुक्रवार की सुबह एक स्कूली बस सड़क के किनारे पलटने से दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें दो बच्चों की मौत हो गई जबकि एक दर्जन से ज़्यादा बच्चे घायल हो गए। घायल बच्चों का इलाज विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। बच्चों से भरी बस की दुर्घटना की खबर के बाद इलाके में हड़कंप पहुंच गया सूचना पर डीएम एसपी मौके पर पहुंच गए। उधर बच्चों के पारिवारिक जनों ने दुर्घटना को लेकर सड़क जाम कर दिया और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। दुर्घटना के बाद स्कूल के शिक्षक और कर्मचारी स्कूल छोड़कर फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिकरीगंज के यूएस सेंट्रल पब्लिक स्कूल में आसपास के इलाके के बच्चे शिक्षा लेते हैं और यहां बच्चे स्कूल बस से आते हैं। बताया जा रहा है कि स्कूल से 100 मीटर पहले एक गाड़ी को ओवरटेक करते समय सड़क के बगल में पेड़ से टकराकर स्कूल बस गड्ढे में पलट गई जिसमें दो बच्चों की तत्काल मौत हो गई। मरने वालों में मटिया निवासी कक्षा 7 की छात्रा 13 वर्षीय साक्षी विश्वकर्मा और सहुवाँ निवासी 13 वर्षीय प्रतिभा शामिल है। दुर्घटना के बाद अफरा तफरी मच गई। बच्चों की चीख पुकार से पूरा इलाका गूंज उठा स्थानीय लोगों ने राहगीरों की मदद से किसी तरह बच्चों को बाहर निकाला। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे कई अभिभावक अपने बच्चों को तलाश करते नजर आए। सबको अपने बच्चों को लेकर चिंता थी। फिलहाल घायल बच्चों का इलाज कई अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा है जबकि मौत का शिकार हुए बच्चों के परिवार में मातम छाया हुआ है मां-बाप का रो रो कर बुरा हाल है।

# महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में किया अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान से एमओयू

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, आरोग्यधाम गोरखपुर की उपलब्धियों की किताब में एक नया अध्याय जुड़ गया है। चावल अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (इरी) के साथ एमओयू (समझौता ज्ञापन) का आदान-प्रदान किया है।

इस एमओयू से कालानमक समेत चावल की अन्य प्रजातियों पर रिसर्च की दिशा में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय और इरी मिलकर काम करेंगे। शुक्रवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय परिसर में विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपेयी और अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान के वाराणसी स्थित दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र (आईसार्क) के निदेशक डॉ. सुधांशु सिंह ने समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू के तहत उत्तर प्रदेश में चावल आधारित कृषि-खाद्य प्रणालियों को आकार देने की दिशा में अनुसंधान और विकास कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही वर्तमान और भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए इरी व विश्वविद्यालय के बीच युवा शोधकर्ताओं की विशेषज्ञता और कौशल को बढ़ाने के लिए क्षमता विकास और विनिमय कार्यक्रम भी शुरू किए जाएंगे। दोनों संस्थानों का लक्ष्य साझेदारी के माध्यम से संयुक्त अनुसंधान और विकास परियोजनाओं को विकसित और कार्यान्वित करना है जिससे क्षेत्र में चावल आधारित खाद्य प्रणाली को सुदृढ़ किया जा सके। कुलपति डॉ. अतुल वाजपेयी ने इरी के साथ हुए एमओयू का स्वागत करते हुए इसे कृषि अनुसंधान और संबद्ध विज्ञान के विभिन्न विषयों में शैक्षणिक, अनुसंधान, और प्रशिक्षण गतिविधियों के प्रचार और साझा उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए मील का पत्थर बताया। उन्होंने खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चावल उत्पादन के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करते हुए उच्च पैदावार प्राप्त करने की इरी की योजना के लिए मजबूत समर्थन देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

**चावल अनुसंधान की दिशा में मिलकर काम करेंगे दोनों संस्थान**

### एमओयू से कालानमक व अन्य पारंपरिक किस्मों को मिलेगा बढ़ावाः डॉ. सुधांशु

एमओयू के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान की ओर से डॉ. सुधांशु सिंह ने कौशल विकास कार्यक्रमों, अनुसंधान और विकास पहल के माध्यम से चावल आधारित खाद्य प्रणालियों की उत्पादकता बढ़ाने की योजना साझा की। उन्होंने कहा कि महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय बाढ़-प्रवण पारिस्थितिकी वाले राज्य के गोरखपुर जिले में स्थित है और कालानमक की खेती के लिए जीआई टैग प्राप्त है। समझौता ज्ञापन जीआई क्षेत्र में तनाव-सहिष्णु चावल की किस्मों के साथ-साथ बेहतर कालानमक के मूल्यांकन में मदद करेगा। यह एमओयू कालानमक और अन्य पारंपरिक किस्मों को बढ़ावा देगा और इन किस्मों से आईसार्क द्वारा विकसित मूल्य-आधारित उत्पादों का व्यावसायीकरण करेगा। डॉ. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय चावल उत्पादों के व्यावसायीकरण के लिए संयुक्त उद्यम के लिए आईसार्क और क्षेत्र के उद्यमियों के बीच एक कड़ी के रूप में भी काम कर सकता है। समझौता करार का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री योगी के सलाहकार डॉ. जीएन सिंह ने कहा कि यह एमओयू पूर्वांचल के किसानों को खाद्य के क्षेत्र में आत्मानिर्भर बनाने में सहायक होगा। एमओयू के आदान प्रदान के दौरान विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव, कृषि संकाय के डीन डॉ. विमल दूबे, आईसार्क के वैज्ञानिक डॉ. एंथनी फुलफोर्ड और डॉ. आशीष श्रीवास्तव आदि भी उपस्थित रहे।

## बार अध्यक्ष पद के लिए होगा त्रिकोणीय घमासान

**अमेठी।** बार अध्यक्ष पद के लिए यहां त्रिकोणीय घमासान हो रहा है।अमेठी बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी का समय गुरुवार को समाप्त हो गया। अध्यक्ष सीनियर उपाध्यक्ष सचिव और कोषाध्यक्ष पद के लिए मुकाबले की स्थिति बनी है। उपाध्यक्ष पद के लिए राजेश मिश्र और धर्मेंद्र नाथ शुक्ल सहित 11 पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं। अध्यक्ष पद के लिए ओम प्रकाश मिश्र दिनेश प्रताप सिंह और शिवमूर्ति तिवारी ने नामांकन किया है। सीनियर उपाध्यक्ष पद के लिए मो? कुदुस खां जितेन्द्र बहादुर सिंह और त्रियुगीनारायण मिश्र ने नामांकन किया है। सचिव पद के लिए उपेन्द्र कुमार शुक्ल छत्रसाल सिंह बृजेश कुमार पाण्डेय और सुरेश चंद्र वर्मा ने नामांकन किया है। कोषाध्यक्ष पद पर अनूप कुमार श्रीवास्तव और प्रेम नारायण दूबे प्रत्याशी हैं। जूनियर उपाध्यक्ष पद पर सुरेश कुमार गुप्ता संयुक्त सचिव पद पर चंद्र मोहन मिश्र अजय कुमार तिवारी और हरिपाल सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

# अब प्रत्येक गांवों में लगेगा सीसीटीवी कैमरा, अपराध पर लगेगी लगाम

## पुलिस लाइन में प्रधानों व चौकीदारों के साथ एडीजी ने की बैठक

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस महकमा अब प्रत्येक गांव में सीसीटीवी कैमरा लगवाने जा रही है। इसके लिए पुलिस लाइन के अपराध नियंत्रण कक्ष में प्रधानों के साथ बैठक किया। बैठक में एडीजी जोन गोरखपुर व कई विधायक मौजूद थे।

शुक्रवार को अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर अखिल कुमार द्वारा जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल एवं मुख्य विकास अधिकारी गुंजन दिवेदी व जनपद के विधायक पडरौना, विधायक रामकोला, विधायक खड्डा, विधायक हाटा, विधायक फाजिलनगर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पुलिस लाईन परिसर में अपराध नियंत्रण के लिए जनपद के प्रत्येक गांव में सीसीटीवी कैमरे लगवाने हेतु ग्राम प्रधानों की बैठक की गई जिसमें ग्राम प्रधानों से कहा गया कि शासन की मनसा है कि अपराध नियंत्रण के लिए गांव व नगर के सार्वजनिक स्थानों व नुक्कड़ पर सीसीटीवी कैमरे लगाने लिए प्रेरित किया जाय। जिसके क्रम में हर ग्राम प्रधान, नगर के चेयरमैन, सभासद अपने अपने क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगवाने की व्यवस्था करें ताकि पुलिस को अपराध नियंत्रण करने में सहयोग मिले।

इस अवसर पर जनपद के सभी ग्राम प्रधान व प्रतिनिधि, नगर पंचायत अध्यक्ष के साथ सभासद व जनपद के ग्राम चौकीदार भी मौजूद रहे। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर रितेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर, उमेश चन्द्र भट्ट, क्षेत्राधिकारी खड्डा, संदीप वर्मा, क्षेत्राधिकारी कसया कुंदन सिंह, प्रतिसार नि. लाईन, पीआरओ सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**चौकीदारों में वितरण किया गया**



बैठक को संबोधित करते एडीजी अखिल कुमार



जनसुनवाई कक्ष का उद्घाटन करते एडीजी

### जनसुनवाई कक्ष का हुआ उद्घाटन

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर अखिल कुमार द्वारा जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल की उपस्थिति में शुक्रवार को पुलिस कार्यालय में नवनिर्मित जनसुनवाई कक्ष का उद्घाटन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ फीता काटकर किया गया। इस मौके पर अवगत कराया गया कि नवनिर्मित जनसुनवाई कक्ष का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का निस्तारण करना है, इससे जनता के लिए पुलिस से संवाद करना तथा उनके अपनी समस्याएं बताना सुगम होगा तथा आवश्यकतानुसार उन्हें त्वरित सहायता मिल सकेगी जिससे कि उनकी समस्याओं का समय से निस्तारण किया जा सकेगा।



बैठक में उपस्थित प्रधान व चौकीदार

**साफा, साइकिल व कंबलः** पुलिस लाईन परिसर में ग्राम चौकीदार सम्मेलन कार्यक्रम में चौकीदारों को 100 साइकिलें, साफा एवं कम्बल का वितरण किया गया तथा चौकीदारों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी कर निस्तारण हेतु संबन्धित को निर्देश दिए गए एवं मुख्य अतिथि द्वारा अपने सम्बोधन में चौकीदारों को उनके अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी देते हुए उन्हे सूचना तंत्र की महत्वपूर्ण कड़ी बताया जिनसे थानों को अपराध पर नियंत्रण करने में सहायता प्राप्त होती है। चौकीदारों को अधिक से अधिक सूचना संकलन हेतु प्रोत्साहित किया गया।

# सांसदों के निलंबन पर भड़के सपाई दिया ज्ञापन




**गौरीगंज (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** जिला मुख्यालय पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता सांसदो के निलंबन को लेकर शुक्रवार को सड़क पर उतर गए और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन स्थानीय प्रशासन को दिया।पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर जिलाध्यक्ष राम उदित यादव के नेतृत्व में सपाइयों का जत्था कार्यालय से निकल कलेक्ट्रेट पहुंचकर धरने पर बैठ गया। ज्ञापन एसडीएम आशीष सिंह को देते हुए जिला महासचिव अरशद अहमद ने सुनाते हुए कहा कि मौजूदा राजनैतिक घटनाक्रम को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया। जिसमें उन्होंने मांग की हैं कि संसद भवन में घुसे युवकों की जानकारी मांगने पर 142 सांसदो को निलम्बित कर दिया गया जो देश के लोकतंत्र के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ।यह सब लोकतंत्र का हनन है सरकार जनता से जुड़े मुद्दों से भाग रही है तथा मनमाने ढंग से संसद चला रही हैं। देश में जघन्य अपराध अन्याय अत्याचार बेरोजगारी जैसे संवेदनशील मुद्दों पर चुप यह सरकार जनता की आवाज दबाने का कार्य कर रही हैं। जिससे जिले के सपा नेताओं में बड़ा ही आक्रोश हैं।इस मौके पर डॉ रुदल यादव तुफैल खान डॉ सी पी यादव आर के यादव आनंद वर्मा राजमोहन यादव सोनू अंसारी विमलेश सरोज आदि मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश में हो रहा है खेलों का अभूतपूर्व विकासः गिरीश चंद्र यादव

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** शुक्रवार को ज्योति इंटर कॉलेज नाहरपुर के प्रांगण में 21वां ज्योति महोत्सव तीन दिवसीय खेलकूद कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के खेलकूद एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव एवं विशिष्ट अतिथि गोरखपुर के महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव ने मशाल जलाकर और माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम की शुरुआत की। जिसमें छात्राओं ने मनमोहन सरस्वती वंदना एवं स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक अजय प्रकाश यादव और विधालय के प्रधानाचार्य रवि प्रकाश यादव ने कार्यक्रम में पहुंचे गणमान्य अतिथियों का फूलमालाओं से स्वागत किया। तथा विद्यालय के छात्रों का खेल एवं शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे हैं उत्कृष्ट प्रदर्शन के बारे में वहां मौजूद लोगों को अवगत कराया। विद्यालय के राष्ट्रीय खो खो टीम के खिलाड़ी तथा राज्य स्तरीय खो खो एवं टीम के खिलाड़ी खेल मंत्री से पुरस्कार पाकर गदगद हो गए। वहां मौजूद विशिष्ट अतिथि के तौर मंगलेश श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि खेलों से बच्चों का व्यक्तित्व एवं व्यवसायिक विकास हो रहा है। और मुझे प्रसन्नता है कि ज्योति इंटर कॉलेज राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय खिलाडी तैयार कर रहा है। वहीं मुख्य अतिथि खेल राज्य मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यहां के बच्चे जिस उच्चकोटि की प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। निश्चित ही यह सराहनीय और प्रशंसनीय है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों का अभूतपूर्व विकास कर रही है। योगी सरकार ने प्रदेश की पहली खेल नीति बनाया तथा खेल विकास प्राधिकरण बनाकर लाखों खिलाड़ियों का सरकार विकास कर रही हैं। खेल के सभी संसाधन जैसे मिनी स्टेडियम, खेल मैदान, टर्फ, और कोर्ट का भी तेजी से तैयार कर रही हैं।

## भाजपाइयों ने जलाया राहुल गांधी का पुतला

**देवरिया।** शहर के सुभाष चौक पर जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी के सांसद राहुल गांधी का पुतला जलाया और राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाए। जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी के द्वारा संसदीय इतिहास की सबसे शर्मनाक हरकत करते हुए राज्यसभा सभापति/उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी का बहुत अशिष्ट तरीके से मिमिक्री करते हुए भद्दा मजाक उड़ाया गया, जिसका वीडियो कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा बनाया गया,जिसको पूरे देश ने देखा, यह अत्यंत निंदनीय और शर्मनाक है तथा संसदीय मर्यादा के खिलाफ है। किसान पुत्र, साधारण परिवार से अपने मेहनत और काबिलियत से उपराष्ट्रपति के पद तक पहुँचे जगदीप धनखड़ जी के सम्मान में शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर सांसद राहुल गांधी के अमर्यादित आचरण के विरोध में आज सुभाष चौक पर हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का पुतला दहन किया है। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी संसद के अंदर लगातार अमर्यादित आचरण करते रहते है, इनकी संसद सदस्यता समाप्त कर देनी चाहिए।

# नशे की हालत में न चलाए वाहन, यातायात नियमों का करें पालन





अवधनामा संवाददाता

**पी.जी. सीनियर सेकेंड्री स्कूल में आयोजित रहा जागरूकता कार्यक्रम**

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत पी.जी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल कप्तानगंज में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें यातायात नियमों के बारे में बच्चों को जागरूक किया गया। यातायात निरीक्षक कुशीनगर सत्य सान्याल शर्मा द्वारा स्कूल से विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ को सड़क पर यात्रा करते समय यातायात नियमो का अनुशासन बनाए रखने की अपील किया।

उन्होंने कहा कि पैदल यात्रा, साइकिल, रिक्शा, मोटरसाइकिल, कार आदि सभी माध्यमों से यात्रा के दौरान सतर्कता और सावधानी आवश्यक है क्योंकि दुर्घटना में किसी भी माध्यम का कारण हो सकता है। यातायात निरीक्षक ने कहा कि वाहन चलाते समय नियमानुसार हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करे तथा कभी भी नशे की हालत में वाहन न वाहन। ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का प्रयोग कदापि न करे तथा स्कूल आते जाते समय यातायात के नियमो का पूर्णतः पालन करे। सड़क पार करते समय रुके,देखे और फिर चले। कोहरे के समय सड़को पर विशेष सावधानी बरतने की अपील की गई। स्कूल संचालकों से भी स्कूल के वाहनों की फिटनेस एवं अन्य निर्देशो के अनुसार व्यवस्थाएं बनाए रखने का निर्देश दिया गया। चालको, परिचालकों से भी संरक्षकों जैसी जिम्मेदारी से कार्य करने की अपील की गई। यातायात निरीक्षक द्वारा सड़क एवं राजमार्ग मंत्रालय के वर्ष 2022 के दुर्घटनाओं के निर्गत आंकड़ों पर चिंता व्यक्त करते हुए दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु सबकी सामूहिक जिम्मेदारी एवं नियमो के अनुपालन हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत मे सभी को यातायात नियमो के अनुपालन की शपथ दिलाई गई तथा स्कूल के प्रिंसिपल से बच्चो को यातायात नियमो के प्रति संवेदीकृत करने हेतु प्रतिदिन असेंबली के समय शपथ दिलाने का अनुरोध किया गया एवं स्कूल के मुख्य द्वार पर यातायात नियमो का बैनर भी लगवाया गया। इसके साथ प्रतिदिन दिन की भांति शहर में पी ए सिस्टम के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस मौके पर विद्याल के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# अपर मुख्य सचिव ने किया सदर तहसील का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** अपर मुख्य सचिव राजस्व विभाग सुधीर गर्ग ने आज सायं सदर तहसील का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समीक्षा बैठक भी की। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप राजस्व वादों को समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारित किया जाए। धारा 24, 34, 67, 80 और 120 से जुड़े प्रकरणों में विशेष संवेदनशीलता बरती जाए। तहसीलों में प्राइवेट व्यक्ति किसी भी दशा में कार्य करता नहीं मिलना चाहिए। जिन तहसीलों में लेखपाल की कमी हो वहां चकबन्दी लेखपाल की तैनाती की जाए। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि ठंड के मौसम में रैनबसेरों में समुचित प्रबंध सुनिश्चित किये जायें। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों को कंबल वितरण करना प्राथमिकता का कार्य है। यदि कोई व्यक्ति रात को खुले आसमान के नीचे सोता मिले तो उसे रैनबसेरा पहुंचाया जाए। एडीएम वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार राय ने एसीएस को अवगत कराया कि सभी तहसीलों में प्रमुख स्थानों पर रैन बसेरे की स्थापना कर दी गई है। अब तक 3,365 कंबलों का वितरण सभी तहसीलों में किया जा चुका है। एसीएस ने आय, जाति एवं निवास प्रमाणपत्र को शासन द्वारा निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कृषक दुघटना बीमा योजना, दैवीय आपदा, घरौनी इत्यादि की भी समीक्षा की। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने अपर मुख्य सचिव को उनके द्वारा दिये गए निर्देशों के अनुपालन के लिए आश्वस्त किया। इसके पश्चात अपर मुख्य सचिव ने तहसील का भ्रमण कर तहसीलदार न्यायालय, आईजीआरएस पटल, खतौनी कक्ष सहित विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी, एसडीएम मंजूर अहमद अंसारी, एसडीएम सदर (न्यायिक) सीमा पांडेय, तहसीलदार कृष्ण कुमार मिश्रा सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

## डबल इंजन की सरकार सरकारी योजनाओं का लाभ लोगो तक पहुंचा रही है

**सलेमपुर।** विधानसभा सलेमपुर के धनगड़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। इसमे कई विभागों द्वारा स्टाल लगाकर सरकारी योजनाओं के बारे से ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दी गई। राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोदी और योगी सरकार के योजनाओं के लाभ से जो पात्र ग्रामीण छूट गए है,उन्हें भी इन योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए यह यात्रा चल रही है। डबल इंजन की सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगो तक पहुंचा रही है। राज्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों में प्रमाण पत्र वितरित किया। साथ ही प्रचार वाहन में लगे एलसीडी के माध्यम से विभिन्न लोक जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर महिलाओं की गोदभराई व बच्चों का अन्नप्राशन कार्यक्रम भी कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अमित सिंह बबलू, रामेश्वर सिंह,अजय दूबे वत्स, अरुण कुमार पाण्डेय, प्रमोद सिंह, फिरोज नेपाली, ओमप्रकाश, प्रकाश पाण्डेय, राजेश कुशवाहा, राम मनोहर शर्मा आदि मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में डीएचएस की बैठक संपन्न

# सीएम डैशबोर्ड के आठ इंडिकेटरों में स्वास्थ्य विभाग को ए प्लस ग्रेड मिली

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज सायं जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की मासिक समीक्षा बैठक सीएमओ कार्यालय स्थित धनवंतरि सभागार में आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने खराब कार्य करने वाली 32 आशा से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आशा स्वास्थ्य सेवा की महत्वपूर्ण कड़ी है एवं जनस्वास्थ्य से जुड़ी कई योजनाओं की सफलता उस पर निर्भर करती है। ऐसे में किसी भी तरह की कोताही क्षम्य नहीं है।

डीएम ने परिवार नियोजन से जुड़ी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया। दिसंबर माह में आयोजित विशेष कैंप में अभी तक 1174 नसबंदी की जा चुकी है, जिसमें भलुअनी ब्लॉक में 45, बनकटा में 77 एवं गौरीबाजार में 66 नसबंदी शामिल है। इस वर्ष अभी तक लगभग 2215 नसबंदी हो चुकी है। डीएम ने दूसरे बच्चे की डिलीवरी के तुरंत बाद दंपतियों को नसबंदी कराने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। डीएम ने आयुष्मान कार्ड बनाने की गति तेज करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 11 लाख लक्ष्य के सापेक्ष अभी लगभग साढ़े छह लाख आयुष्मान कार्ड ही बने हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को अभियान चलाकर लक्ष्य को पूरा करने के लिए निर्देशित किया। डीएम ने जननी सुरक्षा योजना की भी समीक्षा की। माह अक्टूबर तक 31,827 के लक्ष्य के सापेक्ष 25,618 बच्चों का संस्थागत जन्म दर्ज किया गया है। डीएम ने 27 दिसंबर से 27 जनवरी तक छोटे बच्चों को विटामिन ए देने के अभियान की भी समीक्षा की। सीएमओ डॉ राजेश झा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने नवंबर माह में बेहतर प्रदर्शन किया है। एंबुलेंस 102, एंबुलेंस 108, टेली रेडियोलॉजी, बायोमेडिकल उपकरण का रखरखाव, मोबाइल मेडिकल यूनिट, सीटी स्कैन सेवाएं, डायलिसिस सेवाएं एवं प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम सहित आठ इंडिकेटरों में ए प्लस ग्रेड प्राप्त किया है।

# रेल उपरिगामी सेतु का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** नगर स्थित ककवा मार्ग रेलवे क्रासिंग पर उत्तर रेलवे के लखनऊ-प्रतापगढ़-वाराणसी रेल सेक्शन के रेल सम्पार संख्या 102 बी पर दो लेन रेल उपरिगामी सेतु के निर्माण कार्य का शुक्रवार को जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा एवं कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड के अधिकारियों की उपस्थिति में स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियंता ने बताया कि रेल उपरिगामी सेतु के निर्माण की स्वीकृति दिनांक 26 मार्च 2020 द्वारा कुल रुपए 2187.78 लाख की प्रदान की गई। जिसमें रेल लाइन के ऊपर रेल विभाग द्वारा बनाए जाने वाले मुख्य सेतु की लागत रुपए 427.64 लाख तथा उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड द्वारा बनाए जाने वाले दोनों ओर के पहुंच मार्ग सेतु की लागत रुपए 1760.14 लाख है। रेल उपरिगामी सेतु पर बिटुमिनस कार्य के अतिरिक्त अन्य सभी कार्य पूर्ण हैं एवं दिनांक 24 दिसंबर 2023 तक बिटुमिनस कार्य पूर्ण करते हुए रेल उपरिगामी सेतु को यातायात हेतु उपलब्ध करा दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त सर्विस लेन का कार्य शेष है निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शीघ्र अति शीघ्र सर्विस लेन का कार्य भी पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# भगवान श्री राम के जय घोष के साथ बहराइच नगर में निकाली गई प्रभात फेरी

**1 जनवरी से 15 जनवरी तक जनपद के प्रत्येक हिन्दू परिवार में होगा प्रभु श्री राम का चित्र एवं अक्षत का वितरण**

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जनपद में श्री रघुवर जी की अवधपुरी में प्राण प्रतिष्ठा होना है जय बजरंगी जय हनुमान वंदे मातरम जय श्री राम के जयघोष के साथ राम भक्तों की टोली द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी के समापन अवसर पर राम भक्तों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बहराइच विभाग के विभाग प्रचारक डॉक्टर अवधेश ने कहा कि यह हम सब का परम सौभाग्य है कि प्रभु श्री राम का मंदिर हम लोगों की आंखों के सामने बन रहा है और आगामी 22 जनवरी को भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होना भी सुनिश्चित हुआ है। भगवान श्री राम जी हमारे आराध्य हैं प्रभु श्री राम जी का जीवन चरित्र संपूर्ण मानव



समाज के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि पूरे नगर सहित संपूर्ण जनपद में जन जागरण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जन जागरण कार्यक्रम की शुरुआत प्रभात फेरी के द्वारा हुई है।यह प्रभात फेरी नगर सहित जनपद के विभिन्न हिस्सों में विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में प्रत्येक हिन्दू परिवार में भगवान राम का चित्र एवं अक्षत पहुंचने की योजना कार्यकर्ताओं द्वारा की जा रही है। आगामी 1 जनवरी को बहराइच नगर में भव्य कलश यात्रा निकल जाएगी। इसके उपरांत 1 जनवरी से 15 जनवरी के मध्य श्री राम भक्तों की टोली घर-घर जाकर श्री धाम अयोध्या में पूजित अक्षत एवं जन जन के आराध्य प्रभु श्री राम का चित्र प्रत्येक हिंदू परिवार को देंगे। इसी क्रम में शुक्रवार की प्रातः श्री सिद्धनाथ मंदिर में प्रभात फेरी कार्यक्रम हेतु श्री राम भक्त एकत्र हुए मंदिर में विधि विधान से पूजन अर्चन के उपरांत कार्यक्रम की संयोजिका एकता जायसवाल के नेतृत्व में प्रभात फेरी भगवान श्री राम के जय घोष के साथ ब्राह्मणीपुरा मोहल्ले में निकाली गई। प्रभात फेरी का समापन श्री माता महाकाली मंदिर छोटी बाजार में हुआ। प्रभात फेरी में जिला कार्यवाह भूपेंद्र विभाग प्रचार प्रमुख प्रमुख अतुल विभाग संपर्क प्रमुख धर्मेंद्र,ओम प्रकाश,राष्ट्र सेविका समिति की विभाग कार्यवाहिका सुनीता जयसुखलाल रमेश विपिन दीनदयाल प्रभातफेरी की संयोजिका एकता नगर कार्यवाह शिवम नंदन नगर प्रचारक दौलत अभिषेक शिखा प्रियंका रेखा रीना श्वेता सहित सैकड़ो की संख्या में राम भक्त उपस्थित रहे।

# सरकार की योजनाओं की जानकारी देने ताजखुदाई पहुंची भारत संकल्प यात्रा

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जनपद के विकास खण्ड चित्तौरा के ग्रामसभा ताजखुदाई के पंचायत भवन पर आज विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीओ पंचायत चित्तौरा अशोक श्रीवास्तव ने की इस दौरान विभागो द्वारा स्टाल लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा एलईडी वैन से लोगों को जागरूक करने वाले कार्यक्रमों का प्रसारण होता रहा इस दौरान भरी संख्या में ताजखुदाई सहित आस पास के लोग मौजूद रहे। आज।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा सरस्वती जी की के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं द्वीप प्रज्वलित कर किया गया।इसके बाद प्राइमरी विद्यालय के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना एवं गीत प्रस्तुत किया गया जिसका



उपस्थित सभी लोगों ने तालियां बजाकर स्वागत किया।इस कार्यक्रम के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे स्वास्थ्य विभाग, आवास, राशन कार्ड,आधार कार्ड, वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने, शिक्षा विभाग की योजनाओं से संबंधित लोगों को मिलने वाली योजनाओं से लाभान्वित करने व उनकी समस्याओं का निदान करने हेतु विभिन्न स्टाल लगाए गए।इस अवसर पर पहुंचे अतिथियों ने कहा कि सरकार आम जन के उत्थान के लिए सबका साथ सबका विकास के साथ कार्य कर रही है सरकार की मंशा इस यात्रा को जनता के द्वार द्वार तक भेज कर सभी को जागरूक करने और सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए संपूर्ण जानकारियां पहुंचाई जा रही है।इस कार्यक्रम में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर स्वप्नमणि सोनकर ग्राम विकास अधिकारी के द्वारा बच्चो को पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी राजकिशोर एडीओ पंचायत अशोक श्रीवास्तव एडिओ महिला ज्योति सिंह एडीओ कोआपरेटिव अमर सिंह एडीओ समाज कल्याण सुलतान अहमद सीडीपिओ चित्तौरा पंचायत सचिव स्वप्नमणि सोनकर ओम प्रकाश यादव सऊद इदरीसी विनय यादव पूजा चौधरी कैलाश ग्राम प्रधान समस्त विभागों से आए अधिकारियों जनप्रतिनिधियों आदि के साथ साथ भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## वैदिक रीति से विद्यालय में किया गया सत्र का आरंभ

**सुल्तानपुर।** आर के बी एन एकेडेमी शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान, पीताम्बरपुर- लोहरामऊ में विद्यालय संस्थापना एवं सत्र आरम्भ के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक समारोह का आयोजन वैदिक यज्ञ के साथ किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय संस्थापक प्रोफेसर (डॉ.) अरविंद चतुर्वेदी ने कहा कि शिक्षा राष्ट्र की सच्ची पथ प्रदर्शिका है। जो समूल दुःखों की नाशक है।समाज व राष्ट्र जितना ही शिक्षित होगा वह उतना ही सशक्त और विकसित होगा। डीएलएड (बीटीसी) प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने डॉक्टर अंबेडकर के उस कथन कि ÷शिक्षा शेरनी का दूध है, जो जितना पियेगा उतना ही दहाड़ेगा को उद्धृत करते हुए कहा कि प्रशिक्षु ऐसा प्रशिक्षण प्राप्त करें कि वे जिन नौनिहालों को प्रशिक्षित करें वे राष्ट्र के सच्चे कर्णधार बन राष्ट्र निर्माण मे प्रमुख प्रहरी बने। संचालन करते हुए डॉ.विनय मिश्र ने डीएलएड (बीटीसी) प्रशिक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

# जरूरतमन्दों को मुफ्त खाना बांटा

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** जिले का अग्रणी सामाजिक संगठन राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के तत्वावधान में अध्यक्ष मेराज अहमद खान के अगुवाई में हर बृहस्पतिवार को निःशुल्क भोजन स्वाशाषी राज्य चिकित्सा महा विद्यालय एव जिला चिकित्सालय में इलाज करा रहे मरीजो और उनकी देखरेख कर रहे तीमारदारों को बांटा। उसके बाद सुल्तानपुर रेलवेस्टेशन पर भूखे यात्रियों एवं जरूरतमन्दों को मुफ्त खाना बांटा। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के मार्गदर्शक निज़ाम खान ने बताया कि खाने की असली कीमत हम और आप क्या बतायेंगे? इसकी असली कीमत तो केवल भूखा ही बता सकता हैं.संघ के कार्यकर्ताओं के कड़ी मेहनत से स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन तैयार किया जाता है । मेन्यू में अरहर की दाल सब्जी रोटी चावल शामिल थाली तैयार की गई थी। जिसमे 280 लाभर्थियों को अस्पताल में और 150 लाभर्थियों को रेलवेस्टेशन पर



कुल 430 लाभार्थियों ने मुफ़्त भोजन का लाभ ग्रहण किया।मेडिकल के कालेज में फिजीशियन डॉ अनिल कुमार ने थाली देकर मुफ़्त भोजन वितरण का शुभारंभ किया।उन्होंने कहा कि भूखें जरूरतमन्दों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराना बहुत बड़ा सामाजिक और परोपकार का कार्य है मैं देख रहा हूँ संघ नित्य ऐसा नेक काम कर रहा जो लोग ऐसा नेक काम करते है ईश्वरीय गुणों से भर जाते है। दूसरी ओर रेलवे स्टेशन पर मुख (दंत)रोग विशेषज्ञ डॉ मोहतशम रज़ा मुफ़्त खाना वितरण का शुरुआत किया। उन्होंने राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के कार्य को सराहनीय बताया गरीबो जरूरतमन्दों के लिए मुफ्त भोजन की व्यवस्था करना बहुत नेक काम है इस अवसर पर मुझे आज जो सौभाग्य प्राप्त हुआ मुझे बहुत अच्छा लगा। इस मौके पर प्रदीप श्रीवास्तव, सरदार नरेन्द्र सिंह , सरदार हरविंदर सिंह, विजय निगम, सत्य प्रकाश वर्मा , राज कुमार यादव, संतोष चौरसिया, जितेन्द्र कुमार मौर्य, हाजी मुज्तबा अंसारी, राशिद खान, लईक अहमद, इश्तियाक अहमद, सरदारगुरुप्रीत सिंह, राशिद वर्दी टेलर, आतिफ़ खान, अरशद खानआदि का अहम सहयोग रहा।

# जिला कारागार में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्द्रोदय कुमार के निर्देशानुसार सचिव/एडीजे कुलदीप सिंह की अध्यक्षता में जिला कारागार में तम्बाकू सेवन व धूम्रपान से हानियां एवं बचाव से संबंधित विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सचिव/एडीजे कुलदीप सिंह, अधीक्षक लाल रत्नाकर सिंह, कारापाल जीवन सिंह, चिकित्साधिकारी डा.विजय द्विवेदी ने बन्दियों को अवगत कराया कि तम्बाकू एवं धूम्रपान आदि नशीलें पदार्थो का सेवन एक सामाजिक बुराई है जो कि हर रूप में कष्टदायक है। इसके सेवन से मनुष्य के तन, मन व धन तीनों का नुकसान होता है। जिससे समाज में अस्वस्थ लोग बोझ बनकर रह जाते हैं। तम्बाकू पदार्थो के सेवन से होने वाले नुकसान की प्रकृति व अंकलन करते हुये अवगत कराया कि यदि तम्बाकू सेवन पर होने वाले खर्च पर व्यक्ति नियंत्रण करे तो स्वस्थ समाज स्वस्थ शरीर व व्यक्तिगत रूप से अर्थ संचय कर सकता है, जिसके सकारात्मक परिणाम से समाज को लाभ होगा। तम्बाकू एवं धूम्रपान आदि के सेवन से प्रतिवर्ष विष्व में लगभग 75 लाख लोगों की अकाल मृत्यु होती है। धूम्रपान करने से न स्वंय खुद को हानियां होती है बल्कि इसके धुयें आदि के प्रभाव से अन्य व्यक्तियों व वातावरण को भी नुकसान होता है। तम्बाकू आदि के सेवन से मनुष्य को हार्ट अटैक, नपुसंकता होना, लकवा, क्षय रोग आदि घातक जानलेवा बीमारियां होती है। तम्बाकू आदि की शुरूआत लोग शौंक के तौर पर उपयोग करते है परन्तु बाद में इसकी बुरी आदत बन जाती है और मनुष्य आसानी से छोड़ नहीं पाता है। अन्त में वह मृत्यु को धारण कर लेता है।

# संसद में जनता आवाज उठाने वाले सांसदों का निलंबन हो वापस: जिलाध्यक्ष

**विपक्षी सांसदों के निलंबन से समाजवादी पार्टी में रोष, प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन**

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** जनता की आवाज उठाने वाले 142 सांसदों को अलोकतांत्रिक तरीके से निलंबित करने को लेकर समाजवादी पार्टी पूरे प्रदेश में प्रदर्शन किया है। इसी क्रम में ललितपुर में सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव एवं समाजवादी महिला सभा जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा ने संयुक्त रूप से पार्टी पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। नारेबाजी करते हुए उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र में बैठी सरकार पूरी तरह से तानाशाह हो चुकी है। वह जनता की आवाज सुनना नहीं चाहती है। संसद के लोकसभा एवं राज्यसभा में विपक्षी सांसद लोकतांत्रिक तरीके से जनता की आवाज उठा रहे थे। इसी बीच उन्हें अलोकतांत्रिक तरीके से निलंबित कर दिया गया, जो कि एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। जिसकी समाजवादी पार्टी घोर निन्दा करती है। उन्होंने लोकतंत्र को बचाए जाने के लिए निलंबित सांसदों को बहाल किये जाने की मांग की है। साथ ही तानाशाह केंद्र सरकार को तत्काल हटाने की मांग की है।

इस मौके पर लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, आल्हा प्रसाद निरंजन, इंद्रपाल सिंह एड., जिला महासचिव डा. शिशुपाल सिंह लोधी, विजय सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद अनवर खान, चन्दन पटेल, शाकिर अली, अनीता गोस्वामी, राममूर्ति तिवारी, हरिसिंह यादव जिजयावन, तुलसीराम अहिरवार, रीतेश साह, सोन सिंह, चरन सिंह रजक, लीला राम कुशवाहा, जिला कोषाध्यक्ष रोहित राठौर, पूर्व पार्षद संजय ग्वाला, मोहन घायल, आकिब मंसूरी, जयराम सिंह गौतम, प्रमोद इमलिया, इकलाख मंसूरी, अरसद मंसूरी, सुमन, संतोष लहरन, नीलेश रजक, सुमन, शीला रानी, भगवती, लक्ष्मी, शांति बाई, आजाद रानी, राजाबाई, राजकमारी, संध्या रानी, राजेन्द्र सिंह, धनको बाई, चंद्रवती, काशीबाई, कौशल्या, राजेन्द्र, राजेन्द्र डुलावन, पुष्पेन्द्र, रोबिन, मोहम्मद शोहिल, पवन यादव, मूरत सिंह, सहरोज खान, दीपक सेन, रुप सिंह, अजब सिंह, केपी यादव, सहदेव, अभिषेक, दीपराज, यशपाल, प्रसन्न, नौशाद अली, आबिद खान आदि मौजूद रहे।

# बिना चर्चा के मुख्य चुनाव आयुक्त जैसे महत्वपूर्ण बिल को पास करना निंदनीय: रामहर्ष

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जनपद में इंडिया गठबंधन की बैठक में लिए गये निर्णय के दृष्टिगत समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर आज बहराइच में सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव एडवोकेट व विधायक आनन्द यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं व नेताओं ने सड़क पर जुलूस प्रदर्शन निकालकर कलेक्ट्रेट परिसर में धरना-प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति महोदय को सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट बहराइच को सौंपा गया। ज्ञापन में लोकसभा में विपक्ष के 142 सांसदों के निलम्बन को वापस लेने की मांग की गयी। इस मौके पर पार्टी के जिलाध्यक्ष रामहर्षयादव एडवोकेट ने अपने सम्बोधन में कहा कि देश



समाजवादियों ने जुलूस निकालकर नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन

मे सत्तारूढ़ मोदी सरकार बहुमत के मद मे चूर है। देश की वाहय् एवं आतंरिक सुरक्षा पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है किन्तु मोदी सरकार देश की वाहय् एवं आतंरिक सुरक्षा के पुख्ते दावे का झूठा ढिंढोरा पीट रही है। शीतकालीन सत्र के दौरान लोकतंत्र के मंदिर की कथित अभेद सुरक्षा को धरा बताते हुए दो व्यक्ति संसद भवन के अंदर घुस आए और इन दोनो लोगो को संसद का पास भाजपा के ही एक सांसद ने उपलब्ध कराया। यह शर्मनाक घटना इस भाजपा सरकार की सुरक्षानिति के दावों की पोल खोलने के लिए पर्याप्त है। आम चुनाव के पूर्व मोदी सरकार की महत्वपूर्ण विधेयक विपक्ष की अनुपस्थिति में पास करने के लिए एक साजिश के तहत विपक्ष के सांसदों को निलम्बित करके बिना चर्चा के मुख्य चुनाव आयुक्त जैसे महत्वपूर्ण बिल को पास कर लिया है। श्री यादव ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार को मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति हेतु प्रधान मंत्री व नेता विपक्ष तथा सर्वोच्च न्यायालय के जज की तीन सदस्यीय टीम से करने का निर्णय दिया था लेकिन सरकार ने मनमाफिक व्यक्ति को इस महत्वपूर्ण पद पर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को पलटने के लिए बिना चर्चा के बिल पास कर लिया है। इस धरना प्रदर्शन का उद्देश्य लोकतंत्र व संविधान बचाना है व इस घमंडी भाजपा सरकार के अलोकतांत्रिक आचरण पर अंकुश लगाकर उन्हे सत्ता से बाहर करना है। इस धरना-प्रदर्शन में पूर्व बिधायक रमेश गौतम,पूर्व विधायक अलगू चौहान,वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष जफरउल्ला खां बंटी,अनिल यादव,देवेश चंद मिश्र,अवधेश वर्मा, महासचिव सुनील निषाद प्रवक्ता तारिक़ खान, महिला सभा जिलाध्यक्ष मन्नूदेवी,वरिष्ठ नेत्री रेखा राव,सुमन शर्मा, निशी खान,राजकुमारी,हुस्न आरा, पूनम गुप्ता, तारादेवी, नूर जंहा, सत्यम बाजपेयी, गौरव यादव, पेशकार राव, हर्षित त्रिपाठी, मयंक मिश्रा, मुन्ना रायनी, अयोध्या सोनी, जवाहर यादव, दिनेश लोधी सहित तमाम संख्या मे पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें।इसकी जानकारी अर्जुन गुप्ता जिला सोशल मीडिया प्रभारी समाजवादी पार्टी बहराइच ने दी।

# किसान दिवस मनाकर कृषकों से जैविक खेती करने पर दिया जोर



महरौनी ब्लाक में हुआ आयोजन, किसानों को अतिरिक्त उद्यम स्थापित करने का आह्वान

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** देश के पांचवें प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंहजी का जन्मदिन देश में 23 दिसम्बर को किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत देश को किसानों का देश कहा जाता है। इस दिन किसान दिवस मनाने का मकसद पूरे देश को यह याद दिलाना है कि किसान देश का अन्नदाता है और किसानों को कोई समस्या होती है तो उसे दूर करना पूरे देश का दायित्व है। यह बातें किसान-दिवस से पूर्व महरौनी ब्लॉक में झांसी कैथोलिक सेवा समाज द्वारा संचालित प्रयास-परियोजना के निर्देशक फादर जॉनसन ने ग्राम-दिगवार में किसानों को सम्बोधित करते हुए कहीं। उन्होंने बताया कि किसानों को परम्परागत खेती से हटकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर खेती से जुड़ा कोई उद्यम स्थापित करना चाहिए। साथ ही आमदनी बढ़ाने के लिए बागवानी में फल-सब्जियों का उत्पादन करना चाहिए। वह बताते हैं कि जैविक उत्पादन से बाजार एक ओर किसानों को अच्छा दाम मिलेगा तो वहीं दूसरी ओर जैविक उत्पादन से उसके स्वयं के परिवार को स्वस्थ एवं पोषक भोजन भी प्राप्त होगा। कार्यक्रम में कृषि विभाग के राहुल चौबे ने कहा कि किसान भाइयों को कम से कम अपने परिवार की उपलब्धता के अनुसार जैविक खादों व कीटनाशकों के प्रयोग से किचन- गार्डनों को स्थापित करना चाहिए। जिससे बाजार की रसायनयुक्त सब्जियों से बचकर स्वस्थ रहा जा सके। वहीं ग्राम-जरया के जैम्पियन फार्मर प्रदीप चौबे ने कहा कि किसानों को रासायनिक उर्वरकों को अपने खेतों में कम से कम उपयोग करना चाहिए। इनके प्रयोगों से मृदा की उत्पादन क्षमता कम होने के साथ ही इससे उत्पादित खाद्यान्न मानव शरीर पर विभिन्न प्रकार की बीमारियों को जन्म देती है। मृदा परीक्षण विभाग के सोमेश निरंजन ने बताया कि किसानों को अपने खेतों की मिट्टी की जांच कराकर ही उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए, जिससे मिट्टी में मौजूद जीवाश्म जिंदा रह सके। वह बताते है कि अधिक उत्पादन के चक्कर में किसान रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग अधिक कर रहे हैं। जिसके कारण मिट्टी की उपजाऊ क्षमता कम हो रही है। जिसे सन्तुलित करने के लिए गोबर के खादों व जैविक खादों का प्रयोग करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम-प्रधान चौकी, दिगवार आनंद कुमार ने तथा संचालन दयाराम कुशवाहा ने किया।

# स्मार्ट सहयोग से स्मार्ट बनते हैं विद्यालय और बच्चे

**विद्या के लिए विद्यालय को दिया गया दान पीढ़ियों को संवारने का कार्य करता है: वेद प्रताप सिंह**

**दान को कर्तव्य के रूप में नहीं बल्कि एक विशेषाधिकार के रूप में देखना चाहिएः हीरा लाल**



**अवधनामा संवाददाता**

**बल्दीराय, सुलतानपुर।** प्राथमिक विद्यालय कांपा बल्दीराय सुलतानपुर में सामाजिक सहयोग से सोशल वेलफेयर एंड अपलिफटमेनट ग्रुप दिल्ली के संस्थापक के प्रयास से श्री उमेश गुप्ता पुणे महाराष्ट्र द्वारा स्मार्ट टीवी प्रदान की गयी। स्मार्ट क्लास के लिए विद्यालय परिवार के सहयोग से इन्वर्टर बैट्री की भी व्यवस्था प्रारम्भ की गयी। स्मार्ट क्लास का उद्घाटन उ प्र प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष वेद प्रताप सिंह तथा मंत्री हीरालाल यादव द्वारा किया गया। दान कर्ता अवधेश जी द्वारा वीडियो कालिंग द्वारा कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान की गयी। ग्राम प्रधान विद्यालय में आज बालवीर दिवस के अवसर पर गुरू गोविंद सिंह के चार पुत्रों जुझार सिंह, जोरावर सिंह, फतेह सिंह तथा अजीत सिंह के त्याग और बलिदान को याद किया गया।

कार्यक्रम में एआरपी रामधर यादव, रमेश मिश्रा के साथ साथ अखिलेश वर्मा, अतरसेन यादव, रामकरन मौर्या , संजय कुमार ओझा, दिलशाद अहमद, संध्या संगीता यादव कंचन सिंह तथा सभी सम्मानित अभिभावक उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक वैभव सिंह ने दानकर्ता अवधेश जी तथा उमेश गुप्ता का हार्दिक धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। विद्यालय में आज सहयोग से स्मार्ट टीवी प्रोजेक्टर तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए इन्वर्टर बैट्री उपलब्ध है। हम धीरे धीरे ही सही लेकिन लगातार आगे बढ़ते हुए विद्यालय और बच्चों को नयी ऊंचाईयों पर पहुंचाने का प्रयास करते रहेंगें।


# कार्यालय नगर पंचायत निघासन, लखीमपुर-खीरी

पत्रांक- 770/ न0पं0नि0/नि0सू0/2023-24, दिनांक : 22/12/2023

## निविदा सूचना

एतद्द्वारा सम्बन्धित क्षेत्र में कार्यरत/रजिस्टर्ड फार्मो को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग, निकाय फंड एवं CMNSY द्वारा प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित निम्नांकित कार्यों हेतु मुहरबन्द निविदा प्राप्त किया जाना है, इच्छुक व्यक्ति/फर्म प्रति नग की दर अंकित करते हुए अपने-अपने मुहरबन्द निविदा दिनांक 27-12-2023 को समय अपरान्ह 01.00 बजे तक नगर पंचायत कार्यालय में लिपिक पटल पर अथवा email ID :- npnighasan@gmail.com पर भी प्रस्तुत कर सकतें है, प्राप्त निविदा को उसी दिन अपरान्ह 02.00 बजे कार्यालय नगर पंचायत निघासन पर निविदादाताओं/ठेकेदारों की उपस्थिति में अधिशाषी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पंचायत निघासन के समक्ष खोला जायेगा। निविदा को बिना कोई कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशाषी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पंचायत निघासन में निहित होगा। अन्य नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस में मालूम की जा सकती है। कार्य का विवरण निम्नवत है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | निविदा दर | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड संख्या 01 से 08 तक में सड़कों (सी0 सी0 एवं इंटरलाकिंग) नाली, पुलिया, जाल की मरम्मत कार्य। | 4.90 लाख रूपये | 15 दिन |
| 2 | वार्ड संख्या 09 से 15 तक में सड़कों (सी0 सी0 एवं इंटरलाकिंग) नाली, पुलिया, जाल की मरम्मत कार्य। | 4.85 लाख रूपये | 15 दिन |
| 3 | निघासन में विभिन्न वार्डों में नाली मरम्मत कार्य। | 3.45 लाख रूपये | 15 दिन |
| 4 | निघासन में तहसील रोड से जय प्रकाश के मकान तक इन्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 5.72 लाख रूपये | 15 दिन |
| 5 | नकटहा में टिल्लू के घर से PWD रोड तक इन्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 3.50 लाख रूपये | 15 दिन |

(दिनेश कुमार शुक्ल)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत निघासन
लखीमपुर-खीरी

(बद्री प्रसाद)
अध्यक्ष
नगर पंचायत निघासन
लखीमपुर-खीरी



आज़ादी का अमृत महोत्सव

# उत्तर रेलवे

## खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **ई-निविदा** प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **दिनांक 15.01.2024** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें, यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| 1 | **निविदा सूचना संख्या :** 016202023 दिनांक 20.12.2023 |
| 2 | **निविदा संख्या :** 53/ Sr.DEN-IV/LKO/2023-24 |
| 3 | **कार्य का नाम :** सुलतानपुर–उतरेटिया खण्ड में निहालगढ़ और सिंदुरवा स्टेशन के मध्य समपार संख्या 137 सी (किमी 971.650) के स्थान पर रोड अंडर ब्रिज का प्रावधान। |
| 4 | **अनुमानित लागत :** रु. 5,11,93,252.49 |
| 5 | **धरोहर राशि :** रु. 4,06,000.00 |
| 6 | **कार्य की समापन अवधि :** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। |
| 7 | **निविदा डालने का प्रारंभ :** 01.01.2024 |
| 8 | **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 15.01.2024, 15:00 बजे |
| 9 | **बेबसाईट :** www.ireps.gov.in |

**नोटः**- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त बेबसाईट पर उपलब्ध है। **3998/2023**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# फ्लायर: सोनभद्र बार एसोसिएशन की पहली महिला अध्यक्ष बनी पूनम

## पूनम अध्यक्ष, राजीव महामंत्री निर्वाचित, लालता वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनिल कोषाध्यक्ष चुने गए

**अवधनामा ब्यूरो**

- 12 कार्यकारिणी सदस्यों समेत 19 पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए
- एल्डर कमेटी चेयरमैन ने पदाधिकारियों को दिलाई शपथ, कार्यभार संभाला
- एसबीए चुनाव वर्ष 2023-2024 सकुशल संपन्न



**सोनभद्र।** वर्ष 2023-2024 के निर्वाचन के लिए शुक्रवार को सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र भवन में हुई नौ राउंड की गणना में सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र की पहली महिला अध्यक्ष पूनम सिंह निर्वाचित हुई हैं। वहीं महामंत्री पद पर राजीव कुमार सिंह गौतम निर्वाचित हुए हैं। इसी प्रकार से वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर लालता प्रसाद पांडेय तथा कोषाध्यक्ष पद पर अनिल कुमार पांडेय निर्वाचित हुए हैं। एल्डर कमेटी चेयरमैन कृपा नारायण मिश्र एडवोकेट ने सभी विजयी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद सभी पदाधिकारियों ने अपना कार्यभार संभाल लिया। उधर समर्थकों ने विजयी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर बधाई देते हुए एवं मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। मुख्य चुनाव अधिकारी शशि कुमार मिश्र एडवोकेट ने शांतिपूर्ण मतदान सकुशल संपन्न होने पर सभी का आभार जताया है। बता दें कि शुक्रवार को सुबह 11 बजे मतगणना कार्य शुरू हुआ और कुल 836 मतों की गणना के लिए 9 राउंड का समय लिया गया। 8 राउंड में प्रति राउंड 100 मतों की गिनती हुई, जबकि अंतिम और नौवें राउंड में महज 36 मतों की गिनती हुई। पहला राउंड का परिणाम आया तो उसमें अध्यक्ष पद पर अरुण कुमार मिश्र को 31 मत और पूनम सिंह को 30 मत मिले थे, जबकि रमेश देव पांडेय को 25 मत मिले थे। जिसमें एक मत से अरुण मिश्रा आगे थे। दूसरे राउंड से पूनम सिंह ने बढ़त बना ली जो अंत तक बनी रही और 37 मत से अरुण कुमार मिश्र को हरा दिया। इसी प्रकार से महामंत्री पद पर राजीव कुमार सिंह गौतम भी शुरू से ही बढ़त बनाए रहे और अंत तक कायम रहा, जिसका नतीजा रहा कि 188 मतों से अखिलेश कुमार पांडेय को हरा दिया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर लालता प्रसाद पांडेय ने भी शुरू से ही बढ़त बनाए रखा और 81 मतों से शारदा प्रसाद मौर्य को हरा दिया। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर अनिल कुमार पांडेय ने भी शुरू से ही बढ़त बनाए रखा नतीजन 116 मतों से उमेश चंद्र शुक्ला को हरा दिया। इस प्रकार से अध्यक्ष पद पर पूनम सिंह को कुल 266 मत, अरुण कुमार मिश्र को 229 मत और रमेश देव पांडेय को 187 मत मिले। इसी प्रकार से महामंत्री पद पर राजीव कुमार सिंह गौतम को सर्वाधिक 460 मत, जबकि अखिलेश कुमार पांडेय को 272 मत मिले। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर लालता प्रसाद पांडेय को 445 मत तथा शारदा प्रसाद मौर्य को 364 मत मिले। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर अनिल कुमार पांडेय को 366 मत, जबकि उमेश चंद्र शुक्ला को 249 मत मिले। समर्थकों ने विजयी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

# जरिया पुलिस ने जुआ खेलते छह जुआरियों को किया गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** जनपद की पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा के दिशानिर्देशन में अपराध एवं अपराधियों तथा जुआ शराब के विरुद्ध एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है।जिसके तहत थाना जरिया पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम इटालियाबाजा कारेलाल की बगिया से 6 जुआड़ियों को हर जीत की बाजी लगा रहे हाथ गिरफ्तार किया है।बता दे कि जनपद की पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा द्वारा अपराधियो व अपराध के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत उनके आदेश पर समस्त थाना व कोतवाली क्षेत्रों में टीमों का गठन कर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।जरिया थाना पुलिस टीम ने बताया कि अपराध को लगाम लगाने के लिए मुखबिर की सटीक सूचना पर जरिया थाना क्षेत्र के ग्राम इटालियाबाजा से हार जीत की बाजी लगा रहे जुआरी प्रभात पुत्र रमेशचन्द्र 32 वर्ष निवासी ग्राम इटैलियाबाजा थाना जरिया जनपद हमीरपुर ,प्रीतम सिंह पुत्र परमानन्दी 30 वर्ष निवासी ग्राम इटैलियाबाजा थाना जरिया जनपद हमीरपुर ,देवीदीन पुत्र भोजराज 32 वर्ष निवासी ग्राम पवई थाना जरिया जनपद हमीरपुर ,महेन्द्र सिंह पुत्र हल्के प्रसाद 30 वर्ष निवासी ग्राम पवई थाना जरिया जनपद हमीरपुर, मनोज कुमार पुत्र नारायणदास उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम इटैलियाबाजा थाना जरिया जनपद हमीरपुर तथा रोहित कुमार पुत्र शिवपाल 21 वर्ष निवासी ग्राम इटैलियाबाजा थाना जरिया जनपद हमीरपुर, को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया।जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने मालफड़ 5700 रुपया व जामातलाशी के दौरान 1300 रूपये कुल टोटल सात हजार रूपया व 52 पत्ते ताश के बरामद होना बताया है। जिसके आधार पर पकड़े गए अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 13 जुआ अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

# टेबलेट वितरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** मुख्य अतिथि के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सोनभद्र नवीन कुमार पाठक जी उपस्थित तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सूरज कुमार श्रीवास्तव अध्यक्ष, नगर पंचायत घोरावल की गरिमामय उपस्थिति में टेबलेट वितरण कार्यक्रम संपन्न किया गया इस कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं नगर पंचायत घोरावल के अध्यक्ष का स्वागत खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिंह द्वारा किया गया घोरावल विकासखंड के सभी 227 प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में कुल 433 टैबलेट का वितरण किया गया। चेक विद्यालय में दो टैबलेट का वितरण किया गया जिसमें एक टैबलेट प्रधानाध्यापक के पास होगा तथा दूसरा टैबलेट बेस्ट सहायक अध्यापक के पास इस टैबलेट का उपयोग छात्र उपस्थिति, अध्यापक उपस्थिति तथा विद्यालय में 12 प्रकार के पंजिकाओं का ऑनलाइन डिजिटलाइजेशन किया जाना है जिससे रियल टाइम में सभी आंकड़े डिजिटल रूप में भेजे जा सकें। टैबलेट में सिम कार्ड एवं डाटा कार्ड हेतु धनराशि का व्यय कंपोजिट ग्रांट मद से किया जाना प्रस्तावित किया गया है।

## बाइक की टक्कर लगने से मासूम बच्चे की मौत

**बांदा।** घर के बाहर खेल रहे मासूम बच्चे को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इससे पहले कि परिजन अस्पताल लेकर जाते, उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कराया है। इस घटना के बाद से परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जनपद हमीरपुर के ललपुरा थानांतर्गत परासनी मोरा कांगर निवासी अंकुश (3) पुत्र राजेश निषाद अपनी मां अंजली के साथ तेरहवीं संस्कार में शामिल होने के लिए चौकी पुरवा पैलानी आया था। गुरुवार की शाम को वह घर के बाहर खेल रहा था, तभी वहां से गुजरी बाइक ने मासूम बच्चे को टक्कर मार दी। बालक छिटककर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। इससे पहले कि परिजन उसे अस्पताल ले जाते, मासूम बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई।

# प्रोगेसिव एंड प्रैक्टिसिंग जिला बार एसोसिएशन के राजेंद्र बने अध्यक्ष

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** चुनाव अधिकारी गौतम कुमार वर्मा एडवोकेट ने बताया कि एल्डर्स कमेटी बार एसोसिएशन हमीरपुर के दिशा निर्देशों के आधार पर प्रोग्रेसिव एण्ड प्रैक्टिसिंग डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन हमीरपुर की कार्यकारिणी का चुनाव वर्ष 2024 कराने हेतु 16 दिसंबर 2023 को नामांकन किये गये। 18 दिसंबर 2023 को नामांकन वापसी की गयी तथा 22 दिसंबर दिसंबर 2023 को चुनाव अधिकारी श्री गौतम कुमार वर्मा एड द्वारा चुनाव नतीजे घोषित किए गये, जिस पर सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्य निर्विरोध चुने गये। उन्होंने आगे बताया कि राजेन्द्रवीर सिंह चौहान एडवोकेट अध्यक्ष व महेश प्रसाद प्रजापति एडवोकेट महामंत्री व अवधेश कुमार गुप्ता एडवोकेट वरिष्ठ उपाध्यक्ष व रामगोपाल सोनकर एडवोकेट जूनियर उपाध्यक्ष व वीरेन्द्र बहादुर सिंह एडवोकेट को कोषाध्यक्ष तथा शादाब हसन एड संयुक्त मंत्री (प्रशासन) व सरफराज खान एड को संयुक्त मंत्री (पुस्तकालय) तथा सुरेन्द्र कुमार सिंह एड संयुक्त मंत्री (प्रकाशन) व वरिष्ठ सदस्य कार्यकारिणी बृजनारायण द्विवेदी एड, रामनरेश पाल एड, महेश प्रसाद गुप्ता एड, सुरेशचन्द्र साहू एड व हरीशंकर एड तथा कनिष्ठ सदस्य कार्यकारिणी शीलशरण एड, श्री पुष्पेन्द्र कुमार एड, मोहसिन कमाल एड, स्वतन्त्र सिंह पाल एड, कु.आराधना एड निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये गये।

## संक्षिप्त समाचार

### हत्या के अभियुक्त को आजीवन कारावास

**हमीरपुर।** थाना जरिया मे धारा 302 भारतीय दंड संहिता में सात जून 2022 को थाना जरिया में अभियुक्त मदन साहू पुत्र वीरेन्द्र साहू निवासी इटैलियाबाजा थाना जरिया जनपद हमीरपुर के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियोजन विभाग से समन्वय करके समयबद्ध रूप से साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किये जाने के फलस्वरुप न्यायालय डकैती कोर्ट द्वारा दोषसिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त मदन साहू आजीवन कारावास व पांच हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### संगम सेवा समिति ने गरीबों को किए कंबल वितरित



**सुमेरपुर हमीरपुर।** बढ़ती हुई सर्दी को देखकर संगम सेवा समिति ने कस्बे के चार वार्डो में पचास गरीब असहाय वृद्धो को चयनित कर कंबल व गरम कपड़े वितरित किए। कंबल व गरम कपड़े पाकर असहायों के चेहरे खिल उठे। मौजूदा समय में कोहरे के साथ सर्दी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। जिससे गरीब व असहाय लोगों को ठंड से बचने के लिए संगम सेवा समिति ने कस्बे के इमिलिया थोक के वार्ड नंबर दो व नौ तथा 15 व 18 में चिन्हित किए गए 50 वृद्ध असहाय लोगों को कंबल व गरम कपड़े वितरित किए। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष अजय प्रजापति व पवन टेलर सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### छापेमारी कर पकड़ी सिंगल यूज प्लास्टिक

**सुमेरपुर हमीरपुर।** कस्बे में सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ प्लास्टिक उन्मूलन महाभियान चलाकर तीन दुकानदारों के यहां से 100 किग्रा. से अधिक सामग्री पकड़ी गई और उनसे 55000 रुपए जुर्माना वसूल किया गया। शासन के निर्देश पर शुक्रवार को डिप्टी कलेक्टर शांतनु व अधिशाषी अधिकारी कुलकमल सिंह के नेतृत्व में प्लास्टिक उन्मूलन महा अभियान के तहत कस्बे में छापेमारी की गई। अधिशाषी अधिकारी बताया कि कस्बे में बड़ी पुलिया के पास कामता गुप्ता, पंजाब सिंध बैंक के निकट कुक्कू किराना व शिव मैरिज लान के सामने राजू किराना स्टोर पर छापेमारी की गई। इन तीनों दुकानदारों के यहां से 100 किग्रा. से अधिक सिंगल यूज प्लास्टिक, डिस्पोजल व थर्माकोल की सामग्री पकड़ी गई। बताया कि इन तीनों दुकानदारों से 55000 रुपये जुर्माना वसूला गया। साथ ही आगे सिंगल यूज प्लास्टिक आदि क्रय विक्रय न करने की हिदायत दी गई।इस मौके पर पुलिस बल व नगर पंचायत कर्मी मौजूद रहे।

### राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होगा लाईव



**मौदहा हमीरपुर।** अयोध्या में बन रहे भव्य राममंदिर में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का पूरे देश में सीधा प्रसारण किया जाएगा।जिसे देखने के लिए घर घर जाकर बीजेपी और सहयोगी दलों ने लोगों को जाग्रत करने का काम किया इस दौरान जनजागरण यात्रा सिसोलर थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसमरी सहित अन्य आसपास के गांवों में निकाली गई और लोगों को घर घर जाकर हल्दी और पीले चावल दिए। इस दौरान धनंजय सिंह, दिनेश, रंधावा,अनुजेंद्र,अक्षय,रामतीर्थ, ज्ञान चंद्र सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### आज होगा जनपद स्तरीय किसान सम्मान दिवस एवं किसान मेला का आयोजन

**हमीरपुर।** चौधरी चरण सिंह भूतपूर्व प्रधानमंत्री (भारत सरकार) की जयंती के शुभ अवसर पर दिनांक 23.12.2023 को प्रातः 10:00 बजे जनपद स्तरीय किसान सम्मान दिवस एवं किसान मेला/प्रदर्शनी /गोष्ठी, फल /शाक भाजी-शो का आयोजन राजकीय महिला महाविद्यालय हमीरपुर में किया जायेगा एवं इसी प्रकार समस्त विकास खण्डों में भी किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया जायेगा, जिसमें विकास खण्ड कुरारा, सुमेरपुर एवं सरीला में विकास खण्ड परिसर में आयोजित किया जायेगा तथा विकास खण्ड मौदहा में ग्राम पंचायत छानी, विकास खण्ड मुस्करा की ग्राम पंचायत गौरा एवं विकास खण्ड राठ की ग्राम पंचायत मल्हेटा, विकास खण्ड गोहाण्ड की ग्राम पंचायत चुरहा में आयोजित किया जायेगा।

### एनसीएल में आइकोम्स-2023 का आगाज़

**सोनभद्र/सिंगरौली।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में शुक्रवार को इंटरनैशनल कॉन्फ्रेंस ऑन ओपन कास्ट माइनिंग टेक्नॉलोजी एंड सस्टेनेबिलिटी (आइकोम्स) के छठवें संस्करण का भव्य आगाज हुआ। कोन्फ्रेंस में देश-विदेश के कोयला जगत से जुड़े विभिन्न दिग्गज भाग ले रहें हैं।

आइकोम्स के छठवें संस्करण में चेयरमेन कोल इंडिया पीएम प्रसाद बतौर मुख्य अतिथि विडियो कॉन्फ़्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े व कोन्फ्रेंस का उद्घाटन किया। अपने उद्बोधन में उन्होनें कहा कि विगत छः वर्षों में एनसीएल उत्पादन, प्रेषण व अधिभार हटाव जैसे मानकों पर निरंतर वृद्धि दर्ज करने वाली कोल इंडिया की इकलौती कंपनी है। साथ ही आइकोम्स के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होने कहा कि आइकोम्स में प्रस्तुत शोध पत्र, प्रदर्शनी व विचार मंथन ओपेनकास्ट खदानों में आने वाली सामाजिक, पर्यावरणीय व अन्य चुनौतियों के लिए व्यवहारिक समाधान प्रस्तुत करने में सक्षम रहे हैं।

# नदी की जलधारा को बदस्तूर जारी है बालू का अवैध खनन

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/डाला।** जनपद में हो रहे बालु के मनमानी रवैये व मिली भगत की सुर्खियां इन दिनों चर्चाओं में सरेआम है और मनमानी रवैया खूलेआम है। देखा जाय तो जिम्मेदार के खुले भ्रष्टाचार की बू आने लगी। क्षेत्र में इन बातों को चर्चा है कि जहां सरकार भ्रष्टाचार को समाप्त करने में लगी है वहीं सरकार की छवियां धूमिल किस आधार पर की जा रही है। जनपद के अगोरी, रेणुका नदी, ब्रह्मुरी व खोखा के बालू साइडों पर मनमानी भ्रष्टाचार को देखा जा रहा है। नियमानुसार बालू की साइडों में बड़ी पोकलेन मशीनों का प्रवेश वर्जित है। वही दिनदहाड़े अनियमितता को अंजाम दिया जा रहा है। जिसमे जिलाप्रशासन के साथ वन विभाग , खनन विभाग की सनलिप्तता है और तो और दिन के आदेश के साथ पूरी रात्रि भर खनन जोरो पर चल रहा है। चिन्हित गाड़िया को पैसे कमाने की होड़ में ओवरलोड निकालना आम बात बन गया है। जिला प्रशासन को ट्विटर के माध्यम व सोशल साइड के माध्यम से अक्सर अवगत कराया जा रहा है। परन्तु संज्ञान में नहीं लिया जा रहा है।नदियों को एक छोर से दूसरे छोर तक बांधने से जलीय जीव जन्तु का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है वही जंगली जानवरों को पानी की समस्या तथा किसानों को सिंचाई की मार भी झेलना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि नदी में पानी न आने से हम किसानों को सिंचाई करने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब हो कि मछुआ विरादरी का धरना प्रदर्शन अपने हितों को लेकर कई वर्षो से चल रहा है। जिसकी सरकार ने संज्ञान भी लिया । पर इसका कोई असर देखने को नही मिल रहा। इस सम्बंध में निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिकेत निषाद ने बताया कि शिकायते कई बार जिला प्रशासन को दिया गया। परन्तु संज्ञान में नही ले रहे । मंत्री जी के आने पर इस सम्बंध में बात किया जाएगा।

# प्रवीण सक्सेना के अभिनंदन समारोह का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/बीजपुर।** क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) प्रवीण सक्सेना ने एनटीपीसी रिहंद स्टेज 5 कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। तत्पश्चात उनका अभिनंदन समारोह वीएसआर समूह की ओर से एनटीपीसी रिहंद द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एनटीपीसी रिहंद परिसर स्थित तरंग प्रेक्षागृह में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर परंपरागत रूप से किया गया। इसी अवसर पर अभिनंदन समारोह हेतु गज़ल एवं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया जिसमें विंध्याचल, शक्तिनगर एवं रिहंद परिवार ने मिलकर प्रवीण सक्सेना एवं डॉ. नीलम सक्सेना के साथ एनटीपीसी में अंतिम कुछ अद्भुत पलों को सांझा किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि प्रवीण सक्सेना को परियोजना प्रमुख (रिहंद) पंकज मेदीरत्ता, परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ई सत्या फनी कुमार एवं परियोजना प्रमुख (सिंगरौली) राजीव अकोटकर ने अंग वस्त्र पहना कर एवं पौधा देकर सम्मानित किया।

# खान अधिकारी और पुलिस टीम के तीन हमलावर गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

- सितंबर माह में राजघाट के पास किया था हमला, वाहन में हुई थी तोड़फोड़
- गंछा मोड़ ग्राम तिंदवारा के पास से तीन अभियुक्त किए गए गिरफ्तार

**बांदा।** तीन माह पूर्व राजघाट के पास अवैध खनन पर कार्रवाई करने के लिए पहुंचे खान अधिकारी और पुलिस टीम पर हमला करने वाले तीन अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसपी अंकुर अग्रवाल ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि वाहन में तोड़फोड़ भी की गई थी। साथ ही अभियुक्तों पर 10-10 हजार रुपए का ईनाम भी घोषित किया गया था। सितंबर माह में 20 तारीख की रात को खान अधिकारी सुभाष सिंह पुलिस टीम के साथ अवैध खनन पर कार्यवाही के लिए मुक्तिधाम राजघाट के पास पहुंचे थे। तभी कार्यवाही के दौरान कई लोगों के द्वारा टीम पर हमला कर गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी गई थी। इस संबंध में कोतवाली नगर में अभियोग पंजीकृत किया गया था। प्रकरण में वांछित चल रहे तीन अभियुक्तों राममिलन केवट पुत्र रामप्रताप केवट निवासी मढ़ईयन कुरधाना थाना गोयरा जनपद छतरपुर, सुनील केवट पुत्र बाबू केवट निवासी मढ़ईयन कुरधाना दतरपुर और मिथलेश निषाद उर्फ भइया पुत्र मेवालाल निवासी ग्योड़ीबाबा थाना कोतवाली नगर को शुक्रवार को पुलिस टीम ने गंछा मोड़ ग्राम तिंदवारा के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# इंडिया गठबंधन ने जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन में उमड़ा जन सैलाब गुरुवार को समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने बताया कि इंडिया गठबंधन जनपद सोनभद्र समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के निर्देशानुसार केंद्र सरकार के दबाव में विपक्ष के 146 सांसदों के निलंबन के खिलाफ जिला मुख्यालय पर जोरदार धरना प्रदर्शन किया गया और महामहिम राष्ट्रपति जी नई दिल्ली भारत के नाम ज्ञापन जिलाधिकारी सोनभद्र को देते हुए इंडिया गठबंधन ने मांग किया कि विपक्ष के 146 माननीय सांसदों के निलंबन को तत्काल वापस किया जाए नहीं तो इंडिया गठबंधन जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव आप पार्टी के आशीष पांडे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के अशोक कुमार कनौजिया कांग्रेस पार्टी के बृजेश तिवारी राष्ट्रीय लोक दल के संतोष कुमार पटेल संतोष कुमार खरवार ने कहा कि लोकतंत्र में बोलना और सवाल उठाने विपक्ष का अधिकार ही नहीं बल्कि जिम्मेदारी भी है। सत्ता के दम पर सरकार चाहे जितना भी कुचलने की कोशिश करें लेकिन विपक्षी दल लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई हर कीमत पर लड़ेगी।

भाजपा सरकार में जब संसद भवन सुरक्षित नहीं है तो भाजपा सरकार आम जनमानस की क्या सुरक्षा करेगी। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए लोकसभा प्रभारी राज नारायण उर्फ निराला कल पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा रमेश चंद्र दुबे जितेंद्र कुमार परमेश्वर दयाल ने कहा कि भाजपा सरकार में कोई वर्ग सुरक्षित नहीं है।भाजपा सरकार तानाशाहों की सरकार है। इसे किसानों मजदूरों नौजवानों अल्पसंख्यकों व्यापारियों और आम जनमानस से कोई लेना देना नहीं है। भाजपा सरकार में संविधान असुरक्षित है जिसे बचाने के लिए हम लोग एक साथ भाजपा सरकार के नीतियों का विरोध करने का काम करेंगे यदि भाजपा सरकार अपने रवैया में सुधार नहीं लाती हैं तो हम लोग जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से राम भरोसे पटेल डॉ लोकपति सिंह ,अनिल प्रधान मोहम्मद सईद कुरैशी अनिल कुमार यादव रेशमा मंजू विश्वकर्मा संजू देवी के साथ दर्जनों महिलाएं भी उपस्थित थी के साथ सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन दिया।

# यूरो सर्जन ने किया लिंग कैंसर का सफल आपरेशन

- बांदा के चिकित्सा के क्षेत्र की एक और उपलब्धि

**अवधनामा ब्यूरो**



**बांदा।** बांदा में मेडिकल कालेज बनने के बाद से, चिकित्सा के क्षेत्र में लगातार नई-नई उपलब्धियां देखने को मिल रही हैं, जिससे बांदा और उसके आस पास के मरीजों को बड़े शहरों में भटकना नहीं पड़ रहा, बल्कि कई मरीज तो बड़े शहरों से मायूस होकर जब बांदा वापस आ रहे हैं तो उनका भी उपचार यहां हो रहा है, जो बांदा के लिए किसी उपलब्धि से कम नहीं है। ऐसा ही एक लिंग कैंसर का मामला रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में देखने को मिला। बबेरू तहसील के पल्हरी गांव का रहने वाला लक्ष्मण प्रसाद (28) पुत्र रामप्रसाद काफी समय से लिंग कैंसर से पीड़ित था लक्ष्मण कानपुर, प्रयागराज आदि कई बड़े शहरों में इलाज कराने गया लेकिन कही उसका उपचार नहीं हो पाया, तब वो पिछले हफ्ते बांदा के रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज के सर्जरी विभाग में कार्यरत यूरो सर्जन डाक्टर सोमेश त्रिपाठी से मिला। डाक्टर सोमेश त्रिपाठी ने जब लक्ष्मण की जांचें कराई तो लिंग कैंसर की पुष्टि हुई। डाक्टर सोमेश ने लक्ष्मण को तुरंत आपरेशन कराने की सलाह दी। लक्ष्मण कई बड़े शहरों से थक हार कर वापस आया था तो वो तुरन्त आपरेशन कराने को तैयार गया और सोमेश त्रिपाठी और उनकी टीम ने लगभग ढाई घण्टे चले आपरेशन के बाद लक्ष्मण के लिंग से कैंसर निकाल कर अलग कर दिया कुछ समय चिकित्सीय सेवा में रखने के बाद लक्ष्मण को शुक्रवार को छुट्टी दे दी गई और वो खुशी खुशी अपने घर चला गया। डाक्टर सोमेश ने अपनी योग्यता से लक्ष्मण की सर्जरी के बाद उसके लिंग को इस तरह से बना दिया जिससे उसकी दैनिक क्रियाएं भी प्रभावित नहीं हुई। यूरो सर्जन ने इस सफल आपरेशन के बारे में बताया कि उनके मेडिकल कालेज के लगभग दो ढाई साल के कार्यकाल में ये पहला लिंग कैंसर का आपरेशन है, शायद ये बांदा के चिकित्सा के इतिहास का भी पहला लिंग कैंसर का सफल आपरेशन होगा। उन्होंने कहा कि इससे पहले वो अन्य बड़े शहरों में इस तरह के आपरेशन कर चुके है। उन्होंने मरीज के बारे में बताया कि मरीज के लिंग में एक गांठ हो गई थी जिसका समय पर उपचार न होने से वो कैंसर बन गया। रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में ये आपरेशन सिर्फ सरकारी यूजर चार्ज पर हो गया। ढाई घण्टे चले इस सफल लिंग कैंसर के आपरेशन की टीम में डाक्टर सोमेश त्रिपाठी यूरो सर्जन, डाक्टर प्रिया दीक्षित एनेस्थीसिया, डाक्टर राहुल कुमार सीनियर रेजिडेंट, डाक्टर अरविंद कुमार, स्टाफ नर्स में सोनम, उमा, आशीष, हिना आदि शामिल रहीं।

# फांसी लगाने वाले बच्चे का हुआ अंतिम संस्कार

**अवधनामा संवाददाता**

**सुमेरपुर हमीरपुर।** वार्ड 18 में छात्र द्वारा रील्स देखने के बाद फंदा लगाने से हुई मौत के मामले में पुलिस ने पंचायतनामा भरकर परिजनों की सहमति पर बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव को सौंप दिया गया। जिसका शुक्रवार को कस्बे के मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया गया। गुरुवार को विद्यालय से वापस आने के बाद छात्र निखिल उर्फ रज्जू (11) पुत्र अवधेश साहू मोबाइल फोन पर मौत के आसान तरीके,फंदा लगाकर बचने की कला आदि रील्स को देखने के बाद स्वयं वैसे ही करने का प्रयास किया।

तभी उसके गले में फंदा कस गया और दम घुटने से मौत हो गई। सोशल मीडिया पर खबर चलने पर पुलिस ने मामले को संज्ञान लेते हुए शव का पंचायतनामा भरकर परिजनों व पड़ोसियों द्वारा पोस्टमार्टम न कराए जाने अपील की गई।इस पर पुलिस ने शव उन्हें सौंप दिया। शुक्रवार को सुबह कस्बे के मोक्षधाम में निखिल का अंतिम संस्कार कर दिया गया। थानाध्यक्ष रामआसरे सरोज ने बताया कि परिजनों व पड़ोसियों की सहमति बनने पर शव की पंचायतनामें की कार्यवाही करके परिजनों को सौंप दिया गया था।घटना के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। उधर विद्यालय के प्रबंधक श्रवण सिंह ने बताया कि बच्चों की छुट्टियों के चलते शिक्षकों ने छात्र की मौत होने पर शोकसभा कर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना की।

# देश के विकास में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका: पाठक

**दौलत गंज स्थित मन्दिर की दौलत देवी, कुल देवी हैं: उप मुख्यमंत्री**

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** ज्ञान, सदाचार, उचित आचरण, तकनीकी दक्षता - विद्या इत्यादि को प्राप्त करने की प्रक्रिया ही शिक्षा है। अच्छी शिक्षा, वह शिक्षा है, जो छात्रों को न केवल ज्ञान के आधार पर सिखाती है, बल्कि उन्हें उनके जीवन के लिए महत्वपूर्ण कौशल भी सिखाती है। शिक्षा देश के विकास और प्रगति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह बात आज गांधी भवन प्रेक्षागृह में दौलत देवी इण्टर कालेज के वार्षिक उत्सव पर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कही।

उन्होने आगे कहा कि शिक्षा व्यक्ति को ज्ञानवान बनाती है। विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर सांसारिक एवं आध्यात्मिक ज्ञान से परिपूर्ण हो जाता है। इस ज्ञान से उसके व्यक्तित्व का विकास होता है। शिक्षा मनुष्य को दुर्गुणो को पहचानने में मदद करती है। उन्होने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिससे मनुष्य में ज्ञान का प्रसार होता है और मानव की बुद्धि का विकास शिक्षा अर्जित करने से ही होता है। विद्यार्थी अच्छी शिक्षा ग्रहण कर न केवल स्वयं का बल्कि राष्ट्र के उज्जवल भविष्य का भी निर्माण करें। उन्होने बताया की दौलत गंज स्थित मन्दिर की दौलत देवी, कुल देवी हैं।

इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर दौलत देवी कालेज के प्रमुख ओम प्रकाश अवस्थी, प्रबंधिका पूनम अवस्थी और रमेश द्विवेदी ने उत्तर प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और उत्तरी क्षेत्र के विधायक डॉ नीरज बोरा को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर दौलत देवी सम्मान से सम्मानित किया। समारोह के विशिष्ट अतिथि उत्तरी क्षेत्र के विधायक डॉ नीरज बोरा ने दौलत देवी इण्टर कालेज के छात्र-छात्राओं से कहा कि शिक्षा अंधकार में प्रकाश की किरण है। शिक्षा ही जीवन का सार है। शिक्षा व्यक्तिगत उन्नति को बढ़ाने के साथ सामाजिक स्तर में बढ़ावा, सामाजिक स्वास्थ्य में सुधार, आर्थिक प्रगति, राष्ट्र की सफलता, जीवन में लक्ष्यों को निर्धारित करने जैसी अन्य चीजों में मदद करती है। उन्होने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों की संस्कारशाला है।

समारोह की अध्यक्षता कर रहे श्री राम लीला समिति ऐशबाग के सचिव पं आदित्य द्विवेदी ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा धन है, जो बांटने से और बढ़ता है। उन्होने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा शक्तिशाली माध्यम है, जिसका उपयोग दुनिया को बदलने में किया जा सकता है।

# सांसद निलंबन मामला: कांग्रेसियों ने दिनेश सिंह के नेतृत्व में किया प्रदर्शन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** अपने अलोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग कर रहे सांसदों के निलम्बन के अलोकतांत्रिक फैसले के खिलाफ कांग्रेसियों ने शुक्रवार को लखनऊ सहित बाराबंकी और उन्नाव के कांग्रेसियों ने प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने लोकतंत्र की हत्या बंद करो के नारे के साथ परिवर्तन चौक से जिलाधिकारी कार्यालय की ओर कूच किया। जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच कर कांग्रेसियों ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। पार्टी प्रवक्ता डॉ. मनीष श्रीवास्तव हिंदवी ने बताया कि कांग्रेसियों ने ज्ञापन में संसद की सुरक्षा में चूक की निष्पक्ष जांच, निलम्बित सांसदों की सदस्यता बहाली, विपक्षी सांसदों के पूछे सवालों का जवाब प्रधानमंत्री या गृहमंत्री से सदन में आकर दिलाने और संसद की सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत किये जाने की मांग की। प्रदर्शन में इंडिया गठबंधन के घटक दल समाजवादी पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के कार्यकर्ताओं ने भी हिस्सा लिया। डॉ. हिंदवी ने कहा कि 143 सांसदों का निलम्बन संसदीय लोकतंत्र के लिए काला दिन है। लोकसभा में विपक्ष की गैर मौजूदगी में बिना बहस के कई अहम बिल पास करा लिये गये। सरकार के इस तरह के कृत्यों से न सिर्फ लोकतंत्र की मर्यादा तार-तार होती है, बल्कि वैश्विक पटल पर भी देश की छवि धूमिल होती है। उन्होंने बताया कि प्रदेश कांग्रेस के निर्र्देश पर प्रदेश के सभी जनपदों में प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन में पूर्व मंत्री नकुल दुबे, राजबहादुर सिंह, डॉ. मसूद अहमद, पार्षद मुकेश सिंह चौहान, रुद्रदमन सिंह, मनोज तिवारी, चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. जियाराम वर्मा, नरेन्द्र गौतम, रईस अहमद, आर.बी. सिंह, डॉ. अजय शुक्ला, इरशाद खान सहित अन्य कांग्रेसी शामिल थे।

## मुख्यमंत्री ने पी.एम. कुसुम योजना से अधिकाधिक किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए

# 44,250 किसानों को सोलर पम्प की सुविधा से जोड़ने का लक्ष्य

**राज्य सरकार पी0एम0 कुसुम योजना में अपने अनुदान को बढ़ाने पर विचार कर रही: मुख्यमंत्री**

**किसानों को सोलर फेंसिंग के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता**

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पी0एम0 कुसुम योजना से अधिकाधिक किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री आज यहां अपने सरकारी आवास पर आहूत एक बैठक में कृषि विभाग की योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017-18 से वर्ष 2022-23 तक 51 हजार से अधिक किसानों को पी0एम0 कुसुम योजना के अन्तर्गत सोलर पम्प उपलब्ध कराए जा चुके हैं। इससे न केवल किसानों की लागत में कमी आ रही है, बल्कि जलवायु परिवर्तन के अंतर्गत कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आ रही है। ऐसे में मिशन मोड में अधिकाधिक किसानों को इस योजना का लाभ दिलाया जाना चाहिए।वित्तीय वर्ष 2023-24 में 30 हजार और वर्ष 2024-25 में 44,250 किसानों को सोलर पम्प की सुविधा से जोड़ने का लक्ष्य है। इसके दृष्टिगत प्रयास तेज किये जाएं। भारत सरकार के सहयोग से संचालित इस योजना की लोकप्रियता को देखते हुए लागत के अनुपात में राज्य सरकार अपने अनुदान को बढ़ाने पर विचार कर रही है, ताकि ज्यादा से ज्यादा किसान पी0एम0 कुसुम योजना से लाभान्वित हो सकें।

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इसके तहत कृषक उत्पादक संगठनों (एफ0पी0ओ0) को ग्राम पंचायत स्तर व ब्लॉक स्तर पर वेयरहाउसेज़ बनाने व संचालन कार्य से जोड़ा जाना चाहिए। इसी प्रकार, पॉली हाउसेज़ व पैक हाउसेज़ बनाए जाएं तथा कृषि विज्ञान केन्द्रों में जैविक उत्पादों की टेस्टिंग लैब स्थापित की जा सकती है। उन्होंने इस सम्बन्ध में कृषि विभाग को उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग व मत्स्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने निराश्रित पशुओं, जंगली जानवरों से कृषि फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किसानों को सोलर फेंसिंग के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता जतायी। उन्होंने कहा कि वन रोज, अथवा निराश्रित पशुओं के कारण प्रायः किसानों की फसलों की क्षति की सूचना मिलती है। इसके स्थायी समाधान के लिए हमें किसानों को सोलर फेंसिंग के लिए प्रोत्साहित करना होगा।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ0 माणिक साहा ने शिष्टाचार भेंट की।

## चार दिवसीय मजलिसें रविवार से

**लखनऊ।** हजरत अबुल फजलिल अब्बास की वालिदा जनाबे उम्मुल बनीन की वफात की याद में रविवार से इमामबाड़ा उम्मुल बनीन में चार दिवसीय मजलिसें होगी। आखिरी दिन महिलाओं की मजलिस होगी, जिसे जाकिरा डॉ. नसीम सुब्ही खिताब करेंगी। रविवार से शाम 7 बजे तिलावते कलामे पाक से शुरू होने वाली मजलिसों को मौलाना गुलाम हुसैन जैदी सदफ जौनपुरी खिताब करेंगे। बुधवार को आखिरी दिन शाम 4 बजे महिलाओं की मजलिस होगी, जिसके बाद महिलाओं को ताबूत की जियारत कराई जाएगी।

## यादे उम्मुल बनीन कल से व ताबूत की जियारत 27 को

**लखनऊ।** मादरे हजरत अब्बास (अ.स.) हजरत उम्मूल बनीन (स.अ.) की वफात की याद में इमामबाड़ा उम्मूल बनीन मंसूर नगर में 24 से 26 दिसंबर तक तीन दिवसीय मजलिसों का आयोजन किया जाएगा। इन मजलिसों को मौलाना सदफ जौनपुरी शाम 7 रात बजे खिताब करेंगे। इसी सिलसिले में 27 दिसम्बर शाम 4 बजे महिलाओं की मजलिस को जाकिरा डॉ नसीम सुबूही मजलिस को खिताब करेंगी। इसके बाद ताबूत की जियारत कराई जाएगी।

# राष्ट्रीय कार्यशाला एवं औद्योगिक प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

**प्रदर्शनी में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/विभागों/बैंकों/एमएसएमई इकाइयों ने 20 स्टाल लगाकर अपने उत्पादों/सेवाओं का किया प्रदर्शन**

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** एमएसएमई-विकास कायार्लय, कानपुर, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा आज यहां गोमतीनगर स्थित भागीदारी भवन में एमएसएमई विकास आधारित एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला एवं औद्योगिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों /विभागों /बैंकों/एमएसएमई इकाइयों ने 20 स्टाल लगाकर अपने उत्पादों/सेवाओं का प्रदर्शन किया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्र उद्योग मंत्री राकेश सचान ने मंत्रालय की पब्लिक प्रोक्योरमेण्ट पॉलिसी का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने के लिए महिलाओं और अनुसूचित जाति/जनजाति के उद्यमियों का आह्वान किया। उन्होंने पारम्परिक उद्योगो को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने कहा कि भारतवर्ष के कुल निर्यात में एमएसएमई का 49 प्रतिशत योगदान है। गांवों में बिजली पहुंचाने का काम उ0प्र0 सरकार द्वारा किया जा रहा है। भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार द्वारा सोलर ऊर्जा, सोलर पम्प को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना- पीएम विश्वकर्मा के विषय में चर्चा करते हुए बताया कि यह योजना तकनीकी कार्य करने वाले लोगों के लिए एक मील का पत्थर सिद्ध होगी। उन्होंने यह भी कहा कि हमें इस योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार करना होगा तभी हमारे प्रदेश के युवा तकनीकी रूप से दक्ष होंगे और हमारा एमएसएमई सेक्टर मजबूत होगा। इस कार्यक्रम से एम.एस. एम.ई. इकाइयों तथा सरकारी एवं सावर्जनिक क्षेत्र के उद्यमों के पारस्परिक सहयोग से एक दूसरे की आवश्यकता की पूर्ति की जा सकती है।

# स्वतंत्र देव कल बलरामपुर, गोण्डा एवं अयोध्या के भ्रमण पर

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह कल दिनांक 23 दिसम्बर, 2023 को बलरामपुर, गोण्डा एवं अयोध्या के भ्रमण पर रहेंगे। प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार जलशक्ति मंत्री 09:15 जनपद बलरामपुर के विकास खण्ड तुलसीपुर के ग्राम पंचायत देव नगर में देवनगर पाइप पेयजल परियोजना अन्तर्गत चल रहे कार्यो का स्थलीय निरीक्षण एवं मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के अन्तर्गत उथले/मध्यम गहरे/गहरे नलकूप योजना से लाभान्वित किसानों के साथ संवाद कार्यक्रम सम्मिलित होंगे। तत्पश्चात 10:15 मा0 मंत्री जी ग्राम पंचायत-विलोहा बनकसिया, वि0ख0-गैसड़ी, जनपद बलरामपुर में ही विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। तत्पश्चात मंत्री जनपद बलरामपुर में ही 12:05 बजे महाराज सर भगवती प्रसाद सिंह अखिल भारतीय प्राइज मनी हॉकी टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे।

## अब तक 2.90 लाख मीट्रिक टन मोटा अनाज खरीदा गया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराने के साथ ही मोटे अनाज की खरीद को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से मोटे अनाज (अन्न) की खरीद हेतु बाजरा 5.00 लाख मी0टन, मक्का-0.50 लाख मी0टन, ज्वार-0.30 लाख मी0टन खरीद का क्रय लक्ष्य निर्धारित किया। इसके तहत प्रदेश के 40 बाजरा खरीद वाले जनपदों में अब तक 52170 किसानों से 2.75 लाख मी0टन बाजरा खरीद की गयी है तथा कृषकों को 62760.19 करोड़ रूपये का भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में करा दिया गया है। खाद्य एवं रसद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश के मक्का खरीद वाले जनपदों में अब तक 891 किसानों से 4382.51 मी0टन मक्का खरीद की गयी है।

# GeM संवाद मेला: मिर्ज़ापुर की प्रतिभा को दे रहा है नया आयाम




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सरकारी ई-मार्केटप्लेस कल 24 दिसम्बर को GIC ग्राउंड, मिर्ज़ापुर में GeM संवाद मेला आयोजित करने के लिए तैयार है। इस एक दिवसीय क्रेता-विक्रेता आउटरीच कार्यक्रम में आसपास के जिले के व्यापारियों, उद्यमियों, कारीगरों, बुनकरों, महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों को आमंत्रित किया गया है। वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री, मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे हैं। 21-23 दिसंबर, 2023 तक, GeM में विक्रेता टीम के अधिकारी, जिला उद्योग केंद्र, मिर्ज़ापुर में GeM पोर्टल पर व्यापारियों, उद्यमियों, कारीगरों, बुनकरों, महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों के लिए ऑन-स्पॉट पंजीकरण करेंगे। पंजीकरण पूर्णतः निःशुल्क होगा। इसके अतिरिक्त, ऐसे नए व्यवसाय, उद्यमी, कारीगर, बुनकर, महिलाएं और स्वयं सहायता समूह, जो अभी तक त्वद्गरूमें शामिल नहीं हुए हैं, लेकिन अपने व्यवसाय का विस्तार करने के लिए मंच पर शामिल होने के इच्छुक हैं, 24 दिसंबर को त्वद्गरू संवाद मेले के दौरान पूरी तरह से निःशुल्क पंजीकरण कर सकते हैं। लागत। आपको बस अपना आधार कार्ड, आधार से जुड़ा फोन नंबर, पैन कार्ड और बैंक पासबुक लाना होगा। यदि आप एक पंजीकृत एसएमई हैं तो एंटरप्राइज नंबर की आवश्यकता होगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस को जीईएम के सीएफओ सत्य नारायण मीना ने संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, मिर्ज़ापुर, श्रीविशाल कुमार (आईएएस) ने भी जेम संवाद मेले के बारे में बताया और लोगों से इसमें शामिल होने का आग्रह किया।

## एलडीए ने अवैध प्लाटिंग को किया ध्वस्त

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने शुक्रवार को बिजनौर थाना क्षेत्र में अवैध निर्माण/प्लाटिंग के खिलाफ अभियान चला असरफनगर में की जा रही अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कराया। प्रवर्तन जोन-2 की टीम ने बिजनौर के असरफनगर गांव में लगभग 40 बीघा क्षेत्रफल में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी का ध्वस्तीकरण कराया। प्रवर्तन जोन-2 की जोनल अधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि अनिल सिंह, जनार्दन सिंह व मेसर्स ट्रस्ट अस ग्रुप की ओर से बिजनौर के असरफनगर गांव में खसरा नम्बर 228, 231 और 245 पर लगभग 40 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग करते हुए कॉलोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराए बिना की जा रही अवैध प्लाटिंग के खिलाफ विहित न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश दिये थे। शुक्रवार को सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता नागेन्द्र मिश्रा व ऋतुपाल ने अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कराई।

# प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु शासनादेश जारी

**योजना के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु मिशन निदेशक, कौशल विकास मिशन नोडल अधिकारी होंगे**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के अन्तर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किये जाने के संबंध में शासनादेश जारी किया है। शासनादेश में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग के प्रमुख सचिव एम. देवराज ने शासकीय एवं निजी क्षेत्र के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, डिग्री, डिप्लोमा, अभियन्त्रण एवं फार्मेसी स्तरीय संस्थानों के पदाधिकारियों को आगामी 03 माह में प्रत्येक संस्था द्वारा कौशल विकास के क्षेत्र में न्यूनतम 50 अर्ह व्यक्तियों को योजनान्तर्गत निर्धारित अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाने को कहा है। जिलाधिकारी अपने स्तर पर योजनान्तर्गत अर्ह लाभार्थियों का चयन एवं संस्थाओं द्वारा प्रशिक्षण आयोजित किये जाने में सघन निगरानी करेंगे। इसके साथ ही संस्थाओं के अतिरिक्त जनपद स्तर पर अन्य उपर्युक्त अन्य संस्थाओं को भी आवश्यक लक्ष्य आवंटित करते हुए योजना का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। प्रमुख सचिव एम. देवराज ने बताया कि योजना के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु मिशन निदेशक, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन नोडल अधिकारी होंगे और इसका नियमित अनुश्रवण करेंगे। निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निजी एवं राजकीय आईटीआई में तथा निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, कानपुर निजी एवं राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थाओं में योजना के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन करेंगे। कुलपति, एकेटीयू, लखनऊ निजी एवं राजकीय डिग्री व फार्मेसी संस्थाओं में तथा कुलपति, एचबीटीआई, कानपुर एवं कुलपति, एमएमयूटी, गोरखपुर अपने विश्वविद्यालय में योजना के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन करेंगे। प्रमुख सचिव एम. देवराज ने बताया कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। योजना के संबंध में कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा निर्गत की गयी। इस क्रम में प्रदेश के शासकीय एवं निजी क्षेत्र के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, डिग्री, डिप्लोमा, अभियन्त्रण एवं फार्मेसी स्तरीय संस्थानों के पदाधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गयी।

# मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी ने धरने का किया ऐलान

**वक्फ सम्पत्ति पर विपक्षी दलों के वक्फ माफियाओं का कब्जा है**

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** मजलिस उलमा-ए-हिन्द के महासचिव मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी ने वक्फ माफिया के कर्बला अब्बास बाग की सम्पत्ति पर कब्जे को लेकर रविवार से धरने का ऐलान किया है। जुमे की नमाज के बाद मौलाना ने हरदोई रोड स्थित कर्बला अब्बास की सम्पत्ति पर वक्फ-माफिया के कब्जे और भ्रष्ट अधिकारियों की लापरवाही के विरोध में धरने की घोषणा की। मौलाना ने कहा कि कर्बला अब्बास बाग की सम्पत्ति पर माफिया के कब्जे और अधिकारियों की अनदेखी और वादाखिलाफी को लेकर रविवार से धरना शुरू होगा। मौलाना कल्बे जव्वाद ने कहा कि वक्फ सम्पत्ति पर विपक्षी दलों के वक्फ माफियाओं का कब्जा है। वक्फ माफियाओं के खिलाफ संबंधित अधिकारियों से शिकायत के बाद भी कोई उचित कार्रवाई नहीं हुई। कर्बला अब्बास बाग की पैमाइश हो चुकी है, लेकिन अब तक अवैध कब्जे नहीं हटाये गये। मौलाना ने कहा कि ऐसा लगता है कि अधिकारी विपक्षी दलों के भू-माफियाओं से मिले हैं जो योगी सरकार की छवि खराब कर रहे हैं। हमारा विरोध ऐसे अधिकारियों से है जो शिकायतों और तमाम सबूतों के बाद भी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। मौलाना ने घोषणा की कि उलमा की अगुवाई में रविवार को जोहर की नमाज के बाद धरना शुरू होगा और मगरिब की नमाज तक जारी रहेगा। यह धरना मांगें पूरी होने तक प्रतिदिन जोहर की नमाज से लेकर मगरिब की नमाज तक होगा।

# क्रिश्चियन कॉलेज में मतदान जागरुगता कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** क्रिश्चियन डिग्री कॉलेज में 16 से 22 दिसम्बर तक मतदान जागरुगता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वीप के तत्वाधान से आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आगाज़ 16 दिसम्बर को मतदान के महत्व पर व्याख्यान से प्रारम्भ हुआ। वहीं दिनाँक 21 दिसम्बर को महाविद्यालय द्वारा जागरुगता हेतु राष्ट्र निर्माण में मतदान की भूमिका नामक शीर्षक पर निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें अनेकों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। निबन्ध प्रतियोगिता में प्रशान्त दीक्षित प्रथम, अयान खान द्वितीय एवं संजुल सुल्तान को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

22 दिसम्बर को सप्ताहांत पर शत-प्रतिशत मतदान शीर्षक पर एक स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें अनेकों प्रतिभागियों ने भाग लिया। छात्रों द्वारा शत-प्रतिशत मतदान से सम्बंधित महत्वपूर्ण स्लोगन लिखे गए। प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. नौमिता गवन, डॉ. अरुण मिश्रा एवं डॉ. विवेक श्रीवास्तव द्वारा किया गया। अन्त में प्राचार्य डॉ. एल्विन दाऊद द्वारा निर्णय कर विद्यार्थियों को पुरुस्कार प्रदान किये गए। प्रतियोगिता में तुषार सिंह, समराज कान्त एवं कशिश गौतम को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# अयोध्या में 60 करोड़ रूपये की लागत से 06 गेट कांप्लेक्स बनाये जायेंगे

**03 अन्य गेट कांप्लेक्स**



**लखनऊ।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के दिव्य मंदिर के लोकार्पण की तिथि जैस-जैसे नजदीक आ रही है, तैयारियां उतनी ही तेज होती जा रही हैं। अयोध्या धाम में प्रवेश के प्रमुख छह मार्गो पर भव्य गेट कांप्लेक्स बनाए जाएंगे। इसमें तीन की स्वीकृति भी मिल गई है। करीब 60 करोड़ रुपये से आंबेडकरनगर, लखनऊ और रायबरेली रोड पर निर्माण होगा जबकि तीन अन्य को जल्द मंजूरी मिलने की संभावना है। गेट कांप्लेक्स में पर्यटकों के लिए लगभग सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह जानकारी गुरूवार को प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि विकास की इसी कड़ी में आयोध्या के प्रमुख छह मार्गो पर देशी-विदेशी पर्यटकों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए गेट काम्प्लेक्स बनाए जाएंगे। अयोध्या से आंबेडकरनगर जाने वाले मार्ग पर राजेपुर गांव में करीब 19.99 करोड़ रुपये से निर्माण होगा। इसी तरह अयोध्या से रायबरेली जाने वाले मार्ग पर सरियांव गांव में करीब 19.73 करोड़ रुपये से गेट काम्प्लेक्स बनेगा। अयोध्या से लखनऊ मार्ग पर फिरोजपुर गांव में 20.20 करोड़ से गेट काम्प्लेक्स का निर्माण होगा। गेट काप्लेक्स में आवश्य सुविधाएं जैसे पार्किंग, शौचालय, बैठने के लिए छायादार स्थल, रोड, बागवानी समेत कई और कार्य कराए जाएंगे। जयवीर सिंह ने बताया कि दिव्य और भव्य मंदिर निर्माण के साथ भगवान राम की नगरी विश्व की सबसे सुंदरतम नगरी के रूप में विकसित हो रही है और 22 जनवरी 2024 में भव्य गर्भगृह में भगवान राम विराजमान हो जाएंगे।